प्रस्तुति

ज्ञान की परंपरा अथवा ज्ञान के प्रवाह का माध्यम है भाषा। यदि भाषा नहीं होती तो ज्ञान वैयक्तिक होता, वह सामुदायिक नही बनता। श्रुतज्ञान होता है—एक ज्ञान दूसरे मे संक्रांत होता है। उसका हेतु भाषा ही है। विश्व मे अनेक भाषाएं है। वे सब अपना दायित्व निभा रही हैं। भारतीय भाषाओ मे तमिल, प्राकृत, सस्कृत—ये प्राचीन भाषाएं हैं। श्रमणपरंपरा मे प्राकृत और पालि संस्कृत की अपेक्षा अधिक प्रचलित रही। वैदिकपरंपरा मे संस्कृत का ही प्रयोग होता था। वैदिक संस्कृत और प्राकृत मे कुछ समानताएं भी हैं। पाणिनिकालीन संस्कृत ने प्राकृत से भिन्न रूप ले लिया।

प्राकृत का साहित्य बहुत विशाल है। उसे पढने के लिए प्राकृत का अध्ययन आवश्यक है। प्राकृत का परिवार विशाल है। उसमे मागधी, पैशाची, शौरसेनी, चूलिकापिशाची, अपभ्रंश—ये सब प्राकृत से संबद्ध और विकास क्रम की रेखाएं हैं। प्रादेशिक भाषाएं और बोलिया भी प्राकृत से अनुप्राणित और प्रभावित हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता, तत्त्वविद्या, दर्शन और शिल्प का अध्ययन करने के लिए प्राकृत को पढना अनिवार्य है।

आश्चर्य है—अनेक भाषाओ के उद्भव में हेतु बनने वाली प्राकृत भाषा का अध्ययन-अध्यापन बहुत सीमित है। संस्कृत की अपेक्षा वह अधिक उपेक्षित-सी प्रतीत हो रही है। इस स्थिति मे परिवर्तन लाना आवश्यक है। वर्तमान के साथ अतीत का सपर्क स्थापित करने के लिए यह और अधिक आवश्यक है।

प्राकृत के अनेक व्याकरण ग्रन्थ हैं। प्राचीन ग्रन्थो में आचार्य हेमचंद्र का प्राकृत व्याकरण बहुत समृद्ध है। आधुनिक ग्रन्थो में डॉ० आर. पिशल का 'प्राकृत भाषाओ का व्याकरण' व्याकरण और भाषाविज्ञान—दोनो दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। वे प्राकृत का अध्ययन करने वाले विद्यार्थी के लिए सहज सुगम नही बनते। इस वास्तविकता को ध्यान मे रखकर प्रवेशिकाओ की परंपरा का सूत्रपात हुआ। प्राकृत मार्गोपदेशिका, प्राकृत प्रवेशिका, प्राकृत प्रवोध आदि-आदि ग्रंथ लिखे गए।

प्रस्तुत ग्रथ उसी शृंखला की एक कडी है। जो उत्तरवर्ती हो, उसे अधिक विकसित होना चाहिए, इस नियम का इसमे निर्वाह हुआ है। मैंने पचास वर्ष पूर्व सन् १९४१ मे हेमचंद्र के व्याकरण के आधार पर तुलसीमंजरी

नाम की प्रक्रिया लिखी थी। बहुत पहले ही चिंतन था—उसकी सहायक सामग्री के रूप मे कोई प्रवेश ग्रंथ तैयार किया जाए। अब उसकी संपूर्ति हुई है। इसकी संपन्नता मे मुनि श्रीचंद्र 'कमल' ने बहुत श्रम किया है। इसे सजाने-संवारने मे उनकी धृति और मति—दोनो का योग है।

आचार्य श्री तुलसी के शासन काल मे साहित्य की बहुमुखी प्रवृत्तिया चली है। फलस्वरूप संस्कृत और प्राकृत—दोनो हमारे संघ मे आज भी जीवित भाषा हैं। वे बोली जाती हैं, उनमें गद्य और पद्य साहित्य रचा जाता है और विधिवत् उनका अध्ययन-अध्यापन चलता है। जैनविश्वभारती इन्स्टीट्यूट 'मान्य विश्वविद्यालय' मे प्राकृत का एक स्वतंत्र विभाग है। प्राकृत पढने वालो के लिए इस ग्रन्थ की उपयोगिता स्वतः सिद्ध होगी, ऐसा विश्वास है।

१ दिसम्बर ९१ — युवाचार्य महाप्रज्ञ
जैन विश्व भारती
लाडनू (राज)

संपादकीय

- तुलसीमजरी युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ की कृति है। इसका रचना काल विक्रम सवत् १९९८ (सन् १९४१) है। इसका प्रणयन कलिकाल सर्वज्ञ श्री हेमचन्द्राचार्य विरचित प्राकृत व्याकरण के आधार पर वृहत् प्रक्रिया के रूप मे हुआ है।
- प्राकृत वाक्यरचना बोध तुलसीमंजरी का ही विकसित रूप है। नवीन पद्धति से इसका संपादन किया गया है।
- प्राकृत वाक्यरचना बोध मे ११८ पाठ है।
- इसमे प्राकृत व्याकरण के १११४ सूत्र नियम के नाम से दिए गए है। नियम मूलसूत्र, हिन्दी अनुवाद तथा उदाहरण सहित है।
- कही-कही टिप्पण देकर सूत्र के उदाहरणो को स्पष्ट किया गया है।
- नियम के अन्तर्गत उदाहरणो की सस्कृत छाया दी है, जिससे अर्थ बोध सरलता से हो जाता है।
- शब्द सग्रह मे शब्द दिए गए हैं। सातवे पाठ से लेकर निन्नानवें पाठ तक शब्दो को वर्ग के रूप मे दिया गया है। उससे आगे उन्नीस पाठो मे अनुवाद हेतु आवश्यक शब्दो को अर्थ रूप मे दिया गया है।
- एक पाठ मे एक ही वर्ग के शब्द दिए गए है, जिससे विद्यार्थियो को शब्दो को खोजने मे सुविधा होगी। एक वर्ग मे अधिक शब्द होने के कारण कही-कही उन्हे दो, तीन, चार और पाच पाठो तक भी दिए गए है। ५४ वर्ग के शब्द ८१ पाठो मे हैं।
- बीच-बीच मे स्फुट शब्दो का संकलन है।
- वर्ग के शब्दो के अतिरिक्त वाक्य बनाने मे आवश्यक शब्दो को वर्ग के नीचे विभाजित कर दिया गया है।
- कुछ शब्द प्राकृत शब्दकोश (पाइअसद्दमहण्णव) मे नही है। व्यवहार मे उनकी आवश्यकता अनुभव होती है, उनको संस्कृत के शब्दकोश से लिया गया है।
- वृक्ष, फल, औषधि, शाक, धान्य, लता, सुगंधित पौधे आदि वर्ग निघंटु से लिए गए हैं।
- जो शब्द सस्कृत शब्द कोश से लिए है, उन शब्दो के आगे कोष्ठक मे (स) उल्लिखित है।

ही विद्यार्थियो से प्राकृत मे वाक्य बनवाए गए है, जिससे उनका अभ्यास पुष्ट होता चला जाए ।

- प्रश्न शीर्षक के अन्तर्गत पाठ मे आए सारे शब्दो व धातुओ आदि के अर्थ पूछे गए है । नियमो संबंधी अनेक जिज्ञासाएं की गई हैं । कही-कही उनका अपने वाक्य मे प्रयोग करवाया गया है ।
- इस प्रक्रिया से विद्यार्थी को न केवल शब्दो, धातुओ, अव्ययो तथा नियमो का ज्ञान बढता है अपितु वाक्यरचना का बोध भी सुगम हो जाता है, प्राकृत मे वाक्य बनाना भी सरल हो जाता है।
- प्राकृत के अतिरिक्त उसकी उपभाषा शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिका-पैशाची और अपभ्रंश के नियम तथा वाक्य प्रयोग भी दिए गए हैं ।
- वाक्य रचना के साथ-साथ प्राकृत व्याकरण का भी ज्ञान हो, इस दृष्टि से हेमचंद्राचार्य की प्राकृत व्याकरण के सूत्रो को हिन्दी के अर्थ सहित प्रस्तुत किया गया है ।
- प्राकृत व्याकरण मे (दीर्घह्रस्वौ मिथो वृत्तौ १।४) के अतिरिक्त समास के लिए कोई सूत्र नही है । प्राकृत साहित्य मे समासित पद मिलते है, उनको समझने के लिए (शेषं संस्कृतवत् सिद्धम् ४।४४८) सूत्र के अनुसार सस्कृत व्याकरण का आधार लेकर समास प्रकरण को विस्तार दिया गया है ।
- सधि और तद्धित के प्रत्ययो में भी सस्कृत व्याकरण के सूत्रो का उपयोग किया गया है ।
- पहले परिशिष्ट मे प्राकृत की शब्द रूपावली है ।
- दूसरे परिशिष्ट मे प्राकृत की धातु रूपावली है ।
- तीसरे परिशिष्ट मे अपभ्रंश की शब्द रूपावली है ।
- चौथे परिशिष्ट मे अपभ्रंश की धातु रूपावली है ।
- पाचवे परिशिष्ट मे वर्गो के शब्द अर्थ सहित हिन्दी के अकारादि क्रम से है ।
- छट्ठे परिशिष्ट मे धातुए हिन्दी के अर्थ सहित हिन्दी के अकारादि क्रम से हैं ।
- सातवें परिशिष्ट मे प्राकृत भाषा की समकालीन वैदिक सस्कृत के साथ समानता दिखाई गई है ।
- ऐसा विश्वास है इस पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थी प्राकृतभाषा मे सरलता से प्रवेश कर सकेंगे ।
- दो वर्ष पूर्व युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ विरचित वाक्यरचना (भाग १ २ ३.) को नवीन विधा से सपादन किया था, जो संस्कृत वाक्यरचना बोध नाम से प्रकाशित हुई थी । उसके फलस्वरूप युवाचार्य श्री ने

प्राकृत वाक्यरचना बोध के संपादन का आदेश दिया। यह पुस्तक उस आदेश की ही क्रियान्विति है।

- युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी और युवाचार्यश्री महाप्रज्ञ की प्रेरणा से ही मैंने इसमें प्रवेश किया है। आचार्य का अनुग्रह ही शिष्य को ज्ञान की ओर प्रेरित करता है। मैं इन महापुरुषों को श्रद्धा से वंदना करता हुआ आशीर्वाद मांगता हूं कि मुझे बोधि, मार्ग और गति दें।
- मैं अपना सौभाग्य मानता हूं, युवाचार्य महाप्रज्ञ (मुनि श्री नथमलजी) की ५० वर्ष पूर्व की भावना को साकार करने का मुझे अवसर मिला।
- मुनिश्री दुलहराजजी का हृदय से आभारी हूं, जिन्होंने आदि से अंत तक प्रूफों को देखा और आवश्यक सुझाव भी दिए।
- मुनि ऋषभकुमारजी ने पाली चतुर्मास में मेरे सारे कार्यों का भार अपने ऊपर ओढ़कर मुझे समय उपलब्ध कराया। परिशिष्ट बनाने में भी उनका सहयोग रहा है।
- मुनि विमल कुमारजी ने आदि से अंत तक पाण्डुलिपि को देखकर अनेक संशोधन सुझाए।
- मुनि दिनेश कुमारजी और जै. वि भा. मा. वि. के प्राकृत लेक्चरार जगतराम भट्टाचार्य ने परिशिष्टों को तैयार करने में बहुत श्रम किया है।
- मुनि प्रशांत कुमारजी का भी सहयोग रहा है।
- समणी और पा. शि. स. की मुमुक्षु बहनों ने पाण्डुलिपि की सुन्दर अक्षरों में शुद्ध प्रतिलिपि तैयार की।
- पुस्तक को संवारने में मुनि धनंजय कुमारजी का विशेष सहयोग रहा है।
- अंत में उन सबका योगदान भी स्मरणीय है, जिनकी पुस्तकों का मैंने उपयोग किया है तथा जो प्रत्यक्ष व परोक्ष में मेरे सहयोगी रहे हैं।
- सभी के सहयोग की परिणति रूप यह प्राकृत वाक्यरचना बोध आपके हाथों में है।
- इसकी उपयोगिता विद्यार्थियों व पाठकों पर निर्भर है, वे कितने लाभान्वित होते हैं।
- दृष्टि दोष और प्रेस दोष से जो अशुद्धियां रह गई हैं, उनके लिए अंत में शुद्धि पत्र है।
- एक निवेदन—शुद्धिपत्र से अशुद्धियों को पहले शुद्ध कर पढना प्रारम्भ करें। आपके अमूल्य सुझाव व अभिमत भी हमें दें, जिससे भविष्य में परिष्कृत रूप में आपके हाथों में आ सके।

११ दिसम्बर, ९१ — मुनि श्रीचन्द 'कमल'
जैन विश्व भारती, लाडनूं (राज०)

अभिमत

युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ प्रणीत एवं मुनिश्री श्रीचंद कमल द्वारा संपादित 'प्राकृत वाक्य-रचना बोध' प्राकृत भाषा के लिए एक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है। इसकी लेखन शैली बहुत नवीन है। यह प्राकृत के छात्र-छात्राओ के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। वे इस ग्रंथ के माध्यम से प्राकृत भाषा की अच्छी जानकारी कर सकेंगे। इस पुस्तक मे ११८ अध्याय हैं। साथ ही इसमे सात परिशिष्ट है—१. प्राकृत शब्द रूपावली, २. प्राकृत धातु रूपावली, ३. अपभ्रंश शब्द रूपावली, ४. अपभ्रंश धातु रूपावली, ५. हिन्दी के अकारादि क्रम से शब्द, ६. हिन्दी के अकारादि क्रम से एक अर्थ मे होने वाली धातुएं, ७ वैदिक सस्कृत और प्राकृत की तुलना। लेखक ने कितनी दृष्टियो से विषय का प्रतिपादन किया है यह इसे देखने से स्पष्टत. ज्ञात होता है। यह अपने आप मे एक प्रशसनीय कार्य है।

भाषा सीखने के मुख्य चार उद्देश्य बताए गये है—

१. बोलना [to speak]

२. समझना [to understand]

३. पढना [to read]

४. लिखना [to write]

साधारणतः इन्हें बोलने-समझने एवं पढने-लिखने रूप दो श्रेणियो मे बांटा जा सकता है। अधिकाशत. जो लोग भाषा सीखते हैं। उनका विशेष ध्यान भाषा बोलने और समझने की ओर रहता है। किन्तु कुछ लोग ऐसे भी होते है, जो पढने और लिखने की दृष्टि से भाषा सीखते हैं। उनका मूल उद्देश्य है—उस भाषा-विशेष की पुस्तक पढना और लिखने की चेष्टा करना। ये लोग भाषा बोल एव समझ नही सकते, ऐसा नहीं है, किन्तु वे लोग जो भाषा साधारणतः सीखते हैं, वह लिखित ग्रन्थ की भाषा होती है। जो लोग मात्र भाषा बोलना एव समझना चाहते है, वे उस भाषा के लेखन एवं पढने की ओर दृष्टि कम देते हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ लोगों के साथ बात करना एवं उनकी भाषा समझना होता है। आजकल भाषाशिक्षण की दृष्टि से जो व्याकरण लिखते है, वे बोलने एवं समझने की ओर विशेष ध्यान रखते हैं अर्थात् उनके व्याकरण लिखने का मूल उद्देश्य है भाषा का वर्णन करना। जिस प्रकार जनसामान्य बोलते हैं, वे उसी प्रकार व्याकरण में लिपिबद्ध

करते है। इस प्रकार की भाषाशिक्षणपद्धति वर्णनात्मक भाषा विज्ञान के अन्तर्गत आती है। जो भाषा पढने एवं लिखने के प्रति दृष्टि रखकर व्याकरण लिखते हैं, उनकी व्याकरण भी वर्णनात्मक होती है किन्तु उस वर्णनात्मक व्याकरण मे ऐतिहासिक विज्ञान की पद्धति की छाप रहती है। भाषा की व्याकरण इन दो पद्धतियो से लिखना प्रचलित है। इन दो पद्धतियो के अतिरिक्त अन्य दो धाराओ से भी व्याकरण की चर्चा होती है। वे दो धाराए हैं—तुलनात्मक भाषातत्त्व एवं दर्शनमूलक भाषातत्त्व। इन दो धाराओ से व्याकरण तभी पढना सभव है जब वर्णनात्मक एवं ऐतिहासिक धारा के अनुसार भाषा का शिक्षण होता है।

युवाचार्य श्री महाप्रज्ञ रचित प्राकृत वाक्यरचनाबोध व्याकरण की ऐसी रचना है, जिसमे वर्णनात्मक एवं ऐतिहासिक भाषा तत्त्व का समन्वय हुआ है। दो धाराओं को एक धारा मे परिणत करना अत्यन्त कठिन है। व्याकरणशास्त्र मे पाण्डित्य होने पर ही यह संभव है। इस पुस्तक का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि ग्रन्थकार की सुतीक्ष्ण दृष्टि इस ग्रन्थ मे सर्वत्र प्रतिफलित हुई है। उन्होने प्रत्येक अध्याय में जिस विषय पर दृष्टि रखी है उस विषय के गहन मे प्रवेश किया है। साथ ही विषय को किसी भी स्थिति मे नीरस नही होने दिया है। किस प्रकार उन्होने वर्णनात्मक एवं ऐतिहासिक व्याकरण का समन्वय किया है, उसके एक-दो उदाहरण प्रस्तुत करने पर समझा जा सकेगा। जैसे 'तुम् प्रत्यय' अध्याय मे उन्होने प्रथम मे कुछ शब्द चयनित किए हैं और साथ-साथ मे उस अध्याय मे तुम् प्रत्ययान्त कुछ धातुएं भी दी हैं। यथा—काउं (कर्त्तुम्) घेत्तुं (ग्रहीतुम्], जोद्धं (योद्धुम्) इत्यादि। एव इनका प्रयोग भी प्राकृत भाषा के माध्यम मे दर्शाया है जैसे—इम कज्ज तुए विणा को अण्णो काउं सक्कइ, सो सुमिणस्स अट्ठं घेत्तुं सुविणसत्थपाढयस्स घरं गओ। ऐसे अनेक उदाहरण हैं।

वास्तव मे भाषा सीखने की यही सही पद्धति है। जिस प्रकार का व्याकरण का विषय साधारणतः वर्णन किया जाता है, यदि उसी प्रकार की वाक्य-रचना दी जाये तब भाषा सीखने मे बहुत सुविधा होती है। ठीक इसी प्रकार कुछ अंश हिन्दी से प्राकृत अनुवाद हेतु दिए गए हैं। इससे जहा भाषा का प्रयोग सीखा जाता है ठीक उसी प्रकार भाषा मे प्रयोग भी किया जाता है। सबसे प्रशसनीय यह है कि बहुत छोटे-छोटे प्राकृत के वाक्यो का प्रयोग किया गया है। लेखक ने स्वय इन वाक्यो की रचना कर प्रयोग बताया है। इसके परिणामस्वरूप भाषा सीखने वालो को विशेष सुविधा होगी, ऐसा मैं समझता हूं। एक और विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि इन वाक्यो की विषयवस्तु पूर्णतः सर्वसाधारण के कथोपकथन के

लिए उपयोगी है अर्थात् बोलचाल की भाषा का प्राचीन अल्पपठित प्राकृत भाषा के माध्यम से व्यक्त किया है। इस प्राकृत का युवाचार्यश्री ने आदि से अन्त तक निर्वहन किया है । यही इस व्याकरण का महत्त्व है। इस दृष्टि से विचार करने पर इस व्याकरण को मैं प्राकृत भाषा बोलने एव समझने के लिए उपयोगी मानता हूं। साधारणतः प्राकृत भाषा के व्याकरण मे आजकल बहुत कम प्राकृत व्याकरण सूत्रों का उल्लेख रहता है किन्तु प्रस्तुत पुस्तक मे शब्द-सिद्धि को संक्षेप मे बताने के बाद उदाहरण देकर उसकी गठन पद्धति को समझाया है। जिस प्रकार प्रारम्भ मे सरलता से लिखा है—क्त्वा, तुम् एव तव्य प्रत्यय के लिए ग्रह धातु के स्थान पर घेत आदेश होता है। इसके साथ ही 'क्त्वा' तुम् तव्येषु घेत् (४।२१०) हेमचद्र के सूत्र का उल्लेख किया है। इसी प्रकार वच् धातु के स्थान पर जो वोत् आदेश होता है—'वचोवोत् (४।२११) । यद्यपि उन्होने व्याकरण के अनुसार ११०० से भी ज्यादा सूत्र उल्लेख पूर्वक नियम बनाएं हैं तथापि इन नियमो के द्वारा व्याकरण मे कोई क्लिष्टता नही आई है। इनके ग्रन्थ मे उल्लेखनीय बात समास एवं कारक के सबंध मे आलोचना है। सामान्यत. प्राकृत व्याकरण मे समास एव कारक के संबंध मे पृथक् आलोचना नही होती, कारण संस्कृत के समास और कारक की नियमावली ही मुख्यतः प्राकृत मे प्रयुक्त होती है। इसलिए नवीन विधि एव विशेष नियम की जरूरत नही हैं। किन्तु मुनि श्री ने हेमचद्र व्याकरण के कारक सबंधी दो-चार नियम यथा चतुर्थ्याः षष्ठी [३।१३१) तादर्थ्ये ङे० र्वा [३।१३२] क्वचिद् द्वितीयादेः [३।१३४] प्रभृति नियम उल्लेखपूर्वक कारक प्रकरण अध्याय के संबंध में विशेष दृष्टि दी है। समास के विषय मे भी यही बात है। यद्यपि हेमचन्द्र ने कारक की तरह समास के संबंध मे उस प्रकार का कोई सूत्र नही दिया है तथापि हेमचन्द्र के कुछ सूत्र जो समास के क्षेत्र मे प्रयोज्य है प्रसंगतः समास के प्रकरण मे उसका उल्लेख किया है, जैसे—दीर्घह्रस्वौ मिथो वृत्तौ [१।४]। इस ग्रंथ मे अवययी भाव, तत्पुरुष, बहुव्रीहि व द्वन्द्वसमास का वर्णन किया गया है। यद्यपि ये सस्कृत व्याकरण पर प्रतिष्ठित हैं तथापि युवाचार्य श्री की व्याख्या मे नवीन पद्धति का परिचय है। अधिक उदाहरण देने की जरूरत नही समझता हू।

उपर्युक्त विषय को छोडकर इसमे प्राकृत की उपभाषा का विवरण है। ये भाषाये-शौरसेनी, मागधी, चूलिका, पैशाची एवं अपभ्रंश। धात्वादेश के चतुर्थ अध्याय पर प्रतिष्ठित होने पर भी इसका क्रम निर्धारण बहुत ही सुचिन्तित एव प्रशसा के योग्य है।

संक्षेप मे कहना हो तो मुझे कहना पडेगा कि यह व्याकरण प्रत्येक प्राकृत शिक्षार्थी के लिए अवश्य पाठ्यग्रन्थ होना उचित है। जहां-तहां प्राकृत का पठन-पाठन होता है वहां-वहां इस ग्रन्थ का प्रचार काम्य है। केवल

शिक्षार्थी ही नहीं, अध्यापक भी इस व्याकरण को पढ़कर ज्ञानलाभ कर सकेंगे ऐसी मेरी धारणा है।

अन्त में मेरा वक्तव्य यह है कि प्राकृत व्याकरण रचना ग्रंथ में उन्होंने बहुत ही महत्त्व का परिचय दिया है। जटिल नीरस व स्वतः कठिन प्राकृत व्याकरण को सुखपाठ्य एवं सरल बनाने के लिए ग्रन्थ सम्पादक मुनि श्री चंद 'कमल' भी धन्यवाद के पात्र हैं। इस प्रसंग में एक श्लोक उद्धृत करके युवाचार्य श्री एवं उनकी व्याकरण के महत्त्व को व्यक्त करना चाहता हूं। दरापगा ने अपने गंगास्तोत्र में गंगा का महत्त्व कहां निहित है, उसी प्रसंग में कहा था—

सुरधुनि मुनिकन्ये तारयेः पुण्यवन्तम्,
स तरति निजपुण्यैस्तत्र किं ते महत्त्वम्।
यदि तु गतिविहीनं तारयेः पापिनं मां।
तदिह तव महत्त्वं तन्महत्त्वं महत्त्वं॥

मैं भी कहता हूं दुरूह और कठिन प्राकृत भाषा को सहज व सरल करने में संपादक मुनि श्रीचंद 'कमल' का महत्त्व प्रकट हुआ है।

सत्यरंजन बनर्जी
कलकत्ता विश्वविद्यालय

अनुक्रमणिका

१ वर्णबोध

वर्ण—प्रत्येक पूर्ण ध्वनि को वर्ण कहते है। प्राकृत मे वर्ण के दो भेद हैं—(१) स्वर (२) व्यञ्जन।

स्वर के दो भेद हैं—ह्रस्वस्वर और दीर्घस्वर। ह्रस्वस्वर की एक मात्रा होती है। दीर्घस्वर की दो मात्राए होती है। संस्कृत मे प्लुतस्वर होता है, जिसकी तीन मात्राए होती है।

० प्राकृत मे प्लुत स्वर नही होता।

० प्राकृत मे ऋ, ॠ, लृ, लॄ स्वरो का प्रयोग नही होता।

ह्रस्वस्वर—अ, इ, उ, ए, ओ।

दीर्घस्वर—आ, ई, ऊ, ए, ओ।

ए और ओ दीर्घस्वर हैं, परन्तु प्राकृत मे ए और ओ से परे सयुक्त व्यञ्जन होने पर ए और ओ को ह्रस्वस्वर माना गया है। जैसे—एक्केक्क (एकैकम्), जोव्वण (यौवनम्), आरोग्ग (आरोग्यम्)। प्राकृत मे ऐ और औ का प्रयोग नही होता। केवल (सू. १।१६९) से अयि को ऐ आदेश होता है।

नियम १ (अथ प्राकृतम् १।१) प्राकृत मे ऋ, ॠ, लृ, लॄ, ऐ, औ, ङ, ञ, श, ष, विसर्ग, प्लुत—ये नही होते। ङ और ञ अपने वर्ग के व्यंजनो के साथ होते हैं।

प्राकृत मे व्यजन २९ है—

क, ख, ग, घ
च, छ, ज, झ
ट, ठ, ड, ढ, ण
त, थ, द, ध, न
प, फ, ब, भ, म
य, र, ल, व, स, ह

० प्राकृत मे श, ष और विसर्ग नही होते।

० स्वर रहित ङ् तथा द्वित्व ङ् ङ् प्रयुक्त नही होता।

० प्राकृत मे ङ और ञ का प्रयोग अपने वर्ग के व्यंजनो के साथ मिलता है, स्वतत्र नही—

पङ्को, पङ्खो, सङ्गो, जङ्घा
वञ्चु, वाञ्छा, पञ्जो, विञ्झो

० स्वर रहित व्यजन अत मे नही होते है।

० कोई भी व्यजन स्वर के बिना क्, च्, ट्, त्, प् रूप मे अकेला प्रयुक्त नही होता।

२ संयुक्त व्यंजन

संयुक्त व्यंजन—जिन दो या दो से अधिक व्यजनो के बीच मे स्वर न हो तो उसे संयुक्त व्यजन कहते है।

प्राकृत मे शब्द के प्रारभ मे संयुक्त व्यजन नही पाए जाते। सस्कृत मे पाये जाते है उसके एक व्यजन का लोप हो जाता है और अवशिष्ट व्यंजन द्वित्व नही होता। अपवाद के रूप मे ण्ह, म्ह, ल्ह, द्र और म्ह मिलते है। ण्ह-ण्हाण। म्हो। ल्ह-ल्हसइ। द्रहो। गुम्ह (गुह्य), सम्हो (सह्य.)।

प्राकृत मे भिन्नवर्गीय सयुक्त व्यजनो का प्रयोग नही मिलता। समान-वर्गीय व्यजनो के मेल से बने हुए सयुक्त व्यजन ही मिलते है। भिन्नवर्गीय सयुक्त व्यजनो को समानवर्गीय व्यजन के रूप मे बदल दिया जाता है। उसके एक व्यजन का लोप कर दूसरे को द्वित्व कर दिया जाता है। यदि द्वित्व व्यजन हकारयुक्त (वर्ग का दूसरा और चौथा वर्ण) हो तो उसको द्वित्व कर उसके हकार को हटा दिया जाता है, वर्ग का पहला और तीसरा वर्ण कर दिया जाता है। जैसे—

संस्कृत	प्राकृत
दुग्ध—	दुध—दुध्ध—दुद्ध।
मूर्च्छा—	मुछा—मुछ्छा—मुच्छा।
मूर्ख—	मुख—मुख्ख—मुक्ख
भुक्त—	भुत, भुत्त
उत्पल—	उपल—उप्पल

सयुक्त व्यजनो मे एक व्यजन य, र, ल, अनुस्वार या अनुनासिक हो तो उसे स्वरभक्ति के द्वारा अ, इ, ई और उ मे से किसी स्वर के द्वारा विभक्त कर (आगम कर) सरल व्यजन बना दिया जाता है।

रत्न—रत्+अ+न—रतन—रयण।

गर्हा—गर+इ+हा गरिहा।

स्नेह—स्+अ+नेह सनेह—सणेह।

समस्त (समास) पदो मे दूसरे पद का आदि स्वर विकल्प मे द्वित्व होता है, इसलिए समस्त पदो मे सयुक्त व्यजन विकल्प से पाए जाते है। जैसे—नइग्गामो नइगामो। देवत्थुई, देवथुई।

सयुक्त व्यंजनों मे जो निर्बल व्यजन होता है उसका लोप हो जाता

है। बल की दृष्टि से व्यंजनों का क्रम इस प्रकार है—

(१) वर्ग के प्रथम चार वर्ण सर्वाधिक बलशाली होते है।

(२) ङ, ञ, ण, न, म—ये पाच वर्ण उनसे कम बलशाली है।

(३) ल, स, व, य, र—ये पांच वर्ण सबसे निर्बल है। ये भी आपस मे क्रमशः एक दूसरे से निर्बल है।

क, ग, च, छ आदि व्यजन स्वर सहित होते है, तब इन्हें सरल व्यजन कहते हैं। द्वित्व होने पर ये सयुक्त व्यंजन हैं। भिन्नवर्गीय संयुक्त व्यजन क के साथ ये बनते हैं— त्क, क्त, क्य, क्र, र्क, ल्क, क्व आदि। प्राकृत मे इन सब के स्थान पर शब्द के अदर 'क्क' का तथा आदि मे 'क' का ही प्रयोग होता है जैसे—

संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
उत्कण्ठा	उक्कण्ठा	मुक्त	मुक्क
वाक्य	वक्क	चक्र	चक्क
तर्क	तक्क	उल्का	उक्का
विक्लव	विक्कव	पक्व	पक्क
क्वचित्	कचि	क्वणति	कणति

इसी प्रकार ग के साथ भिन्नवर्गीय सयोग ये बनते हैं—ड्ग, ग्ण, द्ग, ग्न, ग्य, ग्र, र्ग, ल्ग। इनका समानवर्गीय संयुक्त रूप बनता है—ग्ग। आदि मे होने से सयुक्त नही बनता केवल ग बनता है। जैसे—

संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
खड्ग	खग्ग	रुग्ण	रुग्ग, लुग्ग
मुद्ग	मुग्ग	युग्म	जुग्ग
योग्य	जुग्ग	अग्र	अग्ग
ग्रास	गास	ग्रसते	गसते
वर्ग	वग्ग	वल्गा	वग्गा

इसी तरह सभी वर्णों के भिन्नवर्गीय सयुक्त व्यजनो का समानवर्गीय संयुक्त व्यजन बनाया जाता है। समानवर्गीय सयुक्त व्यजन ये है—क्क, क्ख, ग्ग, ग्घ, च्च, च्छ, ज्ज, ज्झ, ट्ट, ट्ठ, ड्ड, ड्ढ, ण्ण, त्त, त्थ, द्द, द्ध, न्न, प्प, प्फ, ब्ब, ब्भ, म्म, ल्ल, व्व, स्स।

प्रश्न

१. सयुक्त व्यंजन किसे कहते है?

२ सयुक्त व्यजन कहां होते है और कहा नही होते? स्पष्ट करो।

३. संयुक्त व्यंजन मे एक व्यंजन का लोप होने के बाद कौन-सा व्यंजन द्वित्व होता है और उसका अन्तिम रूप क्या रहता है?

४. संयुक्त व्यंजन को सरलव्यंजन बनाने का साधन क्या है ?
५. वर्णों में अधिक बलशाली कौन-कौन से व्यंजन हैं तथा उनका निर्बल और निर्बलतर होने का क्या क्रम है ?
६ भिन्नवर्गीय संयुक्त व्यंजन क के साथ क्या-क्या बनते है ?
७. स्वरभक्ति का प्रयोग कहा किया जाता है ?

पढती है। पढती है क्रिया, मनीषा कर्ता और पुस्तक कर्म। ३. गोपाल पेन से लिखता है—लिखता है क्रिया, गोपाल कर्ता और पेन से साधन। ४. सुमन साधु को भिक्षा देती है—देती है क्रिया, सुमन कर्ता, भिक्षा कर्म और साधु को सम्प्रदान। ५ वह घोडे से गिरता है—गिरता है क्रिया, वह कर्ता और घोड़े से— अपादान। ६ मेरा सफेद घोडा तेज दौडता है—दौडता है क्रिया, तेज क्रिया का विशेषण, घोड़ा कर्ता, सफेद कर्ता का विशेषण, मेरा सम्बन्ध। ७ तुम्हारे घर मे बालक पुस्तक पढते हैं। पढते है क्रिया, बालक कर्ता, पुस्तक कर्म, घर में आधार, तुम्हारे सम्बन्ध।

वाक्य मे एक क्रिया के साथ अर्धक्रिया भी आ सकती है। क्त्वा और तुम प्रत्यय के रूप अर्धक्रिया के द्योतक हैं। क्रिया के आगे कर या करके तथा 'के लिए' लगाने पर अर्धक्रिया बनती है। खाने के लिए, पीने के लिए, बोलने के लिए, करने के लिए—ये रूप 'तुम्' प्रत्यय के अर्धक्रिया के हैं। खाकर, पीकर, बोलकर आदि क्त्वा प्रत्यय के रूप अर्धक्रिया के हैं।

(१) वह पाठ पढने के लिए विद्यालय जाता है—जाता है क्रिया, वह कर्ता, विद्यालय कर्म, पढने के लिए अर्धक्रिया, पाठ अर्धक्रिया का कर्म। (२) सुशील खाना खाकर बाजार जाता है। यहां जाता है क्रिया, सुशील कर्ता, बाजार कर्म, खाकर अर्धक्रिया, खाना अर्धक्रिया का कर्म।

प्रश्न

१. नीचे लिखे वाक्यो मे कर्ता आदि छाटो।

विमलेश किसका पुत्र है? घर में कौन बैठा है? धर्मेश अध्ययन करता है। सरला ज्योतिष पढती है। वह चाकू से क्या काटता है? रमा आचार से भ्रष्ट है। सफेद गाय पीली गाय की अपेक्षा गाढा और अधिक दूध देती है। काले कुत्ते को मत मारो। सूक्ष्म लेखनी से सुन्दर अक्षर कौन लिखता है? तुम्हारे भाग्य मे क्या लिखा है? अपने भाग्य का निर्माता मैं स्वयं हू। विकास का मार्ग सबके लिए खुला है। नेताओ के आश्वासनो पर अधिक विश्वास मत करो। दिन मे खाना खाकर सोना क्या स्वास्थ्य के लिए अच्छा है? वह वाणी का संयम न कर बात को बिगाडता है। अनुशासन के लिए गुरु की आज्ञा का पालन करो। भागते हुए घोडे से शंकर गिर गया। मेरी पुस्तक पीले रंग की थी। समय का मूल्यांकन कौन करता है? धन से अधिक मूल्यवान धर्म है। गिरकर भी जो उठता है वह बुद्धिमान है। पूर्वभव के संस्कारो को जानने के लिए उसने भगवान से पूछा। इस जन्म के बाद मेरे कितने भव अवशेष हैं? सदा सत्य बोलो। जीवन को नियमित बनाओ।

जो नाम या क्रियाएं हमारे व्यवहार मे आती हैं उन सब के अत मे विभक्ति लगी हुई होती है। विभक्तिरहित कोई शब्द या क्रिया हमारे व्यवहार मे नही आती। कही-कही पर विभक्ति के प्रत्यय आते हैं पर उनका लोप हो जाता है, शब्द ज्यो का त्यो रहता है, वह शब्द विभक्त्यन्त कहलाता है। विभक्ति का अर्थ है—विभाजन करने वाला प्रत्यय। जिसके द्वारा संख्या और कारक का बोध होता है उसे विभक्ति कहते हैं। विभक्तिया नाम और क्रिया की भिन्न-भिन्न अवस्थाओ को तथा भिन्न-भिन्न काल को सूचित करती है। सज्ञा या नाम के अत मे सात विभक्तिया होती हैं।

सि प्रत्यय आदि मे होने के कारण उनकी सज्ञा स्यादि विभक्तिया है। कर्ता आदि छह कारक और सबध मे इन सात विभक्तियो का उपयोग होता है। सामान्यतया कर्ता आदि कारक उसके चिह्न और विभक्ति को इस रूप मे याद कर सकते हैं।

कारक	चिह्न	विभक्ति
कर्ता	है, ने	प्रथमा
कर्म	को, (को रहित)	द्वितीया
साधन	से, द्वारा	तृतीया
सप्रदान	के लिए	चतुर्थी
अपादान	से	पंचमी
सबध	का, के, की	षष्ठी
अधिकरण	मे, पर	सप्तमी

प्रथमा विभक्ति

१ कर्तृवाच्य मे सज्ञाए जब कर्ता के रूप मे व्यवहृत होती है तब उनमे प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे—

शब्द	अर्थ	शब्द	अर्थ
रुक्खो	वृक्ष	पव्वयो	पर्वत
आसो	अश्व	सुक्क	शुक्ल
गुणो	गुण	पीअ	पीला
कंबलो	कबल	सिरी	लक्ष्मी, शोभा

२ सबोधन मे प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे—हे सुरेस!

५ प्रथम पुरुष

कर्ता को तीन भागो मे विभाजित किया जाता है—

	(१) प्रथम पुरुष	(२) मध्यम पुरुष	(३) उत्तम पुरुष
एकवचन	वह	तू	मै
बहुवचन	वे/वे दोनो	तुम/तुम दोनो	हम/हम दोनो

प्रथम पुरुष को अन्य पुरुष भी कहते है। हाथी, घोडा, लक्ष्मी, पृथ्वी, वृक्ष आदि जितनी भी सज्ञाए कर्ता होती है वे सब प्रथम पुरुष के कर्ता है। इसके साथ प्रथम पुरुष की क्रिया आती है। कर्तृवाच्य मे उनकी कर्ता सज्ञा है।

सर्वनाम

सज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को सर्वनाम कहते है। सज्ञा का प्रयोग होने के बाद ही सज्ञा के स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग होता है। सज्ञा मे जो लिङ्ग और वचन होते है उसके स्थान पर आने वाले सर्वनाम मे वही लिङ्ग और वचन होता है। सर्वनाम त्रिलिङ्गी होते है। उनके रूप परिशिष्ट १ मे देखे। सर्वनाम ये है—

प्राकृत	संस्कृत	हिन्दी
सव्व	सर्व	सब
वीस	विश्व	सब
उभय	उभय	दो
इक्क, एक्क, एग	एक	एक
एक्कतर	एकतर	कोई एक
अण्ण	अन्य	दूसरा
इयर	इतर	कोई अन्य
कयर	कतर	कौनसा
कयम	कतम	उनमे कौनसा
ज	यद्	जो
त, ण	तद्	वह
एअ, एय	एतद्	यह
क	किम्	कौन
पुव्व	पूर्व	पूर्व

पर	पर	दूसरा
दाहिण, दक्खिण	दक्षिण	दक्षिण, दक्षिण का
उत्तर	उत्तर	उत्तर, उत्तर का
अवर	अपर	अन्य, दूसरा
अहर	अधर	नीचा
स, सुव	स्व	अपना
इम	इदम्	यह
अमु	अदस्	वह
तुम्ह	युस्मद्	तू
अम्ह	अस्मद्	मैं
भव	भवत्	आप

तू, तुम, मै और हम बोधक शब्दों के अतिरिक्त शेष सभी शब्द प्रथम पुरुष में प्रयुक्त होते हैं।

पास की वस्तु या व्यक्ति के लिए इम (इदम्), अधिक पास की वस्तु या व्यक्ति के लिए एअ (एतद्), सामने के दूरवर्ती पदार्थ या व्यक्ति के लिए अमु (अदस्), परोक्ष (जो वक्ता के सामने न हो) पदार्थ या व्यक्ति के लिए स (तद्) शब्द का प्रयोग किया जाता है।

रमेश पढने मे होशियार है परन्तु उसका भाई धनेश मद बुद्धि वाला है। रमेश का इस अर्थ मे 'उसका' शब्द का प्रयोग हुआ है। कई बार सर्वनामशब्द सज्ञा के विशेषण के रूप मे भी प्रयुक्त होते हैं। यह लडका सुन्दर है। यह पुस्तक पाठनीय है। जिस प्रकार सज्ञा मे सब विभक्तिया आती है, वैसे ही सर्वनाम मे भी सब विभक्तिया आती हैं—उसने, उसको, उससे, उसके लिए, उससे, उसका, उसमे या उस पर आदि।

प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष और उत्तम पुरुष—ये तीनो पुरुष सर्वनाम के ही रूप हैं।

प्रथम पुरुष

एकवचन	बहुवचन
सो—वह	ते—वे/वे दोनो
ता—वह (स्त्री)	ता—वे/वे दोनो (स्त्री)

धातु प्रत्यय (वर्तमान काल)

इ, ए	न्ति, न्ते, इरे
हस्—हसइ, हसए	हसन्ति, हसन्ते, हसिरे

हस् धातु की तरह अन्य व्यजनान्त (अ विकरण वाली) धातुओं के रूप बनते हैं।

प्रयोग वाक्य

सो नमइ—वह नमन करता है । ते नमन्ति—वे दोनों/वे सब नमन करते हैं।
सो पढइ—वह पढता है । ते पढन्ति—वे दोनों/वे सब पढते है ।
सो लिहइ—वह लिखता है । ते लिहन्ति—वे सब/वे दोनो लिखते है ।
सो भणइ—वह पढता है । ते भणन्ति—वे सब/वे दोनों पढते हैं ।
सो हसइ—वह हंसता है । ते हसन्ति—वे सब/वे दोनो हसते है ।

प्राकृत में अनुवाद करो

यह नमता है । वह पढता है । वह हसता है । वह लिखता है । वह पढती है । वह नमती है । वह हंसती है । वह लिखती है । वे नमते हैं । वे पढते हैं । वे हसते हैं । वे लिखते हैं । वे दोनों नमते हैं । वे दोनों पढते हैं । वे दोनों हसते हैं । वे दोनों लिखते हैं । वे नमती हैं । वे हंसती हैं । वे पढती हैं । वे लिखती हैं । वे दोनों नमती हैं । वे दोनों पढती हैं । वे दोनों हसती हैं । वे दोनों लिखती हैं ।

प्रश्न

१ पुरुष कितने प्रकार के होते हैं ? उनके कर्त्ता कौन है ?
२. सर्वनाम किसे कहते हैं ?
३ सर्वनाम कौन-कौन से शब्द है ?
४ प्रथम पुरुष के वर्तमान काल के क्या-क्या प्रत्यय है ?
५ सर्वनाम मे कौनसी विभक्ति होती है ? उदाहरण मे स्पष्ट करो ।
६ सर्वनाम मे कौनसा लिंग व वचन होता है ?
७ प्रथम पुरुष मे कौन से सर्वनाम माने जाते है ?

धातु संग्रह

सेव—सेवा करना	पास—देखना
गच्छ—जाना	धाव—दौडना
सुण—सुनना	भम—घूमना
भुज—खाना	पिव—पीना
इच्छ—इच्छा करना	जाण—जानना

अव्यय संग्रह

कल्ल (कल्य)—कल	अत्थ (अत्र)—यहा
सइ, सया (सदा)—सदा	तत्थ (तत्र)—वहा
सइ (सकृत्)—एक बार	ण, न (न)—नही
मुहु—बार-बार	झत्ति (झटिति)—शीघ्र
सणिअं (शनै)—धीरे	अज्ज (अद्य)—आज

ऊपर बताए गए अव्यय इसी रूप मे प्रयोग मे आते है । न इसमे कुछ जुडता है और न कुछ कम होता है ।

मध्यम पुरुष

एक वचन	बहुवचन
तुम—तू	तुम्हे—तुम/तुम दोनो

धातु प्रत्यय (वर्तमान काल)

सि, से	इत्था, ह

सि, से और ह प्रत्यय धातु के आगे जुड जाते है । इत्था प्रत्यय धातु के अ का लोप होने के बाद जुडता है ।

प्रयोग वाक्य

तुम गच्छसि—तू जाता है/जाती है ।
तुम सेवसि—तू सेवा करता है/करती है ।
तुम सुणसि—तू सुनता है/सुनती है ।
तुम भुजसि—तू खाता है/खाती है ।
तुम पाससि—तू देखता है/देखती है ।
तुम धावसि—तू दौडता है/दौडती है ।
तुम भमसि—तू घूमता है/घूमती है ।
तुम पिवसि—तू पीता है/पीती है ।
तुम इच्छसि—तू इच्छा करता है/करती है ।

तुम जाणसि—तू जानता है/जानती है।
तुम अज्ज गच्छसि—तू आज जाता है/जाती है।
तुम सइ भुजसि—तू एक बार खाता है/खाती है।
तुम मणिअं भमसि—तू धीरे घूमता है/घूमती है।
तुम मुहु लिहसि—तू बार-बार लिखता है/लिखती है।
तुम सया सेवसि—तू सदा सेवा करता है/करती है।
तुम्हे गच्छित्था—तुम/तुम दोनो जाते हो/जाती हो।
तुम्हे सेवित्था—तुम/तुम दोनो सेवा करते हो/करती हो।
तुम्हे सुणह—तुम/तुम दोनो सुनते हो/सुनती हो।
तुम्हे भुजह—तुम/तुम दोनो खाते हो/खाती हो।
तुम्हे पासह—तुम/तुम दोनो देखते हो/देखती हो।
तुम्हे धावित्था—तुम/तुम दोनो दौडते हो/दौडती हो।
तुम्हे इच्छह—तुम/तुम दोनो इच्छा करते हो/करती हो।
तुम्हे भमित्था—तुम/तुम दोनो घूमते हो/घूमती हो।
तुम्हे जाणह—तुम/तुम दोनो जानते हो/जानती हो।
तुम्हे पिवह—तुम/तुम दोनो पीते हो/पीती हो।

प्राकृत में अनुवाद करो

तू बार-बार पढता है। तू आज दौडता है। तू सेवा करती है। तू घूमती है। तू धीरे सुनती है। तू बार-बार देखती है। तू सदा वहा जाती है। तू दौडती है। तू जानती है। तू इच्छा करता है। तू यहा खाता है। तू धीरे पीता है। तू शीघ्र जाता है। तू वहा बार-बार जाता है। तू आज नही लिखता है। तू नही हसता है। तुम दोनो सेवा करते हो। तुम वहा खाते हो। तुम यहा घूमते हो। तुम नही देखती हो। तुम दोनो बार-बार खाती हो। तुम दोनो जल्दी जाते हो। तुम दौडते हो। तुम सदा इच्छा करते हो। तुम दोनो सुनती हो। तुम नही सुनते हो। तू खाता है। तुम दोनो नही खाते हो। तू पढता है। तुम सदा घूमते हो।

प्रश्न

१ मध्यमपुरुष के कर्ता कौन-कौन है?
२ नीचे लिखी धातुओं के अर्थ बताओ—
भम, भुज, धाव, सेव, पास, पिव, जाण, गच्छ, सुण, इच्छ।
३ नीचे लिखे अव्ययो के अर्थ बताओ—
झत्ति, सइ, अज्ज, तत्थ, मणिअं, कल्लं, अत्थ, सया
४. इत्था और ह प्रत्यय किस अर्थ मे लगते है और इनको धातु के आगे लगाने की विधि क्या है?

उत्तम पुरुष

शब्द संग्रह (महापुरुष)

अरहंत—अरहंतो	सिद्ध—सिद्धो
पार्श्वनाथ—पासणाहो	धर्मगुरु—आयरियो
महावीर—महावीरो	साधु—साधू
महादेव, शिव—हरो	बुद्ध—बुद्धो
जिन—जिणो	उपाध्याय—उवज्झायो

धातु संग्रह

पड—गिरना	बीह—डरना
मुच—छोडना	रूस—क्रोधित होना
दह—जलना	पविस—प्रवेश करना
जप—बोलना	याय—मांगना
तव—तपना	

अव्यय संग्रह

प्राकृत	संस्कृत	हिन्दी	प्राकृत	संस्कृत	हिन्दी
इयाणि, दाणि	(इदानी)	इस समय	धुव	(ध्रुवम्)	निश्चय
किं	(किं)	क्या	एगया	(एकदा)	एक बार
केरिसो	(कीदृश)	कैसा	खिप्प	(क्षिप्र)	शीघ्र
पुणो	(पुन)	फिर से	अवस्स	(अवश्य)	अवश्य

• पुल्लिंग अकारान्त देव शब्द के रूप याद करो। देखो परिशिष्ट १ संख्या १

उत्तम पुरुष

एक वचन	बहु वचन
अहं—मैं	अम्हे—हम/हम दोनों

धातु प्रत्यय (वर्तमान काल)

मि	मो, मु, म

अकारान्त धातु के अ को आ हो जाता है उसके आगे ये प्रत्यय जुड जाते हैं।

अहं पिबामि—मैं पीता हूं/पीती हूं।

अहं हसामि—मैं हंसता हूं/हंसती हूं।
अहं लिहामि—मैं लिखता हूं/लिखती हूं।
अहं भुंजामि—मैं खाता हूं/खाती हूं।
अहं सेवामि—मैं सेवा करता हूं/करती हूं।
अहं जाणामि—मैं जानता हूं/जानती हूं।
अहं भणामि—मैं पढ़ता हूं/पढ़ती हूं।
अहं इच्छामि—मैं इच्छा करता हूं/करती हूं।
अहं गच्छामि—मैं जाता हूं/जाती हूं।
अहं जंपामि—मैं बोलता हूं/बोलती हूं।
अहं दाणिं भमामि—मैं इस समय घूमता हूं/घूमती हूं।
अहं पविसामि—मैं प्रवेश करता हूं/करती हूं।
अम्हे पिवामो—हम/हम दोनों पीते हैं/पीती हैं।
अम्हे लिहामु—हम/हम दोनों लिखते हैं/लिखती हैं।
अम्हे भुंजाम—हम/हम दोनों खाते हैं/खाती हैं।
अम्हे सेवामो—हम/हम दोनों सेवा करते हैं/करती हैं।
अम्हे जाणामु—हम/हम दोनों जानते हैं/जानती हैं।
अम्हे इच्छाम—हम/हम दोनों इच्छा करते हैं/करती हैं।
अम्हे हसामो—हम/हम दोनों हंसते हैं/हंसती हैं।
अम्हे जंपाम—हम/हम दोनों बोलते हैं/बोलती हैं।
अम्हे पासामो—हम/हम दोनों देखते हैं/देखती हैं।
अम्हे गच्छामु—हम/हम दोनों जाते हैं/जाती हैं।
अम्हे भणाम—हम/हम दोनों पढ़ते हैं/पढ़ती हैं।
अम्हे तवामो—हम/हम दोनों तपते हैं/तपती हैं।
अम्हे बीहमु—हम/हम दोनों डरते हैं/डरती हैं।
अम्हे रूसाम—हम/हम दोनों क्रोधित होते हैं/होती हैं।

अव्यय प्रयोग—दाणिं आयासत्तो जलबिंदुणो पडंति। गामो खिप्पं पढइ। सुरेसो केरिसो पुरिसो अत्थि? हं अवस्सं लिहामि। एगया महावीरो अत्थ आगओ। सो पाढं पुणो पढइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

मैं शीघ्र लिखता हूं। मैं धीरे लिखता हूं। मैं सेवा करता हूं। मैं बार-बार जाती हूं। मैं एक बार देखता हूं। मैं पीता हूं। मैं सदा हंसता हूं। मैं नहीं खाता हूं। मैं वहां नहीं जाती हूं। मैं आज पढ़ती हूं। मैं वहां खाती हूं। मैं अवश्य लिखता हूं। मैं अवश्य सेवा करता हूं। मैं आज पढ़ता हूं। मैं इस समय वहां जाता हूं। मैं फिर से लिखता हूं। मैं कैसा हूं? मैं नहीं

हसता हू । हम आज पढते हैं । हम दोनो लिखते हैं । हम नही हसते हैं । हम फिर से देखते हैं । हम आज सेवा करते हैं । हम दोनो धीरे बोलते हैं । हम वहा अवश्य जाती हैं । हम दोनो क्रोधित होते हैं । हम दोनो इच्छा करते हैं । हम दोनो जानते हैं । हम दोनो एक वार खाती हैं । हम दोनो सदा पढती है । हम दोनो वहा खाती हैं । हम दोनो इच्छा करती हैं । हम वहा लिखते हैं । हम दोनो यहा खाते हैं । हम एक वार वहा अवश्य जाते हैं । हम दोनो इस समय वहा निश्चय जाती हैं । हम शीघ्र दौडती है । हम दोनो घूमते हैं । हम एक वार खाते हैं । हम एक वार हसती हैं । हम पीते हैं । हम दोनो नही पढते हैं । हम दोनो जानते हैं । हम दोनो नही लिखती हैं । हम सदा हसती हैं । वह जल्दी पढता है । तुम कैसे आदमी हो ? मैं अवश्य पढता हूं । वह फिर से पढता है । एक वार तुम यहां आए थे ।

प्रश्न

१ उत्तमपुरुष के बहुवचन के प्रत्यय कौन-कौन से हैं और उनके रूप वनाने का सरल उपाय क्या है ?

२ नीचे लिखे शब्दो के प्राकृत शब्द क्या हैं ?
अरहत, आचार्य, सिद्ध, पार्श्वनाथ, जिन, साधु, वृद्ध, महादेव, उपाध्याय ।

३ नीचे लिखे अर्थो में कौन-कौनसी धातु प्रयोग मे आती है ?
वोलना, प्रवेश करना, क्रोध करना, छोडना, तपना, डरना, मारना, जलना, गिरना ।

४ नीचे लिखे अर्थो मे किन अव्ययो का प्रयोग करना चाहिए ?
अवश्य, एक वार, फिर से, कैसा, निश्चय, इस समय ।

शब्द संग्रह (परिवार वर्ग १)

पिता—जणओ, वप्पो, पिऊ
माता—माआ, जणणी, अम्मो
दादा—अज्जयो, पिआमहो
दादी—पिआमही, अज्जिआ
परदादा—पपिआमहो, पज्जओ
परदादी—पज्जिआ
नाना—माआमहो
नानी—माउम्मही
परनाना—पमायामहो
परनानी—पमाआमही
मामा—माउलो
मामी—मामी, मल्लाणी (दे०)
मामे का बेटा—माउलपुत्तो

० ० ० ० ०

आसिसा—आशीष
भिखारी, भीख मागने वाला—भिक्खारी

धातु संग्रह

जिंघ—सूंघना
अरिह—पूजा करना, अर्चना करना
सुमर—स्मरण करना
कह—कहना
दा—देना
पीस—पीसना
पतार—ठगना

अव्यय संग्रह

कह—कैसे
किमवि—कुछ भी
अइ (अति) अतिशय
अईव (अतीव) विशेष

● **पुलिंग आकारान्त गोपा शब्द, इकारान्त मुणि और उकारान्त साहु शब्द को याद करो। देखो—परिशिष्ट १, संख्या २,३,४।**

कर्म—कर्ता अपनी क्रिया के द्वारा जो वस्तु निष्पन्न करता है या जिस वस्तु पर क्रिया के व्यापार का फल पडता है उसे कर्म कहते है। कर्म की यह विस्तृत परिभाषा है। सक्षेप मे कर्ता जो कुछ करता है वह कर्म है। कर्म के तीन भेद है—

१. निर्वर्त्य—इसका अर्थ है उत्पाद्य। उत्पाद्य वस्तुए दो श्रेणी की होती है। (क) जो जन्म से उत्पन्न हो। जैसे—माता पुत्र को पैदा करती है। (ख) जो अविद्यमान हो और उसका निर्माण किया जाए। जैसे—मिस्त्री मकान बनाता है।

२ विकार्य—वर्तमान वस्तु को अवस्थान्तरित करने से जो विकार

होता है उसको विकार्य कहते हैं। जैसे—स्वर्णकार सोने का कुण्डल बनाता है।

३. प्राप्य—जिसमें क्रिया से कुछ भी विशेषता न होती हो उसे प्राप्य कहते हैं। जैसे—मैं चन्द्रमा को देखता हूं। इसमें न तो कुछ भी उत्पन्न होता है और न विकृत ही।

कर्तृवाच्य में कर्म में द्वितीया विभक्ति होती है। कर्म-वाच्य में कर्म में प्रथमा विभक्ति होती है और क्रिया में लिंग और वचन कर्म के अनुसार होते हैं।

प्रयोग वाक्य

पज्जओ महावीर गच्छइ। वप्पो सीयं जलं पिबइ। मायामही बहु बीहइ। पिआमहो सव्वं जाणइ। माउलो सच्चं जपित्था। मायामहो किं जिघइ? पिआमही जिणं सुमरइ। मल्लाणी पासणाहं अरिहेइ। अज्जिआ कहं कहइ? अज्जओ सइ भुजइ। पज्जिआ जणणि आसिसं (आशीष) देइ। माआ किं इच्छइ? पिऊ उज्जाणम्मि अडइ। मामी भिक्खारिं किमवि ण देइ। जयमाला कुसुमं पतारइ। तस्स भज्जा चुण्ण (आटा) पीसइ। माउलो अइमहुर जपइ। अहं किमवि न इच्छामि। तुम कहं हसमि? तुज्झ अक्खराणि अईव सुंदरं संति। माउलपुत्तो किमवि न कहइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

दादा ने पिता का पालन किया। दादी कहानी कहती है। परदादा मामा को देखता है। परदादी एक बार खाती है। नानी सदा डरती है। मामी महावीर की पूजा करती है। माता क्या सूंघती है? मामा क्या चाहता है? दादा कथा सुनता है। नाना सब जानता है। दादी सदा ठंडा पानी पीती है। नानी बार-बार नहीं खाती। पिता सत्य बोलता है। वह कुछ नहीं चाहता। तुम कैसे पढते हो? राम अतीव सुन्दर बोलता है। माया का पुत्र कथा कहता है।

प्रश्न

१ कर्म कितने प्रकार के होते हैं? प्राप्यकर्म किसे कहते हैं?
२. कर्म में कौनसी विभक्ति होती है?
३ नीचे लिखे शब्दों के प्राकृत शब्द बताओ—
   परदादा, मामी, पिता, नाना, मामा, मा, परदादी, नानी।
४. नीचे लिखी धातुओं के अर्थ बताओ—
   अरिह, सुमर, जिघ, पीस, पतार, दा, कह।
५. देव शब्द के सारे रूप लिखो।
६. नीचे लिखे अव्यय किस अर्थ में प्रयुक्त होते हैं?
   अग्गे, विणा, अवि, अग्गओ, अईव।

शब्द संग्रह (परिवार वर्ग २)

चाचा—पिइज्जो, चुल्लपिऊ
चाची—पिइज्जजाया, चुल्लपिउजाया
भाई—भायरो, भाऊ, भाई (पु)
बहन—वहिणी, भगिणी, ससा
फुफेराभाई—पिउसियाणेयो
फुफेरी बहन—पिउसिआणिज्जा
मौसेराभाई—माउसिआणेयो
मौसेरी बहन—माउसिआणिज्जा
चचेराभाई—पिइज्जपुत्तो
चचेरी बहन—पिइज्जसुआ
बडाभाई—अग्गओ
छोटाभाई—अणुओ
बडी बहन का पति—भाओ (दे०)

० ० ० ० ०

प्रतिदिन—पइदिण
अपना घर—णियगिह
पूर्ण, पुण्य—पुण्ण
शत्रु—सत्तू (पु०)
सहायता—साहज्ज

धातु संग्रह

जव—जाप करना
ओणम्—नीचे नमना
ओग्गह—ग्रहण करना
जिण—जीतना
जुज्झ—लडाइ करना, युद्ध करना
णी, णे—ले जाना, पहुचाना
वड्ढ—वढना
लह—प्राप्त करना
पडिभा—मालुम होना
सक्क—सकना

अव्यय संग्रह

विणा—विना
अवि, पि—भी
अग्गे (अग्रे) आगे
अग्गओ (अग्रतस्) आगे से

हस धातु के कर्तृवाच्य के सब रूप याद करो (देखो—परिशिष्ट २ संख्या १) हसान्त धातुओ के रूप हस धातु की तरह चलते हैं।

ग्रामणी और खलपू शब्द के रूप याद करो (देखो—परिशिष्ट १ सख्या ४,६) ग्रामणी के रूप मुणि की तरह और खलपू के रूप साधु की तरह चलते हैं।

साधन—जिसके द्वारा कार्य किया जाता है उसे साधन या करण कहते है। एक कार्य करने मे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अनेक वस्तुएं सहायक होती

है। कार्य की सिद्धि मे जितने सहायक होते है, वे साधन नही कहला सकते। साधन तो वही है जो साधकतम हो यानि क्रिया की सिद्धि मे सबसे अधिक निकट सपर्क रखता हो। जैसे—वह पेन से लिखता है। अध्यापक रमेश को डंडे से मारता है। इन दो वाक्यो मे पेन और डडा साधन है। कही-कही पर विवक्षा से साधन को कर्ता भी बनाया जाता है। जैसे, सुरेश तलवार से काटता है। यहा तलवार से साधन है। तलवार काटती है—इस वाक्य मे तलवार जो साधन थी उसे कर्ता बना दिया गया है, यहा तलवार मे प्रथमा विभक्ति होगी। संप्रदान को भी साधन बनाया जा सकता है। जैसे—श्रावक साधु के लिए भिक्षा देता है। यहा साधु के लिए सम्प्रदान है। इस वाक्य को साधन मे इस प्रकार बदल सकते हैं—श्रावक भिक्षा से साधु का सत्कार करता है। साधन केवल वस्तु ही नही बनती, मन, वचन और शरीर भी साधन बनते है। साधन मे तृतीया विभक्ति होती है।

तृतीया विभक्ति

१ सह, साअ, सम और सद्ध के योग मे तृतीया विभक्ति होती है।

२ पिह, बिना और नाना शब्दो के योग मे तृतीया या द्वितीया या पचमी विभक्ति होती है।

३ जिस विकृत अग के द्वारा अगी का विकार मालूम हो उस अग मे तृतीया विभक्ति होती है।

४. जो जिस विशेप लक्षण से जाना जाए उसके लक्षण मे तृतीया विभक्ति होती है।

५ आर्ष प्रयोगो मे सप्तमी के स्थान पर तृतीया विभक्ति होती है।

६. जिस कारण या प्रयोजन से कोई कार्य किया जाता है या होता है, उसमे तृतीया विभक्ति होती है।

प्रयोग वाक्य

पिइज्जो जल पिवइ। पिइज्जजाया पासणाह् जवइ। बप्पो सिद्ध मुमरइ। भाअरो किं जिघइ? ससा सइ मालाए महावीर जवइ। पिउ-सियाणेयो मत्तु जिणइ। चुल्लपिउजाया पिउमियाणिज्ज णियगेह णेइ। माउ-मियाणेयो सया मच्च ओग्गहइ। माउमिआणिज्जा माउल सेवइ। पिज्जपुत्तो पइदिणं पिआमहीए मह भुजइ। पिइज्जसुआए सरीर वड्ढइ। अग्गओ किं जुज्झइ? अणुओ कह सुमरइ? अणुओ खिप्प गच्छइ। भाओ अज्ज धण लहइ। घरिणी माहुज्ज उच्छइ।

तृतीया विभक्ति के प्रयोग वाक्य

१ अग्गएण सह अणुओ गच्छइ। पिउसिआणिज्जाए सम पिउमिआणेयं भुजइ। माउसिआणिज्जा भगिनीइ सद्ध जवइ। बहिणीए माअ अणुओ मुट्ठ मुट्ठ जुज्झइ।

२ जलेण पिहू कमल चिट्ठिउ न सक्कड । जलेण विणा जीवण नत्थि ।
३ स नेत्तेण काणो अत्थि । माउलो पाएण खजो अत्थि ।
४ रयहरणेण मुणी पडिभाइ । सो मुहेण गुरेस अणुहरइ ।
५ तेण कालेण तेण समएण ।
६ पुण्णेण गुरु दिट्ठो । घणवालो अज्झयणेण अत्थ वसइ ।

प्राकृत में अनुवाद करो

१ चाचा माला से जाप करता है। बहिन लडाई क्यो करती है ? फुफेरा भाई सदा सत्य बोलता है। मौसेराभाई नही डरता है। फुफेरी बहिन क्या चाहती है ? मौसेरी बहिन ने भाई की सेवा की। छोटा भाई क्या सूघता है ? वह मा से क्या चाहता है ? पिता पानी के साथ क्या पीता है ? छोटा भाई बहन के साथ क्यो लडता है ? बडा भाई छोटे भाई के साथ दौडता है। भाई बहन के साथ खाता है। बडी बहन का पति पार्श्वनाथ का जाप करता है। चचेरा भाई चाची को धन देता है।

तृतीया विभक्ति का प्रयोग करो

२ मोहन के विना उसका रहना सम्भव नही है। जल से पृथक् कमल नही रह सकता।

३ सीता पग से लगडी है। रमा आख से काणी है। मोहन कान से बहरा है।

४ मुह से धर्मचद श्रीचद के समान है। वह रजोहरण से मुनि मालूम होता है। जटा से तापस जाना जाता है।

५ परीक्षा के प्रयोजन से वह यहा रहता है। पुण्य से भगवान के दर्शन होते हैं।

प्रश्न

१. साधन किसे कहते है और उसमे कौनसी विभक्ति होती है ?
२ प्रस्तुत पाठ के अनुसार तृतीया विभक्ति कहा-कहा होती है ?
३ नीचे लिखे शब्दो के प्राकृत शब्द बताओ—
चाचा, चाची, मौसेराभाई, फुफेराभाई, भाई, बहन, छोटाभाई, बडाभाई, मौसेरीबहन, चचेराभाई, फुफेरीबहन।
४ नीचे लिखी धातुओ के अर्थ बताओ—
ओग्गह, जुज्झ, जिण, ओणम, जव, वड्ढ ।
५ एक वाक्य ऐसा बनाओ जिसमे इस पाठ मे आए हुए दो शब्द, एक धातु, एक अव्यय और विभक्ति के छह नियमो मे से एक नियम हो ।
६ मुणि और साहु शब्द के रूप लिखो ।
७ नीचे लिखे अर्थो मे कौन से अव्यय प्रयोग मे आते है ? आगे से, विना, आगे ।

शब्दसंग्रह (परिवार वर्ग ३)

पति—भत्ता, सामी, पई (पु)
देवर—दिअरो, देअरो, अण्णओ (दे)
देवरानी—अण्णी (दे.) अण्णिआ (दे)
ससुर—ससुरो
साला—सालो
बडासाला—अवलो (म)
सासरा—ससुरालयो
पत्नी—भज्जा, भारिया, दारा
साली—साली
दुलहिन—अणरहू (स्त्री दे०) णवा
सास—सस्सू, सासू, अत्ता (दे.)
बडीसाली—कुली
प्रेयसी—पीअसी, पेअसी

० ० ० ० ०

घूघट—अगुट्ठी, विरगी (दे) अवउठण, अवगुठण।

धातु संग्रह

णिवेअ—निवेदन करना
पणम—प्रणाम करना
आरोहण—ऊपर चढना
हो—होना
सिक्ख—शिक्षा देना
सकुच—संकोच करना

अव्यय संग्रह

अण्णोण्ण, अण्णमण (अन्योन्य) परस्पर, आपस में
अणतर (अन्तर) पश्चात्, इसके बाद
अन्तो (अन्तर) भीतर
अण्णहा (अन्यथा) नहीं तो

स्त्रीलिङ्ग आकारान्त माला शब्द के रूप याद करो (देखो परिशिष्ट १ संख्या २२)।

दानपात्र

कर्म के द्वारा अथवा क्रिया के द्वारा श्रद्धा, उपकार या कीर्ति की इच्छा से जिसको कोई वस्तु दी जाए अथवा जिसके लिए कोई कार्य किया जाए, उसे दानपात्र कहते हैं। दानपात्र में चतुर्थी विभक्ति होती है। श्रमण के लिए भिक्षा देता है—इस वाक्य में श्रमण को श्रद्धा से भिक्षा दी जाती है। गुरु को कार्य निवेदन करता है—यहा निवेदन श्रद्धा से किया जाता है, इस लिए गुरु की दानपात्र संज्ञा है। चोरों को वस्त्र देता है, राजा को कर देता

है—इन दो वाक्यों मे देने की क्रिया अवश्य है, पर श्रद्धा, उपकार या . .
की भावना मे नही है। पहले वाक्य से रुपयों के विनिमय से कार्य कराया
जाता है। दूसरे वाक्य मे व्यवस्था की दृष्टि से देता है। मन न होने पर भी
देना होता है। इसलिए ऊपर के दोनों वाक्यो की दानपात्र संज्ञा नही है।

चतुर्थी विभक्ति

१ रोय (रुच्) अर्थ वाली धातुओं के योग मे जिस व्यक्ति को जो पदार्थ रुचता हो, उस व्यक्ति मे चतुर्थी विभक्ति होती है।

२ कुज्झ (क्रुध्) दोह (द्रुह्), ईस (ईर्ष्) तथा असूअ (असूय) धातुओं के योग मे जिनके ऊपर क्रोधादि किया जाता हो उसमें चतुर्थी विभक्ति होती है।

३ सिह (स्पृह्) धातु के योग मे चतुर्थी विभक्ति विकल्प से होती है।

४ समत्थ (समर्थ) अर्थ वाले शब्द (अलं, खमो, पभू), नमो, सुत्थि, (स्वस्ति) सुहा, सुआहा आदि शब्दों के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है।

५ हिअ (हित) और सुह (सुख) शब्दों के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है।

६ जिस वस्तु से किसी वस्तु का निर्माण किया जाता हो उस निर्मित वस्तु मे चतुर्थी होती है, उपादान वस्तु का साथ में प्रयोग हो तो।

७ कर्ज लेना धातु के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है।

८ सलाह (श्लाघ) हुण, (ह्नु) चिट्ठ (स्था) सव (शप्) धातुओ के योग मे चतुर्थी विभक्ति होती है।

प्रयोग वाक्य

पई धम्म न करेइ। भज्जा पइणा सह पइदिण उज्जाणो परिभमइ। अवलो णियभगिणि किं कहइ ? कुली अज्ज गिहे नत्थि। अणरहू ससुरालय गच्छइ। देअरो महुवयण जपइ। अण्णिआ दिणे सइ भुजइ। अवलो ससुर पणमइ। मालो जामाउ सक्कारेइ। सासू अणरहुं किं पुच्छइ ? साली अण्णअ हसइ। णवा ससुरालये अपरिचिआ होइ। पीअसी पइणा सम भमइ। तणयो जणअस्स सव्वं निवेअइ। मुणी सयारस्स गिरिं आरोहइ।

चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग

१ मज्झ मोअगा रोअन्ते। तुज्झवियारो मम रोयइ।

२ रमेसो रामाय कुज्झइ, दोहइ, ईसइ, असूअइ वा।

३ विमला पुप्फाण पुप्फाणि वा सिहइ। लोभी धणस्स धणं वा सिहइ।

४ दारा सासूए कहण सहणस्स पभू। अह जंपणाय समत्थो मि। मल्लो मल्लस्स अल।

५ बालअस्स हिअ सुह वा लहुभोयण ।
६ सो कुंडलाय हिरण्ण णेइ । रामो घटाय मत्तिआ इच्छइ ।
७ नमोत्थु ण अरहताण भगवताण । भत्ताण सुत्थि । पिअराण सुहा ।
८ विमलो मोहणाय सय धरइ ।
६ विणयाय सलाहइ, विणयाय हुणइ, विमलाय चिट्ठइ, सुरेसाय सवइ ।

प्राकृत में अनुवाद करो

पति घर मे नही है । पत्नी अपने देवर को भिक्षा देती है । देवरानी सासू की सेवा करती है । माली साले को प्रतिदिन प्रणाम करती है । ससुर सास से क्या कहता है ? साला ससुर को नमस्कार करता है । पत्नी प्रेयसी से गुस्सा करती है । सासरे मे दुलहन सकोच करती है । पत्नी पति के साथ कहा जाती है ? बडासाला अपनी बहन को शिक्षा देता है । बडीसाली सास को प्रतिदिन प्रणाम करती है ।

विभक्ति का प्रयोग करो

१ तुम्हे दूध प्रिय है । राम को ठण्डा पानी प्रिय है ।
२ सुशीला लता से ईर्ष्या करती है । सुलोचना रमा से क्रोध करती है । राम मोहन से द्रोह करता है । ललिता से पद्मावती असूया करती है ।
३ राजेन्द्र फूलो को चाहता है । सीता गर्म दूध चाहती है ।
४ मैं धन देने मे समर्थ हू । गुरु को नमस्कार है । प्रजा (पआ) का कल्याण हो (सुत्थि) । पितरो को समर्पित है (सुहा) ।
५ ग्राम के लिए स्कूल हितकर है । दूध तुम्हारे लिए सुखकर है ।
६ मकान के लिए यह काष्ठ है । सोना कुडल के लिए है ।
७ श्याम रामू से सौ रुपये कर्ज लेता है ।
८ अग्रगामी अनुगामी की श्लाघा करता है ।

प्रश्न

१ दानपात्र किसे कहते है ? उसमे कौनसी विभक्ति होती है ?
२ देना और दानपात्र का भेद बताओ ।
३ चतुर्थी विभक्ति कहां-कहा होती है ? इस पाठ के अनुसार एक-एक उदाहरण दो ।
४ नीचे लिखे शब्दो के प्राकृत शब्द बताओ—
सासू, दुलहिन, पत्नी, प्रेयसी, साली, सासरा, देवरानी, जवाइ (दामाद), देवर, बडी साली और बडा साला ।
५ नीचे लिखी धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो ।
रूस, पणाम, भिक्ख, णिवेअ, सकुच ।
६ हुन धातु के कर्तृवाच्य के सारे रूप लिखो ।
७. अण्णमण्ण, अणतर, अतो—इन अव्ययो के अर्थ बताओ ।

११ अपादान

शब्द संग्रह (परिवार वर्ग ४)

दोहिता—पडिपोत्तयो
बेटा—पुत्तो, तणयो, सुनू
भानजा—भाइणेज्जो, भाइणेयो
भतीजा—भाइसुओ
पोता—नत्तुणियो, पोत्तो
प्रपोता—पपोत्तो, पडिपुत्तो

बेटी—पुत्ती, तणया, दुहिआ, धूया
भानजी—भाइणेज्जा, भाइणेया
भतीजी—भाइसुआ
पोती—नत्तुणिया
प्रपोती—पपोत्ती
अविवाहित—अकडतलिम (दे०)

० ० ० ० ०

सखी, सहेली—अत्थयारिआ (दे०)
घर—घरो (दे०)
पत्थर—पाहणो, पत्थरो

मालिक—सामी
पाप—पाव
आधाकर्मदोष से युक्त—आहाकड (वि)

धातु संग्रह

अस—होना
पवह—निकलना
पराजय—हारना
पमाय—प्रमाद करना

आगच्छ—आना
अहिजाअ—उत्पन्न होना
दुगुच्छ—घृणा करना
विरम—विराम लेना

अव्यय संग्रह

पगे (प्रगे)—प्रातःकाल
य, अ, च—और
अपरज्जु (अपराद्य)—दूसरे दिन

अहुणा—(अधुना) अभी
अत्थ—(अत्र) यहां
अहा (यथा)—जिस प्रकार

हो धातु के कर्तृवाच्य के सब रूप याद करो : (देखो परिशिष्ट २ संख्या २) आकारान्त, इकरान्त आदि सभी स्वरान्त धातुओं के रूप हो धातु की तरह चलते हैं।

अपादान

अपाय का अर्थ है—विश्लेष यानी अलग होना। एक का दूसरे से अलग होना अपाय कहलाता है। वह दो प्रकार का होता है (१) शरीर से और (२) बुद्धि से। सुरेश घोडे से गिरता है। पहले सुरेश घोडे के साथ चिपका हुआ था, गिरने से वह घोडे से अलग हो गया। अलग होने की जो अवधि है उसमे पंचमी विभक्ति होती है। बुद्धिपूर्वक विभाग मे शरीर से अलग होने की

कोई आवश्यकता नहीं होती, केवल बुद्धि में ही अलगाव होता है। जैसे—राम शत्रुओं से डरता है। मोहन धर्म से प्रमाद करता है। इन दो वाक्यों में शत्रुओं और धर्म से विभाग होता है, उसमें पंचमी विभक्ति होती है। पूर्व के पाठों में कारकों के चिह्न बतलाए गए हैं, उनमें साधन और अपादान का एक ही चिह्न है—से। फिर भी दोनों का अन्तर स्पष्ट ज्ञात होता है।

पंचमी विभक्ति

१. जुगुप्सा, विराम और पमाय तथा इनके समानार्थक शब्दों के योग में पंचमी विभक्ति होती है।

२. जिससे डरना हो उसमें पंचमी विभक्ति होती है।

३. परा पूर्वक जय (जि) धातु के योग में जिससे हारना है उसकी अपादान संज्ञा होती है और उसमें पंचमी विभक्ति होती है।

४ जिससे उत्पन्न होना है या निकलना है उसमें पंचमी विभक्ति होती है।

प्रयोग वाक्य

पुत्तो पिउं पणमइ परे। भाइणेज्जो दुद्धं पिवइ। नत्तुणिया घरे खेलइ। माउलो भाइणेयेण सह किं चिंतइ? वप्पो गिहस्स सामी अत्थि। अज्जओ अहुणा समारे नत्थि। पज्जओ पुअणीओ अत्थि सव्वाणं गिहवासिणं। पई णिसाए न भुंजइ। नत्तुणियो विसेसो सुसीलो य अत्थि। भाइणेज्जा लेहं लिहइ। पपोत्ती गिहांगणे खेलइ। धूया अहुणा अकंडतलिमा अत्थि। भाइणेया अत्थयाणिआए समीवत्तो पोत्थयं नेति। रामो पिउणो वणं गेण्हइ। सो कुसुमत्तो वण्णं मग्गइ। तुमं गिरिणो पडिस्था। सो पव्वयत्तो पाहुणा नेति।

विभक्ति का प्रयोग

१. सो सज्झायत्तो पमायइ। सोहणो भासणत्तो विरमइ। साहू पावत्तो दुगुञ्छइ।

२ कमला कलहत्तो बीहइ। गुणसिरी सप्पाओ बीहइ। सिंहे सप्पाओ भयं णत्थि।

३. सोअणाहो अज्झयणत्तो पराजयइ।

४ कामत्तो कोहो अहिजायइ। संकप्पत्तो कामो अहिजायइ। हिमवत्तो गंगा पवहइ।

अव्यय का प्रयोग

अह परं आयरियं पणमामि। अहुणा अन्न को वि साहू नत्थि। सो अपरज्जु न आगमिहिइ। आहारत्ता भिक्खं साहू न गेण्हइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

भतीजा दादा के साथ घूमता है। भानजा लडाई नही करता है। पोता दादा के साथ खाना खाता है। भानजी मौसी के साथ यहा कब आई है? पोती पाप से डरती है। प्रपोता सुदर है। बेटा बाप को प्रणाम करता है। बेटी ससुराल जाती है। भतीजी अभी तक अविवाहित है। भानजी सहेली के साथ खेलती है। बेटी दादी की सेवा करती है। नानी पाप नही करती है।

विभक्ति का प्रयोग करो

१ हम मनुष्य से दुगुञ्छा करते है। वे लिखने से विराम लेते है। लालचन्द धर्म करने मे प्रमाद करता है।

२ वह गाय से भी डरता है।

३ श्याम श्रम से हारता है। धर्मचन्द अध्ययन से हारता है।

४ परिग्रह से भय उत्पन्न होता है। भय से हिंसा उत्पन्न होती है। क्रोध से मोह उत्पन्न होता है।

अव्यय का प्रयोग करो

प्रात काल मैं जाप करता हू। अभी यहा कोइ भी आदमी नही है। मै दूसरे दिन यहा आऊगा। जिस प्रकार सुख हो, वैसा करो।

प्रश्न

१ अपादान किसे कहते है? उसमे कौन-सी विभक्ति होती है?

२ अपादान कितने प्रकार का है? उदाहरण से स्पष्ट करो।

३ नीचे लिखे शब्दो के प्राकृत शब्द बताओ—
भानजा, भानजी, भतीजा, पोता, प्रपोती, बेटी, प्रपोता, पोती, भतीजी, बेटा।

४ नीचे लिखे धातुओ का प्रयोग करो—
पवह, अहिजाअ, दुगुञ्छ, पमाय, विरम

५ पचमी विभक्ति किस-किस के योग मे होती है?

६ माला शब्द के रूप लिखो।

७ नीचे लिखे अर्थों मे कौन-सा अव्यय प्रयोग मे जाता है?
दूसरे दिन, प्रात.काल, अभी, जिस प्रकार

शब्द संग्रह (परिवार वर्ग ५)

साढू—सालीधवो (म) बूआ—पिउस्सिआ, पिउच्छा पिउच्छा
जमाई—जामाया मौसी—माउसिआ, ताउसी, माउसिया (दे०)
मौसा माउसिआपई भौजाई—भाउजाया, भाउज्जा, भाउज्जाइया
पौत्र की पत्नी—नत्तुइणी ननद—णणंदा
पत्नी—पत्नी सिरीमई, घरिणी पुत्रवधू—णोहा, पुत्तवहू, सुण्हा
दहेज—अण्णाण (दे०) समर्पण—समप्पणं
नाम—अभिहाण वार्ता—वत्ता

धातु संग्रह

सिव्व—सीना याच—मांगना
वर—सगाई करना विवह—विवाह करना
चुंब—चुम्बन लेना अल्लव—बोलना

अव्यय संग्रह

संपइ (सम्प्रति) इसी समय किर, किल (किल) निश्चय, संशय
पइ—प्रति, ईसि (ईषत्) थोड़ा
अवरि, अवरिं, उवरि (उपरि) ऊपर एगहा (एकधा) एक प्रकार

स्त्रीलिङ्ग इकारान्त मइ, ईकारान्त वाणी, उकारान्त धेणु और ऊकारान्त वधू शब्दों को याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या २३,२४,२५,२६। इनके रूप मइ शब्द की तरह ही चलते हैं।

संबंध

सम्बन्ध अनेक प्रकार का होता है—
(क) स्वस्वामि संबंध—घोड़े का मालिक
(ख) जन्यजनक संबंध—त्रिशला का पुत्र
(ग) अवयव-अवयवी संबंध—पशु का पैर
(घ) आधार-आधेय संबंध—वृक्ष की शाखा
(ङ) प्रकृतिविकारभाव संबंध—दूध का विकार दही
(च) समूहसमूहिभाव संबंध—गायों का समूह
(छ) समीपसमीपिभाव संबंध—घड़े का स्वामी

(ज) पाल्य-पालक भाव सबध—पृथ्वी का स्वामी
सबध मे षष्ठी विभक्ति होती है।

षष्ठी विभक्ति

१ तुल्य अर्थ वाले शब्दो (तुल्य, सम, सन्निभ) के योग मे तृतीया और षष्ठी विभक्ति होती है।

२ कृत्य प्रत्यय (तव्य, अनीय, य, क्यप् और घ्यण्) के योग मे कर्ता मे षष्ठी और तृतीया विभक्ति होती है।

३ विभाग किए बिना निर्धारण करने के अर्थ मे षष्ठी विभक्ति होती है।

४ स्मृति अर्थ की धातु के योग मे षष्ठी विभक्ति विकल्प से होती है।

प्रयोग वाक्य

सालीधवो अज्ज अत्थ आगमिस्सइ। माउसिआ वत्थ सिव्वइ। पिउस्सिआए ससुरालयो सग्गो (स्वर्ग) विज्जइ। घरणी घरम्मि किं करेइ ? माउस्सिआपई अण्णाणस्स चिंताए किसो जाओ। भाउजाया नणदाए वत्त करेइ। सुण्हा केण सह भुजइ ? सिरीमईइ पइ पइ कह समप्पण न विज्जइ ? णोहा नत्तुइणीए सह सव्वेसिं परिचओ कारवेइ। पिउच्चा पुत्त चुवइ। अणिआ नत्तुणिय वरइ। पिउसिआणेयो रमेस विवहइ। साहू सव्वाइ वत्थूइ याचइ। सालीधवो मणिय अल्लवइ।

अव्यय प्रयोग

सपइ अह पाठसाल गच्छामि। पारसो तत्थ किल गमिहिइ। पोत्थए ईसिं भारो अत्थि। रुक्खस्स अवरि किं अत्थि ?

विभक्ति का प्रयोग

(क) रण्णो पहाणो णिउणो अत्थि।
(ख) दीवाए पुत्तो महापुरिसो आसि।
(ग) आयरिअतुलसीए नयणाइ दीहाइ सति।
(घ) कलवस्स साहा केरिसी होइ ?
(ङ) नवणीओ दहिणो विआरो हुवइ।
(च) आसाण समूहो अज्ज अत्थ आगमिस्सइ।
(छ) अस्स घडस्स सामी को अत्थि ?
(ज) रायगिहस्स राइणो किं अभिहाण आसि ?
१ जिणस्स तुल्लो कालुरामायरिओ आसि।
२. तस्स किं कअ ? मह किमवि ण कहिअ।
३ मणुआण खत्तिओ सूरो। धेणूण कसिणा बहुखीरा।
४ सो माआए सुमरइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

साढू का नाम क्या है ? बुआ भतीजी से बात करती है। मौसी अभी तक अविवाहित है। भौजाई ननद के दहेज मे डरती है। मौसा आज हमारे यहा आएंगे। पुत्रवधू बहुत सुशील है। पत्नी क्रोध बहुत करती है। पोते की पत्नी मे समर्पण की भावना कम है। जमाई धन मागता है। सासू दामाद से बात करती है। माता पुत्री की सगाई करती है। पिता पुत्र का विवाह करता है। सीता अपने पुत्र का चुबन लेती है। वह कुछ नही मागता है।

विभक्ति का प्रयोग करो

(क) गाय का मालिक धनराज है।
(ख) सुशीला का लडका नही पढता है।
(ग) गाय की आख मे पीडा है।
(घ) वृक्ष के फूल सुदर है।
(ङ) तू बहुत थोडा खाता है।
(च) इसी समय वहा आओ। निश्चय ही वह तुम्हारे साथ जाएगा। धर्म के प्रति आस्था रखो। भैस के दूध का दही अच्छा होता है।
(छ) गायो का समूह रात मे यहा बैठता है।
(ज) चदेरी का राजा कौन था ?

१ गौतमस्वामी महावीर के समान हो गए।

२ उसने क्या पढा ? राज ने भाषण मे क्या कहा ? कुलदीप ने बहुत अच्छा लिखा है।

३ पढने वालो मे विभा प्रवीण है। अध्यापको मे रामविलास प्रवीण है।

४ वह पिता का स्मरण करता है।

प्रश्न

१ सम्बन्ध कितने प्रकार का होता है ? उसमे कौन-सी विभक्ति होती है ?

२ षष्ठी विभक्ति कहा-कहा होती है ?

३ नीचे लिखे शब्दो के प्राकृत शब्द बताओ—
साढू, भौजाई, मौसी, बुआ, पुत्रवधू, ननद, पौत्र की पत्नी, दहेज, पत्नी।

४ इन धातुओ के अर्थ बताते हुए वाक्य मे प्रयोग करो—
सिव्व, याच, चुब, अल्लव, विवाह।

५. हो धातु के कर्तृवाच्य के सब रूप लिखो।

६ नीचे लिखे अर्थो मे कौन से अव्यय प्रयोग मे आते है ?
थोडा, इस समय, प्रति, निश्चय।

शब्द संग्रह (गोरस वर्ग)

दूध —खीर, पयो, दुद्ध, अलिआर (दे०) दही—दहि (न)
घी—घय, सप्पि, अज्ज नवनीत—णवणीय, दहिउप्फ (दे०)
खीर—पायसो मट्ठा—घोलं (दे०)
मावा, खोआ—किलाडो, कूचिआ छाछ—तक्क
दही की मलाई—दहित्थारो (दे०) दूध की मलाई—करघायलो (दे०)
कढी—कढिआ (दे०) तीमण खट्टीराव—अवेली (दे०)
रायता—दाहिअ (स) श्रीखंड—छिहडओ (दे०)

० ० ० ० ०

सभव—सहव आजकल—अज्जत्ता

धातु संग्रह

पज्जल—जलाना णिवस—निवास करना, रहना
उवदंस—दिखाना, पास जाकर बताना कील—क्रीडा करना, खेलना
खास—खासना अहिलस—इच्छा करना

अव्यय संग्रह

एत्थ (अत्र) यहाँ कओ (कुत) कहाँ से
अहवा, अहव (अथवा) या, अथवा असइ (असकृत्) अनेक बार
कहिआ कहिं,कहि (क्व, कुत्र) कहा, किस स्थान मे। अहे (अधस्) नीचे

नपुंसक लिंग अकारान्त वण शब्द को याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ३०।

आधार—जिसमे क्रिया हो रही है उसे आधार कहते है। वह छह प्रकार का है—

(१) औपश्लेपिक—जिस आधार से सलग्न पदार्थ का बोध हो उस आधार को औपश्लेषिक कहते हैं। जैसे—वह चटाइ पर सोता है। धर्मेन्द्र वृक्ष पर बैठता है।
सोने वाला चटाई से और बैठने वाला वृक्ष से सलग्न है।

(२) सामीप्यक—जिससे समीपता का बोध हो, उसे सामीप्य आधार कहते है। जैसे—गायें बरगद के नीचे खडी है। अशोक वृक्ष के नीचे सीता बैठी है।

(३) अभिव्यापक—व्याप्य का बोध कराने वाले शब्द को अभिव्याप्य

आधार कहते हैं। जैसे—दूध मे घी है। तिलो मे तेल है।

(४) वैषयिक—जिससे विषय (निवास करने के क्षेत्र) का बोध हो उसे वैषयिक आधार कहते है। अरण्य मे सिंह गर्जता है। तपोवन मे तपस्वी तप करता है।

(५) नैमित्तिक—जिस शब्द से होने वाले कार्य के निमित्त की सूचना मिलती है उसे नैमित्तिक आधार कहते है। जैसे—वह युद्ध के लिए तैयार होता है।

(६) औपचारिक—उपचार यानि संकेत को मानकर जो कहा जाता है उसे औपचारिक आधार कहते है। जैसे—वृक्ष पर बिजली चमक रही है। अंगुली की नोक पर चन्द्रमा है।

आधार मे सप्तमी विभक्ति होती है।

(क) एक प्रसिद्ध क्रिया से दूसरी अप्रसिद्ध क्रिया का काल जाना जाए तो पहली क्रिया मे सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—सूर्यास्त के समय वह घर आया।

(ख) अनादर भाव से किसी की उपेक्षा कर क्रिया करने पर अनादर भाव वाले मे सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—रोती हुई माता को छोड पुत्र दीक्षित हो गया।

(ग) सामी, ईसर, अहिवइ, दायाद, सक्खी, पडिहू और पसूअ—इन शब्दो के योग मे षष्ठी और सप्तमी विभक्ति विकल्प से होती है।

(घ) निर्धारण—समुदाय मे से एक की किसी विशेषण के द्वारा विशिष्टता दिखाई जाए तो समुदायवाची शब्द मे सप्तमी विभक्ति विकल्प से होती है।

प्रयोग वाक्य

जो संसारे आसत्तोऽत्थि सो मूढो। संसारम्मि रागा दोसा य अणादिकालाओ संति। मेहा सव्वत्थ परिओ वरिसंति। रामस्स गिहं आवणे (बाजार मे) अत्थि। ते गिरिम्मि कन्थ णिवसंति। सरस्सईए गिहे अग्गी पज्जलइ। वाउम्मि गमणं सहवं नत्थि। छिहंटओ सुमेरुस्स गेअइ। अहं पइदिणं दुद्धं पिबामि। रिसहो धयं वा अज्ज वा न अहिलसइ। नवणीयं अन्नि-आरेण जाअइ। तक्कं भोयणेण सद्धिं हिमकरं हवइ। मज्झण्हस्स पच्छा दहिं न भोत्तव्वं किं अ कफकारअं होइ। घोलं सीअलं भवइ। जो दहिं खाअइ सो खासइ। मज्झ कंधारअसो गेयइ। मए अज्ज दहियारो भुत्तो। अहं मज्झ भोयणे कढिअं भुंजामि। मेवाडदेसे जणा अवेल्लिं खाअंति। सुद्धो मणरिक्को दुल्लहो अत्थि। सिलाडा सिरिट्ठो भवइ। दाडिमं दरकरं भवइ।

सप्तमी विभक्ति

१ पक्खिणो रुक्खे चिट्ठति ।
२ असोगरुक्खम्मि मीया उवविसइ ।
३. तिलेसु तेल्ल विज्जइ ।
४ ममेअसिहरे तवस्सिणो तवति ।
५ जुज्झाय सज्जेति ।
६ अंगुलीए अग्गे चदिमा दिस्सइ ।

(क) अत्थगयम्मि सो गिह आगओ ।

(ख) रोअन्तीए माउए चइत्ता पुत्तो दीक्खिओ जाओ ।

(ग) गवाण गोसु वा सामी, आसाण आसेसु वा इसरो अहिवई वा गआण गउएसु वा पसूओ ।

(घ) गवाण गवासु वा कण्हिणा बहुक्खीरा । साहूण साहूसु वा हेमरायो पडू । कईसु वा बलभद्दो सेट्ठो ।

प्राकृत में अनुवाद करो

गाय का दूध मीठा होता है। कल्याणश्री प्रतिदिन दही खाती है। घी सब लोगो को सुलभ नही है। छाछ स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है। आजकल शुद्ध नवनीत का दर्शन दुर्लभ है । हर घर मे खोआ नही मिलता है। मैने दूध की मलाई बहुत खाई है। दही की मलाई रोटी के समान मोटी है। कढी कौन नही खाता ? गरम खट्टी राब मुझे बहुत प्रिय है। गोरस हमारे घर मे नही है। रमेश के लिए प्रतिदिन राइता खाना सभव नही है। माता अग्नि जलाती है। जयती पालनपुर मे निवास करता है। आज श्रीखड खाने की किसकी इच्छा है ? बच्चा अपना प्रमाणपत्र पिता को दिखाता है। लडके घर मे ही खेलते है। हमारे घर के नीचे तुम रहते हो। तुमने पुस्तक कहा रखी है ? दिन मे अनेक बार वहा जाना अच्छा नही है। राम अथवा गोपाल उसके पास जाए। जीव कहा से आया है ? यहां पर वह कितने दिन ठहरेगा ?

विभक्ति का प्रयोग करो

१ वह प्रतिदिन जमीन पर सोता है ।
२. अशोकवृक्ष के नीचे बालक पढते हैं ।
३. मिट्टी मे सोना है। अरणिलकडी मे आग है ।
४ जैनविश्वभारती मे पारमार्थिक शिक्षण सस्था है ।
५. गुरु दर्शन के लिए वह तैयार होकर जाता है ।
६ उस पर्वत पर चद्रमा है। अगुली के सामने राम का घर है ।

(क) गोधूलि के समय वह यहा से गया था ।

व्याख्यान के समय टमकोर का संघ गुरुदर्शन के लिए आया था ।

(ख) बच्चे को रोते हुए छोडकर माता साधु को भिक्षा देने लगी ।

(ग) इस पुस्तक का मालिक कौन है ? जोधपुर का अंतिम अधिपति कौन था ?

(घ) संस्कृत मे कालिदास श्रेष्ठ विद्वान् हुआ है । सुषमा अपनी कक्षा मे सबसे अधिक सुशील है । प्रभा अपनी कक्षा मे याद करने मे सबसे आगे है ।

प्रश्न

१. मइ और वधू शब्द के सारे रूप लिखो ।
२ आधार कितने प्रकार का होता है ? एक-एक उदाहरण देकर स्पष्ट करो ।
३. आधार मे कौनसी विभक्ति होती है ?
४ नीचे लिखे शब्दो के योग मे कौनसी विभक्त होती है ?
   दायाद, पसूअ, अहिवइ ।
५ विभक्ति घ का दो उदाहरण प्राकृत मे दो ।
६ नीचे लिखे शब्दों के प्राकृत शब्द बताओ—
   दूध की मलाई, छाछ, राइता, मभव, मावा, आजकल, खट्टीराब, दही की मलाई, खीर, नवनीत, कढी, दही
७ नीचे लिखी धातुओ के अर्थ बताओ—
   उवदस, णिवम, पज्जल, कील, खास, अहिलस ।
८ किन्ही दो अव्ययो का वाक्य मे प्रयोग करो ।

शब्द संग्रह (देश्य)

दवरिया—छोटी रस्सी
दाढिया—दाढी
दारद्धंता—पेटी, सदूक
दालिअ—नेत्र
दसु (पु)—शोक, दिलगिरी
दिअलिओ—मूर्ख
दिअहुत्त—दुपहरका भोजन
पडिच्छदो—मुख
पडिखद्धो (वि)—मारा हुआ
पडिभेयो—उपालंभ, निंदा
पडलग—टोकरी
पडाली—घर के ऊपर की कच्ची छत, चटाई आदि से छाया हुआ स्थान

धातु संग्रह (देश्य)

अगोहल—स्नान करना
अच्छुर—बिछाना
अल्ल—चिल्लाना
अल्लव—समर्पण करना
अक्कोस—आक्रोश करना
अप्फोड—ताली बजाना

नपुंसक लिंग के इकारान्त दहि और उकारान्त मधु शब्द को याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ३१,३२

देश्य

प्राकृत भाषा मे शब्द दो प्रकार के होते हैं—सस्कृतसम और देश्य। जो शब्द सस्कृत के शब्दो से पूर्ण अथवा कुछ समानता रखते हैं उन्हे सस्कृतसम कहते हैं। जो शब्द अति प्राचीन होने के कारण व्युत्पत्ति की दृष्टि से सस्कृत भाषा और प्राकृत भाषा से सिद्ध नही होते, उन्हे देश्य शब्द कहते हैं। प्राकृत भाषा मे जो धातुओ के आदेश हैं वे देश्य नही है।

वेद आदि प्राचीन शास्त्रो मे तथा संस्कृत भाषा के साहित्य में और कोषो मे देश्य शब्दो का प्रयोग बहुलता से प्राप्त होता हैं। देश्य शब्दो मे द्राविड भाषा के भी शब्द है। हिन्दी, गुजराती और राजस्थानी भाषा से मिलते-जुलते अनेक शब्द मिलते हैं। देश्य शब्दो की तरह देश्य धातुएं (क्रिया-पद) भी होती हैं।

नियम ३ (गौणादयः २।१७४)—गौण आदि शब्द निपात हैं। प्रकृति (मूलशब्द) प्रत्यय, लोप, आगम, वर्णविकार आदि जिनमे नही होते उन्हे निपात कहते हैं। गोणो (गौ) बैल। गावी (गाव) गैया। बइल्लो (बलिवर्द) बैल।

आऊ (आप) पानी। पञ्चावण्णा (पञ्चपञ्चाशत्) पचपन। तेवण्णा (त्रिचत्वारिंशत्) तयालीस। विउसग्गो (व्युत्सर्ग) परित्याग। वोसिरण (व्युत्सर्जनम्) परित्याग। बहिद्धा (बहिर्मैथुन वा) बाहर और मैथुन। णामुक्कसिअ (कार्यम्) कार्य। कत्थइ (क्वचित्) कहीं। वम्हलो (अपस्मार) केसर। कंदुट्ट (उत्पलम्) नीलकमल। छिछि, छिद्धि (धिक्धिक्) अनेक-धिक्कार। धिरत्थु (धिगस्तु) धिक्कार हो। पडिसिद्धी, (प्रतिस्पर्धा) प्रतिस्पर्धा। चच्चिक्क (स्थासक) चंदन आदि सुगन्धित वस्तु को शरीर पर मसलना। ऐसे अनेक शब्द हैं।

संस्कृतसम शब्द

प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत
संसार	संसार	दावानल	दावानल
नीर	नीर	काम	काम
जल	जल	दाह	दाह
मोह	मोह	नाग	नाग
गाढ	गाढ	धूलि	धूलि

संस्कृत के कुछ समान शब्द

प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत
सुवण्ण	सुवर्ण	तडाय	तडाग
कणग	कनक	रंभा	रम्भा
घड	घट	सण्ढ	षण्ढ
झज्झर	झर्झर	पडिमा	प्रतिमा
नयर	नगर	बंधव	बान्धव
महुर	मधुर	धम्म	धर्म
नाह	नाथ	रुक्ख	रूक्ष

संस्कृत के समान क्रिया पद

संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
भवति	भवति	मरते	मरते
धाति	धाति	हन्ति	हनति

संस्कृत के कुछ समान क्रियापद

प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत
जुज्झते	युध्यते	नच्चति	नृत्यति
पुच्छति	पृच्छति	कुणति	कृणोति
वन्दित्ता	वन्दित्वा		

राजस्थानी भाषा के समान प्राकृत शब्द

प्राकृत	राजस्थानी	प्राकृत	राजस्थानी
घर	घर	गोर	गोर
खड्डा	खड्डा	गडबड	गडबड-गोलमाल
गुड	गुड	काहार	कहार
कटार	कटार	पत्थर	पत्थर
वेरूण	वेरूण	कलस	कलस
घडो	घडो	सिंघ	सिंघ
बोर	बोर	उच्छह	उच्छाह

प्रयोग वाक्य

दसू न कायव्वो। सीयलणाहस्स दाढियाए लोमाइ न संति। तुमे दवरियाए किं कज्ज कीरइ। कस्स दालिअम्मि पीडा विज्जइ ? तुज्झ गामे को दिअलिओ अत्थि ? तस्स पडिच्छदम्मि दुगधं आआइ। थेरेण तस्स पडिभेयो कओ। राओ पटालीइ अम्हे सयामो। दारद्धताए मम वत्थाइ संति। तुमे अज्ज दिअहुत्तं महगिहे कायव्व। पडलगम्मि केवलाइ फलाइ संति। तेण पडिखद्धो अय पुरिसो अत्थि। सो संथारय अच्छुरइ। कुसुमो जलेण अगोहलइ। बालो मुहा अल्लइ। तुम कह न अक्कोससि ? माहुणो आयरियं अल्लवइ। जणा महाए अप्फोडति।

प्राकृत में अनुवाद करो

तुम छोटी रस्सी से क्या बाधते हो ? स्त्री के भी दाढी मे लोम है। सदूक मे किसके वस्त्र है ? आचार्य तुलसी के नेत्र आकर्षक है। तुम शोक क्यो करते हो ? हमारे गाव मे कोई मूर्ख नही है। दोपहर का भोजन आज मैं नही करू गा। मुख से मीठे वचन बोलो। टोकरी मे पत्ते कितने रखे है ? घर के ऊपर चटाई से छायी हुई छत पर मत सोओ। यह पशु सिंह सा मारा हुआ है। गुरु शिष्य को उपालभ देते है।

प्रश्न

१ प्राकृत मे शब्द कितने प्रकार के होते है ? २ देश्य शब्द किसे कहते है ?

३. वण शब्द के रूप लिखो।

४ नीचे लिखे शब्दो के अर्थ बताओ —
दवरिआ, दारद्धता, दिअहुत्तं, पडिखद्धो, [illegible], [illegible], [illegible], पटाली।

५ इन धातुओ के अर्थ क्या है—अगोहल, अच्छुर, अक्कोस, अल्लव।

६. पाच शब्द ऐसे बताओ जो प्राकृत और हिन्दी मे समान रूप है।

७. सात शब्द ऐसे बताओ जो प्राकृत और राजस्थानी भाषा मे समानार्थक हो।

१५ स्वर संधि

शब्द संग्रह (रसोई मसाला)

मसाला—वेसवारो
जीरा—जीरयो
हल्दी—हलिद्दा, हलद्दी
धनिया—धाणा
तेजपता—तेजपत्त
हींग—हिंगू
लवण—लोण
मीर्च—मिरिअं
राई—राइगा

धातु संग्रह

चुण्ण—चूर्ण करना
ताव—तपाना
किण—खरीदना
पन्नव—प्रज्ञापित करना, बताना
लूह—पोछना
झाम—जलाना, दग्ध करना
आढा—आदर करना, मानना
धर—पकडना

अव्यय संग्रह

आहच्च (दे)—कदाचित्, शीघ्र
उच्चअ (उच्चैः)—ऊचे
कालओ (कालत.)—समय से
इह (इह)—यही
एवमेव (एवमेव)—इस तरह
काहे (कदा)—कब

पुल्लिग ज (यत्) त (तत्) क किं शब्द याद करो।

देखो—परिशिष्ट १ संख्या ४४ क, ४५ क, ४६ क

स्वर संधि

सधि का अर्थ है परस्पर मिल जाना। प्राकृत मे जो सधि की व्यवस्था है वह विकल्प से होती है। निम्नलिखित सधि के लिए प्राकृत मे कोई सूत्र नही है। सस्कृत व्याकरण के आधार पर सधि की जाती है। प्राकृत मे प्रयोग आता है इसलिए दी जा रही है।

प्रथम पद के अतिम स्वर और आगे के पद के आदि स्वर के मिलने से जो सधि होती है उसे स्वर सधि कहते है। प्राकृत भाषा मे वर्ण का लोप होने के बाद शेप स्वर रहने से एक शब्द मे अनेक स्वर हो जाते हैं। उनमे सधि करने मे अर्थ-भ्रम होना सभव है, इसलिए एक पद मे सधि नही होती। जैसे—

पई (पति), नई (नदी), वच्छाओ (वत्सात्), महइ (महति)। कही-कही एक पद मे भी सधि विकल्प से होती है। जैसे—काहिइ, काही

(करिष्यति), बिइओ, बीओ (द्वितीयः) थइरो, थेरो (स्थविरः), कुम्भ+आरो=कुम्भारो कुम्भआरो (कुम्भकार), चक्क+आओ=चक्काओ, चक्कआओ (चक्रवाक)।

नियम ४ (पदयोः संधिर्वा १।५)—संस्कृत मे दो पदो की जो संधि होती है वह प्राकृत मे विकल्प से होती है। विसम+आयवो=विसमायवो, बिसम-आयवो। दहीसरो, दहि-ईसरो।

सवर्ण स्वर

(पिशल प्राकृत व्याकरण पैरा १४८ के अनुसार)

१ अवर्ण+अवर्ण=आ

(अ+अ=आ, अ+आ=आ, आ+अ=आ, आ+आ=आ)

देवाधिपा—देव+अहिवा=देवाहिवा

जीवाजीव—जीव+अजीवो=जीवाजीवो

विषमातप—विपम+आयवो=विसमायवो

यमुनाधिपति·—जउणा+अहिवई=जउणाहिवई

गगातप.—गगा+आयवो=गगायवो

२. इवर्ण+इवर्ण=ई

(इ+इ=ई, इ+ई=ई, ई+इ=ई, ई+ई=ई)

मुनीतर.—मुणि+इअरो=मुणीअरो

दहीश्वर—दहि+ईसरो=दहीसरो

पृथ्वी ऋषि—पुहवी+इसी=पुहवीसी

रजनीश.—रयणी+ईसो=रयणीसो

३. उवर्ण+उवर्ण=ऊ

(उ+उ=ऊ, उ+ऊ=ऊ, ऊ+उ=ऊ, ऊ+ऊ=ऊ)

स्वादूदकम्—साउ+उअय=साऊअय

भानूपाध्याय—भाणु+उवज्झायो=भाणूवज्झायो

वधूदकम्—बहू+उअय=बहूअय

वहूच्छ्वास·—वहू+ऊसासो=वहूसासो

असवर्ण स्वर

(पिशल प्राकृत व्याकरण पैरा १४६)

अवर्ण+इवर्ण (असयुक्त व्यंजन के पूर्व) ए

व्यासर्षि—वास+इसी=वासेसी

दिनेश—दिण+ईसो=दिणेसो

चन्दनेतर—चंदणा+इअरो=चंदणेअरो

रमेश—रमा+ईसो=रमेसो

(पिशल प्राकृत० पैरा १५०)

अवर्ण+इवर्ण (सयुक्त व्यजन के पूर्व) इ (सयोग परे होने से ह्रस्व)

देवेन्द्रः—देव+इदो=देविंदो

नरेन्द्रः—णर+इदो=णरिंदो

अवर्ण+उवर्ण (असयुक्त व्यजन के पूर्व)=ओ

गूढोदरम्—गूढ+उअर=गूढोअर

एकोन—एग+ऊणं=एगोण

गगोपरि—गगा+उवरि=गगोवरि

अवर्ण+उवर्ण (सयुक्त से पूर्व) उ

(ओ होने के वाद सयुक्त परे होने से उ होता है)

कर्णोत्पलम्—कण्ण+उप्पलं=कण्णुप्पल

रत्नोज्ज्वलम्—रयण+उज्जल=रयणुज्जल

(पिशल प्राकृत० पैरा १५३)

अवर्ण+ए=ए

गाम+एणी=गामेणी (देशीशब्द)

तथैव—तहा+एअ=तहेअ

अवर्ण+ओ=ओ

गुणौघ.—गुण+ओहो=गुणोहो

मृत्तिकावलिप्तम्—मट्टिआ+ओलित्त=मट्टिओलित्त

संस्कृत के आधार पर

पूर्वपद के अन्त मे स्वर हो और दूसरे पद के आदि मे स्वर हो तो वहा कही-कही अगले पद के पहले स्वर का लोप हो जाता है।

फासे+अहियासए=फासे हियासए

वालो+अवरज्झइ=वालो वरज्झइ

एस्सति+अणतसो=एस्सति णंतसो

नियम ५ (लुक् १।१०)—स्वर से परे स्वर होने पर पूर्व स्वर का प्रायः लोप हो जाता है।

तिदस+ईसो=तिदस्+ईसो=तिदसीसो, तिदसेसो (त्रिदशेश.)

नीसास+ऊसासो=नीसास्+ऊसासो=नीसासूसासो (निश्वासोच्छ्वास:)

नर+ईसरो=नर्+ईसरो=नरीसरो, नरेसरो (नरेश्वर.)

गच्छामि+अहं=गच्छम्+अहं=गच्छामह (गच्छाम्यहम्)

तम्मि+असहरो=तम्मंसहरो

ण+एव=ण्+एव=णेव (नैव)
देविंद+अभिवदिअ=देविंदभिवदिअ

प्रयोग वाक्य

वेसवारस्स महत्तं को न जाणइ ? जीरयम्मि लोहासो अहियो होइ। पडणपीडाए घएण सह हलद्दीए पओगो कीरइ। हिंगू वाउणासणो अत्थि। लोणेण विणा तीमणस्स साओ न हवइ। आउव्वेयसत्थे गुणेणं मिरिअं उण्हअर भवइ। महिला दालीए तेजपत्तं देइ। राइगाए सपुण्णा कडिआ महं वहु रोयइ। पिउसिआ थालिअं लूहइ। ससा धय तावइ। अरिहंतो धम्मं पन्नवइ। णोहा सुक्क कट्ठ झामइ। घरणी गोहूम चुण्णइ। णवा सासुं आढाइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

जीरा और नमक दोनो का योग उपयोगी है। लालमीर्च अधिक नही खानी चाहिए। हीग की गध दूर तक जाती है। हल्दी का रग हल्का होता है। राई वहुत छोटी होती है। तेजपत्ता दाल के स्वाद को वढाता है। गुण से वहू ससुर का आदर करती है। मौसी वस्त्र से वर्तन पोछती है। सुशीला चावलो का चूर्ण करती है। माता लकडी जलाती है पर उसमे धुंआ निकलता है। आचार्य तत्त्व को प्रज्ञापित करते है। बुआ धनिया खरीदती है।

प्रश्न

१. दहि और मधु शब्द के रूप लिखो।
२. मसाला, धनिया, राई, मीर्च, हल्दी, जीरा, तेजपत्ता, हीग और लवण शब्दो के प्राकृत शब्द वताओ।
३ लूह, ताव, चुण्ण, झाम, किण, घर, पन्नव और आढा धातुओ के अर्थ वताओ।
४ आहच्च, उच्चअ, काहे अव्ययो को वाक्य मे प्रयोग करो।
५. सधि करो—कखा+अभाओ, इंदिय+उवओगो, धम्म+इदो, वण+ईसरो, सीया+ईसो, पीला+ओहो, वालो+अहियासए।
६. सधिविच्छेद करो—जीवाजीवा, भाणूअयं, निसेसो, गइंदो, मट्टिओलित्त, जलोहो, गुणुज्जलं, रयणोवायो, सीओदग।

शब्द संग्रह (रसोई उपकरण)

तवा—काहिल्लिआ (दे०)
तमेली—सुफणी (दे०)
चिमटा—संदसो (स)
चमची—कडुच्छयो (दे०)
डोयो, काष्ठ का हाथा—डोओ
कुर्छी—दव्वी
हांडी—हंडिआ, कंदू
चुल्हा—चुल्ली
ढकना—पिहाण
छाज—चिल्ल (दे०)
सडासी—सडास, सडासो
कडाही—कडाहो, कवल्लो
कठौती—चुण्णमद्दणी (स)
प्याला, कटोरा—कट्टोरगो (दे)
थाली—थालिआ, थाली, थाल
रसोईघर—महाणस
रसोइया—पाचओ, सूदो
चुल्हे का पिछलाभाग—अवचुल्लो
प्लेट—सरावो (स)

० ० ० ० ०

परोसना—परीसण, परिवेसणं
अगारा—इगारो, अगारो
तरकारी—तीमण
कलेवा—कल्लवत्तो, पायरासो

धातु संग्रह

णीसारय—निकालना
वट्ट—परोसना
मुण—जानना
विसमर—भूलना
उट्ठ—उठना
पिसुण—चुगली करना

अव्यय

सय (स्वय)—स्वयं
जत्थ (यत्र)—जहा
जा, जाव (यावत्)—जब तक
जहेव (यथेव)—जिसप्रकार से
ता, ताव (तावत्)—तब तक
जइ (यदि)—जो

पुलिंग एअ (एतत्), इम (इदं), अमु (अदस्) शब्द याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ४८ क, ४७ क, ४६ क।

उद्वृत्त स्वर

नियम ६ [स्वरस्योद्वृत्ते १।८] स्वरसयुक्त व्यजन मे व्यजन का लोप होने पर जो स्वर शेष रहता है उसे उद्वृत्त स्वर कहते हैं। स्वर से आगे उद्वृत्त स्वर हो तो सधि नही होती।

निशाकर निसा+अरो=निसाअरो
निशाचर निसा+अरो=निसाअरो
रजनीकर रयणी+अरो=रयणीअरो
गंधपुटी गंध+उडी+गंधउडी
रजनीचर रयणी+अरो=रयणीअरो
वराका वरा+आ=वराआ
कृतोपकार. क+ओव+आरो+कओवआरो
(पिशल प्राकृत० पैरा १५७, १५६ के अनुसार)

अपवाद—

अवर्ण+अवर्ण (उद्‌वृत्त स्वर)=आ
कुम्भकार—कुम्भ+आरो=कुंभारो
उद्धावति—उद्धा+अइ=उद्धाइ
शातवाहन—साल+आहणो=सालाहणो
चक्रवाक—चक्क+आओ=चक्काओ
इवर्ण+इवर्ण (उदवृत स्वर)=ई
द्वितीय—वि+इओ=वीओ
शिविका—सि+इया=सीया
उवर्ण+उवर्ण (उद्‌वृत्त स्वर) ऊ
उदुम्बर—उ+उम्बरो=उम्बरो (संयोग परे होने से उ ह्रस्व हो गया)
अवर्ण+इवर्ण (उद्‌वृत्त स्वर)=ए
स्थविर—थ+इरो=थेरो
मतिधर—म—इहरो=मेहरो
अवर्ण+उवर्ण (उद्‌वृत्त स्वर)=ओ
मयूर—म+ऊरो=मोरो
चतुर्दशी—च+उद्दसी=चोद्दसी
अवर्ण (प्रथम पद का अंतिम उद्‌वृत्त स्वर)+असवर्ण स्वर (द्वितीय पद का पहला उद्‌वृत्त स्वर)=प्रथम पद के अंतिम उद्‌वृत्त स्वर का लोप

राजकुलम्—राअ+उलं=राउलं

प्रयोग वाक्य

पाचओ अन्न पाचइ। महाणसे सीयं नत्थि। विमला सुफणीए दुद्ध उण्हं करेइ। मोहणो थालिआइ भोयणं भुजइ। उवचुल्ले किं रक्खिय अत्थि। चुल्लीअ उण्हं जलं किणा रक्खिअ? दव्वीए सुफणीअ तीमणं वट्टइ। कडुच्छअस्स बहु उवओगो अत्थि पर कडाहस्स पइदिणं न। अहं कट्टोरगम्मि

नीर पिबामि। सो इड्डहत्थेहि नडासेणं सूरूणि वरइ। पढमा सीयकाले चुल्लीए नीरं उण्हं करेइ। अहं गयवरिसम्मि विवायं विसमरीअ। काहिल्लिआ उण्हा अत्थि। चुण्णमइणीए चुण्ण कह नत्थि? डोओ मयं विसमवि न ग्वाअइ। हंडिआइ कस्स तीमण अत्थि? मीणकजी मंदमेण इमार गिण्हइ। अज्जत्ता पुन्मा गयणे कल्लवत्त मगवम्मि करेंति। सा विल्लेण गोहूमं सोहइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

रसोइया किस ग्राम का है? रसोईघर मे बैठकर कौन खाता है? चूल्हे में लकड़ी किसने दी? पिछले चूल्हे मे रखा हुआ दूध ठंडा नही होता। तमेली मे आज क्या पकाया है? चमचिया कितनी हैं? हांडी का मूल्य क्या है? कटोरे मे दही है। वह थाली में खाना नही खाता। कुर्छी स्वयं नही खाती। तमेली को ढकना मत भूलो। चिमटे से तवे को पकड़ो। हांडी पर कुर्छी क्यो रखी है? तरकारी कितनी शेष रही है? कटोरे मे दही रखा हुआ है। तवा गरम हो गया है। वह उपकार को भूल जाता है। बहन तरकारी परोसती है। वह कुर्छी से दाल परोसती है। सुरेश चुगली करता है। मैं सुबह जल्दी उठता हू। तुम्हें स्वय उठना चाहिए। जिस प्रकार से तुम कहते हो वह ठीक नही है। जब तक तुम स्वयं नही आओगे तब तक मैं तुम्हारे घर नहीं जाऊगा। कठौती मे पानी अधिक है। पहले डोया लाना है। हंडिया मिट्टी (मट्टिआ) की है। सडासी अच्छी तरह (सुट्ठु) पकड़ती है। प्लेट में सीता कलेवा नही करती है। विमला छाज से धान्य को साफ करती है।

प्रश्न

१ संधि विच्छेद करो और बताओ कि किस नियम से यह रूप बना—
सोहारो, कलालो (कलवार), नडओ, कुभआरो, सिरोविअणा, आउज्जं (आतोद्य) वइआलिओ (वैतालिक) चइत्तो (चैत्र.) दरिअ (दृप्त) रिऊ (ऋतु) पिउवण, मयंको (मृगाङ्कः) गरुओ।
२ रसोईघर, कठौती, सडासी चूल्हा, तमेली, चमची, कटोरा, कुर्छी, हांडी, प्लेट, डोया, थाली, छाज, चिमटा और साग—इनके प्राकृत शब्द बताओ।
३ भूलना, परोसना, निकालना, चुगली करना, उठना—इन अर्थों में कौनसी धातु प्रयुक्त हुई है लिखो?
४ जहेव, ताव, सय, जत्थ—इन अव्ययो का प्रयोग करो। प्रत्येक के दो-दो वाक्य बनाओ।
५ उद्वृत्तस्वर किसे कहते हैं? उनके लिए संधि का क्या विधान है?
६ उद्वृत्तस्वर के साथ संधि के नियम का अपवाद नियम क्या है? प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दो।
७ पुल्लिंग के ज, त और क शब्द के रूप लिखो।

१७ प्रकृतिभाव संधि

शब्द संग्रह (गृहसामग्री)

मूसल—मूसल, कडत	ऊखली—उऊहल, अवअण्णो
लोढा—लोढो	शिला—सिला
स्टोव—उद्धमाण (स)	चलनी—चालणी
छाज—सुप्पो	पुराना छाज आदि—कडतर (दे)
वर्त्तन—पत्त, भायण	मशहरी—मसहरी
वोरा—पसेवो	रस्सी—रज्जू (स्त्री)
लालटेन—कायदीविया (सं)	दीया—दीवओ, दीवगो
वत्ती—वत्तिआ,वत्ती	दियासलाई—दीवसलागा
खरल—खल्ल (स)	छीका—सिक्कगो, सिक्कग
टब—दोणी (स)	चक्की—णीसा (दे०) घरट्टो (दे०)

झाडू—वोहारी, समज्जणी, वद्धणिआ।

धातु संग्रह

कुट्ट—कूटना	समज्ज—वुहारना
घरस—रगडना	मेलव—मिलाना
रोसाण—मार्जन करना, शुद्धकरना	पेस—भेजना
उवजुज—उपयोग मे लेना	अग्घ—अच्छे मूल्य मे वेचना
छाय, छाअ—ढाकना	सास—हुकम करना

अव्यय संग्रह

इहरा (इतरथा)—अन्यथा नही तो	दर (दे.)—आधा, थोडा
तए (तदा)—तव	णवर (दे.)—केवल
तहिं (तत्र)—वहा	तहा, तह (तथा)—उस तरह

अम्ह (अस्मद्) शब्द याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ५०।

प्रकृतिभाव संधि

जहा दो पद मिलकर एक पद वन जाते है और वे यथावस्थित अवस्था मे रह जाते है उन्हें प्रकृतिभाव संधि कहते है।

नियम ७ (न युवर्णस्यास्वे १।६) इवर्ण और उवर्ण से आगे कोई विजातीय स्वर हो तो संधि नही होती।

इवर्ण+स्वर (इवर्ण को छोडकर)=प्रकृतिभाव

जाइ+अंधो=जाइअंधो (जात्यन्ध)
पुढवी+आउ=पुढविआउ (पृथ्वी आप:)
जइ+एव=जइएव= (यद्येव)
को वि+अवयासो=को वि अवयासो (कोप्यवकाश:)
उवर्ण+स्वर (उवर्ण को छोडकर)=प्रकृतिभाव
वहु+अट्ठिओ=वहुअट्ठिओ (बह्वस्थिक:)
सु+अलंकिय=सुअलंकिय (स्वलङ्कृतम्)
वहु+अवअवऊढो (बह्ववगूढ:)

नियम ८ (एदोतोः स्वरे १।७) ए और ओ के आगे स्वर हो तो संधि नहीं होती।

ए+स्वर=प्रकृतिभाव
एगे+आया=एगेआया (एक=आत्मा)
गामे+अडइ=गामेअडइ (ग्रामे उटति)
नईए+अत्थ=नईएअत्थ (नद्या. अत्र)
एगे+एव=एगे एव (एक. एवम्)
ओ+स्वर=प्रकृतिभाव
गोयमो+आघवइ+गोयमो आघवइ (गौतम. आख्याति)
अहो+अच्छरिअ=अहो अच्छरिअ (अहो आश्चर्यम्)
रामो+आगच्छइ=रामो आगच्छइ (राम: आगच्छति)
एओ+अत्थ=एओअत्थ (एकोऽत्र)

नियम ९ (त्यादेः १।९) क्रियापद के अतिम स्वर के बाद स्वर आए तो उनमे सधि नही होती।

क्रियापद स्वर+स्वर=प्रकृतिभाव
होइ+इह=होइ इह (भवतीह)
हसइ+एत्थ=हसइएत्थ (हसत्यत्र)
आलक्खिमो+एण्हि=आलक्खिमो एण्हि (आलक्षयामहे इदानीम्)

प्रयोग वाक्य

मूसलो कट्ठस्स अत्थि। उऊहलम्मि सिर दिण्ण अहुणा मूसलस्स को भयो? सुसीला लोढेण अवलेह (चटनी) पीसइ। तुमए तुज्झ सिला कस्स दिण्णा? चालणीए नीर न ठाअइ। मीणा णीसाइ अन्नं पीसइ। माआ सूप्पेण गोहूमा (गेहू) रोसाणइ। रत्तीए मसहरिं अन्तरेण सो कह सुवइ। कटंतग्स्स को मुल्लो अत्थि? सा पगे णियघर समज्जइ। पसेवे किं वत्थु अत्थि? भायण रित्त केण कय? दीवगस्सा वि महत्त (महत्व) अत्थि घोरघयारे। तुज्झ गिहे केत्तिलाओ कायदीवियाओ संति? दीवसलागं विणा

दीवअस्स को उवओगो ? दीवेगम्मि वत्ती कह नत्थि ? तुम खल्ने किं पीससि ? उद्धमाणे दुद्ध खिप्पं उण्ह भवइ । कि सा दोणीए पडदिण ण्हाइ ?

धातु प्रयोग

सा मूसलेण किं कुट्टइ ? माआ किमट्ठ सुठी (सूठ) घरसइ ? मोहणो णियपुत्ताण अबा (आम) पेसइ। सो घड छाअइ। साहू णियट्ठाण सय समज्जइ। किं तुम कवल उवजुजसि ? सोहणो दुद्धम्मि नीर मेलवइ । सासू वहु सासइ—दुद्ध उण्ह कर।

अव्यय प्रयोग

तुम तहिं गच्छ इहरा अह गच्छामि। जया तुम तहिं गमिहिसि तए अहमवि गमिस्सामि। झाणे तस्स दर उग्घाडियाइं नयणाइ अत्थि। णवर अह गच्छामि

प्राकृत में अनुवाद करो

गावो मे वहिने आजकल भी मूसल से वाजरी (बज्जरी) कूटती है। खाली ऊखली क्या काम आती है ? कुछ वर्ष पहले घर-घर मे चक्की चलती थी। हीरा लोढी से मीर्च पीसती है। घर मे सिला कहा है ? चालनी मे पानी क्यो नही ठहरता है ? झाडू के विना घर की सफाई नही होती। वह छाज से चावल साफ करती है। अपना पुराना छाज किसके पास है ? मशहरी के विना भी मैं सुख से सोता हू। वोरा मे गेहू कितने हैं ? रस्सी का उपयोग घर मे कितना है ? खरल मे औषधि (ओसहि) कौन पीसता है ? लालटेन सब के घर मे नही है। दीपावली में दीए घर-घर मे जलते है। वत्ती के बिना दीया दीया नही है। वर्तन मे गर्म पानी है। छीका पर क्या वस्तु है ? आजकल घर-घर मे स्टोव है। गाव मे टब किसके पास है।

धातु का प्रयोग करो

रमिला प्रतिदिन क्या कूटती है ? वह सिला पर क्या रगडती है ? सुसीला घर मे हर वस्तु को शुद्ध करती है। तुम गर्म पानी को क्यो नही ढाकते हो ? तुम्हारे घर को कौन बुहारता है ? वह पुराने छाज को भी काम मे लेता है। वह अपने सोने (सुवण्ण) को अच्छे मूल्य मे वेचता है। आजकल छोटा आदमी वडो को हुक्म देता है।

अव्यय का योग करोप्र

तुम स्कूल जाओ नही तो अध्ययन नही होगा। मैं खाना खा रहा था तब तुम कहा थे ? मैं वहा कभी नही जाऊगा। कमल थोडा खिला हुआ है। वह केवल पानी पीता है। जैसा गुरु कहे उस तरह (वैसा) करो।

प्रश्न

१ प्रकृतिभाव संधि किसे कहते हैं ?

२. किन-किन स्वरों से परे कौन-कौन से स्वर होने पर संधि नहीं होती। नियम का उल्लेख करो।

३. दो उदाहरण दो जहां संधि नहीं हुई है।

४ मूसल, ऊखली, लोढा, शिला, चक्की, चलनी, छाज, झाडू, मशहरी, बोरा, रस्सी, लालटेन, दीया, बत्ती, दियासलाई, खरल, छीका, बर्तन, स्टोव और टब के लिए प्राकृत शब्द बताओ।

५ कुट्ट, घरस, रोसाण, उवजुज, छाय, समज्ज, मेलव, पेस, अग्घ, सास—इन धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।

६ इहरा, तए, तहि, णवर, तहा, दर—इन अव्ययों को वाक्य में प्रयुक्त करो।

७ पुलिंग में एअ, इम और अमु शब्द के रूप लिखो।

शब्द संग्रह (गृहसामग्री)

चारपाई—पलियको
चौकी—चउपाइया, आमण
बेंच—कट्ठामण
मेज—पायफलगं (स)
काठशय्या—कट्ठसेज्जा
एनक—उवनेत्त (सं)
झूला—ढोला
ईंट—इट्टा
साजी—सज्जिआ
फिटकरी—सोरट्ठिया
गोंद—णिय्यासो
पीढा—पीट
सौफा—सुहोववेसिया (स)
कुर्सी—वेत्तासण, आसदी (स)
काष्ठ का तख्ता—फलगो
टूथपाउडर—दतचुण्ण (स)
दांत का ब्रुश—दतधावण (स)
टूथ पेस्ट—दंतपिट्ठअं (सं)
सीमेंट—पत्थर चुण्ण
साबुन—सव्वक्खारो (स)
मोम—सीअ (दे)
पखा—विजण

धातु संग्रह

आभोय—ध्यानपूर्वक देखना
मल—धारण करना
आराह—आराधना करना
साव—शपथखाना, सुनाना
णिव्विस—वहन करना
परिणिव्वा—शांत होना
आरोव—आरोपित करना
उप्फिड—उछलना
अइवत्त—उल्लंघन करना
सीअ—खेद करना

अव्यय संग्रह

पच्छा (पश्चात्)—बाद में
जओ (यत.)—क्योंकि
तजहा (तद्यथा)—जैसे
चिअ, चेअ (चैव)—ही
झत्ति (झटिति)—शीघ्र
तप्पभिइ (तत्प्रभृति)—इसको आदि करना

युम्ह (युष्मद्) शब्द याद करो। देखो—परिशिष्ट १ सख्या ५१)

अव्ययसंधि

स्वरान्त या अनुस्वारान्त पद से परे अव्यय हो तो उस संधि को अव्यय सधि कहते है। अनुस्वार से परे व्यजन द्वित्व नहीं होता है।

नियम १० (पदादपेर्वा १।४१) पद से परे अपि अव्यय के आदि अ का लोप विकल्प से होता है।

केण+अपि=केणवि, केणावि (केन+अपि)
जणा+अपि=जणावि (जना अपि)
किं+अपि=किं पि, किमवि (किमपि)
कह+अपि=कहपि कहमवि (कथमपि)

नियम ११ (इतेः स्वरात् तश्च द्विः १।४२) पद से परे इति अव्यय के आदि इ का लुक् होता है। स्वर से परे त द्वित्व हो जाता है, अनुस्वार से परे हो तो त द्वित्व नहीं होता।

तहा+इति=तहत्ति (तथा+इति)
पुरिसो+इति=पुरिसोत्ति (पुरुष+इति)
पिओ+इति=पिओत्ति (प्रिय+इति)
किं+इति=किंति (किमिति)
दिट्ठं+इति=दिट्ठं ति=दृष्टमिति

नियम १२ (त्यदाद्यव्ययात् तत्स्वरस्य लुक् १।४०) सर्वनाम संबंधी स्वर या अव्यय के स्वर से परे सर्वनाम और अव्यय का स्वर हो तो आगे वाले पद के आदि स्वर का लुक् हो जाता है।

अम्हे+एत्थ=अम्हेत्थ (वयमत्र) जे इमे=जेमे (ये इमे)
जइ+अहं=जइहं (यद्यहम्) जइ+इमा=जइमा (यदीयम्)
जे+एत्थ=जेत्थ (ये अत्र) तुज्झे+इत्थ=तुज्झित्थ (यूयमत्र)

(पिशल प्राकृत० पैरा ९२, १३५ के अनुसार)—स्वर से परे इव अव्यय हो तो इव का व्व हो जाता है। अनुस्वार से परे इव हो तो व ही होता है, द्वित्व व (व्व) नहीं।

स्वर+इव=स्वर+व्व
चंदो+इव=चंदोव्व (चन्द्र इव)
धम्मो+इव=धम्मोव्व (धर्म इव)
अनुस्वार+इव=अनुस्वार+व
गेहं+इव=गेहं व। धणं+इव=धणं व
पुत्तं+इव=पुत्तं व। रिणं+इव=रिणं व।

संस्कृत के अनुसार—उपसर्ग का अंतिम स्वर इवर्ण या उवर्ण हो आगे स्वर हो तो संधि हो जाती है। उसके बाद संयुक्त व्यंजन का नियमानुसार परिवर्तन हो जाता है।

इवर्ण+असवर्ण स्वर=य्+असवर्ण स्वर
अति+अन्त=अत्यन्त=अच्चन्तं
अभि+आगओ=अभ्यागओ=अब्भागओ (अभ्यागतः)
उवर्ण+असवर्ण स्वर=व्+असवर्ण स्वर
अणु+एसइ=अण्वेसइ=अण्णेसइ (अन्वेषति)

प्रयोग वाक्य

सो वरिसपेरंत पलियकम्मि न सुविहिइ । किं तुम आसणम्मि ठिओ भासण करेसि ? बंभयारिणा मया कट्ठसेज्जाए सोअव्व । मज्झ गिहे पीढो नत्थि । निग्गथाण सथारगो कप्पइ सोइउ । मुणी सावगाण गिहत्तो फलगं आणेइ । गुरु आसदीइ आसइ । छत्ता कट्ठासणम्मि ठिआ पढंति । मुणी वरिसावासम्मि फलगे सुवति । पायफलग कस्स कट्ठस्स अत्थि ? अज्जत्ता घरम्मि पाओ मुहोववेसिआ उवलभइ । मज्झ पासे उवनेत्त अत्थि । इट्टाहिं पत्थरचुण्णेहिं य भवणस्स णिम्माण भवइ । सोरट्टियाइ नीरं सच्छं (स्वच्छ) भवइ । सा सव्वक्खारेण वत्थाइ सच्छाइं करेइ । विमला डोलाइ ठिआ अत्थि । सज्जिआए पप्पडा (पापड) भवंति । अत्थ विजण कह नत्थि ? सा दंत पिट्ठएण सह दंतधावणेण दंता सोहइ । गुरुणो पासे तुम किं सावसि ?

धातुप्रयोग

सो किमट्ठ राम आभोयइ ? महावीरो भारहवासे परिणिव्वाइत्थु । सेहो पइदिण दस सिलोगा मलइ । सामाइअ चरित्तस्स पच्छा छेओवट्ठावणचरित्त आरोवइ । विमलो सुयणाण आराहइ । मुणी सावगेहिं सद्धि कतार अइवत्तइ । आयरिअस्स सुवगामम्मि आगमण सुणिऊण सावगा उप्फिडंति । सो पायच्छित्तस्वेण तव णिव्विसइ । तुज्झ पसस सुणिऊण सो कह सीअइ ?

अव्यय प्रयोग

भोयणस्स पच्छा सो सोअइ । ते च्चिय धण्णा जे रागरहिया । सो अत्थ झत्ति आगओ । अहं तस्स पासे न गमिस्सामि जओ सो झाणेण पढइ । अज्जपभिइ दसदिणपेरंत पारसो अणसणतव करिस्सइ ।

प्राकृत में अनुवाद करो

मेरी मौसी चारपाई पर बैठी है और उसने आने वाली बुआ को पीढे पर बैठाया । बडा साधु चौकी पर बैठकर भाषण देता है । काठ की शय्या कोमल नही होती है । काठ के तख्ते पर वह बैठना नही चाहता है । एक बेंच पर कितने छात्र बैठते हैं ? मेज पर पुस्तक किसकी है ? सौफा पर बैठकर वह नीद लेता है । कुर्सी कौन नही चाहता ? वह एनक से साफ देखता है । मै साजी खाना नही चाहता । इटे कहा से आती हैं । फिटकरी का उपयोग अनेक कामों मे होता है । गोंद से वस्त्र साफ होते है । सीमेंट घर मे नही है । मेरी साबुन किसके पास है ? उसके घर मे झूला नही है । पखे से हवा आती है । दात के ब्रुश के बिना वह टूथपाउडर से दात साफ करता है । वह बार-बार शपथ क्यो खाता है ?

धातु प्रयोग करो

लडका उसकी ओर ध्यान से देख रहा है । तुझे प्रतिदिन पाच नए

श्लोक धारण करना चाहिए। जबूस्वामी का कब निर्वाण हुआ ? जो धर्म की आराधना करता है उनका वह समय मूल्यवान है। दूसरो का सुख देखकर वह मन मे क्यो दुख पाता है ? वह बात-बात मे क्यो उछलता है ? हम लोग कल उस गाव का उल्लघन करेंगे। जगदीश अपने घर का भार अकेला वहन करता है। वे खेद क्यो करते हैं ?

अव्यय का प्रयोग करो

उसके बाद गीतिका गानी है। वह तुम्हारे पास आएगा क्योकि वह कुछ पूछना चाहता है। इस घटना के तुम ही एक मात्र दर्शक हो। जल्दी पानी लाओ। तुम शीघ्र इस पाठ को याद करो। कषाय चार प्रकार के होते हैं, जैसे—क्रोध, मान, माया और लोभ

प्रश्न

१ अम्ह शब्द के रूप लिखो।

२. अव्यय सधि किसे कहते हैं ?

३ पद से परे अपि और इति अव्यय हो तो कौन-सा नियम क्या विधान करता है ? दो-दो उदाहरण देकर स्पष्ट करो।

४ सर्वनाम और अव्यय के स्वर से परे सर्वनाम या अव्यय का स्वर हो तो क्या कार्य होता है ? दो उदाहरण दो।

५ चारपाई, चौकी, बेच, मेज, काठशय्या, पीढा, सौफा, झूला, कुर्सी, ईंट, साजी, गोद, काष्ठ का तख्ता, एनक, फिटकरी, साबुन, पंखा, टूथपेष्ट, दात का ब्रुश, टूथपाउडर शब्दो के लिए प्राकृत के शब्द बताओ।

६ आभोय, परिणिव्वा, मल, आरोव, आगह, उप्फिड, साव, णिव्विस, सीअ और अडवत्त धातु के अर्थ लिखो।

७. पच्छा, जओ, तजहा, चिअ, झत्ति और तप्पभिइ अव्ययो का वाक्य मे प्रयोग करो।

व्यंजन संधि (अनुस्वार)

शब्द संग्रह (न्यायालय वर्ग)

कचहरी—नायालयो
जज—नायगरो
वादी—वाई (वि)
साक्षी, गवाह—सक्खि (वि)
जामिनदार—पडिभू (वि)
पाडुहुओ (वि)
अर्जी—आवेयणपत्त
सजा—दण्डो
बयान—उवसत्ती (स)
अनुवाद—अणुवायो
न्याय—नायो
अपील—पुणरावेयण
इकरारनामा—पइण्णापत्त (स)
वकील—वायकीलो (वाक्कील)
दफ्तर—अक्खपडलो (स)
प्रतिवादी—पडिवाई (वि)
गवाही—सक्खं, सक्खिज्जं
जमानत—णासो
घूस—उक्कोडा (दे)—उक्कोया
मुकदमा—अभिओगो (स)
जिस पर दावा किया गया हो—पडिवक्खियो
घूस लेकर कार्य करने वाला—उक्कोडिय (वि)
फैसला—णिण्णयो

धातु संग्रह

निवज्ज—बैठना
निवज्ज—लेट जाना, सोना
उक्कुद्द—कूदना, उछलना
निवेस—बैठना
निवज्ज—नीपजना, निष्पन्न होना
अवसीय—दु:खपाना
छिंद—छेदना
किलिस्स—क्लेशपाना

अव्यय संग्रह

दिवारत्त (दिवारात्र)—दिनरात
पडिरूव (प्रतिरूप)—समान
परमुहं (पराङ्मुख)—विमुख
पायो, पाओ, (प्राय)—प्राय.
पुरत्था (पुरस्तात्)—आगे, सम्मुख
पुहं, पिहं (पृथक्)—अलग

स्त्रीलिंग के जा, सा, का, अमु, इमा, एआ शब्द याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ४४ ख, ४५ ख, ४६ ख, ४६ ख, ४७ ख, ४८ ख,

व्यंजन संधि—पद के अंत में होने वाले व्यंजन अथवा मध्यवर्ती व्यंजन में होने वाले परिवर्तन को व्यंजन संधि कहते हैं।

नियम १३ (मोनुस्वारः १।२३) अंत में होने वाले मकार को अनुस्वार हो जाता है।

पद का अंतिम म् 7 अनुस्वार जलम्—जलं, फलम्—फलं, वच्छम्—वच्छं

कहीं पर अंत में मकार न हो उसको भी अनुस्वार हो जाता है—
वनम्मि—वणंमि। मुणिम्मि—मुणिंमि।

नियम १४ [वा स्वरे मश्च १।२४] अंत में होने वाले मकार से परे स्वर हो तो अनुस्वार विकल्प से होता है। पक्ष में लुक् न होकर मकार को मकार हो जाता है।

वन्दे उसभं अजिअं=वन्दे उसभमजिअं
नयर आगच्छइ=नयर मागच्छइ

(बहुलाधिकारात् अन्य शब्दों के अंतिम व्यंजन का भी अनुस्वार हो जाता है।

अंतिम व्यंजन 7 अनुस्वार साक्षात्—सक्खं   पृथक्—पिहं
यत्—(जं)   तत्—तं   विष्वक्—वीसुं
सम्यक्—सम्मं   ऋधक्—इहं   ऋधक्क्—इहयं

१ नोट—शब्द-सिद्धि की दृष्टि से ऋधक् शब्द का इह बना है। जिसका अर्थ है—अलग। इहयं—इहं शब्द से स्वार्थ में क प्रत्यय हुआ है।
पिशल पैरा ५६८ के अनुसार जैन महाराष्ट्री और अर्धमागधी में इह का ही इहं रूप मिलता है।
इहमेगेसिं नो सन्ना भवइ (आयारो १।१।१)—आयारो में अनेक स्थानों पर इहं रूप मिलता है। जाइं इमाइं इहं माणुस्सलोए हवंति (जीवाभिगम ३।११९)। महाराष्ट्री में अज्ज अव्यय का रूप अज्जं मिलता है।

नियम १५ [ङ ञ ण नो व्यञ्जने १।२५] ङ, ञ, ण और न के बाद व्यंजन हो तो इनको अनुस्वार हो जाता है।

पङ्क्ति—पंती   षण्मुखः—छंमुहो
पराङ्मुख—परंमुहो   उत्कण्ठा—उक्कंठा
कञ्चुक—कंचुओ   सन्ध्या—संझा
लाञ्छनम्—लंछणं   विन्ध्यः—विंझो

नियम १६ [विंशत्यादेर्लुक् १।२८] विंशति आदि शब्दों में होने वाले अनुस्वार का लुक् हो जाता है।

अनुस्वार लुक् विंशतिः—वीसा   त्रिंशत्—तीसा
संस्कृतम्—सक्कयं   संस्कारः—सक्कारो

नियम १७ [मांसादेर्वा १।२९] मांस आदि शब्दों में होने वाला अनुस्वार का लुक् विकल्प से होता है।

अनुस्वार लुक् मांसम्—मासं, मंसं   मांसलम्—मासलं, मंसलं
कांस्यम्—कासं, कंसं   पांसु—पासू, पंसू
कथम्—कह, कहं   एवम्—एव, एव

नूनम्—नूण, नूण इदानीम्—इआणि, दाणि, दाणि
किम्—कि, किं ममुख —समुहो, समुहो
किंशुक —केसुओ, किंमुओ सिंह.—सीहो, सिंहो

नियम १८ [वर्गेन्त्यो वा १।३०] अनुस्वार के बाद वर्ग का कोई व्यजन परे हो तो उसी वर्ग का पाचवा व्यजन विकल्प से हो जाता है।

पक.—पङ्को, पको	कडम्—कण्ड, कडं
शख —सङ्खो, सखो	पढः—सण्ढो, सढो
अगनम्—अङ्गण, अगण	अन्तरम्—अन्तर, अंतर
लघनम्—लङ्घणं, लंघण	पन्थः—पन्थो, पथो
कञ्चुक.—कञ्चुओ, कचुओ	चदो—चन्दो, चदो
लछनम्—लञ्छणं, लंछण	बधव —बन्धवो, बंधवो
अजनम्—अञ्जण, अजण	कपति—कम्पइ, कपइ
सज्ञा—सञ्ज्ञा, संज्ञा	वफति—वम्फइ, वफइ
कटक.—कण्टओ, कटओ	कलव —कलम्बो, कलवो
कठ —कण्ठो, कठो	आरभः—आरम्भो, आरंभो।

नियम १९ [वक्रादावन्तः १।२६] वक्र आदि शब्दो मे कही पहले स्वर के बाद, कही दूसरे स्वर के बाद, कही तीसरे स्वर के बाद अनुस्वार का आगम होता है। वक्र—वक। त्र्यस्रं—तसं। अश्रु—असु। श्मश्रु—मसू। पुच्छ—पुछ। गुच्छ—गुछ। मूर्द्धन्—मुढा। पर्शुः—पसू। बुघ्न—बुध। कर्कोट—ककोडो. कुड्मल—कुपल। दर्शनं—दसणं। वृश्चिक—विंछिओ। गृष्टि—गिंठी। मार्जार.—मजारो। **इनमे पहले स्वर के बाद आगम हुआ है।** वयस्य—वयसो। मनस्विन्—मणंसी। मनस्विनी—मणंसिणी। मन शिला—मणसिला। प्रतिश्रुत्—पडंसुआ। **इनमें दूसरे स्वर के बाद आगम हुआ है।** उवरि—अवरिं। अतिमुक्तक—अइमुतय, अणिउंतय—**इनमे तीसरे स्वर के बाद आगम हुआ है।**

नियम २० [अतो डो विसर्गस्य १।३७] अकार से परे विसर्ग को डो (ओ) आदेश होता है। सर्वत—सव्वओ। पुरत.—पुरओ। अग्रतः—अग्गओ। भवत—भवओ। भवन्त—भवन्तो। सन्तः—संतो।

नियम २१ [वीप्स्यात्स्यादेर्वीप्स्ये स्वरे मो वा ३।१] वीप्सार्थक पद से परे स्यादि प्रत्यय के स्थान पर स्वरादि वीप्सार्थक पद परे रहने पर म् विकल्प से होता है। एकंकम्—एक्कमेक्कं। अङ्गेअङ्गे—अङ्गमङ्गम्मि।

कुछ शब्दो मे दो पदो के बीच 'म' का आगम हो जाता है।

चित्त+आणदिय=चित्तमाणदिय। जहा+इसि=जहामिसि
इह+आगओ=इहमागओ। हट्ठतुट्ठ+अलकिअ=हट्ठतुट्ठमलकिअ

भर कैद मे रहने की सजा मिली है। उसने कल अपने मुकदमे की अपील की है। इकरारनामा पढकर मन प्रसन्न हुआ। अदालत मे जाने से समय और धन की हानि होती है। न्यायालय का फैसला किसके पक्ष मे हुआ ?

धातु का प्रयोग करो

वह यहा बैठना नही चाहता है। जो अधिक सोता है वह समय को खोता है। वर्षा अधिक होने से इस वर्ष अधिक नीपजेगा। यह लडका वृक्ष से कूदता है। दूसरो का सुख देखकर वह मन मे क्यो दु ख पाता है ? वह आकाश को भी छेदता है। विना विचारे काम करने वाला अत मे क्लेश पाता है। वह परीक्षा मे कहा वैठेगा ?

अव्यय का प्रयोग करो

सोहन दिन रात परिश्रम करता है। गुरु से विमुख नही होना चाहिए। यहा से आगे एक कुआ है। आपका चेहरा मेरे भाई के समान है। वह प्राय. दिन मे सोता है। इसका विद्यालय मेरे विद्यालय से भिन्न है।

प्रश्न

१ व्यजन सधि किसे कहते है ?
२ अतिम व्यजन को अनुस्वार करने वाला कौन-सा नियम है ? उसके तीन उदाहरण दो।
३ पद के अत मे म् को अनुस्वार करने वाला कौन-सा नियम है ? आगे स्वर हो तो उसका क्या रूप बनता है ? दो-दो उदाहरण दो।
४ न, ङ, य और ण इनके आगे व्यजन हो तो इन को क्या आदेश होता है ?
५ नीचे लिखे शब्दो का प्राकृत रूप बताओ—
सस्कार, किंशुक., त्रिशत्, सस्कृत, विष्वक्, कास्यम्, ।
६ किस नियम से अनुस्वार का आगम होता है ? और किस स्वर के बाद होता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।
७ वह कौन-सा नियम है जिसके कारण अनुस्वार का व्यजन हो जाता है और बताओ कहा कौन-सा व्यजन होता है ?
८ नीचे लिखे शब्दो के प्राकृत शब्द लिखो—
कचहरी, जज, वकील, दफ्तर, वादी, प्रतिवादी, गवाही, अपील, जामिनदार, जमानत, अर्जी, मुकदमा, घूस, सजा, बयान, अदालत, इकरारनामा, अनुवाद, जिस पर दावा किया गया हो, घूस लेकर कार्य करने वाला।
९ निवज्ज, अवसीय, उक्कुद्द, छिंद, निवेस और किलिस्स, धातु के अर्थ बताओ।

जिस शब्द के रूप में कुछ भी व्यय न होता हो उसे अव्यय कहते हैं। अव्यय का प्रयोग उसी रूप में होता है जैसा वह शब्द है। उसमें न कुछ घटता है और न कुछ बढता है। अव्यय में किसी भी विभक्ति और किसी भी वचन का प्रभाव नहीं रहता। वह सब स्थिति में एकरूप रहता है। स्फुट अव्यय पूर्व के पाठों में दिये गए हैं और आगे भी। फिर भी नियमपूर्वक कुछ अव्यय यहां दिए जा रहे हैं।

नियम २२ (तं वाक्योपन्यासे २।१७६) त अव्यय वाक्य के उपन्यास के अर्थ में। त तिअसवन्दिमोक्खं (त त्रिदशवन्दिमोक्ष)।

नियम २३ [आम अभ्युपगमे २।१७७] आम अव्यय स्वीकार करने के अर्थ में। आम बहला वणोली (सत्य बहुला वनोली)।

नियम २४ [णवि वैपरीत्ये २।१७८] णवि अव्यय वैपरीत्य ( ) के अर्थ में। णवि हा वणे (न हा वने)।

नियम २५ [पुनरुक्तं कृतकरणे २।१७९] पुनरुत्त अव्यय बारम्बार या, फिर-फिर के अर्थ में। अइ सुप्पइ पंसुलि णीसहेहिं अंगेहिं पुणरुत्तं (अयि स्वपिति पांसुली निस्सहैः अङ्गैः पुनरुक्तम्)

नियम २६ [हन्दि विषाद विकल्प पश्चात्ताप निश्चय सत्ये २।१८०] हन्दि अव्यय विषाद, (खेद) विकल्प, पश्चात्ताप, निश्चय, सत्य—इन अर्थों में।

हन्दि चलणे णओ सो (हन्दि चरणे नत सः)। ण माणिओ हन्दि हुज्ज एताहे (न मानित हन्दि भवेत् इदानीम्)। हन्दि न होही भणिरी (हन्दि न भविष्यति भणिका)। सा सिज्जइ हन्दि तुह कज्जे (सा खिद्यति हन्दि तव कार्ये)।

नियम २७ [हन्द च गृहाणार्थे २।१८१] हन्द अव्यय, लो या 'ग्रहण करो' के अर्थ में। हन्द पलोएसु इमं (हन्द प्रलोकस्व इमाम्)।

नियम २८ [मिव पिव विव व्व व विअ इवार्थे वा २।१८२] इव अर्थ में प्राकृत में मिव, पिव, विव, व्व, व, विअ और इव अव्यय हैं।

कुमुअं मिव (कुमुद इव), हंसो विव (हंसः इव), चंदणं पिव (चन्दन इव), सायरो व्व (सागरो इव), खीरोओ व (क्षीरोदो इव), कमलं विअ (कमल इव)।

नियम २६ [जेण तेण लक्षणे २।१८३] जेण और तेण ये दो अव्यय लक्षण (अवस्था) अर्थ मे ।
भमर रुअ जेण कमलवण (भ्रमररुत येन कमलवनम्), भमर रुअ तेण कमलवण (भ्रमररुत तेन कमलवनम्) ।

नियम ३० [णइ चेअ चिअ च्च अवधारणे २।१८४] निश्चय अर्थ मे णइ, चेअ, चिअ और च्च अव्यय हैं । गइए णइ (गत्या एव), ज चेअ मउलण लोअणाण (यत् एव मुकुलन लोचनानाम्), अणुवद्धं त चिअ कामिणी (अनुवद्धा तदेव कामिनीनाम्), ते च्चिअ धन्ना (ते एव धन्या.), ते च्चेअ सप्पुरिसा (ते एव सत्पुरुषा·), स च्चेअ सीलेण (स· एव शीलेन) ।

नियम ३१ [बले निर्धारण निश्चययो· २।१८५] बले अव्यय निर्धारण और निश्चय अर्थ मे ।

निर्धारण—बले पुरिसो धणजओ खत्तिआण (क्षत्रियाणां मध्ये धनञ्जय एव पुरुष)

निश्चय—बले सीहो (सिंह एव)

नियम ३२ [किरेर हिर किलार्थे वा २।१८६] किर, इर, हिर, किल ये चार अव्यय किल अर्थ मे । कल्ल किर खरहिअओ (कल्य किल खरहृदय.), तस्स इर (तस्य किल), पिअ-वयसो हिर (प्रियवयस्य किल), एव किल तेण सिविणए भणिआ (एव किल तेन स्वप्नके भणिता) ।

नियम ३३ [णवर केवले २।१८७] णवर अव्यय केवल सिर्फ अर्थ मे । णवर पिआइ चिअ णिव्वडन्ति (केवल प्रियाणि एव निष्पतन्ति) ।

नियम ३४ [आनन्तर्ये णवरि २।१८८] णवरि अव्यय अनन्तर (बाद मे) अर्थ मे । णवरि अ से रहुवइणा (पश्चात् च तस्य रघुपतिना) ।

नियम ३५ [अलाहि निवारणे २।१८९] अलाहि अव्यय प्रतिषेध, (बस) अर्थ मे । अलाहि किं वाइएण लेहेण (अलं किं वाचितेन लेखेन) ।

नियम ३६ [अण णाइं नञर्थे २।१९०) अण और णाइ निषेधार्थक (नही, मत) अर्थ मे । अण चिन्तिअ ममुणन्ती (अचिन्तित अजानती), णाइ करेमि रोस (न करोमि रोषम्) ।

नियम ३७ [माइं मार्थे २।१९१] माइ अव्यय निषेध (मत) अर्थ मे । माइ काहीअ रोस (मा कार्षिद् रोषम्)

नियम ३८ [हद्धी निर्वेदे २।१९२] हद्धी अव्यय खेद, अनुताप अर्थ मे । हद्धी हद्धी । (हाधिक् ऋद्धिः) ।

नियम ३९ [वेव्वे भयवारणविषादे २।१९३] वेव्वे अव्यय भय वारण और विषाद अर्थ मे ।

नियम ४० [वेव्व च आमन्त्रणे २।१९४] वेव्व और वेव्वे अव्यय आमत्रण अर्थ मे। वेव्व गोले (हे गोल !), वेव्वे मुरन्दले वहसि पाणिअ (हे मुरन्दले (त्व) वहसि पानीयम्)।

नियम ४१ [मामि हला हले सख्या वा २।१९५] मामि, हला, हले, सहि—ये चार अव्यय सखि के आमत्रण अर्थ मे। मामि सरिसक्खराण वि (सखि ! सदृशाक्षराणामपि), पणवह माणस्स हला (प्रणमत मानस्य सखि !)। हले हयासस्स (सखि ! हताशस्य) सहि एरिसिच्चिय गइ (हेसखि ! ईदृशी एव गतिः)।

नियम ४२ [दे संमुखी करणे च २।१९६] दे अव्यय सम्मुखीकरण और सखि के आमन्त्रण अर्थ मे। दे पसिअ ताव सुन्दरि (हे सुन्दरि ! प्रसीद तावत्), दे आपसिय निअत्तसु (हे सखि ! आप्रसद्य निवर्तस्व)।

नियम ४३ [हुं दानपृच्छानिवारणे २।१९७] हु अव्यय दान, पृच्छा और निवारण अर्थ मे। हु गेण्ह अप्पणो च्चिअ (हु गृहाण आत्मन एव)

पृच्छा—हु साहसु सब्भाव (हु कथय सद्भावम्)।
निवारणे—हु निल्लज्ज समोसर (हु निर्लज्ज समपसर)।

नियम ४४ [हु खु निश्चय-वितर्क-संभावन-विस्मये २।१९८] हु और खु अव्यय निश्चय, वितर्क, सभावन तथा विस्मय अर्थ मे। निश्चय—त पि हु अच्छिन्नसिरी (त्वमपि हु अच्छिन्नश्री), त खु सिरीए रहस्स (तत् खु श्रिया रहस्यम्)।

वितर्क—न हु णवर सगहिआ (न हु णवर संगृहीता), एअ खु हसइ (सम्भावयामि एता हसति)।

संशय—जलहरो खु धूमवडलो खु (जलधरो वा धूमपटलो वा)।
सभावन—तरीउ ण हु णवर इम (केवल मिम तरीतु न सभावयामि)।
विस्मय—को खु एसो सहस्ससिरो (आश्चर्यं, क एष. सहस्रशिरा.)।

नियम ४५ [ऊ गर्हाक्षेप विस्मय-सूचने २।१९९] ऊ अव्यय गर्हा, आक्षेप, विस्मय और सूचन अर्थ मे।

गर्हा—ऊ णिल्लज्ज (ऊ निर्लज्ज)।
आक्षेप—ऊ कि मए भणिअ (ऊ कि मया भणितम्)।
विस्मय—ऊ कह मुणिआ अहय (ऊ कथं ज्ञाता अहं)।
सूचन—ऊ केण न विण्णाय (ऊ केन न विज्ञातम्)।

नियम ४६ [थू कुत्सायाम् २।२००] थू अव्यय कुत्सा के अर्थ मे। थू निरलज्जो लोओ (थू निर्लज्ज. लोक.)।

नियम ४७ [रे अरे सम्भाषण-रतिकलहे २।२०१] रे अव्यय संभाषण और अरे अव्यय रतिकलह अर्थ मे। रे हिअय मडह सरिआ (हे हृदय, लघ्वी सरिता) अरे म सम मा करेसु उवहास (अरे! मया सम मा कुरु उपहास)

नियम ४८ [हरे क्षेपे च २।२०२] हरे अव्यय क्षेप, संभाषण और रतिकलह के अर्थ मे।

क्षेप—हरे णिल्लज्ज (अरे निर्लज्ज.)।

सभापण—हरे पुरिसा (अरे पुरुषा)।

रतिकलह—हरे वहुवल्लह (अरे वहुवल्लभ)।

नियम ४९ [ओ सूचना पश्चात्तापे २।२०३] ओ अव्यय सूचना और पश्चात्ताप अर्थ मे।

सूचना—ओ अविणय-तत्तिल्ले (ओ अविनयपरायणे)।

पश्चात्ताप—ओ न मए छाया इत्तिआए (ओ न मम छाया एतावत्या.)।

नियम ५० [अव्वो सूचना दुःख संभाषणापराध विस्मयानन्दादर भय खेद विषाद पश्चात्तापे २।२०४] अव्वो अव्यय सूचना आदि अर्थों मे।

सूचना—अव्वो दुक्करकारय (अव्वो दुष्करकारक)।

दु खे—अव्वो दलति हियय (अव्वो दलन्ति हृदयम्)।

सभाषणे—अव्वो किमिण किमिण (अव्वो किमिद किमिद)।

खेद—अव्वो न जामि छेत्त (अव्वो न यामि क्षेत्रम्)।

अपराध—अव्वो हरन्ति हिअय तह वि न वेसा-हवन्ति जुवईण
(अव्वो हरन्ति हृदय तथापि न द्वेष्या भवन्ति युवतीनाम्

विस्मय—अव्वो किंपि रहस्स मुणन्ति धुत्ता-जणब्भहिआ
(अव्वो किमपि रहस्य जानन्ति धूर्त्ता. जनाभ्यधिका:)

आनद—अव्वो सुपहायमिण (अव्वो सुप्रभातमिदम्)

आदर—अव्वो अज्ज म्ह सप्फलं जीअं (अद्य अस्माक सत्फलं जीवितम्)

भय—अव्वो अइअम्मि तुमे नवर जइ सा न जूरिहिइ
(अव्वो अतीते त्वयि नवर यदि सा न जूरिष्यते)।

विषाद—अव्वो नासेन्ति दिहिं (अव्वो नाशयन्ति धृतिम्)

पश्चात्ताप—एण्हिं तस्सेअगुणा ते च्चिय अव्वो कह णु एअं
(इदानी तस्येति गुणा. ते एव अव्वो कथ नु एतत्)

नियम ५१ [अइ सभावने २।२०५] अइ अव्यय संभावन अर्थ मे। अइ दिअर किं न पेच्छसि (अयि देवर! किं न प्रेक्षसे)।

नियम ५२ [वणे निश्चय विकल्पानुकम्प्ये च २।२०६] वणे अव्यय निश्चय, विकल्प, अनुकम्प्य और सभावन अर्थ मे।

निश्चय—वणे देमि (निश्चय ददामि)।

विकल्प—होइ वणे न होइ (भवति वा न भवति)।

अनुकम्प्य—दासो वणे न मुच्चइ (दासोनुकम्प्यो न त्यज्यते)।

सभावन—नत्थि वणे ज न देइ विहिपरिणामो (यद् नास्ति वणे यद् न दाति विधिपरिणाम)।

नियम ५३ [मणे विमर्शे २।२०७] मणे अव्यय विमर्श अर्थ मे। मणे सूरो (मन्ये सूर्य)।

नियम ५४ [अम्मो आश्चर्ये २।२०८] अम्मो अव्यय आश्चर्य अर्थ मे। अम्मो कह पारिज्जइ (अम्मो कथ पार्यते)।

नियम ५५ [स्वयमोर्थे अप्पणो न वा २।२०९] अप्पणो अव्यय स्वय अर्थ मे विकल्प मे। विसय विअसति अप्पणो कमलसरा (विशद विकसन्ति स्वयमेव कमलसरासि) पक्षे—सय चेअ मुणसि करणिज्ज (स्वयमेव जानासि करणीयम्)।

नियम ५६ [प्रत्येकम पाडिक्कं पाडिएक्क २।२१०] प्रत्येक अर्थ मे पाडिक्क, पाडिएक्क और पत्तेय अव्यय है।

नियम ५७ (उअ पश्य २।२११) उअ अव्यय पश्येत् (देखो) अर्थ मे विकल्प मे। उअ लोआ गच्छति (पश्य लोका गच्छति)।

नियम ५८ [इहरा इतरथा २।२१२] इहरा अव्यय इतरथा अन्यथा के अर्थ मे। इहरा नीसामन्नेहिं (इतरथा नि सामान्यै)।

नियम ५९ [एक्कसरिअं झगिति संप्रति २।२१३] झगिति (शीघ्र) संप्रति (अभी) इन दो अर्थो मे एक्कसरिअं अव्यय।

नियम ६० [मोरउल्ला मुधा २।२१४] मोरउल्ला अव्यय मुधा (व्यर्थ) अर्थ मे। मोरउल्ला जपसि (मुधा जल्पसि)।

नियम ६१ [दरार्धाल्पे २।२१५] दर अव्यय अर्ध और अल्प अर्थ मे। दर विअसिअ (अर्धेन विकसित, ईषत् विकसित)।

नियम ६२ [किणो प्रश्ने २।२१६] किणो अव्यय प्रश्न अर्थ मे। किणो धुवसि (किं धुवसि)।

नियम ६३ [इजेराः पादपूरणे २।२१७] इ, जे, र ये तीन अव्यय पाद पूरण मे। न उणा इ अच्छीइ (न पुन अक्षीणि), अणुकूल वोत्तु जे (अनुकूलं वक्तुम्), गेण्हइ र कमल गोवी (गृह्णाति रे कमलगोपी)।

नियम ६४ [प्याद्यः २।२१८] पि वि, अपि समुच्चय अर्थ मे। सायरो वि (सागरो अपि) जम्मो पि (जन्म अपि)।

२१ हेत्वर्थ कृदन्त
(तुम् प्रत्यय)

शब्द संग्रह

परस्पर—परोप्पर स्पष्ट—पट्ठ
कल्याण—कल्लाण स्वप्न—सुविणो
शास्त्र—सत्थ शक्ति—सत्ती
पाठक—पाढयो सभा—सहा
कार्य— कज्ज श्रेयास—सिज्जसो
प्रयत्न—पयण्णो

धातु संग्रह

गमित्तए—जाने के लिए अणुणेउ —अनुनय करने के लिए
रोविउ – रोने के लिए विहरित्तए, विहरेत्तए— विहार के लिए
विवदित्तए—विवाद करने के लिए घेत्तु—लेने के लिए
पयासिउ — प्रकट करने के लिए पासित्तए, पासेत्तए—देखने के लिए
खादिउ =खाने के लिए जग्गिउ —जागने के लिए
गाउ =गाने के लिए, काउ, कट्टु—करने के लिए
लद्धु =पाने के लिए रोद्धु—रोकने के लिए
जोद्धु = युद्ध करने के लिए

अव्यय संग्रह

मग्गतो (मार्गत)—पीछे से सज्ज (सद्य:)—शीघ्र
सिय (स्यात्)—कथंचित् पेच्च (प्रेत्य)—परलोक
मणा, मणय (मनाक्) —थोडा मोरउल्ला—व्यर्थ
मुहु, मुहु—वार-वार

सर्व शब्द तीनों लिंगो मे याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ४३ क, ४६ ख, ४३ ग।

तुम् प्रत्यय

धातु मे तु और त्तए प्रत्यय लगाने पर हेत्वर्थकृदन्त (तुम् प्रत्यय) के रूप बनते है। त्तए प्रत्यय के रूप जैन आगमो मे विशेप रूप मिलते हैं। तु (उ) और त्तए प्रत्यय का अर्थ होता है—के लिए।

नियम ६५ [एच्चाक्त्वा तुम् तव्यभविष्यत्सु ३।१५७] क्त्वा, तुम्,

तव्य प्रत्यय एवं भविष्यत्कालीन प्रत्यय परे होने पर पूर्व धातु में होने वाले अ को इ तथा ए हो जाता है। व्यंजनान्त धातु के अंत में अ नित्य आता है तथा स्वरान्त धातुओं के अंत में अ विकल्प से होता है।

त्तए—हस्+अ=हसित्तए, हसेत्तए (हसितु) हसने के लिए

हो+अ=होइत्तए, होएत्तए, होत्तए (भवितु) होने के लिए

तुं (उं)—हस्+अ=हसितु, हसेतु, हसिउं, हसेउं।

हो+अ=होइतु, होएतुं, होतु। होइउं, होएउं, होउं।

नियम ६६ [क्त्वा-तुम्-तव्येषु घेत् ४।२१०] क्त्वा, तुम् और तव्य प्रत्यय परे होने पर ग्रह् धातु को घेत् आदेश होता है। घेत्तु (ग्रहीतु) ग्रहण करने के लिए।

नियम ६७ [वचो वोत् ४।२११] क्त्वा, तुम् और तव्य प्रत्यय परे होने पर वच् धातु को वोत् आदेश होता है। वोत्तु (वक्तुं) बोलने के लिए।

नियम ६८ [रुदभुजमुचां तोन्त्यस्य ४।२१२] क्त्वा, तुम् और तव्य प्रत्यय परे होने पर रुद्, भुज् तथा मुच् धातुओं के अन्त्य को त आदेश होता है।

रुद्— रोत्तु (रोने के लिए)। भुज्—भोत्तु (खाने के लिए)

मुच्—मोत्तु (छोडने के लिए)

नियम ६९ [दृशस्तेन ट्ठः ४।२१३] दृश् धातु के अन्त्य को तु के तकार सहित ट्ठ आदेश होता है। दृश्—दट्ठु (देखने के लिए)

नियम ७० [आ कृगो भूत भविष्यतोश्च ४।२१४] कृ धातु के अंत को आ आदेश होता है, भूत और भविष्य काल में तथा क्त्वा, तुम् और तव्य प्रत्यय परे हो तो। काउं (करने के लिए)

प्रेरक [णिन्नन्त] हेत्वर्थ कृदन्त के रूप बनाने का नियम—णिन्नन्त की धातु के जो रूप बनते हैं (देखो—पाठ ९२, ९३, ९४)। उनके आगे तुं (उं) या त्तए प्रत्यय लगाने से हेत्वर्थ कृदन्त के रूप बनते हैं।

भणावितु, भणाविउं, भणावित्तए—पढाने के लिए।

प्रयोग वाक्य

परोप्पर पेम्मेण ठाअव्व। सव्वेसिं जणाण कल्लाण होउ। सत्थचक्खु अन्तरेण मणुओ अंधो अत्थि। मो जोइसिअस्स पासे पण्हं पुच्छिउं गच्छउ। तुज्झ कज्ज अज्ज को काउं इच्छइ? जो पट्ठ जपइ सो जीवणववहारे पियो न लग्गइ। तुमए एगते भासणाय पयण्णो कायव्वो। अहं मुविणम्मि एग सिंघ पासिसु। सव्वेहिं णियसत्तीए कज्ज कायव्वं। मिज्जंसेण एगवरिस-पेरतो एगंतरोववासो कओ। धम्मनहाए नव्वजाइजणा आगच्छति।)

धातु प्रयोग

- तुम्हाणं गिहे खादिउ अन्नमवि नत्थि । एगं पदमवि गमित्तए नत्थि मे सत्ती । मगलकाले को रोविउं लग्गो । इमो कालो जग्गिउ अत्थि । नाय समयो परोप्पर विवदित्तए । अहुणा तुमं किं काउं इच्छसि त्ति पट्ठु कह ? मुणिणा जणाण कल्लाणं काउं पयण्णो कयो । साहू आयरिय अणुणेउं गओ । मो सुमिणस्स अट्ठ वेत्तु मुविणसत्थपाढयस्स घर गओ । अवसरो अत्थि अप्पाण पयासिउ । सो अवमाण अवलोइउ न सक्कइ । इम कज्ज तुए विणा को अण्णो काउ सक्कइ ।

अव्यय प्रयोग

सो मग्गतो कहं गच्छइ ? सा सज्ज जपइ । अप्पा पेच्च गच्छइ । सो सिय महुरो सिय रुक्खो य अत्थि । मणय भोयणं न हाणिअर भवइ । सो अत्थ मुहु कह आगच्छइ ? तुज्झ तत्थ गमण मोरउल्ला अत्थि ।

प्राकृत में अनुवाद करो

यह समय विवाद करने के लिए नही है । आचार्य तुलसी ने महिलाओ को जगाने के लिए प्रयत्न किया । मगलसेन की एक शब्द भी बोलने की शक्ति नही है । यह समय काम करने के लिए है । इस समय आप क्या खाना चाहते हैं ? श्रेयास गुरु को प्रार्थना करने के लिए गया है । प्रभा प्रथम आने के लिए पढने का प्रयत्न करती है । उनको लेकर श्रेयास गाने के लिए सभा मे गया । दूसरे गाव जाने के समय रोना उचित नही है । अरुणा ने जगाने के लिए प्रयास किया । शास्त्र को जानने वाला कल्याण का कार्य करता है । तुम्हारे बिना लिखने का कार्य कोई दूसरा नही कर सकता । कुसुम अपमान को सह नही सकता । वह विवाद के लिए दूसरे गाव जाता है । परस्पर प्रेम पूर्वक रहना चाहिए । तुम्हारा कल्याण हो । हमारे धर्मशास्त्र जिनप्रणीत हैं । इस प्रश्न का उत्तर जैन विद्या जानने वालो से मागो । अपना कार्य स्वय करो । राष्ट्र भाषा किनको प्रिय नही लगती है । उसको बोध देने के लिए तुझे प्रयत्न करना चाहिए । उसे स्वप्न मे बुरे विचार आते हैं । सबके पास स्मरण शक्ति है । प्रेमलता स्पष्ट बोलती है । उसकी सभा मे पाच सौ तियासी आदमी थे ।

अव्यय का प्रयोग करो

थोटा पढा लिखा भयकर होता है । व्यर्थ मे किसी के साथ विवाद मत करो । पीछे से वह तुम्हारी निंदा करता है । परलोक मे जीव कर्म सहित जाता है । उसको पढने के लिए बार-बार मत कहो । कथंचित् आत्मा नित्य है । प्रश्न का उत्तर शीघ्र दो । अवधान मे प्रश्न का उत्तर शीघ्र कौन देता है ?

प्रश्न

१ स्त्रीलिंग मे जा, सा, अमु, इमा, और एआ शब्द के रूप लिखो ।
२ तुम् प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे कौन से प्रत्यय आते है ?
३ तुम् प्रत्यय के रूप बनाने के लिए किस नियम का ध्यान रखना चाहिए ?
४ तुम् प्रत्यय किस अर्थ मे प्रयोग होता है ?
५ तुम् प्रत्यय परे होने पर किन धातुओ को क्या-क्या आदेश होता है ?
६ प्रेरक (णिजन्त) धातुओ के तुम् प्रत्यय के रूप कैसे बनाए जाते है ? किन्ही चार धातुओ के रूप बनाओ ।
७ नीचे लिखे शब्दो के अर्थ लिखो—परोप्पर, कल्लाण, सत्ती, पयण्णो, पट्ठ, सत्य, पाढयो, सुविणो ।
८ पीछे से, कथचित्, थोडा, व्यर्थ, शीघ्र, वार वार और परलोक मे—इन अर्थो मे कौन से अव्यय है ?

सम्बन्धभूत कृदन्त
(क्त्वा प्रत्यय)

शब्द संग्रह (पत्रालय वर्ग)

पत्र—पत्त
मनीआर्डर—धणाएसो (म)
पत्रपेटी, लेटरबक्स—पत्ताही (पु) (स)
पार्सल—पासलो (स)
पोस्टआफिस—पत्तालयो (म)
रजिष्ट्री—पजिआ (स)
प्रमुख डाकघर—पमुहपत्तालयो (स)
पोस्टमास्टर—पत्तालयाहिअक्खो (म)
तार—तुरिअसूअओ (स)
जनरलपोस्टमास्टर—पत्तालयाहीसो (सं)
तारघर—तुरिअसूअणालयो (स)
डाकिया—पत्तवाहओ
लिफाफा—आवेट्ठण (स)

धातु संग्रह

पासिऊण—देखकर
गच्छिऊण—जाकर
इच्छिऊण—इच्छाकर
सुणिऊण—सुनकर
पुच्छिऊण—पूछकर
भुंजिऊण—भोजनकर
झाऊण—ध्यानकर
सयिऊण—सोकर
जाणिऊण—जानकर
सेविऊण—सेवाकर
हसिऊण—हसकर
ठाऊण—ठहरकर
दाऊण—देकर
गिण्हिऊण—ग्रहणकर
णमिऊण—नमनकर
कहिऊण—कहकर
पाऊण—पाकर
लिहिऊण—लिखकर

अव्यय संग्रह

वीसु (विष्वक्)—सब ओर मे
णिच्चं, निच्च (नित्य)—नित्य
तहा, तह (तथा)—वैसे, उस प्रकार मे
णोचेअ (नो एव)—नही तो
अत्थ (अस्त)—अन्त होना, छिपना
अत्थु (अस्तु)—हो

ज, त, क, एअ, इम, अमु शब्द नपुंसक लिंग में याद करो। देखो—परिशिष्ट १ संख्या ४४ ग, ४५ ग, ४६ ग, ४८ ग, ४७ ग, ४६ ग)

क्त्वा प्रत्यय

जब कर्ता एक कार्य पूर्ण करके दूसरा कार्य करता है तो पहले किए गए कार्य के लिए सबंधभूत कृदन्त (क्त्वा प्रत्यय) का प्रयोग किया जाता

है। क्त्वा प्रत्यय प्रत्येक धातु से होता है। यह पूर्वकालिक अर्ध क्रिया है। इसके साथ दूसरी क्रिया का होना आवश्यक है। वाक्य मे क्रिया के साथ कर्म आता है वैसे ही इस अर्धक्रिया का भी कर्म आता है।

नियम ७१ (क्त्वस्तुम तूण तुआणाः २।१४६) सस्कृत के क्त्वा प्रत्यय और क्त्वा के स्थान पर यप् (ल्यप्) प्रत्यय को प्राकृत मे तु, अत् (अ), तूण और तुआण ये चार प्रत्यय होते हैं। पूर्ववर्ती नियम के अनुसार तु, तूण, और तुआण प्रत्ययो के योग मे पूर्ववर्ती अ को ए तथा इ विकल्प से होता है। इत्ता, इत्ताण, आय तथा आए—ये चार प्रत्यय क्त्वा के स्थान पर अर्धमागधी मे और मिलते है। तुआण प्रत्यय भी अर्धमागधी मे मिलता है।

नियम ७२ (क्त्वा स्यादेर्ण स्वोर्वा १।२७) तूण, तुआण और इत्ताण प्रत्ययो के 'ण' शब्द के ऊपर अनुस्वार विकल्प से होता है।

तुं [उं] प्रत्यय—हस्—हसितु, हसेतु, हसिउ, हसेउ (हसित्वा) हसकर
हो—होतु, होइतु, होएतु, होउ, होइउ, होएउ (भूत्वा) होकर

तूण [ऊण] प्रत्यय—हस्—हसितूण, हसेतूण। हसिऊण हसेऊण। हसितूण हसेतूण। हसिऊण, हसेऊण।
हो—होइतूण, होइतूण। होएतूण, होएतूण। होतूण, होतूण। होइऊण, होइऊण। होएऊण, होएऊण। होऊण, होऊण।

तुआण [उआण] प्रत्यय—हसितुआण, हसितुआण। हसेतुआण, हसेतुआण। हसिउआण, हसिउआण। हसेउआण, हसेउआण।
हो – होतुआण, होतुआण। होउआण, होउआणं। होइतुआण, होइतुआण। होइउआण, होइउआण। होएतुआण, होएतुआण। होएउआण, होएउआण।

अ प्रत्यय—हसिअ, हसेउ। हो—होइअ, होएअ, होअ।
इत्ता प्रत्यय—हसित्ता, हसेत्ता। कृ—करित्ता, करेत्ता, (कृत्वा) करकर।
इत्ताण प्रत्यय—हसित्ताण, हसेत्ताण, हसित्ताण, हसेत्ताण। करित्ताण, करेत्ताण, करित्ताण, करेत्ताणं, (कृत्वा) करकर।
आय प्रत्यय—गह्—गहाय (गृहीत्वा) ग्रहणकर।
आए प्रत्यय—आया—आयाए (आदाय) लेकरके। सपेहाए (सप्रेक्ष्य) अच्छी तरह देखकर।

ऊपर हस् धातु और हो धातु के क्त्वा प्रत्यय के रूप दिए गए हैं। व्यजनान्त धातुओ के हस् धातु की तरह और स्वरान्त धातुओ के हो धातु की तरह रूप चलते हैं।

पिछले पाठ मे तुम् प्रत्यय के लिए जो नियम दिए गए हैं, वे क्त्वा प्रत्यय के लिए भी हैं, इसलिए उनके नियमों को न दुहराकर कुछेक धातुओ

के केवल रूप दिए जा रहे हैं।

काउं, कातूण, काऊण, कातूणं, काऊणं, कातुआण, काउआण, कातुआणं, काउआणं, कट्टु (कृत्वा) करके।
घेत्तु, घेत्तूण, घेत्तूणं, घेत्तुआण, घेत्तुआणं (गृहीत्वा) ग्रहणकर।
दट्ठु, दट्ठु, दट्ठूण, दट्ठूणं, दट्ठुआण, दट्ठुआण, (दृष्ट्वा) देखकर।
भोत्तु, भोत्तूण, भोत्तूण, भोत्तुआण, भोत्तुआण, (भुक्त्वा) खाकर।
मोत्तु, मोत्तूण, मोत्तूण, मोतुआण, मोत्तुआण, (मुक्त्वा) छोडकर।
रोत्तु, रोत्तूण, रोत्तूण, रोत्तुआण, रोत्तुआण (रुदित्वा) रोकर।
वोत्तु, वोत्तूण, वोत्तूण, वोत्तुआण, वोत्तुआणं (उक्त्वा) बोलकर।

संस्कृत रूपों के आधार पर प्राकृत मे उपलब्ध क्त्वा प्रत्यय के रूप—

आयाय (आदाय) ग्रहण करके।
किच्चा, किच्चाण (कृत्वा) करके।
नच्चा, नच्चाण (ज्ञात्वा) जानकर,
बुज्झा (बुद्ध्वा) जानकर,
मत्ता, मच्चा (मत्वा) मानकर,
विप्पजहाय (विप्रजहाय) त्यागकर,
सुत्ता (सुप्त्वा) सोकर
साहट्टु (संहृत्य) संहारकर
आहट्टु (आहृत्य) आहारकर
चिच्चा, चेच्चा, चइत्ता (त्यक्त्वा) छोडकर
पिहाय (पिधाय) ढाककर
अभिभूय (अभिभूय) अभिभवकर,

शेष— व्याख्यान (वक्खाण)। व्याघ्रः (वग्घो)। मूर्छा (मुच्छा)। निर्झरः (निज्झरो)। कष्ट (कट्ठ)। तीर्थं (तित्थं)। निर्धनः (निद्धणो)। निर्भरः (निब्भरो)। गुल्फं (गुप्फं)।

आदेश— यक्ष (जक्खो)। अक्षि (अच्छी)। मध्य (मज्झ) पृष्ठम् (पट्ठी)। वृद्धः (वुड्ढो)। हस्तः (हत्थो)। आश्लिष्ट (आलिद्धो)। पुष्पम् (पुप्फं)। विह्वलः (भिब्भलो)।

(दीर्घे वा २।९१) नियम ३३१ से दीर्घ शब्द में शेष घ को ग विकल्प से होता है। दीर्घ (दिग्घो, दीहो)।

नियम ४२३ (समासे वा २।९७) शेष और आदेश वर्ण समास में द्वित्व विकल्प से होते हैं। नदीग्रामः (नइग्गामो, नइगामो)। देवस्तुति (देवत्थुई, देवथुई)। बहुलाधिकार से शेष और आदेश के बिना भी होता है— सपिपासः (सप्पिवासो, सपिवासो)। प्रतिकूलं (पडिक्कूलं, पडिकूलं)। अदर्शनम् (अद्दंसणं, अदंसणं)।

नियम ४२४ (सेवादौ वा २।९९) सेवा आदि शब्दों में अनादि यथादर्शन अन्त्य और अनन्त्य वर्ण द्वित्व विकल्प से होता है।

अन्त्यस्य— सेवा (सेव्वा, सेवा)। नीडम् (नेड्डं, नीडं)। नखाः (नक्खा, नहा)। निहित (निहित्तो, निहिओ)। व्याहृत (वाहित्तो, वाहिओ)। मृदुकं (माउक्कं, माउअं)। एकः (एक्को, एओ)। कुतूहलं (कोउहल्लं, कोउहलं)। व्याकुलः (वाउल्लो, वाउलो)। स्थूल (थुल्लो, थोरो)। हूतं, हुतं (हुत्त, हुअं)। दैवम् (दइव्वं, दइवं)। तूष्णीकः (तुण्हिक्को, तुण्हिओ)। मूकः (मुक्को मूओ)। स्थाणु (खण्णू, थाणू)। स्त्यानं (थिण्णं, थीणं)।

अनन्त्यस्य— अस्मदीयम् (अम्हक्केरं, अम्हकेरं)। चेअ (तं च्चेअ, तं चेअ)
चिअ (सो च्चिअ, सो चिअ)।

नियम ४२५ (न दीर्घानुस्वारात् २।९२) लाक्षणिक (कृत) अलाक्षणिक (अकृत) दीर्घस्वर और अनुस्वार से परे शेष और आदेश वर्ण द्वित्व

नही होता।

कृत दीर्घ—नि श्वास. (नीसासो)। स्पर्श. (फासो)।

अकृत दीर्घ—पार्श्वम् (पासं)। शीर्षम् (सीस)। ईश्वरः (ईसरो)। द्वेष्यः (वेसो)।

कृत अनुस्वार—त्र्यस्रम् (तंस)।

अकृत अनुस्वार—सन्ध्या (संझा)। विन्ध्य (विंझो)।

नियम ४२६ (र-होः २।६३) रकार और हकार द्वित्व नही होते। रकार शेष नही रहता।

आदेश र—सौन्दर्यम् (सुन्देर)। ब्रह्मचर्यम् (वम्हचेर)।

शेष—ह—विह्वलः (विहलो)

आदेश ह—कार्षापण (कहावणो)।

नियम ४२७ (धृष्टद्युम्ने ण· २।६४) धृष्टद्युम्न शब्द मे आदेश ण को द्वित्व नही होता। धृष्टद्युम्न· (धट्ठज्जुणो)

नियम ४२८ (कर्णिकारे वा २।६५) कर्णिकार शब्द में शेष ण द्वित्व विकल्प से होता है। कर्णिकार (कणिआरो, कण्णिआरो)।

नियम ४२६ (दृप्ते २।६६) दृप्त शब्द मे शेष वर्ण द्वित्व नही होता। दृप्त (दरिओ)। दरिअ सीहेण (दृप्तसिहेन)

प्रयोग वाक्य

माअरा पुत्तस्स चविड देइ। सो काणच्छीअ इत्थि पासइ। जो मइर (सुर) पिवइ तस्स पडणं ध्रुव। साहूण सागयं चरित्तस्स भवइ न उ वत्तीए (व्यक्ति)। एअं कोसेयं महग्घ अत्थि। माणुमजम्मो आगमे महग्घविओ कहिओ। काराए को गच्छइ? कितवो टेंटाए जूअं खेलइ। गजीवेण इंदिरा-चियगाए अग्गी दिण्णो। तुज्झ कज्ज सग्घं अत्थि। भोयणस्स पच्छा णवोद्धरणं न मोत्तव्व। जो सच्छदो (अणहट्टयो) होइ सो अणुमानणस्स महत्तं न जाणइ।

धातु प्रयोग

सेहो साहू संतसुहारसं घोट्टइ। चकमतस्स महावीरस्स दसणट्ठं जणा आगआ। जो सइ सुरं चक्खइ सो तस्स वसीभूओ भवइ। महावीरस्स दंसणं करित्ताण सो तूसइ। तवेण तवस्सी कम्मरयाइं धुव्वइ। सेवओ नामि पइदिवस चपइ। अमुणा मंद्धि को चपइ? माहू खवअसेणि चंपइ। मा माविया दिणे सइ जेमइ। माली पुप्फाइ चिणइ। सो निन्दाए न जम्मइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

वाद-विवाद में एक लड़के ने दूसरे को थप्पड़ मारा। सीता ने कटाक्ष दृष्टि से अपने पति को देखा। मदिरा के कारण उसका घर नष्ट हो गया। नगरवासी आपका स्वागत करते हैं। संसार में बहुमूल्य वस्तु क्या है? धर्मग्रन्थों में दुर्लभ वस्तु किसको कहा है? जुआखाने में वह कौन जा रहा है? जेल भर गया है, उसमें अब स्थान नहीं है। उसकी चिता में किसने आग लगाई? प्रेक्षाध्यान का कार्य देशभर में प्रशंसनीय है। भोजन को जूठा कभी मत छोड़ो। यह लड़का बचपन में ही स्वच्छंद रहा है।

धातु प्रयोग करो

विनोद अध्यात्मोपनिषद् को पीना चाहता है। भगवान महावीर राजगृह के पास के गांवों में घूम रहे हैं। वह इक्षुरस का स्वाद लेना चाहता है। भगवान की वाणी सुनकर सब संतुष्ट हो गए। तुम्हारी प्रचंड ध्वनि ने वायुमंडल को कंपित कर दिया। सुदर्शन पैर दबाना नहीं चाहता है। राजकरण चर्चा करने के लिए हर समय तैयार रहता है। वह पहाड़ पर चढ़ता है। आज कौन नहीं जीमेगा? हीरालाल मूषों के प्रमाण इकट्ठा कर रहा है। सरला रात को नहीं जीमती है।

प्रश्न

१. शेष और आदेश किसे कहते हैं? प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दो।
२. कौनसा वर्ण द्वित्व होता है? नियम सहित बताओ।
३ कौन से नियम विकल्प से द्वित्व करते हैं और कौन से निषेध करते हैं? प्रत्येक नियम का एक-एक उदाहरण दो।
४ समास में वर्ण द्वित्व होता है या नहीं? होता है तो कौनसा पद?
५. तमाचा, कटाक्ष, मदिरा, स्वागत, बहुमूल्य, दुर्लभ, जेल, चिता, जूठा, स्वच्छंदी और प्रशंसनीय अर्थ के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
६. घोट्ट, चक्ख, घुव्व, चप, चिण, चकम और जम्म धातुओं के अर्थ बताओ और उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।

५२ स्वर सहित व्यंजनों का लोप

शब्द संग्रह (काल वर्ग १)

मुहूर्त—मुहुत्त	काल का सूक्ष्म भाग—समयो
दिन—दिवसो, दिवहो	रात्रि—रत्ती, राई, निसा
मास—मासो	पक्ष—पक्खो
प्रात काल—पगे, उसावेला	मध्यदिन—मज्झण्हो
सध्या—सझा	पूर्व दिन—पुव्वण्हो
घटी—घडी	ऋतु—उउ (त्रि)

० ० ० ०

रूपया—रूवग, रूवगो।

धातु संग्रह

घरिस—क्षुब्ध करना, विचलित करना	कुह—सडना
विज्ज—विद्यमान होना	बाह—बाधा करना, रोकना
सिज्ज—स्वेद का आना, पसीजना	सव—शाप देना, गाली देना
विज्झ—बीधना	मज्ज—मद्य करना, अभिमान करना

नियम ४३० (व्याकरण-प्राकारागते कगोः १।२६८) व्याकरण और प्राकार शब्दो मे क का और आगत शब्द मे ग का लुक् विकल्प से होता है।

क>लोप—व्याकरणम् (वारण, वायरण)

का 7 लोप—प्राकार (पारो, पायारो)

ग 7 लोप—आगतः (आओ, आगओ)

नियम ४३१ (लुग् भाजन-दनुज-राजकुले जः सस्वरस्य न वा १।२६७) भाजन, दनुज, राजकुल शब्दो के स्वर सहित ज का लोप विकल्प से होता है।

ज 7 लोप—भाजनम् (भाण, भायण)। दनुज (दणु, दणुअ)। राजकुलम् (राउल, रायउल)।

नियम ४३२ (दुर्गादेव्युदुम्बर-पादपतन-पादपीठन्तर्दः १।२७०) दुर्गादेवी, उदुम्वर, पादपतन और पादपीठ शब्दो के मध्य मे होने वाले सस्वर द का लुक् विकल्प से होता है।

द 7 लोप—पादपतनम् (पावडण, पायवडण)

द 7 लोप—पादपीठम् (पावीढ, पायवीढ)

दु 7 लोप—उदुम्बरः (उम्बरो, उउम्बरो)
दे 7 लोप—दुर्गादेवी (दुग्गा-वी, दुग्गाएवी)

नियम ४३३ (किसलय-कालायस-हृदये यः १।२६९) किसलय कालायस और हृदय शब्दों के सस्वर यकार का लुक् विकल्प से होता है।

य 7 लोप—किसलयम् (किसलं, किसलयं) कालायसम् (कालासं, कालायसं) हृदयम् (हिअं, हिअयं)

नियम ४३४ (यावत्तावज्जीवितावर्तमानावट-प्रावारक देवकुलैवमेवे वः १।२७१) यावत् आदि शब्दों में सस्वर वकार का लुक् विकल्प से होता है।

व 7 लोप—अवटः (अडो, अवडो) आवर्तमानः (अत्तमाणो, आवत्तमाणो) एवमेव (एमेव, एवमेव) तावत् (ता, ताव) देवकुलम् (देउलं, देवउलं) प्रावारकः (पारओ, पावरओ) यावत् (जा, जाव)
वि 7 लोप—जीवितम् (जीअं, जीविअं)

प्रयोग वाक्य

सामाइयस्स समयो एगो मुहुत्तो भवइ। समयो कालस्स सुहुमो भागो अत्थि, तस्स विभागो न भवइ। आयरिआ अत्थ पंचदिवसा ठास्संति। अज्ज दिवहस्स अवेक्खा रत्ती पलंबा अत्थि। पक्खत्तमासे सत्तवीसा नक्खत्ता होंति। मज्झ जम्मो सुक्कपक्खे जाओ। उसावेलाइ न सोअणिज्जं। मज्झण्हे सुत्तस्स सज्झायं भवइ। संझा पडिक्कमणं कायव्वं। किं सोमवारे तुमं पुव्वण्हे भोयणं भजसि?

धातु प्रयोग

दमिइंदियाण रागसत्तू चित्तं न धरिसेइ। तुज्झ पासे मइनाणं विज्जइ। गिम्हउउम्मि मुणी विहारसमये सिज्जइ। सूई सरीरं विज्झइ। घरे फलाइं को वि न खाअइ अओ ठिआइं फलाइं कुहेंति। तुज्झ असुद्धं उच्चारणं मम्मं बाधइ। संजमी साहू क्याइ न सवइ। सो सुवस्से मज्जइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

वह एक मुहूर्त के लिए सामायिक करता है। एक शब्द बोलने में काल का सूक्ष्म भाग कितना लगता है? वह दिन में नहीं सोता है। क्या तुम रात्रि में प्रतिदिन स्वाध्याय करते हो? चैत्र का महिना सबसे अच्छा लगता है। कृष्ण पक्ष में भी चंद्रमा का प्रकाश रहता है। प्रातःकाल वह गुरुदर्शन को आता है। क्या तुम मध्याह्न में भोजन करते हो? संध्या के समय स्वाध्याय करनी चाहिए। दिन के पूर्वभाग में वह भोजन करता है।

धातु का प्रयोग करो

राग से हर आदमी विचलित हो जाता है। रुपयों के प्रलोभन से

वडे-वड़े विचलित हो जाते हैं। इस गाव मे तीन सौ आदमी रहते है। जिसके शरीर मे वल होता है उसको पसीना वहुत आता है। तुम्हारा कटु व्यवहार हृदय को वीधता है। सरकार के सग्रहालय (सगहालय) मे पडा अनाज सड रहा है। तुम्हारे कथन मे मुझे कोई वाधा नही है'। असाधु शाप देता है वह फलित नही होता। धन और रूप पर अभिमान नही करना चाहिए।

प्रश्न

१ किन-किन व्यजनो का स्वर सहित लोप होता है ?

२. नीचे लिखे शब्दो मे बताओ किस व्यजन का स्वर सहित लोप होकर क्या रूप बनता है और किस नियम से ?
 व्याकरण, राजकुल, दुर्गादेवी, पादपीठ, हृदय, कालायस, जीवित, प्रावारक।

३. मुहूर्त, दिवस, मध्यदिन, सध्या, घटी, रात्रि, पूर्व दिन, ऋतु और प्रात काल के लिए प्राकृत के शब्द बताओ।

४ घरिस, सिज्ज, विज्झ, कुह, वाह, सव और मज्ज धातुओ के अर्थ बताओ और उन्हें वाक्य मे प्रयोग करो।

५ पोप्फल, णारिएलो, णिकायगो, पिआलो, णिंबो, वब्बूलो, टेंटा, काणच्छि, सच्छदो शब्दो को वाक्य मे प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अर्थ बताओ।

५३ सस्वर व्यंजन आदेश

शब्द संग्रह (काल वर्ग २)

वर्तमानकाल—पडिपुन्नं
अतीतकाल—अईओ
भविष्यकाल—अणागय
युग—जुगो
वर्ष—वरिसो, सवच्छरो
वसंत—वसतो
ग्रीष्म—गिम्हो
वर्षा—वरिसा
शरद्—सरयो
हेमंत—हेमंतो
शिशिर—सिसिरो

० ० ० ०

कल्पना—कप्पणा
लहर—उम्मि (स्त्री)

धातु संग्रह

णिज्झ स्नेह करना
तणुअ—पतला होना
तडप्फड—तडफडाना
तज्ज—डाटना
ताड—ताडना, पीटना
तण—विस्तार करना
तुड—टूटना, अलग होना
तोल—तोलना
पकर—कार्य का प्रारभ करना
तक्क—तर्क करना

स्वर+सस्वरव्यंजन आदेश—

स्वर+व्यंजन युक्त स्वर=स्वर और उससे आगे स्वर सहित व्यंजन। इन तीनो को जो एक आदेश होता है उसे स्वर और सस्वर व्यंजन आदेश कहते है।

नियम ४३५ (एत्त्रयोदशादौ स्वरस्य सस्वरव्यञ्जनेन १।१६५) त्रयोदश इस प्रकार के संख्या शब्दो मे आदि स्वर और उसके आगे व्यंजन सहित स्वर को एकार आदेश होता है। त्रयोदश (तेरह) त्रिविंशतिः (तेवीसा) त्रिंत्रिंशत् (तेत्तीसा)।

नियम ४३६ (स्थविर-विचकिलायस्कारे १।१६६) स्थविर, विचकिल और अयस्कार शब्दो के आदि स्वर और उसके आगे स्वर सहित व्यंजन को एकार आदेश होता है। स्थविरः (थेरो) विचकिलम् (वेइल्लं) अयस्कारः (एक्कारो)।

नियम ४३७ (वा कदले १।१६७) कदल शब्द के आदि स्वर और

उसके आगे स्वर सहित व्यञ्जन को एकार विकल्प से होता है। कदलम् (केलं, कयल)। कदली (केली, कयली)।

नियम ४३८ (वेत कर्णिकारे १।१६८) कर्णिकार शब्द मे आदि स्वर और उससे आगे स्वर सहित व्यञ्जन को ए विकल्प से होता है। कर्णिकार. (कण्णेरो, कण्णिआरो)।

नियम ४३९ (अयौ वैत् १।१६९) अयि शब्द के आदि स्वर और उससे आगे के स्वर सहित व्यजन को ए आदेश होता है। अयि(ए)।

नियम ४४० (ओत्पूतर-बदर-नवमालिका-नवफालिका-पूगफले १।१७०) पूतर, वदर, नवमालिका, नवफालिका और पूगफल शब्दो के आदि स्वर और उससे आगे के स्वर सहित व्यंजन को ओ आदेश होता है। पूतर: (पोरो) वदरम् (वोर) वदरी (वोरी) नवमालिका (नोमालिआ) नवफालिका (नोहलिआ) पूगफलम् (पोप्फल)।

नियम ४४१ (न वा मयूख-लवण-चतुर्गुण-चतुर्थ-चतुर्दश-चतुर्वार-सुकुमार-कुतूहलोदूखलोलूखले १।१७१) मयूख, लवण, चतुर्गुण, चतुर्थ, चतुर्दश, चतुर्वार, सुकुमार, कुतूहल, उदूखल और उलूखल शब्दों के आदि स्वर और उसके आगे सस्वर व्यञ्जन को ओकार आदेश विकल्प से होता है। मयूख: (मोहो, मऊहो) लवणम् (लोण) चतुर्गुण. (चोग्गुणो चउग्गुणो) चतुर्थ: (चोत्थो, चउत्थो) चतुर्दश (चोद्दह, चउद्दह) चतुर्दशी (चोद्दसी, चउद्दसी)। चतुर्वार: (चोव्वारो, चउव्वारो) सुकुमार (सोमालो, सुकुमालो) कुतूहलम् (कोहल, कोउहल्ल) उदूखल (ओहलो, उऊहलो) उलूखलम् (ओक्खल, उलूहलं)।

नियम ४४२ (अवापोते १।१७२) अव और अप उपसर्ग तथा विकल्प अर्थ मे निपात उत शब्द के आदि स्वर और उससे आगे स्वर सहित व्यञ्जन को ओ विकल्प से होता है।

अव—अवतरति (ओअरइ, अवयरइ)। अवकाश (ओआसो, अवयासो)।

अप—अपसरति (ओसरइ, अवसरइ)।

उत—उत वनम् (ओ वणं, उअवणं)। उत घन. (ओ घणो, उअ घणो)।

नियम ४४३ (ऊच्चोपे १।१७३) उप शब्द के आदि स्वर तथा उससे आगे सस्वर व्यंजन को ऊ और ओ आदेश विकल्प से होता है। उपहसितम् (ऊहसिअ, ओहसिअ, उवहसिअं) उपाध्याय: (ऊज्झाओ, ओज्झाओ, उवज्झाओ) उपवास. (ऊआसो, ओआसो, उववासो)।

नियम ४४४ (उमो-निषण्णे १।१७४) निषण्ण शब्द के आदि स्वर तथा उससे आगे स्वर सहित व्यञ्जन को उम आदेश विकल्प से होता है। निषण्ण: (णुमण्णो, णिसण्णो)।

नियम ४४५ (प्रावरणे अङ्ग्वाऊ १।१७५) प्रावरण शब्द के आदि

स्वर तथा उससे आगे सस्वर व्यञ्जन को अङ्कु और आउ विकल्प से आदेश होते हैं। प्रावरणम् (पङ्कु रण, पाउरणं, पावरणं)।

प्रयोग वाक्य

पडिपुन्न अहं अप्पाणं सवरेमि। सो अईयस्स समरणं न करेइ। प्राणे अणागयस्स कप्पणा न काअव्वा। पचवरिसेहि एगो जुगो भवइ। वसंतम्मि रुक्खस्स नव्वपत्ताइं पुप्फाइं य णिक्कसंति। अहं गिम्हकाले आयवं अहिय अणुभवामि। अस्य पएसे वरिसस्स फल वरिसाए अवरि निब्भर अत्थि। नरयम्मि आयवस्स सीयस्स य संगमो भवइ। हेमंतम्मि जणा ओण्णियाइ वत्थाइं परिहाति। सिसिरे सीउम्मीआ सरीरो धुणइ। सो वक्खाणस्स अब्भासं पकरइ।

धातु प्रयोग

पिआ पोत्त णिज्जइ। सम्मज्जओ सूअर तडप्फडइ। गुरू सीस ताडेइ। कडुवयणेण सवंधो तुडइ। उवसमेण कोहो तणुअइ। सासू पुत्तवहुं तज्जइ। निवो सुवरज्ज तणिउं इच्छइ। सोवण्णिओ सुवण्णं तोलइ। जो परिवारे ववहारे तक्कइ तस्स संबंधो खिप्प तुडइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

वर्तमान काल को सफल करो। केवल अतीत के गुण मत गाओ। भविष्य के लिए विकास की योजना बनाओ। युग परिवर्तनशील होता है। इस वर्ष मे तुम्हे कितना लाभ हुआ? वसत ऋतु मन को प्रिय लगती है। ग्रीष्म मे प्यास अधिक लगती है। वर्षा ऋतु मे साधु एक स्थान पर रहते हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि मे हम सूक्ष्म अक्षर पढते हैं। हेमंत ऋतु मे मरुभूमि की पदयात्रा कष्टप्रद होती है। वह अपने विभाग का कार्य कब प्रारम्भ करेगा?

धातु का प्रयोग करो

तुम किससे स्नेह करते हो? किसी प्राणी को तडफडाना बहुत बुरा है। राजपुरुष चोर को पीटते हैं। वृक्ष की डाली हवा से टूट गई। अधिक कम खाने से शरीर पतला होता है। सेठ नौकर को डाटता है। धर्म का विस्तार करना चाहिए। वह अपने को तोलता है। तुम बात-बात मे तर्क करते हो।

प्रश्न

१. स्वर और सस्वर व्यजन किसे कहते है और उसको क्या आदेश होता है?
२. किन-किन नियमों से स्वर और सस्वर व्यञ्जनो को एकार आदेश

होता है ?

३. ओकार, उकार और उम आदेश किन नियम से होता है ?

४ नीचे लिखे शब्द किस आदेश से बने हैं ? वेइल्ल, एक्कारो, पोप्फलं, पोरो, ओहलो, उमवण, उज्झाओ, णुमण्णो, पाउरणं ।

५ ग्रीष्म, वर्षा, शरद्, शिशिर, वसंत, हेमंत, वर्ष, युग, वर्तमानकाल, अतीतकाल और भविष्यकाल के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।

६. णिज्झ, तडप्फड, तणुअ, तज्ज, ताड, तुड, तण और तोल धातुओ के अर्थ बताओ और उन्हे अपने वाक्य मे प्रयोग करो ।

शब्द संग्रह (पक्षी वर्ग १)

कौआ—काओ, वायसो	कोयल—कोइलो, परहुतो कोइला
चील—चिल्ला	गीध—गिद्धो
कबूतर—कवोओ	बगुला—बयो, बगो
सुआ—सुओ, कीरो	बगुली—बगी
चकोर—चकोरो	मैना—सारिआ
आडी—आडी (स्त्री)	
चोंच—चंचू (स्त्री)	पिंजडा—पंजर, पिंजरं

धातु संग्रह

तलहट्ट—सींचना	थक्कव—रखना, स्थापना करना
तुर—जल्दी करना	थण—गर्जना
थंग—उन्नत करना, ऊंचा करना	थब्भ—अहंकार करना
थंभ—स्थिर होना, रुकना	थय—आच्छादन करना
विकिर—फेंकना, बिखेरना	थरथर—थरथर कांपना

वर्ण परिवर्तन (व्यत्यय)

शब्द में एक वर्ण का परस्पर स्थान परिवर्तन होता है उसे विपर्यास या व्यत्यय कहते हैं।

नियम ४४६ (करेणु-वाराणस्योः र-णो र्व्यत्ययः २।११६) स्त्रीलिंगी करेणु और वाराणसी शब्दों में र और ण का परस्पर व्यत्यय हो जाता है। करेणु—कणेरू। वाराणसी—वाणारसी।

नियम ४४७ (अचलपुरे च-लोः २।११८) अचलपुर शब्द में च और ल का व्यत्यय होता है। अचलपुर(अलचपुरं)

नियम ४४८ (ह्रदे ह्दोः २।१२०) ह्रद शब्द के हकार और दकार का व्यत्यय होता है। ह्रद. (द्रहो)। आर्ष—हरए। धम्मेहरए।

नियम ४४९ (हरिताले रलोर्न वा २।१२१) हरिताल शब्द में र और ल का व्यत्यय विकल्प से होता है। हरिताल· (हलिआरो, हरिआलो)।

नियम ४५० (लघुके ल-होः २।१२२) लघुक शब्द में घ को ह करने के बाद ल और ह का व्यत्यय विकल्प से होता है। लघुकम् (हलुअं,

लहुअ) ।

नियम ४५१ (ह्ये ह्योः २।१२४) ह्य शब्द मे ह् और य का व्यत्यय विकल्प से होता है । सह्य. (सय्हो, सज्झो) ।

नियम ४५२ (आलाने लनोः २।११७) आलान शब्द मे ल और न का व्यत्यय होता है । आलान (आणालो) ।

नियम ४५३ (महाराष्ट्रे ह्-रो २।११९) महाराष्ट्र शब्द मे ह् और र का व्यत्यय होता है । महाराष्ट्रम् (मरहट्ठ)।

नियम ४५४ (ललाटे ल-डोः २।१२३) ललाट शब्द मे ल और ड का व्यत्यय होता है । ललाटम् (णडालं, णलाड)।

प्रयोग वाक्य

पक्खीसु वायसो धुत्तो अत्थि । चिल्ला आयासम्मि उड्डेइ । कवोओ उज्जू पक्खी अत्थि । कीरो हरिअकायो रत्तचचू य भवइ । कोइलाए सद्दो महुरो कण्णप्पिओ लग्गइ । गिद्धस्स दिट्ठी दूरगामिणी भवइ । बगाण झाण पसिद्ध अत्थि । अमुम्मि गामम्मि सारिआ नत्थि । चकोरो जोण्हापिओ भवइ । आडी रत्तिदिवा जले वसइ ।

धातु प्रयोग

पजरम्मि पक्खी सच्छदो न भवइ । रट्ठपई सुवउज्जाण सहत्थेहि पइदिवह तलहट्टइ । अत्थगयस्स सूरियस्स पुव्व गामे गमिउ मुणी तुरइ । चंडाल थगिउ को चेट्ठइ ? मतपओगेण सो तस्स गइ थभइ । रामो अवक्खर बाहिं विकिरइ । जयायरिओ सव्वससिमुणि अत्थ थक्कविऊण विहारं अकरिंसु । अज्ज मेहो गगणे थणइ कि वरिसा होस्सइ ? तस्स पासे धण नत्थि तहवि थब्भइ । सो वरिसाए अद्दकायो थरथरइ । तुम वत्थेण ठाण थयसि ।

प्राकृत मे अनुवाद करो

कौआ वृक्ष पर बैठा हुआ है । चील रोटी को लेकर आकाश मे उड गई । कबूतर रात को यहा बैठते है । सुआ क्या खाता है ? कोयल और कौए का भेद उसकी बोली (वाणी) से लगता है । गीध पशु के कलेवर (सव) को खाने दूर से उडकर आया है । बगुला और बगुली दोनो साथ-साथ उड गए । मैना क्या खाती है, क्या तुम जानते हो ? चादनी मे चकोर प्रसन्न होता है । आडी राजसमद झील मे बहुत हैं । पिंजडा आखिर पिंजडा है चाहे वह सोने का क्यो न हो ?

धातु का प्रयोग करो

उसने अपना बगीचा कल क्यो नही सीचा ? आग लगने पर लोग घर

से निकलने की जल्दी करते हैं। आचार्य तुलसी ने नारी समाज को ऊंचा उठाया है। वह चलते-चलते स्तम्भित हो गया, न जाने किसने क्या कर दिया? समाज में परिवर्तन लाने वाले को पहले अपने क्रान्तिकारी (कंतिगरो) विचार सभा या भाषण में बिखेर देना चाहिए। उसने अपने घर में भगवान पार्श्वनाथ की मूर्ति स्थापित की। जो मेघ गर्जता है वह बरसता नहीं। अपने भाषण या गीत पर अहंकार नहीं करना चाहिए। वह सभा के लिए स्थान को आच्छादित करता है। आचार्य श्री की उपस्थिति में प्रवचन सभा में भाषण देने वाला मुनि थरथर कांपता है।

प्रश्न

१ व्यत्यय किसे कहते हैं?

२. नीचे लिखे शब्दों में बताओ किस नियम से किस शब्द में किस वर्ण का व्यत्यय हुआ है? कणेरु, वाणारसी, अचलपुर, हलिआरो, हलुअ, सव्हो, आणालो, मरहट्ठं, णडाल।

३. कौआ, चील, कोयल, गीध, कबूतर, सुआ, बगुला, मैना, चकोर, आजी और चोंच के लिए प्राकृत के शब्द बताओ।

४. तलहट्ट, तुर, थग, थभ, थिकिर, थक्कथ, थण, थक्क, थय और थरथर धातुओं के अर्थ बताओ तथा उन्हें अपने वाक्य में प्रयोग करो।

५५ उवसग्ग (उपसर्ग)

प (प्र) आदि अव्यय २२ हैं। जब ये धातु के रूप के साथ प्रयुक्त होते हैं तब इनकी संज्ञा उपसर्ग होती है। दो उपसर्गों की या धातु के रूप के साथ उपसर्ग की संधि होती है। धातु से पहले उपसर्ग लगाने से कही पर धातु का अर्थ बदल जाता है, कही पर विपरीत अर्थ हो जाता है और कही पर धातु के अर्थ मे ही विशेषता लाता है। प (प्र) आदि उपसर्ग सभी धातुओ के साथ नही लगते। एक धातु के साथ एक, दो उपसर्ग लगते हैं तो किसी के साथ दो से अधिक भी लगते हैं। एक धातु के साथ एक, दो, तीन और चार उपसर्ग एक साथ देखने को मिलते हैं।

प (प्र)—पजाइ (आगे जाता है)। पजोतते (विशेष प्रकाशित होता है)। पहरइ (प्रहार करता है)।

परा (परा)—पराजिणइ (पराजय करता है)।

ओ, अव, अप (अप)—ओसरइ, अवसरइ, अपसरइ (सरकता है, दूर हटता है)।

सं (सम्)—संगच्छइ (साथ जाता है)। सचिणइ (संचय करता है, इकट्ठा करता है)।

अणु (अनु)—अणुजाइ (पीछे जाता है)। अणुकरइ (अनुकरण करता है।

ओ (अव)—ओतरइ (अवतार लेता है)।

अव (अव)—अवतरइ (नीचे जाता है, उतरता है)।

निर् (निर्)—निरिक्खइ (निरीक्षण करता है, देखता है।)

नि (निर्)—निज्झरइ (झरता है)।

नी (निर्)—नीसरइ (निकलता है)।

दुर् (दुर्)—दुग्गच्छइ (दुर्गति मे जाता है)।

दू—दूहवइ (दु खी करता है)।

अभि (अभि)—अभिगच्छइ (सामने जाता है)।

अहि (अभि)—अहिलसइ (इच्छा करता है)।

वि—विजाणइ (विशेष जानता है)। विजुंजइ (अलग करता है)। विकुव्वइ (विकृत करता है)।

अधि (अधि)—अधिगइ (जानता है, प्राप्त करता है)।

अहि (अधि)—अहिगमो (अधिगम, ज्ञान)।
सु (सु)—सुभासए (अच्छा बोलता है)।
सू (सु)—सूहवो (भाग्यवान्)।
उ (उत्)—उग्गच्छते (ऊंचा जाता है, उगता है)।
अइ (अति)—अइसेइ (अतिशय करता है, अति प्रशंसा करता है)।
अति (अति)—अतिगच्छइ (सीमा से बाहर जाना है)।
णि (नि) णिपडइ (निरंतर गिरता है, नीचे गिरता है)।
पडि (प्रति)—पडिभासए (सामने बोलता है)।
पति (प्रति)—पतिट्ठाइ (प्रतिष्ठित होता है)।
परि (प्रति)—परिट्ठा (प्रतिष्ठा)। पडिमा (प्रतिमा)। पडिकूलं (प्रतिकूल)।
परि (परि)—परिवुडो (परिवृत, चारों ओर से घिरा हुआ)।
पलि (परि)—पलिघो (परिघ, वन)।
उव (उप) उवागच्छइ (पास जाता है)।
ओ (उप)—ओज्झायो (उपाध्याय)।
उय (उप)—उवज्झायो (उपाध्याय)।
ऊ (उप)—ऊज्झायो (उपाध्याय)।
आ (आ)—आवसइ (मर्यादा में रहना है)। आगच्छइ (आता है)।

नियम ४५५ (निष्प्रती ओत्परी माल्यस्थोर्वा १।३८) निर् से परे माल्य शब्द हो तो निर् को ओत् और प्रति से परे स्था धातु हो तो प्रति को परि आदेश विकल्प से होता है।

ओमाल्लं, निम्मल्लं (निर्माल्य)। परिट्ठा, पइट्ठा (प्रतिष्ठा)। परिट्ठिअं, पइट्ठिअं (प्रतिष्ठितं)।

प्राकृत में अनुवाद करो

सूर्य पूर्व दिशा में उगता है। दो मुनि विहार कर आने वाले मुनि के सामने जाते हैं। क्या भगवान पुनः संसार में अवतार लेता है? बच्चा दूसरों का अनुसरण करता है। जो दूसरों को अधिक सताता है वह दुर्गति में जाता है। रमेश धर्मेश पर प्रहार करता है। एक आदमी दूसरे को पराजित करता है। लड़का पिता के सामने बोलता है। यह गांव पहाड़ से चारों ओर से घिरा हुआ है। वह तुम्हारे पास आता है। तुम पानी के बर्तन को ढाकते हो। वृक्ष से पत्ते नीचे गिरते हैं। अध्यापक विद्यार्थियों का निरीक्षण करता है। लड़के व्यर्थ में परस्पर लड़ते हैं। धनपाल प्रतिदिन धन का संचय करता है।

प्रश्न

१. अव्यय और उपसर्ग में क्या अन्तर है?

२ उपसर्ग कितने है और उनके नाम बताओ ?

३ एक धातु के साथ कम से कम कितने उपसर्ग लगते है और अधिक से अधिक कितने लगते है ?

४. धातु के पहले उपसर्ग लगने से उसके अर्थ मे परिवर्तन आता है या नही ? आता है तो कैसा ?

५ नीचे लिखे सस्कृत के उपसर्गों का प्राकृत मे क्या-क्या रूप बनता है ? उप, परि, अभि, अधि, निर्, अप

६ चार उदाहरण ऐसे दो जहा उपसर्ग के योग से धातु के अर्थ मे परिवर्तन आता हो ?

७ सझा, मज्झण्हो, घडी, वरिसा, सरयो, सिसिरो, चिल्ला, कोइला, वायस शब्दो को वाक्य मे प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अर्थ बताओ ।

शब्दरूप (१)

(पुंलिंग अकारान्त शब्द)

शब्द संग्रह (पक्षी वर्ग २)

तीतर—तित्तिरो
बटेर—लावओ, लावगो
सारस—सारसो
गरुड—गरुडो, गरुलो
हंस—हंसो
कंक—कंको
घोंसला—णीड, णेड्ड

खंजन—खंजणो
पपीहा—चायओ, चायगो
बगुला—बलायाओ, बागाओ
मोर—मोर, अच्छरो (दे०)
कुरर—कुररो
[illegible]—[illegible]

धातु संग्रह

थव—स्तुति करना
थिप—तृप्त होना
थुअ—स्तुति करना
थुक्क—थूकना
थुक्कार—तिरस्कार करना

थुण—स्तुति करना
थेप्प—तृप्त होना, संतुष्ट होना
दंस—दांत से काटना
दक्खव—दिखलाना
दक्ख—देखना, अवलोकन करना

शब्दों के विषय में—

- किसी भी लोक व्यापक भाषा में द्विवचन सूचक प्रत्यय अलग उपलब्ध नहीं होते। इसी प्रकार लोक व्यापक भाषा प्राकृत में भी द्विवचन दर्शक अलग प्रत्यय नहीं है। द्विवचन का अर्थ सूचित करने के लिए शब्द के पीछे दो शब्द जोड़कर बहुवचन के प्राकृत रूपों का प्रयोग करना होता है।
- चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। नमो देवाय—नमो देवस्स।
- अधिकांशतया लिंग का निर्णय शब्द के अंतिम वर्ण के आधार पर किया जाता है।

नियम ४२८ (द्विवचनस्य बहुवचनम् ३।१३०) स्यादि तथा त्यादि की सब विभक्तियों के द्विवचन को बहुवचन होता है।

विभक्ति प्रत्यय

विभक्ति	एकवचन		बहुवचन	
	संस्कृत	प्राकृत	संस्कृत	प्राकृत
प्रथमा	सि	डो	जस्	लोप
द्वितीया	अम्	म्	शस्	लोप
तृतीया	टा	ण, णं	भिस्	हि, हिं, हिँ
चतुर्थी	×	×	×	×
पचमी	ङसि	त्तो, दो (ओ) दु (उ) हि, हिंतो, लुक्	भ्यस्	त्तो, दो (ओ) दु (उ) हि, हिंतो, सुतो
षष्ठी	ङस्	स्स	आम्	ण, णं
सप्तमी	ङि	डे (ए) म्मि	सुप्	सु, सुं
सबोधन	सि	ओ, लोप	जस्	लोप

नियम ४५६ (अतः सेर्डो ३।२) अकारान्त नाम से परे स्यादि के सि को डो होता है । वच्छो ।

नियम ४५७ (जस्-शस्-ङसि-त्तो-दो-द्वामि दीर्घः ३।१२) जस्, शस् और ङसि इन प्रत्ययो के परे होने पर अकार दीर्घ होता है । वच्छा ।

नियम ४५८ (जस्-शसो र्लुक् ३।४) अकारान्त शब्द से परे जस् एव शस् का लोप हो जाता है । वच्छा, वच्छे ।

नियम ४५९ (अमोस्य ३।५) अकार से परे अम् के अकार का लोप हो जाता है । वच्छं ।

नियम ४६० (टा आमोर्णः ३।६) अकारान्त शब्द से परे टा तथा षष्ठी के बहुवचन आम् को ण होता है ।

नियम ४६१ (टाण शस्येत् ३।१४) टा के आदेश ण तथा शस् प्रत्यय परे हो तो अकार को एकार होता है ।

(क्त्वा-स्यादेर्ण-स्वोर्वा १।२७) नियम ७२ से क्त्वा और स्यादि प्रत्ययो के ण तथा सु के आगे अनुस्वार का आगम विकल्प से होता है । वच्छेणं, वच्छेण । वच्छेसुं, वच्छेसु ।

नियम ४६२ (भिसो हि हिँ हिं ३।७) अकार से परे भिस् के स्थान पर हि, हिँ (सानुनासिक) और हिं (सानुस्वार) आदेश होता है ।

नियम ४६३ (भिस्भ्यस्सुपि ३।१५) भिस्, भ्यस् और सुप् परे हो तो अ को ए हो जाता है । वच्छेहि, वच्छेहिँ, वच्छेहिं । वच्छेहि, वच्छेहिंतो, वच्छेसुंतो । वच्छेसुं, वच्छेसु ।

नियम ४६४ (ङसेस् त्तो-दो-दु-हि-हिंतो-लुक् ३।८) अकार से परे ङसि को त्तो, दो (ओ) दु (उ), हि, हिंतो, लोप—ये छह आदेश होते हैं । वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि । वच्छाहिंतो, वच्छा । दो और दु मे

दकार भाषान्तर (शौरसेनी, मागधी) के उपयोग के लिए किया गया है।

नियम ४६५ (भ्यसस् त्तो-दो-दु-हि-हिंतो-सुंतो ३।९) अकार से परे भ्यस् को त्तो, दो, दु, हि, हिंतो और सुंतो आदेश होता है।

नियम ४६६ (भ्यसि वा ३।१३) भ्यस् को होने वाले आदेश परे होने पर अ को दीर्घ विकल्प से होता है। वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छेहि, वच्छाहिंतो, वच्छेहिंतो, वच्छासुंतो, वच्छेसुंतो।

नियम ४६७ (ङसः स्सः ३।१०) अकार से परे ङस् को स्स होता है। वच्छस्स।

नियम ४६८ (डे म्मि ङेः ३।११) अकार से परे ङि को डे तथा म्मि होता है। वच्छे, वच्छम्मि।

नियम ४६९ (डो दीर्घो वा ३।३८) अकारान्त शब्दों से आमंत्रण अर्थ को होने वाला डो प्रत्यय तथा इकारान्त और उकारान्त शब्दों को होनेवाला दीर्घ विकल्प से होता है। हे वच्छ, हे वच्छो।

प्रयोग वाक्य

रत्ता तित्तिरा धावेंति। लावगाण मंसं पउरा खाअंति। सारसाण चंचू पलवा भवइ। हंसो खीरनीराइं विवेचिउं समत्थो अत्थि। खंजणो कम्मि पएसम्मि भवइ? चायगो मुहं उग्घाडिऊण मेहं पेक्खइ। मोरो भारहवासम्मि रट्ठपक्खी अत्थि। कंको दीहपाओ भवइ। कुररो मच्छनासिन करेइ। गरुडो पक्खिणो राया होइ।

धातु प्रयोग

सेवगो सामि थवइ। सो आयरिअमुहेण जिणवयण सुणिऊण थिप्पइ। ते पासणाहं थुणंति। तो मुहुं मुहुं कहं थुक्कइ? तिणा तुमं थुक्कारिओ। सावगा जिणे थुणंति। सो मिट्ठान्नं भुंजिऊण थिप्पइ। सप्पो सव्वे डंसइ। रमेसो सुवन्नगहाणयं डंसावेइ। वानरो मणि दक्खइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

तीतर यहां से कब उड़ गया? यह बटेर कहां से आ रहा है? सारस का रंग सफेद होता है। हंस में दूध और पानी को अलग-अलग करने की जो शक्ति है वह दूसरों में नहीं है। खंजन पक्षी के विषय में तुम क्या जानते हो? पपीहा तालाब का पानी नहीं पीता है। चकवा के प्रेम का उदाहरण लगता है। मोर राजस्थान में अधिक पाए जाते हैं। कंक की पृष्ठ लोह के समान होती है। कुरर मछलियों को मारता है। गरुड़ सबसे ऊंचा उड़ता है।

धातु का प्रयोग करो

तुम भगवान महावीर की स्तुति करते हो। शांत-सुधारस का पान कर वह तृप्त हो गया। गुणवान् व्यक्तियों की स्तुति करने से अपना लाभ होता

है। यहा दीवार पर थूकना निषेध है। किसी का तिरस्कार नही करना चाहिए। वह पार्श्वनाथ की स्तुति किस प्रयोजन से करता है ? तुम्हारे दर्शन मात्र से मै संतुष्ट हो गया। मार्ग मे चलने वाला सांप विना सताए किसी को नही काटता है। उसने अपनी विद्यापीठ विनयकुमार को दिखलाई। जो अपना अवगुण देखता हैं वह साधक है।

प्रश्न

१ प्राकृत मे द्विवचन का क्या स्थान है ? उसको बताने के लिए क्या प्रयोग करना चाहिए ?

२ लिंग का निर्धारण करने के लिए प्राकृत मे सामान्य नियम क्या है ?

३. प्राकृत मे कितनी विभक्तियां होती हैं ?

४. सभी विभक्तियो के एकवचन और बहुवचन के प्रत्यय बताओ ?

५ पुंलिग के अकारान्त शब्द के लिए टा, सुप्, आम्, और भ्यम् प्रत्ययो के लिए क्या-क्या नियम हैं ? बताओ ?

६ तीतर, वटेर, खजन, पपीहा, सारस, चकवा, हस, मोर, कक, कुरर, घोसला और डाली के लिए प्राकृत शब्द बताओ।

७ थव, थिप, थुक्क, थुक्कार, थुण, थेप्प, दंस, दंसाव और दक्ख धातु के अर्थ बताओ और अपने वाक्य मे प्रयोग करो।

५७ शब्दरूप (२)

शब्द संग्रह (पक्षी वर्ग ३)

चमगादड—जउआ	उल्लू—उलूओ, उलूगो
बत्तक—वत्तओ	बाज—सेणो
भृग—भिगो	गौरैया—चडयो
मुर्गा—कुक्कुडो	क्रौञ्च—कोंचो
चाप—चासो	टिटिहिरी—टिट्टिभो

आकाश—आयास

धातु संग्रह

दम—दमन करना, निग्रह करना	दव—गति करना
दय—कृपा करना, चाहना	अड्च—अभिषेक करना
दलय—देना	दार—विदारना, चूर्ण करना, तोडना
दलाव—दिलाना	दाव—दान करवाना, दिलाना
दवाव—दिलाना	

पुंलिग अकारान्त, इकारान्त, उकारान्त शब्द

नियम ४७० (अक्लीवे सौ ३।१९) नपुंसक को छोडकर सि परे रहने पर इकार और उकार दीर्घ हो जाता है। मुणी, साहू।

नियम ४७१ (पुंसि जसो डउ डओ वा ३।२०) पुलिंग मे इकार और उकार से परे जस् को डउ (अउ) और डओ (अओ) आदेश होते हैं। मुणउ, मुणओ। साहउ, साहओ।

नियम ४७२ (जस्-शसो र्णो वा ३।२२) पुलिंग मे इकार और उकार से परे जस् तथा शस् को णो आदेश विकल्प से होता है। मुणिणो, मुणी। साहुणो, साहू।

नियम ४७३ (लुप्ते शसि ३।१८) शस् का लोप होने पर इकार और उकार दीर्घ हो जाता है। मुणी, वुद्धी, तरू, धेणू।

नियम ४७४ (इदुतो दीर्घः ३।१६) भिस्, भ्यस्, सुप् परे रहने पर इकार और उकार दीर्घ हो जाता है। मुणीहिं, वुद्धीहिं, दहीहिं। साहूहिं, धेणूहिं, महूहिं। मुणीओ, वुद्धीओ, दहीओ। साहूओ, धेणूओ, महूओ। मुणीसु, वुद्धीसु, दहीसु। साहूसु, धेणूसु, महूसु।

नियम ४७५ (टो णा ३।२४) पुंलिग तथा नपुंसक लिंग में इकार और उकार से परे टा को णा होता है। मुणिणा, गामणिणा। साहुणा, खलपुणा। दहिणा, महुणा।

नियम ४७६ (ङसि-ङसोः-पुं-क्लीबे वा ३।२३) पुंलिग तथा नपुंसक लिंग में वर्तमान इकार और उकार से परे ङसि तथा ङस् को विकल्प से णो होता है। मुणिणो, साहुणो। दहिणो, महुणो। मुणीओ, मुणीउ, मुणीहिंतो। साहूओ, साहूउ, साहूहिंतो। मुणिस्स, साहुस्स।

नियम ४७७ (ईदूतो ह्रस्वः ३।४२) संबोधन में ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द को ह्रस्व होता है। हे गामणि, हे वहु। हे खलपु।

नियम ४७८ (वो तो डवो ३।२१) पुंलिग में उकार से परे जस् को डवो (अवो) आदेश विकल्प से होता है। साहवो, साहओ, साहउ।

नियम ४७९ (क्विपः ३।४३) क्विप् प्रत्यान्त ईकारान्त और ऊकारान्त शब्द हों तो वे ह्रस्व हो जाते हैं। गामणिणा, खलपुणा। गामणिणो, खलपुणो।

प्रयोग वाक्य

जउआ निसाए उड्डेइ। वत्तओ पाओ जले वसइ। उलूओ दिणे पासिउ न सक्कइ। सेणो पक्खिणो हणइ। चडयो नीडं णिम्माइ। कुक्कुडो सूरियोदयस्स पुव्वमेव णियतसमये जपइ। टिट्टिभस्स जपणं को जाणइ? चासो पक्खी कम्मि पएसे वसइ? कोंचस्स विसये किं तुमं जाणसि? भिंगो एगस्स पक्खिणो अभिहाणं विज्जइ।

धातु प्रयोग

साहुणो इंदियाइं दमेइ। साहू सावगं दयइ। धणी णिद्धणाय वत्थं दलयइ। रमेसो सोहणस्स धणं दलावेइ, दवावेइ वा। मुणी गामाणुगामं दवइ। निवो नियपुत्तं अइचइ। साहू जणाणं णाणं देइ। तुज्झ कडुवयणं मज्झ हिययं दारइ। तावसो धणिं दावइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

बत्तख जल में अधिक रहती है। उल्लू की आंखें मोटी होती हैं। बाज से पक्षी डरते हैं। गौरैया उछल-उछल कर चलती है। मुर्गे का शब्द सुनकर लोग समय का अनुमान लगाते हैं। क्रौंच पति पत्नी साथ रहते हैं। टिटिहिरी क्या बोलती है? चाष क्या खाना पसंद करता है? भृंग उड़ने वाला एक पक्षी है। चमगादड़ आकाश में उड़ते समय अपने पंखों को अधिक हिलाता है।

धातु का प्रयोग करो

सासू के उपालंभ देने पर बहू अपने मन का दमन करती है। श्रावक

ने साधु से प्रार्थना की कि मेरे घर पधारने की कृपा करें। साधु निःस्वार्थ उपदेश देते हैं। आचार्य शिष्य को उसकी त्रुटि पर ध्यान दिलाते हैं। जो गति करता है वह अपने गन्तव्य स्थान पर पहुंच जाता है (पहुच्चइ)। आज कौन राजा का अभिषेक करेगा? जीवन का मान रखना बहुत कठिन कार्य है। तुम्हारा व्यवहार मेरे हृदय को तोड़ता है। अध्यापक सेठ से गरीब लड़के को पुस्तकें दिलाता है।

प्रश्न

१. पुंलिंग उकारान्त शब्द से परे ङसि और ङस् को क्या आदेश किस नियम से होता है? उसका क्या रूप बनता है? लिखो।

२ शस्, भिस्, भ्यस् और सुप् प्रत्यय परे होने पर अकारान्त पुंलिंग शब्द के उकार को दीर्घ भिन्न-भिन्न नियम से होता है? उनके रूप भी लिखो।

३. ङि प्रत्यय परे होने पर उकारान्त शब्द के उकार को दीर्घ करने वाला कौन सा नियम है?

४. पुंलिंग उकारान्त शब्द से परे जस् और शस् प्रत्यय को किस नियम से क्या-क्या होता है? उसका रूप भी लिखो।

५. चमगादड़, उल्लू, बत्तख, बाज, गौरैया, मुर्गा, क्रौंच, टिटिहरी, भृंग और चाष पक्षियों के लिए प्राकृत के शब्द लिखो।

६. दम, दय, दव, दार दाय, अटच, दलय, दवाव और दलाव धातुओं के अर्थ बताओ तथा उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।

शब्दरूप (३)

शब्द सग्रह (पशु वर्ग १)

सिंह—सीहो, सिंघो, केसरी
वाघ—साद्दुलो, वग्घो
हाथी—हत्थी, करी, गयो
भैंसा—महिसो
खच्चर—वेसरो

चीता—चित्तो
भालू, रीछ—भल्लू, रिच्छो
घोडा—घोडओ, आसो
गेडा—गडयो खग्गी (पु)
चितकवरा—चित्तो

० ० ० ०

सीग—विसाण
घोडे के मुख को वाधने का वस्त्र—कडाली

पूछ—पुच्छ
शोभा—सोहा

धातु सग्रह

दिक्ख—दीक्षा देना
दिप्प—चमकना
दिप्प—तृप्त होना
दियाव—देना
तिरोहा—अन्तर्हित होना, अदृश्य होना, लोप करना

दिस—कहना
दुक्ख—दर्द होना
दुम्मण—उद्विग्न होना, उदास होना
दुरुह—आरूढ होना, चढना
दुस्स—द्वेष करना
दिव—क्रीडा करना

ऋकारान्त पितृ शब्द

ऋकारान्त शब्द दो तरह के माने जाते हैं—(१) सवधसूचक विशेष्य और (२) सवध सूचक विशेषण। जो शब्द मूलत. ऋकारान्त हैं वे सबंधसूचक विशेष्य हैं। जैसे—जामातृ, पितृ, मातृ, भ्रातृ आदि। जो शब्द तृच् या तृन् प्रत्ययान्त हैं वे संवधसूचक विशेषण हैं। जैसे—कर्तृ, दातृ, भर्तृ आदि। प्रथमा तथा द्वितीया के एक वचन को छोडकर शब्द के अंतिम ऋकार को विकल्प से उ हो जाता है। तव वह उकारान्त शब्द वन जाता है। उसके रूप साहु की तरह चलते है। विकल्प के दूसरे पक्ष मे शब्द के अतिम ऋकार को अर तथा आर हो जाता है। शब्द अकारान्त होने से उसके रूप वच्छ की तरह चलते हैं। सस्कृत का पितृ शब्द प्राकृत मे पितु, पिउ, पितर और पिअर के रूप मे प्रयोग मे आता है। पितु का रूप पिउ और पितर का रूप पिअर

की तरह चलता है। पिआ और पिअर आदि रूपों के स्थान पर पिया और पियर रूप भी उपलब्ध होता है।

भाउ, भायर (भ्रातृ) भाई
जामाउ, जामायर (जामातृ) जमाई
दाउ, दायर (दातृ) दाता
कत्तु, कत्तार (कर्तृ) कर्ता
भत्तु, भत्तार (भर्तृ) भरण पोषण करने वाला।

इस प्रकार पुलिंग ऋकारान्त शब्द के रूप पितृ की तरह चलते हैं।

नियम ४८० (ऋतामुदस्यमौसु वा ३।४४) सि, अम्, औ को छोड़कर स्यादि प्रत्यय परे हों तो ऋकारान्त शब्दों को विकल्प से उकार हो जाता है। जस्—भत्तू, भत्तुणो, भत्तउ, भत्तओ। टा - भत्तुणा।

नियम ४८१ (आरः स्यादौ ३।४५) सि आदि परे रहने पर ऋकार को आर आदेश होता है। भत्तारो, भत्तारा, भत्तारं भत्तारे, भत्तारेण।

नियम ४८२ (नाम्न्यरः ३।४७) संज्ञावाची ऋदन्त शब्दों के ऋ को सि आदि परे रहने पर अर आदेश होता है। पिअरा, पिअर, पिअरे, पिअरेण, पिअरेहि। भायरा, भायर, भायरे, भायरेण, भायरेहि।

नियम ४८३ (आ सौ न वा ३।४८) ऋदन्त शब्द को सि परे रहने पर आ विकल्प से होता है। पिआ, जामाया, भाया।

नियम ४८४ (ऋतोद् वा ३।३९) संबोधन में सि परे रहने पर ऋकारान्त शब्द के अंतिम स्वर को अ विकल्प से होता है। हे पिअ। हे भाय।

नियम ४८५ (नाम्न्यरं वा ३।४०) संज्ञावाचक ऋकारान्त शब्द से परे संबोधन का सि परे हो तो ऋकार को अर आदेश विकल्प से होता है। हे पिअर, हे पिअ (हे पितः)। जहां संज्ञा न हो वहां हे कत्तार (हे कर्त्तः)।

प्रयोग वाक्य

सीहस्स सिरे केसरो भवइ। वग्घो धुत्तो होइ सो रन्नम्मि तिरोधाऊण पहारेइ। चित्तस्स सरीरे चित्ती भवइ। भल्लू पायवम्मि आरोहइ। राया हत्थिंसि आरोहिसु। सुरेसस्स गिहे अज्जावि आसो अत्थि। महिसो बहुभारं वहइ। जणा खग्गिस्स चम्मस्स फलग (ढाल) करेइ। कडालीइ घोडस्स सोहा भवइ। वेसरो गद्दभत्तो आसत्तो य भिन्नो भवइ। पसूण विसाणाइं परा मारिउं णियरक्खणट्ठ य सत्थं भवइ।

धातु प्रयोग

आयरिएण दसविरत्ताप्पाणो दिक्खिआ। भयवाण मुहो अइ दिप्पइ। तुज्झ गीइयं सुणिऊण अहं दिप्पामि। देवा देवीओ गावि दिवंति। 'महावीरेण

जणहियस्स उवएसो दिस्सिओ। उवालभं सुणिऊणं सो दुक्खइ। तुम केण कारणेण दुम्मणसि ? रमेसो आस दुरुहइ। केणावि सह न दुस्सिअव्वं। चंदो जलदेसु तिरोहाइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

सिह वन का राजा होता है। बाघ हिसक प्राणी है। चीता आक्रामक (अक्कामओ) होता है। भालू काले रग का होता है और वृक्ष पर उल्टा चढता है। हाथी का शरीर स्थूल होता है फिर भी वह अंकुश से वश मे होता है। घोडा तेज क्यो दौडता है ? भैसे मे प्रतिशोध (पडिसोह) की भावना होती है। गेडे के सीग का क्या उपयोग होता है ? खच्चर भारवाही पशु होता है। जिसके सीग और पूछ होता है वह पशु होता है।

धातु का प्रयोग करो

तुम किसके पास और कब दीक्षा लोगे ? आकाश मे तारे चमकते है। वस्तु के मिलने और न मिलने पर भी वह तृप्त रहता है। बच्चे आगण मे क्रीडा करते है। उसने सत्य कहा है। वह किसलिए दुखित होता है। कौनसा कार्य तुम्हारा न होने से तुम उदास हो गए ? जो चढता है वही गिरता है। किसी के प्रति द्वेष करना सज्जन व्यक्ति का कार्य नही है। कभी-कभी सूर्य भी अदृश्य होता है।

प्रश्न

१ ऋकारान्त शब्द कितने प्रकार के होते है ? प्रत्येक प्रकार के उदाहरण देकर समझाओ।

२ सस्कृत का ऋकारान्त शब्द प्राकृत मे किस रूप मे बदल जाता है ? और उसके रूप किस शब्द की तरह चलते हैं ?

३. ऋकारान्त शब्द को उकार और आर आदेश किस स्थिति मे होता है और किस नियम से ?

४ सि प्रत्यय परे रहने पर ऋकारान्त शब्द को किस नियम से क्या आदेश होता है ?

५ सिंह, चीता, बाघ, रीछ, हाथी, घोडा, भैसा, गेडा और खच्चर के लिए प्राकृत के शब्द बताओ ?

६ दिक्ख, दिप्प, दिव, तिरोहा, दिस, दुक्ख, दुम्मण, दुरुह और दुस्स धातुओ के अर्थ बताओ तथा उन्हें वाक्य मे प्रयोग करो।

नियम ४६१ (ईद्भिस्भ्यसाम्सुपि ३।५४) राजन् शब्द से संबधित जकार को भिस्, भ्यस्, आम् और सुप् परे रहने पर विकल्प से इकार होता है। भिस्—राईहि। भ्यस्—राईहि। आम्— राईण। सुप्—राईसु।

नियम ४६२ (आजस्य-टा-ङसि-ङस्सु सणाणोष्वण् ३।५५) राजन् शब्द से सबधित आज को विकल्प से अण् आदेश होता है, टा, ङसि, ङस् को आदेश होने वाले णा तथा णो परे हो तो। रण्णा, राइणो। रण्णो राइणो। रण्णो राइणो। पक्षे राएण, रायाओ, रायस्स।

नियम ४६३ (पुंस्य न आणो राजवच्च ३।५६) पुंलिंग अन्नन्त शब्द के अन् को विकल्प मे आण आदेश होता है। पक्ष में यथादर्शन राजन् शब्द की तरह रूप चलते है। अप्पाणो, अप्पाणा। अप्पाण, अप्पाणे। अप्पाणेण, अप्पाणेहि। अप्पाणाओ, अप्पाणासुतो। अप्पाणस्स, अप्पाणाण। अप्पाणम्मि, अप्पाणेसु। पक्षे राजन्वत्।

नियम ४६४ (आत्मनष्टो णिआ णइआ ३।५७) आत्मन् शब्द से परे टा को विकल्प से णिआ तथा णइआ आदेश होते हैं। अप्पणिआ, अप्पणइआ। अप्पाणेण।

- आत्मन् शब्द अत्त, अप्प, अप्पाण शब्दो मे परिवर्तित हो जाता है। अप्पाण शब्द के रूप देव शब्द की तरह चलते हैं। अत्त और अप्प के लिए देखे परिशिष्ट १ सख्या १५।
- राजन् शब्द के सारे रूप परिशिष्ट १ सख्या १४ मे देखे।

प्रयोग वाक्य

सूअरो पुरीसं चिअ भक्खइ। सियारो माणुससिसुमवि खाअइ। छाउरनयरस्स वाहिं वणे किण्हो हरिणो वि अत्थि। लाडणुणयरस्स सुआणगढ-णयरस्स य अतरा मए गवयो दिट्ठो। मेसस्स दुद्ध पिवंति केइ जणा। कमेलयो मरुभूमीए जाण अत्थि। कमेलयो उरम्मि नीराण संगहो करेइ। गद्दभो रच्छाए भमइ। वडल्लो भार वहइ। अलमलो सरलवसहा कुबुद्धि देइ।

धातु प्रयोग

तस्स माआ धेणुओ दुहइ। सुशीला सीयाइ दुहइ (द्रोह करती है) कज्ज काऊण सो कहं दूअइ? गामाणुगामं दूइज्जमाणा मुणिणो अत्थ कया आगमिस्सति? तस्स पुत्तो पहसियो व्व (उपहास किए हुए की तरह) दूमइ। पेम्माभावे पुत्तो वि दूरायइ। तिणा पिट्ठ, किं हरिणो अइयाइंसु? सो इदियाइ देवइ। किं कोइ सूरियं देहइ? तुम मज्झ कह दोहसि?

प्राकृत में अनुवाद करो

सूअर गावो मे अधिक मिलते हैं। गीदड जगल मे रहते है और छल से आक्रमण करते है। हरिण छलाग लगाकर बहुत तेज दौडता है। भेड

मरुस्थल में अधिक पाए जाते हैं। नील गाय वन में देखने को मिलती है। ऊंट मरुभूमि में सबसे तेज और लम्बी दूरी तक चलने वाला पशु है। गधा आजकल मूल्यवान बन गया है। सिवालकी देश के बैल प्रसिद्ध होते हैं। दुष्ट बैल अपनी धूर्तता से मार खाता है।

धातु का प्रयोग करो

मेरी छोटी बहन गाय को दुहती है। पिता पुत्र के साथ क्यों द्रोह करता है? तुम स्वयं ही उत्पात करते हो। संत लोग गांव-गांव में जाते हैं। दृष्टि दोष से पास की वस्तु भी दूर मालूम पड़ती है। साधुओं का संघ अभी यहां से गुजरा (गया) है। क्या तुम मन को जीतने की इच्छा नहीं करते? वह अपने दोषों को देखता है। वह समाज के साथ द्रोह करता है।

प्रश्न

१. गया, गड्डणं, गद्दभु, अप्पाणो, रासहो, अगालिआ— इन शब्द रूपों को सिद्ध करो और बताओ भिन्न-भिन्न नियम से क्या हुआ है?

२. आत्मन् शब्द प्राकृत में किन शब्दों के रूप में परिवर्तित हो जाता है और उनके रूप कैसे चलते हैं?

३. सूअर, गीदड़, हरिण, नीलगाय, भेड़, ऊंट, गधा, बैल, दुष्ट बैल—इन शब्दों के लिए प्राकृत में क्या-क्या शब्द हैं?

४. दुह, दुह्, द्रु, दुगुच्छ, दूम, दुगाय, अट्टया, देव, देह और द्रोह धातुओं के अर्थ बताओ और अपने वाक्य में प्रयोग करो।

५. चरावाओ, सावगो, तित्तिरो, पक्खो, वनओ, रिच्छो, वग्घो, गड्डो शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो तथा हिन्दी में अर्थ बताओ।

शब्द संग्रह (पशु वर्ग ३)

भेड़िया—विओ, कोओ
लगूर—गोलागूलो (स)
बिल्ली—मज्जारो, बिडालो
चूहा—मूसियो
बकरा—अजो
वदर—वाणरो
कुत्ता—कुक्कुरो, सारमेयो
उदविडाल—उदविडालो
खरगोश—ससो
साड—गोपती (पु)

धातु संग्रह

पत्तिअ—विश्वास करना
पत्था—प्रस्थान करना
पदूस—द्वेष करना
पप्फुर—फरकना
पप्फुल्ल—विकसना
पवध—विस्तार से कहना
पम्हुस—चोरी करना
पम्हुस—भूलना
पय—पकाना
पया—प्रयाण करना

स्त्रीलिंग आकारान्त, इवर्णान्त, उवर्णान्त, ऋकारान्त शब्द

नियम ४६५ (स्त्रियामुदोतौ वा ३।२७) स्त्रीलिंग मे वर्तमान सज्ञा शब्दो से परे जस् एव शस् प्रत्यय के स्थान पर विकल्प से उ, ओ तथा पूर्व स्वर को दीर्घ हो जाता है। जस्—मालाओ, मालाउ, माला। शस्—मालाओ, मालाउ, माला। जस्—मईओ, मईउ, मई। शस्—मईओ, मईउ, मई। वाणीओ, वाणीउ, वाणी। वाणीओ, वाणीउ, वाणी। धेणुओ, धेणउ, धेणू। धेणुओ, धेणुउ, धेणू। वहूओ, वहूउ, वहू। वहूओ, वहूउ, वहू।

नियम ४६६ (ह्रस्वोमि ३।३६) स्त्रीलिंग संज्ञा शब्द के अंतिम स्वर को ह्रस्व हो जाता है, अम् प्रत्यय परे होने पर। मालं। वाणिं। वहुं।

नियम ४६७ (टा-ङस्-ङे रदादिदेद्वा तु ङसेः ३।२६) स्त्रीलिंग शब्द से परे टा, ङस् और ङि के स्थान पर अ, आ, इ तथा ए होते हैं। ङसि को ये आदेश होने के साथ पूर्वस्वर दीर्घ विकल्प से होता है। मईअ, मईआ, मईइ, मईए। वाणीअ, वाणीआ, वाणीइ, वाणीए। धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए। वहूअ वहूआ, वहूइ, वहूए।

नियम ४६८ (नात आत् ३।३०) स्त्रीलिंग मे वर्तमान आकारान्त शब्द से परे टा, ङस्, ङि और ङसि को पूर्वनियम के अनुसार होने वाला

क्यो भूलते हो ? वह खीर पकाता है। तुम आत्म साधना के लिए प्रयाण करते हो।

प्रश्न

१ स्त्रीलिंग मे शब्द से परे जस् और शस् के स्थान पर क्या आदेश होता है ?

२ स्त्रीलिंग मे टा, ङसि और ङि के स्थान पर क्या आदेश होता है ? और कहा नही होता।

३. स्त्रीलिंग मे आकारान्त, इवर्णान्त और उवर्णान्त शब्दो की सिद्धि में क्या समानता है ? और कहा अंतर है ?

४ भेडिया, बिल्ली, लंगूर, खरगोश, कुत्ता, चूहा, बदर, सांड, उदबिडाल, बकरा—इन शब्दो के प्राकृत में क्या शब्द है ?

५ पत्तिअ, पत्था, पद्दूस, पप्फुर, पप्फुल्ल, पवध, पम्हुस, पय और पया धातुओं के अर्थ बताओ तथा उनको अपने वाक्यो में प्रयोग करो।

परे आम् को विकल्प से डेसिं (एसिं) आदेश होता है। सव्वेसिं, अन्नेसिं, जेसिं, तेसिं, केसिं, इमेसिं।

नियम ५०७ (ङे स्सि म्मि त्थाः ३।५६) सर्व आदि अकारान्त शब्दो से परे ङि को स्सि, म्मि और त्थ आदेश होते हैं। सव्वस्सि, सव्वम्मि, सव्वत्थ। अन्नसि, अन्नम्मि, अन्नत्थ।

नियम ५०८ (न वानिदमेतदो हिं ३।६०) इदम् (इम) और एतद् (एअ) को छोडकर शेष अकारान्त सर्व आदि शब्दो से परे ङि को विकल्प से हिं आदेश होता है। सव्वहिं, अन्नहिं, कहिं, जहिं, तहिं।

प्रयोग वाक्य

हत्थिणिं दट्ठु जणा सगहिआ। पाडी वहुरम्मा लग्गइ। छालीइ दुद्ध खिप्प पयइ। सउणचडया दाहिणपासे ठिआ सुहा भवइ। वेसरिं दट्ठु सो कत्थ गओ? सियाली गामम्मि न वसइ। गावीए पयं महुर भवइ। पडत्थीइ मुल्लो वहु भवइ। सुणई जुगवं पञ्च वा छ वा जणइ। चडया वहु जपइ। इमी उट्टी वहुवेगेण धावइ। सुसीला हत्थेण भित्तिं विलिहइ।

धातु प्रयोग

फलस्स वीयो कह फफइ? सो पच महव्वयाइ फासइ। सो कट्ठ फाडइ। उसिणेण पाणिएण तण्हा वि न फिट्टइ। तुमं णियसरीरं फुंसइ। मज्झ दाहिणभुआ फुरइ। सीयकाले कमेलयस्स मुहम्मि फेणायइ। भिक्खू तालियटेण अप्पणो काय न फुमेज्जा। पुव्व वीय फुटइ पच्छा पत्ताइं।

धातु का प्रयोग करो

इस गाव मे हाथी नही हथिनी है। जो सोता है उसके पाडी पैदा नही होती। वकरी गाव के बाहर चरने के लिए गई है। चिडिया तिनके लाकर क्या वनाती है? सोनचिडी हरे वृक्ष पर बैठी है। खच्चरी का क्या मूल्य है? मैंने कल रात सियाली की आवाज सुनी। वहुत दूध देने वाली भैंस को वह खरीदना चाहता है। गायो मे काली गाय सवसे उत्तम होती है। मेरी साड (ऊटनी) आज टमकोर जाएगी। तुम कागज पर हाथ से किस चित्र की रेखा करते हो?

धातु का प्रयोग करो

वह वात-वात मे उछलता है। साधु स्त्रियो का स्पर्श नही करते। वह कपडे को फाडता है। तेरे व्यवहार से मेरा मन फट गया। गर्मी मे वह वार-वार पसीने को पोछता है। यदि पुरुष का दाहिना अंग फरकता है तो वह शुभ है। दूध के झाग वहुत रुचिकर लगते हैं। नुशीला अग्नि को जलाने के लिए फूक मारती है। पुष्प से पहले अंकुर (अंकुरे) फूटते है।

शब्द संग्रह (स्फुट)

पडिल्ली—परदा, यवनिका
पडिवेसिओ—पडौसी
सुण्ण—खाली, रिक्त
पणो—शर्त, होड
पयारणं—ठगाई
तुमुलो—शोरगुल
पत्थयणं—पाथेय
पमइलो (वि)—अतिमलिन
परिवेसण—परोसना
पडिजायणा—प्रतिबिंब, परछाई
परिजुसियं—वासी
अट्टणं—व्यायाम

———o———o———o———o———

पात्र—पत्त

धातु संग्रह

वध—बाधना
वाह—विरोध करना
विह—डरना
बुब्बुअ—बकरे का बोलना
बोध—समझना, ज्ञान करना
बुव—बोलना
वहू—पुष्ट करना
वेस—बैठना
बू—बोलना
आमुस—आमर्श करना, एक बार स्पर्श करना, छूना

इम, एअ, क, त, ज, शब्द

नियम ५०९ (इदमेतत् किं यत्तदभ्यष्टो डिणा ३।६९) अकारान्त (इम, एअ, क, त, ज) शब्दो से परे टा को डिणा (इणा) आदेश विकल्प से होता है। इमिणा, इमेण। एदिणा, एदेण। किणा, केण। जिणा, जेण। तिणा, तेण।

नियम ५१० (किं यत्तद्भ्यो डसः ३।६३) क, त, ज शब्दों से परे ङस् को डास (आस) आदेश विकल्प से होता है। कास, कस्स। जास, जस्स। तास, तस्स।

नियम ५११ (ङे डाहे डाला इआ काले ३।६५) काल अर्थ में वर्तमान क, त, ज शब्दो से परे ङि को डाहे (आहे) डाला (आला) तथा इआ आदेश विकल्प से होता है। काहे, काला, कइआ (किस समय में)। जाहे, जाला, जइआ (जिस समय मे)। ताहे, ताला, तइआ (उस समय में)।

नियम ५१२ (ङसेर्म्हा ३।६६) किं, यत् और तत् शब्दो से परे

ङस् के स्थान पर म्हा आदेश विकल्प से होता है। कम्हा, काओ (किससे)। जम्हा, जाओ (जिससे)। तम्हा, ताओ (उससे)।

नियम ५१३ (ईद्भ्यः स्सा से ३।६४) ईकारान्त की (किम्), जी (यत्), ती (तत्) आदि शब्दों से परे ङस् को स्सा तथा से आदेश विकल्प से होता है। किस्सा, कीसे, कीअ, कीआ, कीइ, कीए। (किसका) जिस्सा, जीसे, जीअ, जीआ, जीइ, जीए। (जिसका) तिस्सा, तीसे, तीअ, तीआ, तीइ, तीए। (उसका)।

नियम ५१४ (तदश्च तः सोऽक्लीबे ३।८६) तद् और एतद् के तकार को सि (नपुंसक छोडकर) परे होने पर स हो जाता है।

नियम ५१५ (वैतत्तदः ३।३) एतद् और तद् शब्द के अकार से परे सि को डो विकल्प से होता है। एसो, एस (एषः) सो णरो, स णरो (स नरः)।

नियम ५१६ (तदो णः स्यादौ क्वचित् ३।७०) तद् शब्द को कहीं-कहीं ण आदेश होता है स्यादि विभक्ति परे हो तो। णं पेच्छ (तं पश्येत्) स्त्रीलिंग में भी—*हत्थुन्नामिअ-मुही णं तिअडा (हस्तोन्नामितमुखी तां त्रिजटा)*।

नियम ५१७ (तदो डोः ३।६७) तद् शब्द से परे ङसि को डो (ओ) आदेश विकल्प से होता है। तो, तम्हा (तस्मात्)।

नियम ५१८ (वेदं तदेतदो ङसाम्भ्यां से-सिमौ ३।८१) इदम्, तद् तथा एतद् शब्द से परे ङस् और आम् हो तो शब्द सहित ङस् को से और आम् को सिं आदेश विकल्प से होता है। इदं+ङस्=से, तद्+ङस्=से, एतद्+ङस्=से, इद+आम्=सिं, तद्+आम्=सिं, एतद्+आम्=सिं।

नियम ५१९ (किंतद्भ्यां डासः ३।६२) किं तथा तद् शब्दों से परे आम् को डास (आस) आदेश विकल्प से होता है। कास, केसिं। तास, तेसिं।

नियम ५२० (किमः कस्त्र-तसोश्च ३।७१) किं शब्द को क होता है, सि आदि विभक्ति, त्र और तस् प्रत्यय परे हो तो। को, के, कं, केण। त्र—कत्थ। तस्—कओ, कत्तो, कदो।

नियम ५२१ (किमो डिणो-डीसौ ३।६८) किं शब्द से परे ङसि को डिणो (इणो) तथा डीस (ईस) आदेश विकल्प से होता है। किणो, कीस, कम्हा (कस्मात्)।

नियम ५२२ (किमः किं ३।८०) नपुंसक लिंग में किं शब्द से परे सि और अम् प्रत्यय हो तो विभक्ति प्रत्यय सहित शब्द को किं आदेश होता है। किं, किं।

प्रयोग वाक्य

तस्स दारम्मि पडिल्ली किमट्ठं अत्थि? मज्झ पडिवेसिणी मए सह सव्ववहारं करेइ। सुण्णगिहम्मि भूओ भमइ। तुज्झ पणो वेसस्स हियाय नत्थि।

तस्स पयारणजालम्मि तुम कह आगओ ? पत्थयण विणा जत्ताए आणदो नत्थि। पमडल वत्थ पासिऊण सो खिण्णो जाओ। तम्स परिवेसणे भेदभावो अत्थि। बालो पत्तसलिलं णियपडिजायण पासइ। परिजुसिय अण्णं न भुजेयव्व।

धातु प्रयोग

मुणी तुडियाणि पत्ताणि बधइ। तस्स पतेयवत्त तुम बाहसि। सो मूसिअत्तो वि विहइ। अपरिचिय माणुस पेहिऊणं कुक्कुरो बुक्कइ। अजासिसू माअर पासिऊण वुब्बुअइ। जो सया सच्चं बुवइ तस्स विस्सासो (वीसासो) भवइ। पयो सरीर बूहइ। तुम अत्थ कहं वेसइ ? गुरू सीस धम्म बोहइ। साहू विहारे थक्किओ अओ मग्गम्मि वेसइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

द्वार पर यवनिका देखकर वह भीतर नही गया। तुम्हारा पडोसी कौन है ? इस कमरे मे खाली स्थान नही है। युद्ध समाप्त करने के लिए उसकी शर्त क्या है ? वह ठगाई करना नही जानता। परभव का पाथेय क्या है ? भावना की दृष्टि से वह अति मलिन है। विवाह मे परोसना भी एक कला है। दर्पण मे अपना प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। साग वासी हो सकता है पर मिष्टान्न नही।

धातु का प्रयोग करो

वह अपना विस्तर बाधता है। मेरे कथन का वह विरोध क्यो करता है ? बालक पिता से डरता है। बकरी किस कारण से बोलती है ? तुम क्या बोलते हो ? शोरगुल के कारण मै सुन नही पाता हू। वह पिता के सामने झूठ क्यो बोला ? क्या तुम व्यायाम से शरीर को पुष्ट करते हो ? तुम थक गए हो तो बैठ जाओ। उसको श्रम का महत्त्व समझना चाहिए।

प्रश्न

१ प्राकृत के क (किं) ज (यत्) और त (तत्) शब्द से परे डस् और डि प्रत्यय को किस नियम से क्या आदेश होता है ? उनके रूप बताओ।
२ तद्, एतद् और किं शब्दो के सारे रूप सिद्ध करो।
३ परदा, पडोसी, खाली, शर्त, ठगाई, पाथेय, अतिमलिन, परोसना, प्रतिबिम्ब, वासी, शोरगुल और व्यायाम के लिए प्राकृत शब्द बताओ और अपने वाक्य मे प्रयोग करो।
४ बध, बाह, विह, बुब्बुअ, बुव, बू, बूह, वेस और बोध धातु का अर्थ बताओ।
५ कमेलयो, अलमलो, रासहो, गोपती, गोलागुलो, विओ, उट्टी, वेसरी, खिखिरो शब्द को वाक्य मे प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अर्थ बताओ।

शब्दरूप (८)

शब्द संग्रह (स्फुट)

परस्पर—परोप्परं, परुप्पर
खेत, क्षेत्र—खेत्तं, पल्लवाय (दे.)
खेत में सोने वाला पुरुष—पग्घिासो
वाचाल—मुहरो
अधिक चर्बी वाला—पमेडलो
झूला—डोला
सेवा—णिवेसणा
छावनी—छायणिआ
छिलका—छोडया
दुर्दशा—दुद्दसा

धातु संग्रह

भज—भागना, तोडना
भंड—भाण्डना, भर्त्सना करना
भंस—नीचे गिरना, नष्ट होना
भक्ख—खाना
भज्ज—भुनना
भद—सुख करना, कल्याण करना
भम—भ्रमण करना
भय—सेवा करना
भर—धारण करना, पोषण करना
भव—होना

इदं, अदस् और एतद्

नियम ५२३ (इदम इमः ३।७२) इद शब्द को इम आदेश होता है। सि आदि विभक्ति परे हो तो। इमो, इमे। इम, इमे। इमेण।

नियम ५२४ (पुंस्त्रियो नं वायमिमिआ सौ ३।७३) इद शब्द को सि परे होने पर पुलिंग में अयं तथा स्त्रीलिंग में इमिआ आदेश विकल्प से होता है। अयं, इमो। इमिआ, इमा।

नियम ५२५ (णोम् शस्टा भिसि ३।७७) अम्, शस्, टा तथा भिस् परे हो तो इद शब्द को ण आदेश विकल्प से होता है। णं, इम। णे, इमे। णेण इमेण। णेहि, इमेहि।

नियम ५२६ (अमेणम् ३।७८) इद शब्द को अम् विभक्ति सहित इणं आदेश विकल्प से होता है। इणं, इमं।

नियम ५२७ (स्सि-स्सयोरत् ३।७४) स्सि तथा स्स परे रहते पर इदं शब्द को 'अ' आदेश विकल्प से होता है। अस्सि, अस्स। इमस्सि, इमस्स।

नियम ५२८ (ङो मेंन हः ३।७५) इद शब्द को म आदेश होने पर ङि परे हो तो म सहित ङि को ह आदेश विकल्प से होता है। इह, इमस्सि,

इमम्मि ।

नियम ५२९ (न त्थः ३।७६) इद शब्द को ङि प्रत्यय से होने वाले आदेश स्सि, म्मि और त्थ मे से त्थ आदेश नही होता। इमस्सि, इमम्मि (इह)।

नियम ५३० (क्लीबे स्यमेदमिणमो च ३।७९) नपुसक लिग मे वर्तमान इद शब्द को सि और अम् सहित इद, इणमो और इण आदेश नित्य होते हैं। सि—इदं, इणमो, इण। अम्—इद, इणमो, इण।

नियम ५३१ (मुः स्यादौ ३।८८) अदस् शब्द के द को मु आदेश होता है, सि आदि विभक्ति परे हो तो। अमू पुरिसो। अमूणो पुरिसा। अमु वणं। अमूइ वणाइ। अमू माला। अमूउ, अमूओ, मालाओ।

नियम ५३२ (वादसो दस्य होनोदाम् ३।८७) अदस् शब्द के दकार को सि परे रहने पर ह आदेश विकल्प से होता है। अह।

नियम ५३३ (म्मावयेऔ वा ३।८९) अदस् शब्द के अतिम व्यजन लुप्त होने पर दकारान्त शब्द को म्मि परे रहने पर अय तथा इअ आदेश विकल्प से होता है। अयम्मि, इअम्मि, अमुम्मि।

नियम ५३४ (वैसेणमिणमो सिना ३।८५) एतद् शब्द से परे सि होने पर विभक्ति सहित एस, इण और इणमो आदेश विकल्प से होता है। एस, इण, इणमो, एअं।

नियम ५३५ (वैतदो ङसेस्तो त्ताहे ३।८२) एतद् शब्द से परे ङसि को त्तो और त्ताहे आदेश विकल्प से होता है। एत्तो, एत्ताहे, पक्षे एआओ, एआउ, एआहि, एआहिंतो, एआ।

नियम ५३६ (त्थे च तस्य लुक् ३।८३) त्थ, त्तो, एवं त्ताहे परे रहने पर एतद् शब्द के तकार का लोप होता है। एत्थ, एत्तो, एत्ताहे।

नियम ५३७ (एरदीतौ म्मौ वा ३।८४) एतद् के एकार को म्मि परे रहने पर अ एव ई आदेश विकल्प से होता है। अयम्मि, ईयम्मि, एअम्मि।

प्रयोग वाक्य

परुप्पर विवाओ न कायव्वो। पल्लवायम्मि किं अन्न होहिइ? परिवासो किं जाणइ निसाए नयरम्मि किं जाअं? मुहुरस्स सुसीलस्स कत्थ वि सम्माणो न भवइ। तुम पमेइलो कया जाओ? अह मसाणम्मि साहुणं करेमि। मज्झ गिहम्मि वि डोला विज्जइ। णिवेसणाए मणुओ पिओ भवइ। भारहवासस्स छायणिआओ कत्थ-कत्थ मति? छोइया फलस्स सुरक्खं करेइ त विणा फलस्स दुद्दसा होइ।

धातु प्रयोग

निग्गं मज्झण्णं भजिअं। गुरुणा अविणीयस्सीसो भंडिओ। जो साहुणियमं न पालेइ सो भंसइ। छेणू नगरं भक्खइ। कन्ना को भज्जइ? तुमं कत्थ भमसि? भदंतो विणोदो अज्ज कत्थ विहरइ? किं तुमं मुहं भयसि? मोहणो णियगिहेण सह भरिसिमवि भरइ। किं तुमं जाणसि, कल्लं किं भविस्सइ?

प्राकृत में अनुवाद करो

समाज का आधार परस्पर सहयोग है। उस खेत में एक कुआ है। खेत में सोने वाला पुरुष खेत की सुरक्षा करता है। वाचाल आदमी का विश्वास नहीं होता। अधिक चर्बी वाला आदमी भीतर से कमजोर होता है। श्मशान की राख का तन से प्रयोग होता है। श्रावण (सावन) मास में मेरी बहन झूला झूल रही है। मेवा का फल बहुत मधुर होता है। छावनी शहर से कितनी दूर है? फल के साथ छिलके का भी मूल्य है।

धातु का प्रयोग करो

उसने अपने शत्रुओं को डांट दिया। समाज में बुरे आदमी की भर्त्सना करनी चाहिए। मनुष्य अपने आचरण से ही नीचे गिरता है। जो दिन में खाना खाता है उसको स्वास्थ्य लाभ मिलता है। वह गर्म रेत से चना भूनता है। साधु सबका कल्याण करते हैं। तुम रात में क्यों भ्रमण करते हो? वह धर्म की सेवा करता है। तुम किसका पोषण करते हो? जो धर्म करता है वह सुखी होता है।

प्रश्न

१. इदं शब्द के लिए इस पाठ में कितने नियम हैं और वे क्या कार्य करते हैं?
२. अदस् शब्द को अय तथा इअ आदेश कहां होता है?
३. अदस् शब्द के द को ह करने वाला कौनसा नियम है?
४. एतद् शब्द के तकार का लोप कहां होता है?
५. परस्पर, खेत, वाचाल, अधिक चर्बी वाला, श्मशान, झूला, मेवा, छावनी, छिलका के लिए प्राकृत शब्द बताओ?
६. भंज, भंड, भंस, भक्ख, भज्ज, भद, भम, भय और भर धातु के अर्थ बताओ तथा अपने वाक्य में प्रयोग करो।

शब्दरूप (६)

युष्मद् अस्मद् शब्द

शब्द संग्रह (रत्न और मणि)

मूगा—पवालो, पवाल
पन्ना—मरगयो, मरगय, मरअदो
पुखराज—पुप्फरागो, पुप्फरायो
हीरा—वइरो, वइरं
सूर्यकान्तमणि—सूरकतो
स्फटिकमणि—फलिहो
माणिक—माणिक्क
गोमेद—गोमेयो गोमेय
नीलम—इदनीलो, नीलमणि (पु स्त्री)
लहसुनिया— वेडुरिओ, वेरुलिय, वेडुज्जो
चंद्रकान्तमणि—चंदकतो
सर्पमणि—सप्पमणि (पु स्त्री)
मोती—मुत्ता

० ० ० ०

गीला, आर्द्र—अद्द (वि)
श्वासरोग—सासो
ज्वर—जरो
आयुर्वेद—आउव्वेयो

धातु संग्रह

सवेल्ल—लपेटना
सवस—साथ मे रहना
सविभाव—पर्यालोचन करना
समुज्झ—मुग्ध होना
आवील—पीडना, आपीडन करना
संवर—रोकना
सविद—जानना
संमिल्ल—सकोच करना
सलव—बातचीत करना
पवील—प्रपीडन करना

नियम ५३८ (युष्मदस्तं तुं तुवं तुह तुम सिना ३।६०) युष्मद् शब्द को सि सहित त आदि पाच आदेश होते हैं। त, तु, तुव, तुह, तुमं (त्वम्)

नियम ५३९ (भे तुब्भे तुज्झ तुम्ह तुय्हे उय्हे जसा ३।६१) युष्मद् शब्द को जस् सहित भे आदि छ आदेश होते हैं। भे, तुब्भे, तुज्झ, तुम्ह, तुय्हे, उय्हे (यूयम्)

नियम ५४० (ब्भो म्ह ज्झौ वा ३।१०४) युष्मद शब्द को आदेश ब्भ को म्ह और ज्झ आदेश विकल्प से होते है। तुम्हे, तुज्झे।

नियम ५४१ (तं तुं तुमं तुवं तुह तुमे तुए अमा ३।६२) युष्मद् शब्द को अम् सहित त आदि सात आदेश होते है। त, तु, तुम, तुव, तुह, तुमे, तुए (त्वाम्)

नियम ५४२ (वो तुज्झ तुब्भे तुय्हे उय्हे भे शसा ३।६३) युष्मद्

शब्द को शस् सहित वो आदि छ आदेश होते हैं। वो, तुज्झ, तुब्भ, तुब्भे, उय्हे, भे (युष्मान्)

नियम ५४३ (भे दि दे ते तइ तए तुमं तुमइ तुमए तुमे तुमाइ टा ३।९४) युष्मद् शब्द को टा सहित भे आदि ग्यारह आदेश होते हैं। भे, दि, दे, ते, तइ, तए, तुम, तुमइ, तुमए, तुमे, तुमाइ (त्वया)

नियम ५४४ (भे तुब्भेहिं उज्झेहिं उम्हेहिं तुय्हेहिं उय्हेहिं भिसा ३।९३) युष्मद् शब्द को भिस् सहित छ आदेश होते हैं। भे, तुब्भेहिं, उज्झेहिं, उम्हेहिं, तुय्हेहिं, उय्हेहिं (युष्माभिः)

नियम ५४५ (तइ तुव तुम तुह तुब्भा ङसौ ३।९६) युष्मद् शब्द को ङसि (पचमी के एक वचन) सहित पाच आदेश होते हैं। ङसि प्रत्यय को होने वाले त्तो, दो, दु, हि, हिन्तो, लुक् भी होते हैं। तइत्तो, तुवत्तो, तुमत्तो, तुहत्तो तुब्भत्तो। जहा जहा ब्भ रूप आए वहा सू ५४० से म्ह और ज्झ भी होगा। तुम्हत्तो, तुज्झत्तो। त्तो की तरह दो, दु, हि, हिन्तो और लुक् के भी रूप बनते हैं।

नियम ५४६ (तुय्ह, तुब्भ तहिन्तो ङसिना ३।९७) युष्मद् शब्द को ङसि सहित तीन आदेश होते हैं। तुय्ह, तुब्भ, तहिन्तो (त्वद्) सूत्र ५४० से तुम्ह और तुज्झ रूप और बनते हैं।

नियम ५४७ (तुब्भ तुय्होय्होम्हा भ्यसि ३।९८) युष्मद् शब्द को भ्यस् परे हो तो तुब्भ, तुय्ह आदि चार आदेश होते हैं। तुब्भत्तो, तुय्हत्तो, उय्हत्तो, उम्हत्तो, तुम्हत्तो, तुज्झत्तो (युष्मद्)। इसी प्रकार त्तो की तरह दो, दु, हि, हिन्तो, सुन्तो के भी रूप बनते हैं।

नियम ५४८ (तइ तु ते तुम्हं तुह तुहं तुव तुम तुमे तुमो तुमाइ दि दे इ ए तुब्भोब्भोय्हा ङसा ३।९९) युष्मद् शब्द को ङस् (षष्ठी के एक वचन) सहित तइ आदि अठारह आदेश होते हैं। तइ, तु, ते, तुम्ह, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, उब्भ, उय्ह, तुम्ह, तुज्झ, उम्ह, उज्झ (तव)

नियम ५४९ (तु वो भे तुब्भ तुब्भं तुब्भाण, तुवाण तुमाण तुहाण उम्हाण आमा ३।१००) युष्मद् शब्द को आम् सहित दस आदेश होते हैं। तु, वो, भे, तुब्भ, तुब्भं, तुब्भाण, तुवाण, तुमाण, तुहाण, उम्हाण (युष्माकम्)

नियम ५५० (तुमे तुमए तुमाइ तइ तए ङिना ३।१०१) युष्मद् शब्द को ङि (सप्तमी एक वचन) सहित पाच आदेश होते हैं। तुमे, तुमए, तुमाइ, तइ, तए (त्वयि)

नियम ५५१ (तु तुव तुम तुह तुब्भा ङौ ३।१०२) युष्मद् शब्द को ङि परे हो तो पाच आदेश होते हैं। ङि प्रत्यय को होने वाले आदेश भी होते है। तुम्मि, तुवम्मि, तुमम्मि, तुहम्मि, तुब्भम्मि, तुम्हम्मि, तुज्झम्मि।

नियम ५५२ (सुपि ३।१०३) युष्मद् शब्द को सुप् प्रत्यय परे हो तो तु, तुव, तुम, तुह, तुब्भ ये पाच आदेश होते है। तुसु, तुवेसु, तुमेसु, तुहेसु, तुब्भेसु। सू ५४० से तुम्हेसु, तुज्झेसु भी बनते हैं। (युष्मासु)

नियम ५५३ (अस्मदो म्मि अम्मि अम्हि ह अहं अहयं सिना ३।१०५) अस्मद् शब्द को सि सहित छ आदेश होते हैं। म्मि, अम्मि, अम्हि, ह, अहं, अहयं (अहं)

नियम ५५४ (अम्ह अम्हे अम्हो मो वयं भे जसा ३।१०६) अस्मद् शब्द को जस् सहित छ आदेश होते हैं। अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वय, भे (वयम्)

नियम ५५५ (णे णं मि अम्मि अम्ह मम्ह मं ममं मिमं अहं अमा ३।१०७) अस्मद् शब्द को अम् (द्वितीया का एक वचन) सहित दश आदेश होते हैं। णे, ण, मि, अम्मि, अम्ह, मम्ह, मं, मम, मिम, अहं (माम्)

नियम ५५६ (अम्हे अम्हो अम्ह णे शसा ३।१०८) अस्मद् शब्द को शस् सहित चार आदेश होते हैं। अम्हे, अम्हो, अम्ह, णे (अस्मान्)

नियम ५५७ (मि मे ममं ममए ममाइ मइ मए मयाइ णे टा ३।१०९) अस्मद् शब्द को टा सहित नव आदेश होते हैं। मि, मे, मम, ममए, ममाइ, मइ, मए, मयाइ. णे (मया)

नियम ५५८ (अम्हेहि अम्हाहि अम्ह अम्हे णे भिसा ३।११०) अस्मद् शब्द को भिस् सहित पाच आदेश होते है। अम्हेहि अम्हाहि, अम्ह, अम्हे, णे (अस्माभि.)

नियम ५५९ (मइ मम मह मज्झ ङसौ ३।१११) अस्मद् शब्द को ङसि परे हो तो चार आदेश होते हैं। ङसि को आदेश त्तो आदि होते हैं। मइत्तो, ममत्तो, महत्तो, मज्झत्तो। त्तो की तरह दो दु, हि, हिन्तो और लुक् भी जोडकर रूप बनाए जाते हैं। (मद्)

नियम ५६० (ममाम्हौ भ्यसि ३।११२) अस्मद् शब्द से परे भ्यस् हो तो मम और अम्ह आदेश होते हैं। भ्यस् को आदेश त्तो आदि होते हैं। ममत्तो, अम्हत्तो (अस्मद्)। इसी प्रकार हिन्तो, सुन्तो के भी रूप बनते हैं।

नियम ५६१ (मे मइ मम मह महं मज्झ मज्झं अम्ह अम्हं ङसा ३।११३) अस्मद् शब्द को ङस् सहित नव आदेश होते है। मे, मइ, मम, मह, महं, मज्झ, मज्झं, अम्ह, अम्ह (माम्)

नियम ५६२ (णे णो मज्झ अम्ह अम्हं अम्हे अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्झाण आमा ३।११४) अस्मद् शब्द को आम सहित ग्यारह आदेश होते है। णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण, मज्झाण (अस्माकम्)

नियम ५६३ (मि मइ ममाइ मए मे ङिना (३।११५) अस्मद् शब्द को ङि सहित पांच आदेश होते हैं। मि, मइ, ममाइ, मए, मे (मयि)

नियम ५६४ (अम्ह मम मह मज्झा ङौ ३।११६) अस्मद शब्द को ङि परे हो तो चार आदेश होते है। ङि का आदेश म्मि होता है। अम्हम्मि ममम्मि, महम्मि, मज्झम्मि (मयि)

नियम ५६५ (सुपि ३।११७) अस्मद् शब्द को सुप् परे हो तो अम्ह, मम, मह और मज्झ चार आदेश होते है। अम्हेसु, ममेसु, महेसु, मज्झेसु। (अस्मासु)

प्रयोग वाक्य

पवालो आउव्वेयस्स दिट्ठीए अइसत्तिसपण्णो रयणो अत्थि। मरगयो हरियवण्णो खणिजो य विज्जइ। पुप्फरायो अणेगेसु वण्णेसु मिलइ। वइरो सुक्कगहस्स पियरयणो अत्थि। नीलमणी सणिवारे गहिअव्वो। गोमेयो आउव्वेयस्स दिट्ठीए अइलाभदो अत्थि। वेडुरिओ मज्जारस्स णयणाइ पिव विभाइ। अमुम्मि णयरे सूरकतो कस्स पासे अत्थि? फलिहो पारदसी भवइ। चदकतो सोमवारे अगुलीए गहिअव्वो। सप्पमणी सुलहा नत्थि। जेउर (जयपुर) णयरे माणिक्कस्स वावारो अत्थि न वा? मुत्तावलि दट्ठु अहं अत्थ आगओ।

धातु प्रयोग

सो अगुलीए अद्वत्थखड कह सवेल्लइ? तुमए सह अह न सवसामि। अह अवररत्तीए सविभावेमि। किं तुम तम्मि संमुज्झसि? सवरो कम्माइ सवरइ। सा नवतत्ताइ सविदइ। सो मुहु मुहु कह नेत्ताइ समिल्लइ? गोयरग्गगओ मुणि न सलवे।

प्राकृत में अनुवाद करो

मूगा मूल्यवान् होता है। पन्ने मे गर्मी सहने की शक्ति अधिक है। पुखराज विश्व विख्यात रत्न है। हीरा अनेक देशो मे प्राप्त होता है पर भारत का हीरा प्रसिद्ध है। नीलम श्वासरोग और ज्वर मे लाभदायक है। गोमेद के प्रभाव को ज्योतिषी और तात्रिक दोनो स्वीकार करते है। लहसुनिया केतु ग्रह के दुष्प्रभाव को दूर करता है। सूर्यकातमणि रविवार को पहनना चाहिए। चद्रकान्तमणि का क्या मूल्य है? माणिक नवरत्नो मे एक है। मोती सफेद और चमकदार होता हे।

धातु का प्रयोग करो

वह वात को लपेट कर कहता है। जो तुम्हारे साथ मे रहता है वह तुम्हे जानता है। क्या तुम एकान्त मे पर्यालोचन करते हो? वह अन्य पुरुष पर मुग्ध नही होती है। तुम त्याग से अपने पापो को रोकते हो। मैं तुम्हारा ज्ञान जानता हू। जो सकोच करता है, वह कौन है? तुम किसके साथ बातचीत करते हो?

प्रश्न

१. युष्मद् शब्द के ङसि प्रत्यय के क्या-क्या रूप बनते है ?
२. अस्मद शब्द के ङि प्रत्यय के क्या-क्या रूप बनते है ?
३ मूगा, पन्ना, पुखराज, हीरा, सूर्यकान्तमणि, स्फटिकमणि, गोमेद, नीलम, लहसुनिया, चंद्रकान्तमणि, सर्पमणि, माणिक और मोती के प्राकृत शब्द बताओ ।
४ सवेल्ल, सवस, सविभाव, समुज्झ, सवर, सविद, संमिल्ल, आवील, पवील और सलव धातुओ के अर्थ बताओ ।

६५ शब्दरूप (१०)

शब्द संग्रह (स्फुट)

पानी की तरंग—उल्लोलो
आग्रह—अभिणिवेसो
कपट—कइअवं
कठोर—कक्कसो
मनोरथ— मणोरहो
भक्ति—भत्ती
लावण्य—लायण्ण
अग्नि —हुव्वयाहो
सैन्यरचना —वूहं
ईर्ष्या—[illegible]

धातु संग्रह

भाव—चिंतन करना
भिंद—भेदना, तोडना
भिक्ख—भीख मागना
भिड—भिडना, मुठभेड करना
भुज—भोजन करना
मद्द—मालिश करना
भुक्क—भूकना
मत—मंत्रणा करना
मक्ख—चुपडना, (घी, तेल आदि मे)
मज्ज—स्नान करना

संख्या शब्द—

एक शब्द को छोडकर सभी संख्यावाची शब्द प्राकृत मे तीनो लिंगों मे एक समान चलते है।

नियम ५६६ (दुवे दोण्णि वेण्णि च जस्-शसा ३।१२०) जस् तथा शस् सहित द्वि शब्द को दुवे, दोण्णि, वेण्णि, तथा दो ये चार आदेश होते हैं। दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो ठिआ पेच्छ वा।

नियम ५६७ (द्वेर्दो वे ३।११९) तृतीया आदि विभक्तियो मे द्वि शब्द को दो और वे ये दो आदेश होते हैं। दोहि, वेहि। दोण्हं, वेण्ह। दोसु, वेसु।

नियम ५६८ (त्रेस्तिण्णि ३।१२१) जस् तथा शस् सहित त्रि शब्द को तिण्णि आदेश होता है। तिण्णि।

नियम ५६९ (त्रेस्ती तृतीयादौ ३।११८) तृतीया आदि विभक्तियो मे त्रि शब्द को ती आदेश होता है। तीहि।

नियम ५७० (चतुर श्चत्तारो चउरो चत्तारि ३।१२२) जस् तथा शस् के सहित चतुर् शब्द को चत्तारो, चउरो और चत्तारि आदेश होते हैं। चत्तारो, चउरो, चत्तारि चिट्ठति पेच्छ वा

नियम ५७१ (चतुरो वा ३।१७) उकारान्त चउ शब्द को भिस्,

भ्यस् और सुप् परे होने पर दीर्घ विकल्प से होता है। चऊहि, चउहि। चऊओ, चउओ। चऊसु, चउसु।

नियम ५७२ (संख्याया आमो ण्ह ण्हं ३।१२३) संख्या शब्दों से परे आम् को ण्ह तथा ण्हं आदेश होते हैं। दोण्ह, दोण्हं। तिण्ह, तिण्हं। चउण्ह, चउण्हं। इसी प्रकार पच, छ, सत्त, अट्ठ, णव और दस शब्दो के रूप बनते हैं।

नियम ५७३ (शेषेदन्तवत् ३।१२४) शब्द सिद्धि के लिए ऊपर नियम बताए गए हैं। आकार आदि शब्दो के लिए जो नियम नही बताए गए है उनके लिए आकार आदि सारे शब्द अदन्तवत् हो जाते हैं यानि अकारान्त शब्द के नियम ही उन शब्दो मे लगते हैं। जैसे (जस् शसो लुंक् ३।४) यह नियम अकारान्त शब्द के लिए कार्य करता है। अदन्तवत् होने के कारण आकार आदि शब्दो मे भी यह नियम कार्य करेगा। माला, गिरी, गुरू, सही, वहू रेहंति पेच्छ वा। इसी प्रकार अन्य स्यादि प्रत्ययो के लिए है।

० आकारादि शब्दों के लिए अदन्तवत् प्राप्त नियमों में निषेध—

नियम ५७४ (न दीर्घो णो ३।१२५) जस्, शस् और ङि प्रत्यय को आदेश णो प्रत्यय परे हो तो इदन्त और उदन्त शब्द दीर्घ नही होता है। अग्गिणो, वाउणो।

नियम ५७५ (ङसे र्लुक् ३।१२६) आकारान्त आदि शब्द अदन्तवत् होने पर प्राप्त ङसि का लुक् नहीं होता है। मालत्तो, मालाओ, मालाउ, मालाहिंतो एव अग्गीओ, वाऊओ इत्यादि।

नियम ५७६ (भ्यसश्च हिः ३।१२७) आकारान्त आदि शब्द अदन्तवत् होने पर प्राप्त भ्यस् और ङस् को हि नही होता है। मालाहिंतो, मालासुंतो। एव अग्गीहिंतो इत्यादि।

नियम ५७७ (ङे र्डे: ३।१२८) आकारान्त आदि शब्द अदन्तवत् होने पर प्राप्त ङि को ङे नही होता है। अग्गिम्मि, वाउम्मि।

नियम ५७८ (एत् ३।१२९) आकारान्त आदि शब्द अदन्तवत् होने पर टा, शस्, भिस् और सुप् प्रत्यय परे होने पर एकार नही होता है।

प्रयोग वाक्य

समुद्दस्स उल्लोला कत्थ गमिस्संति? अभिणिवेसेण सच्चं दूरं गच्छइ। कडअवजुत्तववहारो केसिमवि पिओ न लग्गइ। कक्कसवयणं परस्स हिअय भजइ। सावगाणं तिण्णि मणोरहा पसिद्धा सति। उज्जमेण पक्खिणो वि णियउअर भरति। पेक्खाझाणेण सहावो परियट्टइ। भत्तीए भगवंतो वि पसीअइ। थीणं लावण्ण आभूसण विव भाइ। हुव्ववाहो सव्वाणि वत्थूणि भस्सीकुणइ।

धातु प्रयोग

सुहभावणं भावेज्ज । तुम कहं भित्ति भिदसि ? सो सरीरबलेण समत्थो अत्थि तहवि भिक्खइ । मोहणो मोहणेण सह भिडिस्सइ । सुणयो परसुणयं पासिऊणं च्चिअ भुक्कइ । सो तुमाए सह कल्लि पच्छे मंतइ । भगिणी रट्टिआओ घएण मक्खइ । अज्जत्त बहिणीओ दिणे वले (एव) मह मज्जंति । गामो णियमाणि मट्टइ ।

प्राकृत में अनुवाद करो

पानी की तरंगो की तरह मनुष्य का जीवन अस्थिर है । उसके आग्रह के कारण संधि नहीं हो सकी । कपट से स्त्री की योनि मिलती है । किसी के साथ कठोर व्यवहार मत करो । क्या किसी भी व्यक्ति के सब मनोरथ फलित हुए हैं ? संयम से उद्यम करना चाहिए । यदि स्वभाव-परिवर्तन नहीं होता हो तो साधना का क्या प्रयोजन है ? भक्तिरस का प्रमुख (पमुह) कवि कौन है ? तुम्हारा लावण्य ईर्ष्या का कारण बनता है । अग्नि सबके साथ समान व्यवहार करती है ।

धातु का प्रयोग करो

वह अनित्य भावना का चिंतन करता है । उसकी सैन्य रचना को तोड़ना चाहिए । जो भीख मांगता है वह कौन है ? तुम्हारी प्रकृति कैसी है सबके साथ भिड़ जाते हो ? सदा गरिष्ठ(गरिट्ठ) भोजन नहीं करना चाहिए । कुत्ता रात में भौंकता है और दिन में भी । उन्हें कानों से मंत्रणा नहीं करनी चाहिए । पुत्रवधू फुलका चुपड़ती है । वह शीतकाल में भी ठंडे पानी से नहाता है । नौकर (भिच्चो) वेतन लेकर मालिश करता है ।

प्रश्न

१. संख्यावाची शब्दों से परे आम् को क्या आदेश होता है ?
२. पंचमी विभक्ति में द्वि शब्द को क्या आदेश होता है ?
३. चत्तारि आदेश कहां होता है ?
४ पानी की तरंग, आग्रह, कपट, कठोर, मनोरथ, ईर्ष्या, उद्यम, स्वभाव, भक्ति, लावण्य, अग्नि, सैन्यरचना आदि शब्दों के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।
५. भाव, भिद, भिक्ख, भिड, भुंज, भुक्क, मंत, मक्ख, मज्ज और मट्ट— इन धातुओं के अर्थ बताओ तथा वाक्य में प्रयोग करो ।
६. पत्ययणं, पणी, अट्टणं, णिवेसणा, छायणिआ, परिवासो, बहुरं गोमेयं, वेरुलियं शब्दों को वाक्य में प्रयोग करो तथा हिन्दी में अर्थ बताओ ।

वर्तमानकालिक प्रत्यय

शब्द संग्रह

तंबू—पडवा	लक्षण—लक्खणं
कुशल—कुसलो	विघटन—विहडणं
युद्ध—जुज्झ	खंडन—विसारण
जीर्ण—जुन्न, जुण्णं	पवित्र, निर्दोष—अणहो
फोटु—पडिच्छाया	पाप—अणो
नास्तिक—णत्थिओ (वि)	पडोसी—पाडोसिओ

धातु संग्रह

धर—धारण करना	धंस—नष्ट होना
धरिस—प्रगल्भता, ढीठाइ करना	धिप्प—चमकना
धीरव—सान्त्वना देना	धुण—कपाना
धस—धसना, नीचे जाना	धुव—धोना
धा—धारण करना	धा—दौडना
धा—ध्यान करना, चिंतन करना	

धातु रूप

१ शब्दो की तरह धातु के रूपो मे भी द्विवचन नही होता ।

२ प्राकृत मे आत्मनेपद और परस्मैपद का भेद नही होता । आत्मनेपद और परस्मैपद के प्रत्यय प्राकृत मे प्रत्येक धातु के साथ जुडते है ।

३ भाव कर्म मे भी आत्मनेपद नही होता है ।

४. प्राकृत मे व्यजनान्त धातुए नही होती हैं । संस्कृत की व्यंजनान्त धातु मे 'अ' विकरण जोडकर उसे अकारान्त बनाया जाता है । हस्+अ=हस । भण्+अ=भण । लिह्+अ=लिह ।

५. अकारान्त को छोड शेष स्वरान्त धातुओ मे अ विकरण विकल्प से जुडता है । होइ, होअइ । ठाइ, ठाअइ ।

६. प्राकृत मे धातु द्वित्व नही होती । जैसे सस्कृत मे णवादि, सन्नन्त, यङन्त और यङ्लुगन्त आदि मे होती है ।

७ प्राकृत मे १० लकार नही होते ।

८ धातु के उपसर्ग जुडने से वह धातु का अंग बन जाता है । जैसे—प+इक्ख पेक्ख । उव+इक्ख उवेक्ख ।

६. प्राकृत में धातुओं का एक ही गण होता है। संस्कृत की तरह दस गण नहीं होते हैं। अन्य गणों की धातुएं भ्वादि गण की तरह ही चलती हैं। गणों के रूपों से सीधा प्राकृत करने से कहीं-कहीं पर रूप मिलते भी हैं। जैसे—शृणोति—सुणेइ।

वर्तमान काल के धातु के प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	इ, ए	न्ति, न्ते, इरे
मध्यमपुरुष	सि, से	इत्था, ह
उत्तमपुरुष	मि, ए	मो, मु, म

उत्तमपुरुष के ए प्रत्यय का प्रयोग बहुत कम मिलता है, केवल आर्ष प्राकृत में होता है। प्रत्ययों से होने वाले धातु के रूप नीचे नियमों में स्पष्ट हैं इसलिए अलग से नहीं दिए जा रहे हैं।

नियम ५७९ (व्यञ्जनाददन्ते ४।२३९) व्यञ्जनान्त धातु के अंत में अकार का आगम होता है। वसइ, पढइ, भमइ।

नियम ५८० (स्वरादनतो वा ४।२४०) अकारान्त धातु को छोड शेष स्वरान्त धातुओं के अंत में अकार का आगम विकल्प से होता है। पाइ, पाअइ। होइ, होअइ।

नियम ५८१ (त्यादीनामाद्यत्रयस्याद्यस्येचेचौ ३।१३९) परस्मैपद और आत्मनेपद के त्यादि विभक्तियों के प्रथमपुरुष के एकवचन (तिप्, ते) प्रत्ययों को इच् (इ) और एच् (ए) आदेश होते हैं। हसइ, हसए (हसति) वह हसता है।

नियम ५८२ (बहुष्वाद्यस्य न्ति न्ते इरे ३।१४२) प्रथमपुरुष के बहुवचन (अन्ति, अन्ते) प्रत्ययों को न्ति, न्ते, इरे आदेश होते हैं। हसंति, हसंते, हसिरे (हसतः, हसंति) वे दोनों या वे हंसते हैं।

नियम ५८३ (द्वितीयस्य सि से ३।१४०) मध्यमपुरुष के एकवचन (सिप्, से) प्रत्ययों को सि और से आदेश होते हैं। हससि, हससे (हससि) तू हंसता है।

नियम ५८४ (अत एवैच् से ३।१४५) त्यादि प्रत्ययों के प्रथमपुरुष के एकवचन में ए और से प्रत्यय कहा है वह अकारान्त धातुओं से ही होता है, अन्य स्वरान्त धातुओं से नहीं। हसए, हससे। करए, करसे।

नियम ५८५ (मध्यमस्येत्था हचौ ३।१४३) मध्यमपुरुष के बहुवचन (थ, ध्वे) प्रत्ययों को इत्था और हच् (ह) आदेश होते हैं। हसित्था, हसह (हसथः, हसथ) तुम दोनों या तुम हंसते हो।

नियम ५८६ (तृतीयस्य मिः ३।१४१) उत्तमपुरुष के एकवचन

(मिप्, ए) प्रत्ययो को मि आदेश होता है।

नियम ५८७ (मौ वा ३।१५४) अदन्त धातु के अ को आ विकल्प से हो जाता है मि परे होने पर। हसमि, हसामि (हसामि) मैं हंसता हू।

नियम ५८८ (तृतीयस्य मो मु माः ३।१४४) उत्तम पुरुष के बहुवचन (मस्, महे) प्रत्ययो को मो, मु और म आदेश होते है। हसमो, हसमु, हसम (हसाव, हसामः) हम दोनो या हम हसते है।

नियम ५८९ (इच्च मो मु मे वा ३।१५५) अदन्त धातु के अ को इ और आ हो जाता है, मो, मु और म प्रत्यय परे हो तो। हसिमो, हसामो। हसिमु, हसामु। हसिम, हसाम (हसामः)। हम हंसते है।

नियम ५९० (वर्तमाना पञ्चमी शतृषु वा ३।१५८) वर्तमानकाल, पचमीविभक्ति तथा शतृप्रत्यय परे रहने पर अ को ए विकल्प से होता है। हसइ, हसेइ। हससि, हसेसि। हसमो, हसेमो। हसमु, हसेमु। हसम, हसेम।

नियम ५९१ (वर्तमाना भविष्यन्त्योश्च ज्ज ज्जा वा ३।१७७) वर्तमान, भविष्यत् तथा विधि आदि धातु प्रत्ययो के स्थान पर ज्ज और ज्जा आदेश विकल्प से होते हैं। वर्तमान—हसेज्ज, हसेज्जा, हसइ (हसति)। भविष्यत्—हसेज्ज, हसेज्जा, हसिहिइ (हसिष्यति) विधि—हसेज्ज, हसेज्जा, हसउ (हसतु, हसेद् वा)।

नियम ५९२ (मध्ये च स्वरान्ताद् वा ३।१७८) स्वरान्त धातु से वर्तमान, भविष्यत् तथा विधि आदि प्रत्ययो के स्थान पर तथा धातु और प्रत्यय के बीच मे ज्ज और ज्जा विकल्प से हो जाते है। होज्जइ, होज्जाइ, होज्ज, होज्जा, होइ (भवति)। होज्जहिइ, होज्जाहिइ, होज्ज, होज्जा होहिइ (भविष्यति)। होज्जउ, होज्जाउ, होज्ज, होज्जा, होउ। (भवतु, भवेद् वा) एव होज्जसि, होज्जासि, होज्ज, होज्जा, होसि (भवसि)।

नियम ५९३ (ज्जात् सप्तम्या इर्वा ३।१६५) ज्ज से परे इ का प्रयोग विकल्प से होता है। होज्ज, होज्जइ (भवेत्)।

नियम ५९४ (ज्जा ज्जे ३।१५९) प्रत्ययो के स्थान पर आदेश होने वाले ज्ज और ज्जा परे हो तो धातु के अकार को एकार हो जाता है। हसेज्ज, हसेज्जा।

नियम ५९५ (अत्थि स्त्यादिना ३।१४८) त्यादि प्रत्ययो के साथ अस् धातु को अत्थि आदेश होता है। अत्थि (अस्ति, सति, असि, स्थ, अस्मि, स्मः)।

नियम ५९६ (सिना स्ते सिः ३।१४६) मि प्रत्यय के साथ अस् धातु को सि आदेश होता है। सि (असि)। पूर्व नियम मे अत्थि भी।

नियम ५९७ (मि मो मै म्हि म्हो म्हा वा ३।१४७) मि, मो और म

प्रत्यय के साथ अस् धातु को क्रमशः म्हि, म्हो और म्ह आदेश विकल्प से होता है। म्हि, (अस्मि) म्हो, म्ह (स्मः)।

प्रयोग वाक्य

पडवाए केत्तिला जणा उवविसंति ? ववहारकुसलो सव्वत्थ (सब जगह) सम्माणं लभइ। देसाणं जुज्झं जया भवइ तया बहुनरसंहारो होइ। कालप्पभावेण पत्तेयं वत्थुं जुन्नं हुवइ। किं तुज्झ पासे आयरिअभिक्खुणो पडिच्छाया विज्जइ ? जीवस्स किं लक्खणं अत्थि ? जो संघस्स विहडणं कुणइ सो कूरकम्माइं बंधइ। अत्थिवायस्स को विसारणं करेइ ? अज्जत्ता अणहो सरलो नरो दंडं लहइ। जणा अणं कुणंति परं फलं न इच्छंति। मज्झ पाडोसिओ भद्दो सुसीलो य अत्थि।

धातु प्रयोग

किं तुमं धरसि ? कालप्पभावेण पव्वयो धंसइ। मोहणेण कहिअं अत्थ न आगंतव्वं तहवि सोहणो धरिसइ। आयासे तारा धिप्पंति। गिहे कस्सइ मच्चुस्स पच्छा सावगा गुरुं पासंति तया आयरिया ता धीरवंति। तवो कम्माइं धुणइ। भूकंपे भूमी धसइ। जोगी एगे पोग्गले धाइ। विजयो वत्थाइं धाइ। तुमेसुं को वेगेण धाइ ? तुमं पइदिणं वत्थाइं कहं धुवसि ?

प्राकृत में अनुवाद करो

भीषण गर्मी मे तंबू की छाया में लोग बैठना चाहते हैं। वह कुशल कलाकार है। युद्ध में जीत हमारी होगी। जीर्ण वस्त्र शीघ्र फटता है। प्रधानमंत्री (पहाणमंती) के साथ वह अपनी फोटू चाहता है। अजीव का लक्षण क्या है ? जिसका योग (जोग) होता है उसका विघटन होता है। नास्तिक लोग आत्मा का खंडन करते हैं। वह अपने आपको निर्दोष कहता है। पापी से घृणा मत करो, पाप से करो। पडौसी के साथ अच्छा व्यवहार करो।

धातु का प्रयोग करो

वह तप को धारण करता है। इस गांव का पर्वत कब नष्ट हो गया ? जो ढीठाइ करता है उसकी संगत मत करो। उसका भाग्य चमकता है। मुनि ने दुःखी परिवार को सान्त्वना दी। उसका मकान जमीन में धंस गया। मंगलवार को तुम नया सफेद वस्त्र क्यों धारण करते हो ? मुनि शुभकरण साधना शिखर पर ध्यान करते हैं। ऊंट मरुभूमि में सबसे तेज दौडता है। तपस्या से अपनी आत्मा को धोओ।

प्रश्न

१. प्राकृत में आत्मनेपद कहां होता है ?

विध्यर्थ प्रत्यय

शब्द संग्रह (साला वर्ग)

अट्टणसाला—व्यायामशाला
उदगसाला—उदकगृह
उट्टसाला—रसोई
उवट्ठाणसाला—सभास्थान
करणसाला—न्यायमंदिर
कूडागारसाला—षड्यंत्रवाला घर
गंधव्वसाला—संगीतगृह
गद्दभसाला—गधा रखने का स्थान
गोणसाला—गोशाला
घोडसाला—घुड़साल, अस्तबल
कम्मसाला—कारखाना
कुंभारसाला—कुंभारगृह
गंधियसाला—दारु आदि गंध वाली चीज बेचने की दूकान
घयसाला—अनाथमंडप, भिक्षुओं का आश्रय स्थान

० ० ० ०

चापलूस—चाडुयारी (वि)

धातु संग्रह

पइहा—परित्याग करना
पइसार—प्रवेश करना
पउंज—जोड़ना, युक्त करना
पओस—प्रक्षेप करना
पकत्थ—श्लाघा करना
पकप्प—काम में आना, उपयोग में आना
पइट्ठव—मूर्ति आदि की विधिपूर्वक स्थापना करना
पकुण—करने का प्रारंभ करना
पस—मलिन करना
पकुप्प—क्रोध करना

•—

विध्यर्थ का प्रयोग कर्तव्य का उपदेश, क्रिया की प्रेरणा और संभावना के अर्थ में होता है।

विध्यर्थक प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	ज्जए, ए, एय, ज्ज, ज्जा	ज्ज, ज्जा
मध्यमपुरुष	ज्जसि, ज्जासि	ज्जाह
उत्तमपुरुष	ज्जामि	ज्जामो

हस धातु के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	हसिज्जए, हसे, हसेय	हसिज्ज, हसेज्ज

	हसिज्ज, हसेज्ज, हसिज्जा, हसेज्जा हसिज्जइ, हसेज्जइ	हसिज्जा, हसेज्जा
मध्यमपुरुष	हसिज्जासि, हसेज्जासि हसिज्जसि, हसेज्जसि	हसिज्जाह, हसेज्जाह
उत्तमपुरुष	हसिज्जामि, हसेज्जामि	हसिज्जामो, हसेज्जामो

हो धातु के रूप

प्रथमपुरुष	होज्जए, होए, होएय होज्ज, होज्जा	होज्ज, होज्जा
मध्यमपुरुष	होज्जसि, होज्जासि	होज्जाह
उत्तमपुरुष	होज्जामि	होज्जामो

(विकरण वाली हो धातु के रूप हस धातु की तरह चलते हैं)

प्रथमपुरुष	होइज्जए, होए, होएय होइज्ज, होएज्ज होइज्जा, होएज्जा	होइज्ज, होएज्ज होइज्जा, होएज्जा
मध्यमपुरुष	होइज्जासि, होएज्जासि होइज्जसि, होएज्जसि	होइज्जाह, होएज्जाह
उत्तमपुरुष	होइज्जामि, होएज्जामि	होइज्जामो, होएज्जामो

० ० ० ०

(१) यदि क्रियापद के साथ उअ और अवि अव्ययो का सबध हो तो इस पाठ मे बताए गए विध्यर्थ प्रत्ययो का प्रयोग हो सकता है। उअ कुज्जा (चाहता हू वह करे) अवि भुजिज्ज (खाए भी)।

(२) श्रद्धा अथवा सभावना अर्थ वाली धातुओ के प्रयोग के साथ इन प्रत्ययो का प्रयोग हो सकता है। सद्दहामि लोएसो लेह लेहिज्ज। श्रद्धा (विश्वास) करता हू लोकेश लेख लिखे। सभावेमि तुम न जुज्झिज्जसि (सभावना करता हूं तुम नही लडो)।

(३) ज के साथ कालवाचक कोई भी शब्द हो तो वहा विध्यर्थ प्रत्ययो का प्रयोग होता है। कालो ज भणिज्जामि (समय है मै पढू)। वेला जं गाएज्जासि (समय है तू गा)।

(४) जहा एक क्रिया दूसरी क्रिया का निमित्त बने वहा विध्यर्थ प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है। जइ ह गुरु उवासेय सत्थन्त गच्छेय (यदि गुरु की उपासना करे तो शास्त्र का अंत पावे)।

आर्ष प्राकृत में उपलब्ध कुछ अन्य रूप—

कुज्जा (कुर्यात्)	अभिभासे (अभिभाषेत)
निहे (निदध्यात्)	सिया, सिंआ (स्यात्)

वापस उसे ग्रहण मत करो। वस्त्रो को जोडना सरल है, मनो को जोडना दुष्कर (दुक्करं) है। वह अपने पुत्रो को आज अच्छी स्कूल मे प्रवेश कराएगा। जो प्रद्वेष करता है उसका मानस कलुष होता है। कुशलता के अभाव मे तुम अपने वस्त्रो को मलिन करते हो। जो अधिक श्लाघा करता है वह चापलूस (चाडुयार) होता है। यह वस्त्र मेरे काम मे आता है। उसने शातसुधारस पढना प्रारभ कर दिया है। माता बच्चे पर बार-बार क्रोध करती है।

विध्यर्थक प्रत्ययों का प्रयोग करो

मैं चाहता हू वह नमस्कार मत्र (णमुक्कार मत) का जप करे। वह तप भी करे। मैं विश्वास करता हू वह ध्यान से पढे। सभावना करता हू तुम विद्वान् बनो। समय है मैं ध्यान करू। समय है स्वाध्याय करूं। चतुर्मास है मैं सूत्र पढू। यदि वह ध्यान से पढे तो पास हो जाए। यदि वर्षा हो तो अन्न अधिक हो जाए। यदि आपकी उपासना मिले तो व्याकरण का ज्ञान हो जाए। यदि वेतन मिल जाए तो घर मे वस्त्र ले आऊं।

प्रश्न

१ एकवचन और बहुवचन के विध्यर्थक प्रत्यय प्राकृत मे कौन-कौन से हैं?

२ इस पाठ मे विध्यर्थक प्रत्ययो के अतिरिक्त आर्ष प्राकृत के रूप कौन-कौन से हैं?

३ विध्यर्थक प्रत्ययो का प्रयोग कहा-कहा किया जाता है?

४ दो वाक्य ऐसे बनाओ जहा एक क्रिया दूसरी क्रिया का निमित्त बनती हो और वहा विध्यर्थ प्रत्ययो का प्रयोग होता हो?

५ सभास्थान, न्यायमदिर, पड्यत्रवाला घर, व्यायामशाला, गोशाला, घुडसाला, गदहा रखने का स्थान, उदकगृह और रसाला के लिए प्राकृत शब्द बताओ।

६ पइट्ठव, पडहा, पउज, पइसार, पओस, पस, पकत्थ, पकप्प, पकुण और पकुप्प धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो।

शब्द संग्रह (शरीर के अंग उपांग १)

सिर—मत्थओ, सिरं | केस—केसो, वालो, कयो
मस्तकहीन शरीर, धड—कबंधो | कपाल—कवालो, भालो, कप्परो
खोपडी—रणिआ | भापण—झंपणी, पम्हाइं
भौं—भुमया, भमुहा | आँख की पुतली—अक्खरन
आँख—णयण, नेत्त, चक्खु | नाक—णासिआ, णासा
कान—कण्णो, सोत्तं, सवणो | मूंछ—आमरोमो
दाढी—दाढिआ | दाढी मूंछ—मसू

कचरा—कयवरो | व्यायाम—वायामो
पानी से गीला—उदओल्लं

धातु संग्रह

पकुव्व—करना | पक्खिव—फेंक देना, त्यागना
पक्कम—चला जाना, प्रयत्न होना | पच्छोड (प्र+छादय्)—ढकना, आच्छादन करना
पक्किर—फेंकना
पक्खर—अश्व को कवच से सज्जित करना, सन्नद्ध करना | पक्खुभ—क्षोभ पाना, बढना, वृद्ध होना
पक्खल—पडना, गिरना | पक्खोभ—क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना
पक्खोट (प्र+स्फोटय्)—बार-बार झाडना

आज्ञार्थक—

इसका प्रयोग किसी को आशीर्वाद देने, विधि और सम्भावना अर्थ में होता है।

जानने योग्य—

- प्रत्यय लगाने से पूर्व अ विकरणवाली (हसान्त) धातु के अन्त्य अ को ए विकल्प से होता है। हसउ, हसेउ।
- प्रथम पुरुष के एकवचन उ अथवा तु प्रत्यय लगाने से पूर्व अ विकरण वाली धातु के अन्त्य अ का आ भी उपलब्ध होता है। सुणाउ, सुणउ, सुणेउ।

० उत्तम पुरुष के प्रत्यय लगाने से पूर्व अ विकरण वाली धातु के अन्त्य अ को आ तथा इ विकल्प से होता है। हसामु, हसिमु, हसमु।

नियम ५९८ (दु सु मु विध्यादिष्वेकस्मिंस्त्रयाणाम् ३।१७३) विधि आदि अर्थ में तीनों पुरुषों के एकवचन के प्रत्ययों को क्रमश. दु, सु और मु आदेश होते है। हसउ (हसतु), हससु (हस), हसमु (हसानि)।

नियम ५९९ (बहुषु न्तु ह मो ३।१७६) विधि आदि अर्थ में तीनों पुरुषों के बहुवचन के प्रत्ययों को क्रमश. न्तु, ह और मो आदेश होता है। हसन्तु (हसन्तु), हसह (हसत), हसमो (हसाम)।

नियम ६०० (अत इज्जस्विज्जहीज्जे लुको वा ३।१७५) अ से परे 'सु' को इज्जसु, इज्जहि, इज्जे तथा लुक् ये चार आदेश विकल्प से होते है— हसेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे, हस, हसमु। अन्य स्वरान्त धातुओं (आकारान्त, इवर्णान्त, उवर्णान्त, एकारान्त और ओकारान्त को ये आदेश नहीं होते है।

नियम ६०१ (सो हिं वा ३।१७४) पूर्व सूत्र विहित (दु, सु, मु) मे सु प्रत्यय को हि विकल्प से होता है। हससु, हसहि। देहि, देसु।

आज्ञार्थक प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	उ, तु	न्तु
मध्यमपुरुष	सु, हि, इज्जसु, इज्जहि, इज्जे, लुक्	ह
उत्तमपुरुष	मु	मो

हस धातु के आज्ञार्थक रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	हसउ, हसेउ, हसतु, हसेतु	हसन्तु, हसितु, हसेतु
मध्यमपुरुष	हससु, हसेसु, हसेज्जसु हसेज्जहि, हसेज्जे, हस हसहि, हसाहि	हसह, हसेह
उत्तमपुरुष	हसमु, हसामु, हसिमु, हसेमु	हसमो, हसामो, हसिमो, हसेमो

(सर्व पुरुष सर्व वचन में—हसेज्ज, हसेज्जा और होते हैं)

हो धातु के आज्ञार्थक रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	होउ, होअउ, होएउ होज्जउ, होज्जाउ, होतु, होएतु होज्जतु, होज्जातु	होन्तु, होइन्तु, होएन्तु होज्जन्तु, होज्जान्तु
मध्यमपुरुष	होसु, होअसु, होएसु	होअह, होएह, होह

को स्थिर रखता है ? व्यायाम से आख की ज्योति वढती है। देखने की शक्ति आख की पुतली मे है। अपने कान मे स्वय स्पंदन करना कठिन है। नासा के अग्रभाग पर ध्यान का अभ्यास करो। दाढी और मूछ होना पुरुषत्व का लक्षण है। वहादूर सिंह मूछ पर नीबू रख सकता है।

धातु का प्रयोग करो

जो पाप करता है वही उसका फल भोगता है। पक्षी सवेरे भोजन की खोज मे पूर्व दिशा मे चला गया। वह धूलि को वाहर फेकता है। तुम घोडे को किसलिए सज्जित करते हो ? जो चढने का अभ्यास करता है वही गिरता है। सीता अपने घर से गदे (मलिण) पानी को वाहर फेंकती है। तुम्हारे व्यवहार से मैं क्षुब्ध होता हू। गर्म दूध के वर्तन को तत्काल ढको। वस्त्र को वार-वार मत झाडो। किसी की आस्था को हिला देना अच्छा कार्य नही है।

आज्ञार्थक प्रत्ययो का प्रयोग करो

तुम गाव के वाहर मत जाओ। हम लोग स्वाध्याय करे। चतुर्मास मे सभी भाई वहन यथाशक्ति तप करे। तुम व्याख्यान दो, लोग आएंगे। तुम लोग घर जाओ, किसी की प्रतीक्षा मत करो। वे सब नदी मे क्यो उतरे ? सवेरे जल्दी उठो और जल्दी सोओ। सव लोग अपना-अपना काम करो। तुम व्यर्थ ही उसकी चिंता मत करो। तुम पढने मे ध्यान दो। किसी को शिक्षा मत दो। दिन मे शरीर का श्रम भी करो। दूसरों की वात मत करो। प्रतिदिन नमस्कार महामन्त्र का जाप अवश्य करो। बुरे व्यक्तियो की संगत मत करो।

प्रश्न

१ आज्ञार्थक प्रथम और उत्तम पुरुष के एकवचन और वहुवचन के प्रत्ययो को क्या आदेश होता है ?
२ आज्ञार्थक मध्यमपुरुप के एकवचन को नु प्रत्यय को क्या-क्या आदेश होता है ?
३ हस धातु के आज्ञार्थक प्रत्ययो के रूप लिखो।
४ सिर, खोपडी, कपाल, केश, भौं, भांपण, आंख, आंख की पुतली, कान, नाक और दाढीमूछ के लिए प्राकृत शब्द वताओ।
५ पकुव्व, पक्कम, पक्किर, पक्खर, पक्खल, पक्खिव, पक्खुब्भ, पक्खोड, और पक्खोभ धातुओ के अर्थ वताओ और वाक्य मे प्रयोग करो।
६ हुव्ववाहो, अभिणिवेसो, इस्सा, अणहो, विहडणं, फरुससाला, घयसाला, उवट्ठाणसाला शब्दो को वाक्य मे प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अर्थ वताओ।

६९ भूतकालिक प्रत्यय

शब्द संग्रह (शरीर के अंग-उपांग २)

मुंह—वयणं, मुह — जीभ—जीहा, रसणा
दांत—दसणो, दंतो — ओठ—अहरो, ओट्ठो
ठोडी—चिबुअं — कंठ—कंठो
कंठमणि—अवडू, किआडिआ — गाल—कवोलो, गल्लो
कंधा—अंसो — कांख—कक्खो, भुअमूलं

दतवन—दंतसोहणं — केंद्र—किंदियं
फुनसी—फुडिया — तिल—तिलो
जूं—जूआ — स्वर—सरो
गले का—गलिच्च (वि)

धातु संग्रह

पगड्ढ—खींचना — पघंस—फिर-फिर घसना
पगल—झरना, टपकना — पघोल—मिलना, संगत करना
पगिण्ह—ग्रहण करना — पचाल—खूब चलाना
पच्चक्खीकर—साक्षात् करना — पच्चक्ख—त्याग करना
पगिज्झ—आसक्ति का प्रारंभ करना — ईर—गमन करना

भूतकाल

प्राकृत में भूतकाल का कोई भेद नहीं है। अनद्यतन, भूतमात्र और परोक्ष इन तीनों भूतकालिक अर्थों में एक समान प्रत्यय होते हैं।

नियम ६०२ (सी ही हीअ भूतार्थस्य ३।१६२) स्वरान्त धातुओं से भूतार्थ में विहित प्रत्ययों को सी, ही और हीअ आदेश होते हैं।

भूतकालिक प्रत्यय

	एकवचन, बहुवचन		
प्रथम पुरुष	सी, ही, हीअ	होसी, होअसी	= (अभवत्, अभूत, बभूव
मध्यम पुरुष	सी, ही, हीअ	होही, होअही	
उत्तम पुरुष	सी, ही, हीअ	होहीअ, होअहीअ	

नियम ६०३ (व्यञ्जनादीअः ३।१६३) व्यंजनांत (अविकरण वाली) धातुओं से भूतार्थ में विहित प्रत्ययों को ईअ आदेश होता है।

	एकवचन, बहुवचन	
प्रथम पुरुष	ईअ	हसीअ (अहसत्, अहासीत्, जहास)
मध्यम पुरुष	ईअ	
उत्तम पुरुष	ईअ	

नियम ६०४ (तेनास्तेरास्यहेसि ३।१६४) अस् धातु को भूतार्थ प्रत्ययो के साथ आसि और अहेसि आदेश होता है। सब पुरुष और सबवचनो मे रूप बनेंगे—आसि, अहेसि।

आर्ष प्राकृत में भूतकाल के उपलब्ध रूप—

कर—अकरिस्सं (अकार्षम्) उत्तम पुरुष एकवचन

अकासी (अकार्षीत्) प्रथम पुरुष एकवचन

ब्रू—अब्बवी (अब्रवीत्) प्रथम पुरुष एक वचन

वच—अवोच (अवोचत्) प्रथम पुरुष एकवचन

ब्रू—आह (आह) प्रथम पुरुष एकवचन

ब्रू—आहु (आहुः) प्रथम पुरुष बहु वचन

दृश्—अदक्खू (अद्राक्षुः) प्रथम पुरुष एकवचन

आर्ष प्राकृत मे उत्तम पुरुष अस् धातु के लिए आसिमो और आसिमु (आस्म) रूप मिलते है। वद धातु का वदीअ रूप होना चाहिए पर वदासी और वयासी रूप मिलते है। सी प्रत्यय स्वरान्त धातुओ के लगता है परन्तु आर्ष प्राकृत मे प्राय. प्रथम पुरुष के एकवचन के लिए त्था, इत्था और इत्थ प्रत्यय तथा बहुवचन के लिए इत्थ, इंसु और अंसु प्रत्यय भी मिलते हैं।

था—हो—होत्था।

इत्था—री—रीइत्था। भुंज—भुजित्था। पहार—पहारित्था, पहारेत्था।

विहर—विहरित्था। सेव—सेवित्था।

इंसु—गच्छ—गच्छिसु। कर—करिंसु। नच्च—नच्चिसु।

अंसु—आह—आहसु।

कर धातु भूतकाल मे (नियम ७० से) का के रूप मे बदल जाने से रूप बनते है—कासी, काही, काहीअ।

प्रयोग वाक्य

मुहेण मिउवयणं वदेज्जा। जीहा रसस्स गहण करेइ। सो दंतसोहणेण दसणा सोहइ। ओट्ठम्मि फुडिआ जाआ। माया पुत्तस्स कवोलं चुंबइ। सुमेरो महुरकंठेण गीअं गाअइ। विसुद्धकिंदियस्स ठाणे अवडू अत्थि। पुरिसस्स चिबुअस्स दक्खिणभागे तिलस्स वरं फल भवइ। आयरिअस्स कंधे जिणसासणस्स भारो अत्थि। अस्स कक्खे जूआओ कहं उप्पज्जति ?

धातु प्रयोग

केवली समुग्घाएण कम्माइं पगड्ढईअ। भवणस्स छईअ नीरं कहं

वृक्ष से मधुर फल आम गिरा। उसने तीस वर्ष तक संयम की साधना की। तुम्हारा मन साधुत्व से विचलित क्यो हुआ ? गाय ने उसको सींग (सिंगं) से मारा। आकाश से तारा कब टूटा ? तुम्हारे भाई ने उसके घर से चोरी क्यो की ? उसकी प्रगति को देखकर चेतना ने विमला पर झूठा आरोप लगाया।

प्रश्न

१ प्राकृत मे भूतकाल के कितने भेद है ? उनके प्रत्ययो मे क्या अन्तर है ?

२ प्राकृत मे भूतकाल के प्रत्ययो को किस नियम से क्या आदेश होता है ? एकवचन और बहुवचन के आदेश मे क्या अंतर है ?

३ आर्ष प्राकृत मे भूतकाल के अर्थ मे नियमो के अतिरिक्त कौन-कौन से रूप और प्रत्यय मिलते है ?

४. इत्था, इसु और असु प्रत्यय के रूप बताओ।

५ मुँह, जीभ, दात, ओठ, ठोडी, गाल, कठ, कठमणि, कधा और कांख के लिए प्राकृत शब्द बताओ ?

६ पगड्ढ, पगल, पगिण्ह, पच्चक्खीकर, पगिज्झ, पघंस, पघोल, पचाल, पच्चक्ख और ईर धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो।

भविष्यत्कालिक प्रत्यय (१)

शब्द संग्रह (शरीर के अंग-उपांग ३)

भुजा—भुआ, बाहु
कोहनी—कुहणी
हाथ—करो, पाणी, हत्थो
उंगली—अंगुली
हथेली—करयलं
अंगूठा—अंगुट्ठो
स्तन—थणो
नाखून—नहो
नाखून के नीचे का भाग—पटिमेणं
मुट्ठी—मुट्ठिआ, मुट्ठी
छाती=उरो, वच्छ
पेट—उयरं, कुच्छि (पु, स्त्री)
मसूढा—दंतवेट्ठो (म)

० ० ० ०

पतला—पतल (वि)

धातु संग्रह

पच्चणुभव—अनुभव करना
पच्चभिजाण—पहचानना
पच्चाचक्ख—परित्याग करना
पच्चप्पिण—वापस देना, सौंपे हुए कार्य को करके निवेदन करना
पच्चापड—लौटकर आ पड़ना
पच्चाय—प्रतीति करना
पच्चाया—उत्पन्न होना
पच्चाइक्ख—उपदेश देना
पच्चुण्णम—थोड़ा ऊंचा होना
पच्चाणी—वापस ले आना

भविष्यत्कालिक प्रत्यय

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	हिइ, हिति, हिए, हिते	हिन्ति, हिन्ते हिइरे
	स्सइ, स्सति, (स्यति)	स्संति, (स्यन्ति)
	स्सए, स्सते (स्यते)	स्संते (स्यन्ते)
मध्यमपुरुष	हिसि, हिसे	हित्था, हिह
	स्ससि (स्यसि)	स्सह, स्सथ (स्यथ)
	स्ससे (स्यसे)	
उत्तमपुरुष	हिमि, हामि	स्सामो (स्यामः) स्सामु, स्साम
	स्सामि (स्यामि)	हामो, हामु, हाम, हिमो, हिमु, हिम
	स्सं	हिस्सा, हित्था

(कोष्ठक में दिए गए प्रत्यय नहीं हैं। संस्कृत के रूप के साथ समानता

दिखाई गई है।

नियम ६०५ (भविष्यति हिरादिः ३।१६६) भविष्यत् अर्थ में विहित प्रत्ययों के पूर्व 'हि' का प्रयोग होता है। होहिइ, होहिन्ति, होहिइरे, होहिसि, होहित्था।

नियम ६०६ (मेः स्सं ३।१६९) भविष्यत्काल मे धातु से परे मि प्रत्यय के स्थान पर 'स्सं' का प्रयोग विकल्प से होता है। होस्सं (भविष्यामि)

नियम ६०७ (मि मो मु मे स्सा हा न वा ३।१६७) भविष्यत् अर्थ मे मि, मो, मु, म परे रहने पर उनके पूर्व स्सा और हा विकल्प से प्रयोग होता है। होस्सामि, होहामि, होहिमि। होस्सामो, होहामो। होस्सामु, होहामु। होस्साम, होहाम। कही हा नही होता। हसिस्सामो, हसिहिमो।

नियम ६०८ (मो-मु-मानां हिस्सा हित्था ३।१६८) भविष्यत् अर्थ मे धातु से परे मो, मु और म प्रत्ययो के स्थान पर हिस्सा और हित्था आदेश विकल्प से होता है। होहिस्सा, होहित्था। पक्ष मे होहिमो, होहिमु होहिम।

(एच्चक्त्वातुम्तव्यभविष्यत्सु ३।१५७)

नियम ६५ से क्त्वा, तुम्, तव्य भविष्यत्काल में विहित प्रत्यय परे रहने पर अ को इ तथा ए होते हैं। हसेहिइ, हसिहिइ।

हस् धातु के रूप

	एक वचन	बहुवचन
प्रथमपुरुष	हसिस्सइ, हसेस्सइ	हसिस्संति, हसेस्सति
	हसिस्सति, हसेस्सति	हसिस्सते, हसेस्सते
	हसिस्सए, हसेस्सए	हसिहिंति हसेहिंति
	हसिस्सते, हसेस्सते	हसिहिंते हसेहिंते
	हसिहिइ, हसेहिइ	हसिहिइरे, हसेहिइरे
	हसिहिति, हसेहिति	
	हसिहिए, हसेहिए	
	हसिहिते, हसेहिते	
मध्यमपुरुष	हसिस्ससि, हसेस्ससि	हसिस्सह, हसेस्सह
	हसिस्ससे, हसेस्ससे	हसिस्सथ, हसेस्सथ
	हसिहिसि, हसेहिसि	हसिहित्था, हसेहित्था
	हसिहिसे, हसेहिसि	हसिहिह, हसेहिह
उत्तमपुरुष	हसिस्सामि, हसेस्सामि	हसिस्सामो, हसेस्सामो
	हसिहामि, हसेहामि	हसिस्सामु, हसेस्सामु
	हसिहिमि, हसेहिमि	हसिस्साम, हसेस्साम
	हसिस्सं, हसेस्सं	हसिहामो, हसेहामो

सर्वपुरुष सर्ववचन मे	हसिहामु, हसेहामु
हसिज्ज, हसिज्जा	हसिहाम, हसेहाम
हसेज्ज, हसेज्जा	हसिहिमो, हसेहिमो
	हसिहिमु, हसेहिमु
	हसिहिम, हसेहिम

प्रयोग वाक्य

तस्स बाहूए सोरियं विज्जइ। सेणिगो अब्भासकाले कुहिणीइ बलेण चलइ। नरस्स करेसु लच्छी विज्जइ। तस्स लद्धिजोगेण अंगुली फासमत्तेण रोगीण रोगो नस्सइ। मज्झ बहूए करयलामलगं इव फुडं अत्थि। बालो भाआए थणाइ पिबइ। तहा पलम्बा नई थवा? आमनहकत्तणेण पडिसेगम्मि पीडा जाया। तेण अहवारंण कहियं मज्झ मुट्ठीए तव्वा सत्ती अत्थि। तस्स वच्छं बहुं विद दढ अत्थि। तुज्झ उअरस्स किमिआ मुद्धा नत्थि।

धातु प्रयोग

माया अप्पाणं पच्चणुभवइ। पोत्थयं पढिऊण सो पच्चप्पिणइ। सत्तदिवसे सुत्तं लिहिऊण सीसो गुरु पच्चप्पिणइ। अहं तुमं पच्चभिजाणामि। सो एगमुहुत्तपेरंत नादव्व पोस पच्चाचाएइ। तवस्सिणा भत्तस्स भोयण न गिण्हिअ। सो पच्चाणिज्जइ (पच्चाणेइ)। बालेण रुक्खम्मि पत्थरं खित्तं सो पच्चापडइ। वयं पच्चागमो तं कज्जं पूरिस्सामो। सूरियो पुव्वि पच्चायाइ। आयरिआ अत्थ पच्चाहरइ परं तस्स सरो गामत्तो बाहिं गच्छइ। पिअरं पणमिऊण पुत्तो जया पच्चुण्णमइ तया देवदत्तं जाअ।

भविष्यत् प्रयोग

तुम किं कज्जं करिहिसि? तस्स पुत्तो कत्थ गमिस्सइ? सीसो गुरुण समीवे उत्तरज्झयणं सुत्त पढिहिइ। वसंते अमुम्मि रुक्खम्मि नव्वाइं पत्ताइं निक्कसिस्संति। वरिसा कया होहिइ? तुज्झ परिक्खाए परिणामो कया बाहिं आगमिहिइ? अहं सद्दा सचिणिस्सामि। साहुणो सव्वा भविस्सति। पक्खिणो आगासे निसाए न उड्डीस्संति। अम्हे का वि न अवमन्निस्साम। सुसीला पय ताविस्सइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

उसकी भुजा पतली है। वह एक हाथ की कोहनी को दूसरे हाथ की हथेली पर रखकर क्यों बैठा है? मैं अपने हाथ से अपना भाग्य लिखूंगा। वह अंगुली से मधुर वीणा बजाएगा। हथेली की रेखाएं क्या बोलती हैं? स्तन में दूध कम है। नाखून का निचला भाग फट जाता है। तुम मुट्ठी से युद्ध करते हो। उसकी छाती चौडी है। पेट में चूहे कूदते हैं।

धातु का प्रयोग करो

मैं आत्मा को शरीर से भिन्न अनुभव करता हू। विद्यार्थी स्कूल मे दिया हुआ घर का कार्य करके अध्यापक को निवेदन करता है। मैंने तुमको पहचान लिया हम दोनो पूर्वभव मे भाई-भाई थे। उसने अपनी स्त्री का परित्याग कर दिया। वह अपने पुत्र को स्कूल से वापस ले आया। जो आकाश मे पत्थर फेंकता है वह उसी पर पडता है। उसने अपने कार्य से प्रतीति कराई। क्या नक्षत्र पूर्व दिशा मे पैदा होते (उगते) है? वह मनोयोग से उपदेश देता है। पौधा थोडा ऊचा हुआ है।

भविष्यत् प्रत्यय का प्रयोग करो

वह आज वृक्षो को नही सींचेगा। मै तुम्हारे घर आज के बाद कभी नही आऊंगा। तुम्हारा भविष्य कौन बताएगा? देश मे किसकी सरकार बनेगी? आज तुम क्या खाओगे? तुम्हारी सेवा कौन करेगा? शुक्र का तारा आकाश मे कब उदित होगा? रमेश कल स्कूल नही जाएगा। साधुओ की उपासना कल कौन करेगा? हमारी कक्षा का गणित का प्रश्नपत्र कौन बनाएगा? तुम्हारे साथ परीक्षा देने कौन जाएगा? सूर्य कब अस्त होगा? पत्रिका मे लेख कौन लिखेगा? मैं तुम्हारे साथ खाना नही खाऊगा।

प्रश्न

१ भविष्य के अर्थ मे होने वाले प्रत्ययो से पहले किस का प्रयोग होता है और किस नियम से?

२. भविष्य काल के विहित प्रत्यय से परे अ को किस नियम से क्या आदेश होता है?

३ भविष्य अर्थ मे मि प्रत्यय के स्थान पर किसका प्रयोग होता है और किस नियम से?

४ मध्यम पुरुष के एकवचन मे कौन-कौन से प्रत्यय होते है?

६ भुजा, कोहनी, हाथ, उंगली, हथेली, स्तन, नाखून, मुट्ठी, छाती, पेट और नाखून के नीचे का भाग, इनके लिए प्राकृत शब्द बताओ।

७ पच्चणुभव, पच्चप्पिण, पच्चभिजाण, पच्चाचक्ख, पच्चाणी, पच्चापड, पच्चाया, पच्चाहर, पच्चाय और पच्चुण्णम धातुओ के अर्थ बताओ।

७१ भविष्यत्कालिक प्रत्यय (२)

शब्द संग्रह (शरीर के अंग-उपांग ४)

पीठ—पिट्ठ
पसली—पासो
कलेजा—हियय
नाभि—णाही
नितंब—नियबो, ढेल्लिका
लिंग—सिण्हो, सिण्हं
कमर—कडी
जाघ—जघा, टंका
घुटना—जाणु (न), जण्हुआ
टाग—टगो
पैर—चरणो, पाओ
ऐडी—पण्हिया

धातु संग्रह

पच्चुत्तर—नीचे आना
पच्चुवगच्छ—सामने जाना
पच्चुवेक्ख—निरीक्षण करना
पच्चोगिल—स्वाद लेना
पच्चोणिवय—उछलकर नीचे गिरना
पच्चोरुह—पीछे उतरना
पच्चोसक्क—पीछे हटना
पच्छ—प्रार्थना करना
पच्छाअ—ढकना
पजप—बोलना

भविष्यत्काल

(आ कृगो भूत-भविष्यतोश्च ४।२१४) नियम ७० से कृ धातु के अंतिम वर्ण को आ आदेश होता है, भूतकाल, भविष्यत्काल, क्त्वा, तुम्, और तव्य प्रत्यय परे हो तो। काहिइ (करिष्यति, कर्ता वा)

नियम ६०९ (कृ दो हं ३।१७०) करोति और ददाति धातु से परे भविष्यत्काल के मि प्रत्यय के स्थान पर 'हं' आदेश विकल्प से होता है। काहं, काहिमि (करिष्यामि) दाहं, दाहिमि (दास्यामि)

नियम ६१० (श्रु गमि रुदि विदि दृशि मुचि वचि छिदि भिदि भुजां सोच्छं गच्छं रोच्छं वेच्छं दच्छं मोच्छं वोच्छं छेच्छं भेच्छं भोच्छं ३।१७१) श्रु आदि १० धातुओ के भविष्यत् अर्थ मे होने वाला मि प्रत्यय के स्थान पर सोच्छं आदि रूप निपात है।

सोच्छ (श्रोष्यामि) गच्छं (गमिष्यामि)
रोच्छ (रोदिष्यामि) - वेच्छ (वेदिस्यामि)
दच्छं (द्रक्ष्यामि) मोच्छ (मोक्ष्यामि)
वोच्छ (वक्ष्यामि) छेच्छं (छेत्स्यामि)
भेच्छ (भेत्स्यामि) भोच्छं (भोक्ष्ये)

नियम ६११ (सोच्छादय इजादिषु हि लुक् च वा ३।१७२) भविष्य अर्थ में होने वाले इच् आदि (इ,ए,न्ति,न्ते,इरे,सि,से,इत्था,ह,ए) प्रत्यय परे होने पर पूर्व नियम ६१० से होने वाले सोच्छ आदि रूप में अंतिम स्वर और अगला अवयव (अ) का वर्जन होता है और पूर्व नियम से होने वाला हि का लुक् विकल्प से होता है।

सोच्छ+हिमि=सोच्छिमि, सोच्छेमि, सोच्छिहिमि, सोच्छेहिमि आदि।

—एकवचन

प्रथमपुरुष— सोच्छिइ, सोच्छेइ, सोच्छिहिइ, सोच्छेहिइ
सोच्छिए, सोच्छेए, सोच्छिहिए, सोच्छेहिए।

मध्यमपुरुष— सोच्छिसि, सोच्छेसि सोच्छिहिसि, सोच्छेहिसि
सोच्छिसे, सोच्छेसे, सोच्छिहिसे, सोच्छेहिसे

उत्तमपुरुष— सोच्छ, सोच्छिमि, सोच्छिस्सामि, सोच्छिस्सं, सोच्छेस्सं, सोच्छेमि
सोच्छेस्सामि, सोच्छिहिमि, सोच्छेहिमि, सोच्छिस्सामि, सोच्छे-स्सामि, सोच्छिहामि, सोच्छेहामि।

आर्ष प्राकृत में प्राप्त कुछ अन्य रूप

मोक्खामो (मोक्ष्यामः)	भविस्सइ (भविष्यति)
करिस्सइ (करिष्यति)	चरिस्सइ (चरिष्यति)
भविस्सामि (भविष्यामि)	होक्खामि (भविष्यामि)

प्रयोग वाक्य

पिउणो पिट्ठम्मि पुत्तो आरुहइ। सीहस्स कडी पत्तली भवइ। तस्स टका थूला अत्थि। जराए पाओ जाणुम्मि पीला भवइ। चाइणो पाएसु सव्वे नमंति। णाही सरीरस्स मज्झभागे अत्थि। सत्थकिंदियस्स (स्वास्थ्य केंद्र) ठाण नियवो विज्जइ। पासम्मि केवलाइ अत्थीइ संति। सिण्ह मुत्तस्स दारं अत्थि। हियय विणा मणुअस्स किं महत्तणं? पण्हियाए कटगो लग्गिओ।

धातु प्रयोग

राया पासायत्तो पच्चुत्तरइ। सीसा आयरिअस्स पच्चुवगच्छंति। विज्जालयस्स निरिक्खिओ सत्तदिवसे सइ विज्जालयं पच्चुवेक्खइ। अण्णाणी वत्थूइ पच्चोगिलिऊण खाअइ। सयणत्तो पच्चोणियवत बालं पासिऊण सव्वे रक्खिउं पयत्तंति। सो आसत्तो पच्चोरुहइ। अहं कहिऊण न कया वि पच्चो-सक्कामि। अह पच्छामि भयत। सो णियट्ठाणं पच्छाअइ। अज्ज पेरंत सो बालो कह न पजपइ?

भविष्यत्कालिक प्रत्यय प्रयोग

रुक्खो कम्मि मासे फलिस्सइ? सो गीइय गाइहिइ। मज्झण्हे सूरिओ

तविस्सइ अहुणा समयो सीओ अओ सिग्घं चल। तुज्झ साउज्ज को करिस्सइ? अमुम्मि वरिसम्मि तुम किं अग्ग वविस्ससि? अहं सोमवारे लुचिहिमि। सो तु पियघरं दच्छिस्सइ। अहं तुमए सह न आलविस्सामि। सुरेसो सुवे दिक्खिहिइ। सा धेणू न दुहिस्सइ। अम्हे कम्मसत्तुं जिणिस्साम।

प्राकृत में अनुवाद करो

उसकी पसली साफ दिखाई देती है। मेरा कलेजा चुराकर कौन ले गया? सूप न खाने से उसके लिंग में पीड़ा है। उसने मुझे एड़ी से मारा। इस शहर में एक विद्यापीठ है। नीचे का धड़ कमर के आधार पर टिकता है। जंघा मोटी नहीं होनी चाहिए क्योंकि उससे चलने में कठिनाई होती है। भगवान के चरणों में देवता भी नमस्कार करते हैं। घुटने का व्यायाम करना चाहिए। उसकी नाभि का आकार सुन्दर नहीं है। नितंब को बढ़ाना नहीं चाहिए।

धातु का प्रयोग करो

वह पर्वत से नीचे आता है। गांव के लोग अतिथि नेता के सामने जाते हैं। प्रतिदिन अपनी गलतियों का निरीक्षण करना चाहिए। वह भोजन को स्वाद लेकर खाता है। पहाड़ से उतरती हुई गाड़ी से वह उछल नीचे गिर गया। नीचे उतरना कोई नहीं चाहता। वीर योद्धा युद्ध से पीछे नहीं हटता है। तुम्हें मेरे लिए प्रार्थना करनी चाहिए। मुझे स्थान को मत ढको। वह पूछने पर भी बहुत कम बोलता है।

भविष्यत्कालिक प्रत्ययों का प्रयोग करो

मेरे स्थान पर कौन आएगा? हमारे साथ तीर्थयात्रा में कौन जाएगा। भारत का प्रधान मंत्री कौन बनेगा? उसका विवाह कब होगा? उसकी बीमारी की चिकित्सा कौन करेगा। वह विदेश कब जाएगा? प्रेक्षाध्यान की कक्षा कौन लेगा? क्या उसके पुत्र होगा? तुम्हारे भाग्य का उदय कब होगा? वह गरीब क्या कभी धनवान बनेगा? तुम सभा को कब उद्बोधन करोगे? क्या वह आज कथा कहेगा?

प्रश्न

१. धातु के अन्त्य को आ आदेश कहां होता है?
२. काहं और दाहं रूप किस नियम से और किस प्रत्यय के स्थान पर बना है?
३. भविष्यत् अर्थ में होने वाले मि प्रत्यय के स्थान पर किन धातुओं को क्या आदेश होता है?
४. पीठ, कमर, जांघ, घुटना, पैर, नाभि, नितंब, लिंग, टांग, पसली

कलेजा, एडी शब्दो के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।

५ पच्चुत्तर, पच्चुवगच्छ, पच्चुवेक्ख, पच्चोगिल, पच्चोणिवय, पच्चोरुह, पच्चोसक्क, पच्छ, मच्छाअ और पजप धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो ।

६. आसरोमो, पम्हाइ, भुमया, अवडू, कवोलो, असो, वच्छ, करयल, कुहुणी शब्दो को वाक्य मे प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अर्थ बताओ ।

शब्द संग्रह (शरीर के अंग-उपांग ५)

मास—मंसं	चर्बी—मेदो, मेद, वसा
मज्जा—मज्जा	खून—रत्तं, अहिर
पीव—किलेओ, पूय	नस—सिरा
तिल्ली, प्लीहा—पिलिहा	झिल्ली—झिल्लिआ
फेफड़ा—फुप्फुस (दे)	आंत—अंत
मसा—मसो	हड्डी—अत्थि (न)
वीर्य (शुक्र)—वीरिओ	तिल—तिलो।

० ० ० ०

उपासना—उवासण	अभाव—अहावो, अभावो
तो—ता	गड्ढा—खड्ड
पाचन—पायण	

धातु संग्रह

पजल—विशेष जलना	पज्जुवट्ठा—उपस्थित होना
पजह—त्याग करना	पज्जुवास—सेवा करना, भक्ति करना
पज्ज—पिलाना, पान करना	पज्जोय—प्रकाशित करना
पज्जाल—जलाना, सुलगाना	पज्जोसव—वास करना, रहना
आयण्ण—सुनना	पज्झझ—शब्द करना

क्रियातिपत्ति

क्रिया की अतिपत्ति (असंभवता)। जहां एक काम के न होने में भविष्य में होने वाले दूसरे कार्य का अभाव दिखाना हो वहां क्रियातिपत्ति का प्रयोग किया जाता है।

क्रियातिपत्ति का अर्थ है—एक क्रिया के हुए बिना दूसरी क्रिया का न होना। जैसे—यदि अच्छी वर्षा होती तो सुकाल होता। यदि तुम पढ़ते तो उत्तीर्ण हो जाते। यदि तुम मुनि दुलहराज के पास रहते तो पढ़ जाते।

नियम ६११ (क्रियातिपत्तेः ३।१७९) क्रियातिपत्ति में प्रत्ययों को ज्ज और ज्जा आदेश होता है।

नियम ६१२ (न्त-माणौ ३।१८०) क्रियातिपत्ति में प्रत्ययों को न्त और माण आदेश होता है।

हस धातु क रूप सभी पुरुष सभी वचनों में—हसेज्ज, हसेज्जा, हसंतो, हसमाणो।

हो धातु के रूप सभी पुरुष सभी वचनो में—होएज्ज, होएज्जा, होज्ज, होज्जा। होतो, होमाणो, होअतो, होअमाणो।

प्रयोग वाक्य

तस्स अत्थि सुदढ अत्थि। राइभोयण मसेण सम विज्जइ। अस्स मेदेण थूलत्त अओ वलाभावो दिस्सइ। तस्स रत्त कण्ह कह जाअ? किलेएण सह को मोहो? चम्मस्स रगेण मज्ज मज्जा रगिआ अत्थि। सिराए रत्तस्स पवाहो चलइ। भोयण पुरा कस्सि अतम्मि गच्छइ? तुज्झ फुप्फुस सुद्ध नत्थि अओ सासग्गहणे पीडा भवइ। रत्ततिलो सुहो भवइ। वीरियस्स पडण मच्चुसम भवइ। वालस्स उप्पत्तिकाले तस्स सरीरस्स उवरि झिल्लिआ भवइ। सुद्ध पिलिह अतरेण पायणकिरिया सम्म न भवइ।

धातु प्रयोग

इधणस्स अहावेण (अभाव) अग्गी केच्चिर पजलिस्सइ? अग्गी धूम पजहइ। धाई सिसु दुद्ध पज्जेइ। तुज्झ सव्व वत्त अह आयण्णामि। मुणी अग्गि न पज्जालेज्जा। अह गुरुणो उवासणम्मि पज्जुवट्ठामि। सावगा साहुणो पज्जुवासति। चदो निसाए पज्जोयइ। अमुम्मि णयरे केत्तिआ जणा पज्जोसवति। तुब्भे परुप्पर न पज्झझेज्जा।

क्रियातिपत्ति प्रत्यय प्रयोग

जइ तुम मज्झ मणस्स अवत्थ मुणेज्जा ता कयावि मज्झ उवहास ण कुणेज्जा। जइ ह एग छण पुव्वं आगच्छेज्जा ता वप्फजाणस्स (रेलगाडी) उवरिं आसीणो होज्जा। जइ तुम रहस्स जाणेज्जा ता सच्चमग्गम्मि कयावि विचलिय ण होज्जा। जइ रायमग्गम्मि पयासो होज्जा ता अम्हे खड्ड न पडेज्जा। जइ इण पोत्थय ह तस्स देज्जा ता सो पसण्णो होज्जा। जइ तुज्झ पिआ अत्थ णिवसेज्जा ता तुज्झ सो वहुधण देज्जा। तुम एगग्गचित्तेण पढेज्जा अण्णहा अणुत्तीण्णो होज्जा।

प्राकृत में अनुवाद करो

मनुष्य का शरीर जल जाता है, हड्डिया शेष रहती हैं। शाकाहारी मास नही खाते हैं। शरीर मे चर्बी बढाना किनको अच्छा लगता है? खून की अल्पता से स्मरण शक्ति कमजोर पडती है। पीव की तत्काल शुद्धि करो, उससे होने वाले दर्द से मत डरो। शरीर की सात धातुओ मे मज्जा का कौन-सा स्थान है? आतो म मल भी रहता है। दीर्घ श्वास से फेफडे की शुद्धि होती है। पुरुष के दाहिने भाग मे तिल का होना क्या शुभ होता है? उसके नम-

नख में सौरस्य भरा है। वीर्य की सुरक्षा परम आवश्यक है। झिल्ली से शरीर की सुरक्षा होती है। उसकी तिल्ली ठीक प्रकार से काम नहीं करती है।

धातु का प्रयोग करो

हमारी बातों को कौन ध्यान से सुनता है? धूआं बहुत उठता है, देखो आग कहां जलती है? जो त्याग करता है वह पाता है। घर में जो भी आता है उसे वह ठंडा पानी पिलाता है। शीतकाल में लोग स्थान-स्थान पर अग्नि जलाते हैं। स्कूल में आज सब लड़के उपस्थित हैं? बड़े जनों की सेवा करनी चाहिए। नक्षत्र रात में ही प्रकाशित होते हैं। इस शहर में अब हमें नहीं रहना चाहिए। वे परस्पर क्यों शब्द करते हैं?

क्रियातिपत्ति प्रत्ययों का प्रयोग करो

मेरे पास पर्याप्त धन होता तो मैं विदेश अवश्य जाता। यदि वैद्य समय पर न पहुंचता तो रोगी मर जाता। यदि पास में जलाशय न होता तो सारा गांव जल जाता। यदि उसे भूखा रहना पड़ता तो वह स्वस्थ हो जाता। यदि वह भगवान के पास जाता तो उसके दुःख दूर हो जाते। यदि वह मेरे पास पढ़ता तो पास हो जाता। यदि यहां आचार्यश्री का चतुर्मास होता तो धर्म की जागरणा होती। यदि वह प्रेक्षाध्यान करता तो रोग से मुक्त हो जाता।

प्रश्न

१. क्रियातिपत्ति किसे कहते हैं?
२. क्रियातिपत्ति में किस नियम से क्या-क्या आदेश होता है?
३. हो धातु के प्रथमपुरुष, मध्यमपुरुष और उत्तमपुरुष के एकवचन तथा बहुवचन के रूप बताओ।
४. मांस, मज्जा, पीव, चर्बी, खून, नस, आंत, फेफड़ा, तिल, मसा, हड्डी, वीर्य, तिल्ली, झिल्ली शब्दों के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
५. पजल, पजह, पज्ज, पज्जाल, पज्जुवट्ठ, पज्जुवास, पज्जोय, पज्जोसव, आयण्ण, पज्झंझ धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।

शब्द संग्रह (वृत्तिजीवी वर्ग १)

धोबी—रजओ
नाई—णाविओ, ण्हाविओ
तेली—घचियो, तेल्लिओ
कुंभार—कुलालो, कुंभआरो
माली मालिओ, आरमिओ
दर्जी—सूइयारो
भडभूजा—भट्ठयारो
०
जूता—उवाणहा
हजामत—उवासणा

सुनार—सोवण्णिओ, सुवण्णयारो
लुहार—लोहारो, लोहयारो
जुलाहा—कोलिओ, पडयारो
कदोई—कदवियो
मोची—मोचिओ, चम्मयारो
तम्बोली—तंबोलिओ
ठठेरा—तबकुट्टओ
०
कर्तव्य—कायव्व
चमडे की धौंकनी—भत्थी

धातु संग्रह

पडह—जलाना, दग्ध करना
पडिअग्ग—सभालना
पडिअर—बीमार की सेवा करना
पडिअर—बदला चुकाना
पडिआइय—फिर से पान करना

पडिआइय—फिर से ग्रहण करना
पडिइ—पीछे लौटना, वापस आना
पडिउज्जम—सपूर्ण प्रयत्न करना
पडिउच्चार—उच्चारण करना
पडिउस्सस—पुनर्जीवित होना

लिंगबोध

लिंग तीन प्रकार के होते है—पुरुषलिंग, स्त्रीलिंग और नपुसकलिंग। जिस प्रकार विभक्ति और वचन के बिना नाम या सज्ञा का प्रयोग नही होता उसी प्रकार लिंग के बिना भी उसका प्रयोग नही होता। इसलिए लिंग का ज्ञान भी आवश्यक है। प्राकृत मे लिंग व्यवस्था सस्कृत से कुछ भिन्न है। वह इस प्रकार है—

नियम ६१४ (प्रावृट्-शरत्-तरणय पुंसि १।१३) प्रावृट्, शरत् और तरणि—ये तीनो शब्द सस्कृत मे स्त्रीलिंगी है परन्तु प्राकृत मे ये पुलिंगी होते है। प्रावृष्—पाउसो। शरद्—सरओ। तरणि—तरणी।

नियम ६१५ (स्नमदाम-शिरो-नभः १।३२) दामन्, शिरस् और नभस् शब्दो को छोडकर शेष सकारान्त और नकारान्त शब्द सस्कृत मे नपुसकलिंगी है परन्तु प्राकृत मे पुलिंगी है।

संस्कृत (न)	प्राकृत (पुं)	संस्कृत (न)	प्राकृत (पुं)
यशस्	जसो	तेजस्	तेओ
पयस्	पओ	उरस्	उरो
तमस्	तमो	जन्मन्	जम्मो
नर्मन्	नम्मो	वर्मन्	वम्मो
मर्मन्	मम्मो	धामन्	धामो

नीचे लिखे तीन शब्द प्राकृत में भी नपुंसकलिंगी हैं—

दामन्—दाम । सिरस्—सिरं । नभस्—नहं ।

बहुलाधिकार से नीचे लिखे शब्द नपुंसक लिंग में हैं—

श्रेयस्—सेयं । वयस्—वयं । सुमणस्—सुमण

शर्मन्—सम्मं । चर्मन्—चम्म

नियम ६१६ (वाक्ष्यर्थ-वचनाद्याः १।३३) अक्षि के पर्यायवाची और वचन आदि शब्द विकल्प में पुंलिंग होते हैं ।

संस्कृत	प्राकृत (पुं)	प्राकृत (न)	संस्कृत	प्राकृत (पुं)	प्राकृत (न)
अक्षि	अक्खो	अक्खि	नयन	नयणो	नयण
	अच्छी	अच्छि	लोचनं	लोयणो	लोयण
चक्षु	चक्खू	चक्खु	वचन	वयणो	वयणं
कुलम्	कुलो	कुल	छन्द	छदो	छंदं
माहात्म्य	माहप्पो	माहप्पं	दुःखं	दुक्खो	दुक्खं
भाजनं	भायणो	भायण	विद्युत्	विज्जुणा	विज्जूए (स्त्री)

नियम ६१७ (गुणाद्याः क्लीबे वा १।३४) गुण आदि शब्द विकल्प से नपुंसक लिंग में प्रयुक्त होते हैं ।

संस्कृत	प्राकृत (न)	प्राकृत (पुं)	संस्कृत	प्राकृत (न)	प्राकृत (पुं)
गुण.	गुणं	गुणो	देवः	देवं	देवो
बिन्दुः	बिंदु	बिंदू	मण्डलाग्रः	मंडलग्ग	मंडलग्गो
कररुहः	कररुह	कररुहो	वृक्ष	रुक्खं	रुक्खो

नियम ६१८ (वेमाञ्जल्याद्याः स्त्रियाम् १।३५) भाववाची इमन् प्रत्ययान्त शब्द और अञ्जलि आदि शब्दों का प्रयोग स्त्रीलिंग में विकल्प से होता है ।

संस्कृत	प्राकृत (स्त्री)	प्राकृत (पुं या नपुं)
गरिमन्	एसा गरिमा	एस गरिमा (पु)
महिमन्	एसा महिमा	एस महिमा (पु)
धर्त्तत्व	एसा धत्तिमा	एस धत्तिमा (प)

शब्द—

अञ्जलिः (पु)	अजली	अजलि (पु)
पृष्ठम्	पिट्ठी	पिट्ठ (न)
अक्षि (न)	अच्छी	अच्छि (न)
प्रश्नः	पण्हा	पण्हो (पु)
चौर्यं	चोरिआ	चोरिअ (न)
कुक्षिः	कुच्छी	कुच्छी (पु)
वलि	वली	वली (पुं)
निधि.	निही	निहो (पुं)
रश्मि.	रस्सी	रस्सी (पु)
विधि	विही	विही (पुं)
ग्रन्थि.	गंठी	गंठी (पु)

प्रयोग वाक्य

रजओ वत्थाइं सच्छाइ धावइ। णाविओ तस्स उवासण मगलवारे न करिस्सइ। तेल्लिओ तेल्ल विक्किणइ। कुभआरो घडाइं घडइ। सूइआरो सूइणा वत्थाइ सिव्वइ। मालिओ पुप्फेहिं मालं गुमइ। सोवण्णिओ कुडलं णिम्माइ। लोहआरो भत्थीए लोहस्स सडासं करेइ। कोलिओ तंतुहिं वत्थाइं णिम्माइ। किं तवोलिओ तवोलाणि सयं खामइ? कदवियो घेउर करेइ। मोचिओ कस्स उवाणहं न करेइ? अस्स गामस्स भट्ठयारस्स किं अभिहाणं अत्थि? तवकुट्टओ तंवस्स अणेगाणि वत्थूणि णिम्माइ।

धातु प्रयोग

दावाणलो वण पडहइ। मणिमोत्तियाइयं सारदव्वं पडिअग्ग। साहुणीओ बिदासरणयरे लुक्कसाहुणीए पडिभरति। जो चत्तभोगा इच्छइ सो वंतं पडिआइयइ। जो दिण्णधण्ण पडिआइयइ सो कायव्वत्तो भट्ठो। मुणिणो मणो सिया सजमत्तो वहिं गच्छेज्ज तया पडिक्कमणे पडिइड। संजमे पडिउज्जमेज्जा। सेहो सम्मं न पडिउच्चारइ। मुच्छिओ लक्खमणो (लक्ष्मण) ओसहिणा पडिउस्ससिओ।

प्राकृत में अनुवाद करो

धोबी के पास कपडे मत धुलाओ। मनुष्यो मे नाई चालाक होता है। तेली के घर से सरसो का तेल लाओ। चंदन कुम्हार गधे को घोडा क्यो कहता है? माली के पास किन फूलो की माला है? दर्जी कपडे सीने के लिए हमारे घर कब आएगा? भडभुजा चनो को रेत मे भुनता है (सेकता है)। सुनार सोने की चोरी करता है। लुहार कितने दिनो से यहा आया हुआ है? जुलाहा मोटा वस्त्र बुनता है। कदोई लड्डू और पेडा बनाता है। मोची के पास

कितने प्रकार के जूते हैं ? तंबोली के पान मीठे नहीं है । ठठेरा तांबे से घड़ा बनाता है ।

धातु का प्रयोग करो

अग्नि ने गांव का एक भाग जला दिया । धनी लोग रत्नों को संभालकर रखते हैं । जो साधु बीमार साधु की सेवा करता है वह निर्जरा का लाभ कमाता है । किए हुए उपकार का बदला चुकाना चाहिए । वमन किए हुए पदार्थ को फिर से खाने वाला कौन है ? दिए हुए दान को कोई भी वापस ग्रहण करना नहीं चाहता । युद्ध से सेना कभी-कभी पीछे भी लौटती है । याद करने के लिए बाल साधु को पूर्ण प्रयत्न करना चाहिए । प्रतिक्रमण करते समय शुद्ध उच्चारण करना चाहिए । उसने इस बीमारी के बाद पुनः जीवन धारण किया है ।

प्रश्न

१. लिंग कितने प्रकार के होते हैं ? लिंग का ज्ञान आवश्यक क्यों है ?
२. तीन ऐसे शब्द बताओ जो संस्कृत में स्त्रीलिंग हैं और प्राकृत में पुंलिंगी हैं ?
३. अक्षिवाची और वचन आदि शब्दों का प्राकृत में कौन-सा लिंग होता है ?
४. कौन-से शब्द संस्कृत में नपुंसकलिंगी हैं और प्राकृत में पुंलिंगी हैं ?
५. भाववाची इमन् प्रत्ययान्त शब्दों का प्रयोग किस लिंग में होता है ?
६. धोबी, नाई, तेली, कुंभार, माली, दर्जी, सुनार, लुहार, भटभूजा, [illegible], [illegible], मोची, तंबोली, ठठेरा—इन शब्दों के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।
७ पडिरुह, पडिक्कम, पडिअर, पडिअर, पडिआदय, पडिआय, पडिइ, पडिवज्ज, पडिउच्चार, पडिस्सण धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो ।

शब्द संग्रह (वृत्ति जीवी वर्ग २)

चिकित्सक—चिइच्छओ
वैद्य—वेज्जो
चित्रकार—चित्तयारो (सं)
कारीगर—सिप्पी, कारु
मिस्त्री—जतिओ
ज्योतिषी—खणदो (स) जोइसिओ
कंबल वेचने वाला—कावलिओ
ड्राइक्लीनर—णिण्णेजओ (स)
प्रतिमा बनाने वाला—पडिमायारो
गवैया—गायओ, गाओ
बजाने वाला—वायगो
नाचने वाला—णच्चओ
चटाई बनाने वाला—वरुडो
बनिया—वणिओ, वावारि (वि)
जिल्दसाज—पोत्थारो
रसोइया—पाचओ

प्रतिमा—पडिमा
छुट्टी—अवगासो
विवाह—विआहो
भाग्य—भग्गं

धातु संग्रह

पडिकप्प—सजावट करना
पडिकोस—आक्रोश करना
शाप देना, गाली देना
पडिक्ख—प्रतीक्षा करना
पडिक्खल—गिरना, हटना
पडिक्कम—निवृत्त होना, पीछे हटना
पडिखिज्ज—खिन्न होना
पडिजागर—सेवाशुश्रूषा करना,
निभाना, निर्वाह करना
पडिगाह—ग्रहण करना
पडिच्छ—ग्रहण करना
पडिणिक्खम—बाहर निकलना

स्त्री प्रत्यय

पुंलिग शब्दो को स्त्रीलिंगी शब्द बनाने के लिए प्राकृत मे आ, ई (ङी) और उ प्रत्यय लगते हैं। आ और ई संस्कृत के आप् तथा ईप् के प्रतिरूपक है।

(नियम २९६ स्त्रियामादविद्युतः १।१५ से) विद्युत् शब्द को छोडकर स्त्रीलिंग मे होने वाले शब्दो के अन्त्य व्यंजन को आ हो जाता है।

अन्त्य व्यंजन 7 आ—सरित् (सरिआ) प्रतिपत् (पाडिवआ) संपद् (सपआ)
बाहुलकात् य श्रुति भी होती है—सरिया, पाडिवया, सपयो।

नियम ६१९ (स्वस्रादे र्डा ३।३५) स्वसृ आदि शब्दो को स्त्रीलिंग मे डा प्रत्यय होता है। स्वसृ (ससा) बहन। ननान्दृ (णणंदा) ननंद। दुहितृ

(दुहिआ) दोहित्री । गवय: (गउआ) गाय ।

नियम ६२० (छाया-हरिद्रयोः ३।३४) छाया और हरिद्रा शब्दों से स्त्रीलिंग में ङी (ई) प्रत्यय विकल्प से होता है। छाया (छाया, छाही) छाया। हरिद्रा (हलिद्दी, हलिद्दा) हल्दी ।

नियम ६२१ (अजातेः पुंसः ३।३२) अजातिवाची पुल्लिंग शब्दों से स्त्रीलिंग में ङी प्रत्यय विकल्प से होता है । नीलः (नीली, नीला) नीली। कालः (काली, काला) काली । हसमानः (हसमाणी, हसमाणा) हंसती हुई। सूर्पणखी (सुप्पणही, सुप्पणहा)। अनया (इमीए, इमाए) एतयो (एईए, एआए) अजातेरितिकिम् ? जाति अर्थ में जातिवाची अकारान्त शब्दों में स्त्रीलिंग में ई प्रत्यय जोड़ा जाता है । हरिणी, सिंही, करिणी इत्यादि । कहीं आ प्रत्यय भी जोड़ते हैं--एलया, अया ।

महुमक्खिआ जणा कया पीडइ ? भसलो रूवेण कण्हो भवइ। भद्दवये मासे मच्छिआओ वहुलाओ भवंति। मक्कुणो राओ वत्थम्मि पविसित्ता जणा पीडइ। सलही पगासे पडइ जीवण य नासइ। पिवीलिआ पुण्णदिवहं परिस्समइ। लिक्खा कत्थ वसइ ? जलूया मणुअस्स सरीरस्स रत्तं आगसइ। कीडो वेगेणं चलइ। तुम जूआओ कह मारसि ? डसा कत्थ उप्पज्जंति ? वरिसाए इंदगोवा पासिऊणं वाला हत्थे गिण्हंति। झिंगिरस्स वण्णो केरिसो भवइ ? अहं कण्णजलूयाए भीएमि। उवदेही कट्ठमवि खाअइ। खज्जओ निसाए जहासंति पगासइ। तुमए केत्तिलाओ लिक्खाओ मारिआओ ?

धातु प्रयोग

रमेसो वग्गिउं न इच्छइ। सो पंचसंखं वग्गइ। तुमं सुए किं सहाए भासिउं वच्चिहिसि ? अहं संखं वज्जाविस्सामि। तुज्झ पासे किं वट्टइ ? अहं तस्स पयार वण्णामि। सो तु वद्धावेइ ज तुम पढमो जाओ परिक्खाए। जो अहिय खाअइ सो वमइ। अह अमुम्मि विसये किमवि न वयामि।

प्रत्यय प्रयोग

तुमं केत्तिआ अवा चूसिउं इच्छसि ? जेत्तिअं पाणिअं पिविउं तुमं इच्छसि तेत्तिअ पिव। एत्तिअं कज्ज अवस्सं कर। एत्तिअमेत्तं मज्झ देहि।

प्राकृत में अनुवाद करो

इतनी मधुमक्खिया आकाश मे क्यो उडती है ? वर्षा ऋतु मे भौंरा मिट्टी से घर बनाकर किसको भीतर प्रवेश कराता है ? मक्खियां बहुत सताती है। खट्मल कहा ज्यादा होते हैं ? पानी की प्रचुरता से यहां मच्छर अधिक हो गए। पतंग मे कितनी आसक्ति होती है ? कमरे मे मकोडे घूमते हैं। चीटियो का श्रम सबके लिए अनुकरणीय है। लीख पैदा होने का कारण क्या है ? उसके सिर मे कितनी जूएं हैं ? जौक रक्त को क्यो पीती है ? दीमक किस भूमि मे अधिक होते हैं ? जुगनू के प्रकाश में तुम क्या करना चाहते हो ? कानखजूरा कान मे कैसे घुस गया ? झींगुर की आवाज क्या तुमने सुनी है ? वीरवहूटी का रग लाल होता है। डास बहुत तेज काटता है। तिलचटा यहां बहुत कम है।

धातु का प्रयोग करो

वह मकान से तालाब में कूदता है। ८४ की संख्या का मौखिक वर्ग करना सरल नहीं है। वह आज आपके यहां से जाना चाहता है। तुम वाद्य बजाकर क्या कमाना चाहते हो? क्या तुम हिमालय का वर्णन कर सकते हो? वह सुशील को बधाई देता है कि तुम्हारे पुत्र हुआ है। आज उसने वमन क्यों किया? तुम क्या बोलते हो? मुझे सुनाई नहीं देता।

प्रत्यय प्रयोग करो

मनुष्य जितना जानता है उतना कह नहीं सकता। कितने लोग यहां बाहर से आए हैं। इतने जोर से मत बोलो जिससे दूसरों को बाधा हो।

प्रश्न

१. प्रमाण अर्थ में प्राकृत में कौन से प्रत्यय होते हैं?
२. परिमाण अर्थ में होने वाले संस्कृत के वतु और डावतु प्रत्यय को प्राकृत में किन शब्दों में क्या प्रत्यय होता है?
३. मधुमक्खी, भौंरा, मक्खी, खटमल, मच्छर, पतंग, मकोड़ा, कीटी, जू, लीख, डांस, जौंक, दीमक, जुगनू, कानखजूरा, तिलचटा, बीरबहूटी, झींगुर—इन शब्दों के लिए प्राकृत के शब्द बताओ।
४. वग्ग, वग्ग, वच्च, वज्जाव, वट्ठ, वण्ण, वद्धाव, वम, वय—इन धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।

शब्द संग्रह (रेंगने वाले, आदि प्राणी)

सांप—सप्पो, भुयंगो
बिच्छू—विच्छिओ
गिरगिट—सरडो
गिलहरी—तिल्लहडी (दे०)
खाडहिला (दे०)
छछूंदर—छच्छुंदरं, छच्छुंदरी (दे०)
छिपकली—घरोलिया, घरोली
अजगर—अयगरो, अजगरो
नेवला—णउलो
मछली—मच्छो
गोह—गोहा

धातु संग्रह

वरिस—बरसना
वव—बोना
ववस—चेष्टा करना, प्रयत्न करना
ववहर—व्यापार करना
वस—बसना, वास करना
वह—ढोना, पहुंचाना
वह—पीड़ा करना
वाए—बजाना
वाए—पढ़ाना
वागर—प्रतिपादन करना

स्वार्थ

स्वार्थ का अर्थ है—शब्द का अपना अर्थ। शब्द से प्रत्यय लगने के बाद भी शब्द का वही अर्थ रहता है। ऐसे अर्थ में होने वाले प्रत्ययों को स्वार्थिक प्रत्यय कहते हैं। प्राकृत में स्वार्थ में क, इल्ल और उल्ल प्रत्यय का प्रयोग होता है। संस्कृत में भी स्वार्थ में कप् (क) प्रत्यय होता है।

नियम ६४९ (स्वार्थे कश्च वा २।१६४) स्वार्थ में क, डिल्ल (इल्ल) डुल्ल (उल्ल) प्रत्यय विकल्प से होते हैं।

क—चन्द्रकः (चंदओ) चन्द्रमा। गगनकः (गयणयं) गगन। इहकम् इह (इहयं) यहां। आश्लेष्टुकं, आश्लेष्टुं (आलेट्ठुअं)

इल्ल—पल्लवकः, पल्लवः (पल्लविल्लो) पत्र। पुरा, पुरो वा (पुरिल्लो) पहले

उल्ल—मुखकः (मुहुल्लं) मुंह। हस्तकः (हत्थुल्लो) हाथ

नियम ६५० (ल्लो नवैकाद्वा २।१६५) नव और एक शब्द से स्वार्थ में ल्लो प्रत्यय विकल्प से होता है। नवः (नवल्लो, नवो) नया, नवीन। एकः (एकल्लो, एक्कल्लो, एक्को, एओ) एक, अकेला।

नियम ६५१ (उपरेः संव्याने २।१६६) संव्यान (प्रावरण) अर्थ में उपरि शब्द से स्वार्थ में ल्ल प्रत्यय होता है। उपरितनः (अवरिल्लो)

ऊपर का।

नियम ६५२ (भ्रुवो मया-डमया वा २।१६७) भ्रू शब्द से स्वार्थ में मया, डमया—ये दो प्रत्यय होते हैं। भ्रूः (भुमया, भमया) भौंह।

नियम ६५३ (शनैसो डिअम् २।१६८) शनैः शब्द से स्वार्थ में डिअं (इअं) प्रत्यय होता है। सण+इअं = सणिअं (शनैः) धीरे-धीरे।

नियम ६५४ (मनको न वा डयं च २।१६९) मनाक् शब्द से स्वार्थ में डय (अय) और डिअं (इअ) प्रत्यय विकल्प से होते है। मणा+डयं मणायं (मनाक्) थोडा। मणा+डिअं=मणियं (मनाक्) थोडा। पक्ष में मणा (मनाक्) थोडा।

नियम ६५५ (मिश्राड्डालिअं २।१७०) मिश्र शब्द से स्वार्थ मे डालिअ प्रत्यय विकल्प से होता है। मिश्रम् (मीसालिअं, मीसं) मिला हुआ।

नियम ६५६ (रो दीर्घात् २।१७१) दीर्घ शब्द से स्वार्थ में र प्रत्यय विकल्प से होता है। दीर्घम् (दीहरं, दीहं) दीर्घ, लम्बा।

नियम ६५७ (त्वादेः सः २।१७२) संस्कृत मे भाव में त्व, तल् आदि प्रत्यय होते है। उन प्रत्ययान्त शब्दो से स्वार्थ में त्व, तल् आदि विकल्प से होते है। मृदुकत्वम् (मउअत्तया) मृदुता।

नियम ६५८ (विद्युत्पत्रपीतान्धाल्लः २।१७३) विद्युत्, पत्र, पीत और अन्ध शब्द से स्वार्थ मे ल प्रत्यय विकल्प से होता है। विद्युत् (विज्जुला, विज्जू) बिजली। पत्रम् (पत्तलं, पत्तं) पत्र, पत्ता। पीतम् (पीअलं, पीअं) पीला। अन्धः (अन्धलो, अंधो) अंधा।

प्रयोग वाक्य

दो कण्हा सप्पा अत्थ केत्तिलत्तो समयत्तो वसति? अमुम्मि गामे केद्दहा विच्छिआ संति? सरडव्व रूवो न परिवट्टियव्वो। समुद्दस्स पासे वासिणो पुरिसा मच्छा खाअंति। सो खाडहिलाए भीअइ। घरोलिया निसाए भोयणट्ठं भमइ। अयगरो दूरत्तो जीवा आकड्ढइ। णउलस्स सप्पस्स य जुज्झं भवइ। गोधाए डंसिओ नरो खिप्पमेव मरइ। छच्छुंदरस्स अवरनाम अत्थि गंधमूसिओ।

धातु प्रयोग

जो अक्कं ववइ सो अंबं कहं पाविस्सइ? सो तुज्झ कज्जं पूरिइत्तए ववसइ। सो मए सह सम्मं न ववहरइ। तुमं मज्झ हिययम्मि वससि। गद्दभो-णवरं चंदणस्स भारं वहइ। विच्छिओ जणा कहं वहइ? संझाकाले देवालये को संखं वाएस्सइ? अम्हे सिरी भिक्खुसद्दाणुसासण को वाएहिइ? आयरिओ महावीरस्स सिद्धंतं वागरइ।

प्रत्यय प्रयोग

चंदओ गगणयम्मि पगासइ। असोय पल्लविल्ल पासिऊण सदेहो जाओ। किं तुज्झ मुहुल्लम्मि पूगीफलं अत्थि ? मज्झ हत्थे सव्वा सत्ती अत्थि। अहं एक्कल्लो न मि, संपुण्णसंघो मए सद्धि अत्थि। तुज्झ अवरिल्लो ववहारो सोहणो नत्थि। तुमं भमयाइ झाणं करेहि। सा सणिअं-सणिअं कहं चलइ ? मणियं फलरस वालस्स वि देहि। मीसालिअं ओसहं न फलइ। अंधल्लो अत्थ कह आगओ ?

प्राकृत में अनुवाद करो

साप क्या खाता है ? विच्छु क्यो पैदा होते हैं ? गिरगिट अपने रूपो को क्यो बदलता है ? आठ मंगलो मे युगलमछली भी एक मगल है। गिलहरी वक्ष पर चढती है। छछुदर कहा रहते है ? छिपकली रात मे ही क्यो घूमती है ? अजगर सांप की तरह जीवो को डसता नही है, निगलता है। नेवले की शक्ति साप से अधिक होती है। गोह का जहर वहुत प्रवल होता है।

धातु का प्रयोग करो

वच्चो मे धर्म के संस्कार (सक्कालो) वोने चाहिए। वह विवाद को मिटाने के लिए प्रयत्न करता है। वह परस्त्री को माता के समान मानता है। क्या देश की सीमा पर सैनिक वसते हैं ? वह केवल ज्ञान का भार ढोता है। तुम्हारा व्यवहार मेरे मन को पीडा करता है। वीणा कौन वजाएगा ? न्याय का ग्रंथ हमे कौन पढाएगा ? वह अपने विचारो का अच्छी तरह प्रतिपादन करता है।

प्रत्यय प्रयोग करो

गगन मे चंद्रमा कव उदय हुआ ? पहले पत्र पर लिखते थे। हाथ और मुह को पानी से धो लो। उसे नया जीवन मिला है। वह अकेला ही साधना करता है। ऊपर का मकान खाली है। भौंह पर किस रंग का ध्यान करना चाहिए ? धीरे-धीरे उसने घर पर अधिकार कर लिया। थोडा खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। मिश्रित और पीसी हुई दवा मे वस्तु का ज्ञान हरेक को नही होता। उसका दीर्घजीवन कुछ लोगो के लिए हितकर रहा। मृदुता दूसरे के मन को जीतती है। विजली आकाश मे चमकती है। पीला पत्ता अपने जीवन की कहानी कहता है। अंधा मनुष्य आवाज से पहचान करता है।

प्रश्न

१. 'स्वार्थेकश्च वा' इस नियम के अनुसार स्वार्थ मे कितने प्रत्यय होते हैं। प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दो।

२. एक्कल्लो, अवरिल्लो, नवल्लो, ममया, तणिअं, मीसालिअं, दीहरं, पीअलं, मउअत्तया, विज्जुला—इन शब्दों में किस नियम से क्या प्रत्यय हुआ है ? अपने वाक्य मे इन्हें प्रयोग करो ।

३. सांप, बिच्छु, गिरगिट, मछली, छछुंदर, छिपकली, अजगर, नेवला, गोह और गिलहरी—इन शब्दो के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।

४. वव, ववस, ववहर, वस, वह, वह, वाए, वारिस, वाए और वागर—इन धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो ।

५. कच्छुल्लो, वडभो, मूयो, डिंटिमं, तंती, घंटिया, मसओ, लिक्खा—इन शब्दो का वाक्य मे प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अर्थ बताओ ।

शब्द संग्रह (शस्त्र वर्ग १)

हथियार—अत्थ, आउहं
तलवार—असी (पु) खग्गो
ढाल—फलगो
भाला—कुंतो
बंदूक—भुसुंढि (दे० स्त्री)
दांती—लवित्तं
गुप्ती—करवालिआ
हथौडा—घणो (दे०)
बर्छी—सल्लं
बंब—फोडत्थं (सं)
तोप—सयग्घी (दे० स्त्री)
राइफल—कुच्छिभरियत्थ (स)
टैंक—सत्थावरुहं (सं)
कटार—करवालिआ
लाठी—लगुडो, डंडो, दंडो
कैंची—कत्तिया
सुई—सुई (स्त्री)

०

धान्य—सस्स
वेतन लेकर काम करने वाला—वेयणियो
अभिषेक—अभिसेओ, अभिसेगो
वास्तव—जहत्थं

धातु संग्रह

वाय—पढना, पढाना
वायाम—कसरत करना
वार—रोकना
वा—गति करना
वा—बुनना
वावाल—मार डालना
वास—संस्कार डालना
वाह—वहन कराना
वाहर—बोलना
वाल—मोडना

मयट् प्रत्यय

नियम ६५६ (सर्वाङ्गादीनस्येकः २।१५१) सर्वाङ्ग शब्द से व्याप्नोति (व्याप्त) अर्थ मे होने वाले (इन) प्रत्यय को इक आदेश होता है। सर्वाङ्गीणम् (सव्वंगीओ) सब अंगो मे व्याप्त।

नियम ६६० (पथोणस्येकट् २।१५२) पथ शब्द से नित्य जाने के अर्थ मे होने वाले ण प्रत्यय को इकट् (इअ) आदेश होता है। पह+इअ= पहिओ (पथिकः) पथिक।

नियम ६६१ (ईयस्यात्मनो णयः २।१५३) आत्मन् शब्द से शेष अर्थ मे होने वाले ईय प्रत्यय को प्राकृत में णय आदेश होता है। अप्प+णय =

अप्पणयं (आत्मीयम्) अपना ।

नियम ६६२ (अनङ्कोठात्तैलस्य डेल्लः २।१५५) अकोठ शब्द को छोड़कर 'उसका तैल' इस अर्थ में डेल्ल (एल्ल) प्रत्यय होता है । कटुतैलम् (कडुएल्लं) कटु का तैल ।

(मयट्य इर्वा १।५०) नियम ८१ के अनुसार—संस्कृत के मयट् प्रत्यय में म के अ को अइ आदेश विकल्प से होता है । विषमयः (विसमइओ, विसमओ) जिसका अधिकांश भाग विषयुक्त हो ।

प्रयोग वाक्य

अत्थस्स परंपराए अवसाणो न भवइ । धानिओ धग्गेण सत्तुं (शत्रु) मारइ । फलगस्स पओगो सुरक्खाए (सुरक्षा) कज्जइ । गामवासिणो जुज्झकाले परुप्परं मल्लस्स पओगं करेंति । महारायपयावस्स (महाराणा प्रताप) कुंतं किं को वि हत्थे गिण्हिउं समत्थो ? तुज्झ भाउणा भुसुंढीए पंच जणा मारिआ । किमीवलो लवित्तेण सस्साइं लुणइ । आण विणा णियघरे को फोडल्लाइं णिम्माइ ? गोपालेण करवालिआए मुल्लं दिण्णं । विमलेण दंडस्स पओगो कहं कओ ? सुसीला कत्तिआए वत्थाणि कत्तइ । लोहारेण घणेण पहारो दिण्णो । रायाभिसेआवसरे सयग्घीए पओगो केण कओ ? सत्थावरहस्स पहारो पलंबो भवइ । सुसीला सूईए वत्थाइं सिव्वइ ।

धातु प्रयोग

उवज्झायो मुत्तं वायइ । अहं पच्चूसे वायामामि । माआ सिसुं बाहिं गमिउं वारेइ । वाऊ मंदं वाइ । तंतुवायो वत्थाइं वाइ । सो मुक्खो मच्छिओ वावाअइ । आयरिओ सावगा वामइ । सासू पुत्तवहूए सह मिउं वाहरइ । किं तुमं लोहं वाम्भिउं समत्थो ?

प्रत्यय प्रयोग

तुज्झ लेहो सव्वंगीओ वरो अत्थि । पहिओ मग्गे पिवासिओ जाओ । संसारे अप्पणयं किं अत्थि ? अयसी एल्लं आवणे किं सुलहमत्थि ? घयमइअं भोयणं भक्खिउं को-को इच्छइ ?

प्राकृत में अनुवाद करो

हथियार मात्र साधन है । एक समय तलवार का अधिक महत्त्व था । ढाल किसके पास है ? बर्छी अनेक घरों में उपलब्ध होती है । भाले का प्रयोग शक्तिशाली व्यक्ति ही कर सकता है । उसने बंदूक से हरिण को मारा । हरगोपाल की दुकान में बम कैसे फूटा ? तुम तोप का प्रयोग कब करोगे ? राइफल किसके पास थी ? उसने टैंक से अनेक लोगों को मारा । विवाह में दुलहा कटार रखता है । वह खेत में दाती से घास (तणं) काटता है । क्या

तुम लाठी चलाना सीखते हो ? कैंची से ही कोट, पतलून आदि बनते हैं। हथौडा किसके पास मिलेगा ? सूई का काम करो, कैंची का नहीं।

धातु का प्रयोग करो

दूसरों को पढाना सरल नहीं है। स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन व्यायाम करना चाहिए। तुम मुझे उसके पास जाने के लिए क्यो रोकते हो ? आज हवा नहीं चलती है। गाव-गांव में कपडे बुनना चाहिए। सिंह पशुओ को और मनुष्य को मार डालता है। माता अपने बच्चो मे संस्कार डालना चाहती है। तप को वहन कराना आचार्य का कार्य है। ध्यान के समय कौन बोलता है ? जो अपने विचारो को सत्य की ओर मोडता है, वही वास्तव मे सत्य का शोधक है।

प्रत्यय का प्रयोग करो

हमारा सर्वांगीण विकास होना चाहिए। पथिक का काम है मार्ग मे चलते रहना। अपने देश का गौरव किसको नही होता ? सरसो का तेल कहां मिलेगा ? आज दहिमय साग खाने की इच्छा है।

प्रश्न

१ मयट् प्रत्यय को क्या आदेश होता है ? तीन शब्द बताओ।
२. उनका तेल अर्थ में क्या प्रत्यय होता है ?
३. इस पाठ में इक इकट् और णय प्रत्यय किस शब्द मे किस अर्थ में किस प्रत्यय को हुआ है ?
४. तलवार, भाला, बंदूक, दाती, बर्छी, तोप, बंब, राइफल, टैंक, कटार, हथौडो, लाठी, कैंची, ढाल, गुप्ती, सूई—इन शब्दों के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
५. वाय, वायाम, वार, वा, वा, वावाअ, वास, वाह, वाहर, वाल—इन धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।

प्रयोग वाक्य

रामो घणुणा वालिं मारीअ। वावामे अहं मोग्गर चलावेमि। सो कुहाडीए कट्ठाइं कट्टइ। सो करकयेण रुक्ख कट्टइ। चक्को णर मारिउं समत्थो। दीहकायो नागो अंकुसेण वसीभवइ। आसवरो कसं न इच्छइ। सुसीला छुरियाए साग कट्टइ। रामस्स सरो वालीइ हिअये पविसीअ। भीमस्स गया पसिद्धा अत्थि। सिवस्स तिसूलस्स उवओगो किं आसि? देविंदो वज्जेण देव मारइ। विजएण गुलिअत्थेण तिण्णि जणा मारिआ। सुसीला संकुलाइ पोग्गफलाइ कट्टइ। अमुम्मि णयरे अज्ज गुलिआजंतस्स पओगो कह जाओ? किसीवलो गुफणेण चडआओ मारइ। देविंदो कस्स उवरिं वज्जं अक्खिवइ।

धातु प्रयोग

गोवालो धेणूओ हुक्कइ। चोरो सेट्ठित्तो धण हरइ। तुज्झ विआस सुणिऊण अहं हरिसामि। झाणेण कोहो कमसो हसइ। सो जावज्जीवं सुरं हाइ। तुम कत्थ हिंडसि? अणायार सेवित्ता सो हिरिंसु। सो तु कह हीलइ?

प्रत्यय प्रयोग

सपइ अत्थ मुणी जयचंदो साहुसु जेट्ठयरो अत्थि। कणिट्ठो साहू गिरीसो किं पढइ? गरिट्ठं भोयणं साहूणं न हियअरं अत्थि। तेरापंथधम्मसंघे उच्चअमं पय आयरियस्स अत्थि। अणुव्वयस्स पयारे भूयिट्ठो पयासो (प्रयास) केण कओ?

प्राकृत में अनुवाद करो

राम के युग मे धनुष का विशेष महत्त्व था। किसान ने कब कुल्हाडी से इस वृक्ष की शाखा को काटा? आरा (करोत) विशाल वृक्षो को भी काट देती है। अंकुश वहुत छोटा होता है, पर शक्तिशाली होता है। तुम घोडे को चाबुक क्यो मारते हो? आपकी छुरी किस पर चलेगी? हनुमान की गदा से सब भयभीत हो जाते थे। उसका हृदय वज्र के समान कठोर है। त्रिशूल किन सन्यासियो की पहचान है? मेरा मुद्‌गर किसके पास है? सुदर्शन चक्र बडा शक्तिशाली है। तुम सरौता किस दुकान से लाए हो? वीरेन्द्रसिंह के पास पिस्तौल है। मशीनगन कितनी दूर तक मार करता है? उसने म्यान से तलवार निकाली। राम का तूणीर तुम ले जाओ। वज्र केवल देवो के इन्द्र का ही शस्त्र है।

धातु का प्रयोग करो

किसान का लडका पशुओ को हाकता है। कसाई (सोणिओ) बकरो

को मारता है। रावण ने सीता का हरण किया। आचार्य को अपने गाव मे पाकर गाव के लोग बहुत प्रसन्न हैं। तुम्हारा प्रभाव कम क्यों हुआ? साधु बनने वाला परिवार के मोह को त्यागता है। हमने अनेक प्रान्तो का भ्रमण किया। किसी को हिंसा नही करनी चाहिए। अनुत्तीर्ण मे अपना नाम सुनकर वह लज्जित हुआ। तुम उसकी अवज्ञा क्यो करते हो?

प्रत्यय का प्रयोग करो

वह सबसे छोटा है। तुम मेरे से बडे हो। तुम मुझे सबसे प्रिय हो। राम भाइयो मे सबसे बडा था। क्या वह तुमसे बडा है? सुशील अपने परिवार मे सबसे छोटा है। इसकी धार उससे तीक्ष्ण है। इस गाव मे सबसे ऊंचा मकान किसका है? गरीष्ठ भोजन मत करो। विनय सबसे अधिक पटु है। सोहन मोहन से क्षुद्र है। तुम्हारे मे उससे अधिक गुण है।

प्रश्न

१. तरतम प्रत्ययो के स्थान पर कौन से प्रत्यय होते है? दोनो मे क्या अंतर है?
२. अर और अम प्रत्ययान्त शब्द किस लिंग मे व्यवहृत होते है?
३ पाच वाक्य अम प्रत्यय लगाकर बनाओ।
४. धनुप, मुद्गर, कुल्हाडी, आरा, चक्र, अंकुश, चाबुक, सरोता, छुरी, वाण, गदा, त्रिशूल, वज्र, मशीनगन, पिस्तौल, पत्थर फेकने का अस्त्र, म्यान और तूणीर के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
५. हक्क, हर, हरिस, हस, हा, हिंड, हिरि और हील धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो।

९२ प्रेरणार्थक प्रत्यय (१)

णिजन्त (ञिन्नन्त)

शब्द संग्रह (सुगंधित पत्र-पुष्प वाले पौधे)

कमल—पोम्मं
गुलाब—पाडलो
चंपा—चंपा, चंपयो
मौलसिरी—वउलो
मरुआ—मरुअगो, मरुअओ
मरुवयो
अगस्तिया—अगत्थियो
केवडा—केअगो
वासंती—णवमालिया
मोगरा, वेला—मल्लिआ

चमेली—जाई, मालई
जूही—जूही, जूहिआ
अडहुल—जासुमणो
तिलक—तिलगो, तिलयो
दौना—दमणगो, दमणगं
सिन्दुरिया—सिन्दुरो
कूजा—कुज्जयो
तुलसी—तुलसी
गेंदा—झंडु (सं)

धातु संग्रह

सिंच—सींचना, छिडकना
सिंज—अस्फुट आवाज करना
सिक्ख—सीखना, पढना
सिज्झ—सीझना, निष्पन्न होना
सिणा—स्नान करना

सिणिज्झ—स्नेह करना
सिर—बनाना, निर्माण करना
सिलाह—प्रशसा करना
सिलेस—आलिंगन करना
सिव्व—सीना, सांधना

प्रेरणार्थक प्रत्यय

जहा एक कर्त्ता को दूसरा कर्त्ता कार्य करने को प्रेरित करता हो वहां सस्कृत मे णि प्रत्यय आता है। भिक्षु शब्दानुशासन मे णि के स्थान पर ञिन् प्रत्यय आता है। इसलिए णिजन्त को ञिन्नन्त कहते है।

नियम ६६३ (णेरदेदावावे ३।१४९) णि के स्थान पर अत्, एत्, आव और अवे—ये चार आदेश होते हैं।

नियम ६६४ (अदेल्लुक्यादेरत आः ३।१५३) णि को अत् या ऐत् आदेश होने पर या णि का लुक् होने पर धातु के आदेश अ को आ हो जाता है। अत्—हासइ। एत्—हासेइ। आव—हसावइ। आवे—हसावेइ। कारइ, कारेइ, करावइ, करावेइ। उवसामइ, उवसामेइ, उवसमावइ उवसमावेइ।

नियम ६६५ (गुर्वादेरविर्वा ३।१५०) उपधा मे गुरु या दीर्घस्वर

वाली धातु हो तो अवि प्रत्यय विकल्प से होता है। अत्, एत्, आव और आवे प्रत्यय भी होते है। चूस—चूसइ, चूसेइ, चूसावइ, चूसावेइ, चूसविइ।

नियम ६६६ (भ्रमेस्तालिअण्ट-तमाडौ ४।३०) णि प्रत्ययान्त भ्रम धातु को तालिअण्ट और तमाड विकल्प से आदेश होते हैं। भ्रमयति (तालि-अण्टइ, तमाडइ) पक्ष मे

नियम ६६७ (भ्रमेराडो वा ३।१५१) भ्रम धातु से परे णि को आड आदेश विकल्प से होता है। भमाडइ, भमाडेइ। पक्ष मे भामइ, भामेइ, भमावइ, भमावेइ (भ्रमयति) घूमता है।

नियम ६६८ (छदेर्णेणुमनूमसन्नुम-ढक्कौम्बाल-पव्वालाः ४।२१) णि प्रत्ययान्त छद धातु को णुम, नूम, सन्नुम, ढक्क, ओम्वाल और पव्वाल आदेश विकल्प से होते है। छादयति (णुमइ, नूमइ, सन्नुमइ, ढक्कइ, ओम्वालइ, पव्वालइ, छायइ) ढकवाता है।

नियम ६६९ (निविपत्योर्णिहोडः ४।२२) नि उपसर्गपूर्वक वृन् धातु और पत् धातु णि प्रत्ययान्त हो तो उसे णिहोड आदेश विकल्प से होता है। निवारयति (णिहोडइ, निवारेइ) निवारण करवाता है। पातयति (णिहोडइ, पाडेइ) गिराता है।

नियम ६७० (दूङो दूमः ४।२३) णि प्रत्यान्त दूङ् धातु को दूम आदेश होता है। दावयति (दूमेइ) दुःखित करवाता है।

नियम ६७१ (धवले र्दुमः ४।२४) णि प्रत्ययान्त (धवलयति) रूप को दुम आदेश विकल्प से होता है। धवलयति (दुमइ, धवलइ) सफेद करना, चूना आदि से पोतना।

प्रयोग वाक्य

जाईए पुप्फाइं सुन्दराइं भवंति। जुहिआ देसस्स सव्वभागे उप्पज्जइ। पोम्मं पके उप्पज्जइ परं उवरि चिट्ठइ। पाडलस्स पुप्फाइं पसिद्धाइं संति। चपयस्स पुप्फाणि अत्थ न सति। कयवो गुणेण सीयलो भवइ। वउलस्स बीएसु एगविहं तेल्ल भवइ। कुज्जयो पाडलस्स चेअ जाई (जाति) अत्थि। मल्लिआए अणेगे भेया संति। केअगो कफं नासइ। तिलगस्स पुप्फ तिलसमं भवइ। जासुमणो अणेगवण्णो भवइ। सिन्दुरस्स रुक्खो सुदरो होइ। अगत्थियो दक्खिणदेसे वंगदेसे य पउरेण भवइ। तुलसीए पत्ताणि ओसहीए उवओगीइ भवंति। दमणगो सयं उप्पज्जइ। मरुवयो देसस्स सव्वभागे मिलइ। अडू-जरणासगो भवइ।

धातु प्रयोग

रट्ठवई गिहुज्जाणं पइदिण सिंचइ। बालो किं सिंजइ? अहं तुहाओ सिक्खिउं अहिलसामि। घरे अन्नं सिज्झइ। तुमं दिणे कइहुत्तो सिणासि। सो

कमवि न सिणिज्जइ। तुमं कं सिलाहसि ? रामो लहुभाउर सिलेसइ। सरोया वत्थाइं सिव्वइ। तुज्झ पसंस सुणिऊण सो कहं तुमं सिणिज्झइ ? अहं कव्वं सिरामि।

प्रेरणार्थक प्रत्यय प्रयोग

असोगो तु कह हसावेइ ? सो तुमं कज्जं कराइ। माआ वाल अंवं चूसावेइ। कम्माइं णर ससारे भमाडेति। गिहसामी भिच्चेण सयणं ओम्वालइ। सो रक्खत्तो फलाइं णिहाडेइ। साहू जणाण दुक्ख णिहोडइ। तस्स हियय को दूमेइ ? रमेसो भीइं दुमेइ।

प्राकृत में अनुवाद करो

नेहरुजी गुलाव का फूल अपने पास रखते थे। इस गाव मे भी कमल पैदा होता है। हमारे वाग मे चमेली के फूल वहुत हैं। क्या इस उद्यान में जूही नही है ? चपा का वृक्ष १२ मास हरा रहता है। कदंव कफकारक और वायुजनक होता है। मौलसिरी कुष्ठ के रोग को दूर करता है। कूजा की लता वहुत फैलती है। वेला के पुष्प मेरे भाई को वहुत प्रिय है। केवडा दो प्रकार का होता है। तिलक दात संवंधी रोगो को दूर करनेवाला है। जवाकुसुम (अडहुल)का तेल महंगा मिलता है। सिन्दुरिया के फूल प्रसिद्ध हैं। अगस्तिया प्रतिश्याय, ज्वर और कास मे लाभकारी है। लोग तुलसी को पवित्र मानते है। दौना वालको के उदर संवधी वीमारी मे वहुत उपयोगी है। मरुआ की सुगध मीठी होती है। गेदा के फूलो का रस रक्त ववासीर में लाभप्रद है।

धातु का प्रयोग करो

तपस्वी साधु-साध्वियो ने अपनी तपस्या से सघ को सीचा है। अस्फुट आवाज करनेवाला शिशु इस घर मे कोई नही है। मैं प्रकृति के प्रत्येक पदार्थ से सीखता हूं। खीचडी अभी सीझी नही है। तुम स्नान क्यो करते हो ? उसने तुमसे स्नेह कव किया ? मनुष्य का निर्माण कौन करेगा ? वे नव विमल की प्रशंसा करते हैं। पिता ने पुत्री का आलिंगन किया। टूटे दिल को सीने का प्रयास करो।

णिन्नन्त धातु का प्रयोग करो

तुम उसको क्यो हसाते हो ? वह तुमसे अप्रामाणिक कार्य क्यो करवाता है ? पिता पुत्र को क्यो चूमता है ? मंत्री राजा को राज्य मे घुमाता है। वह तुम्हारी प्रतिष्ठा को क्यों गिराता है ? वैद्य से वह रोग का निवारण करवाता है।

प्रश्न

१. णि के स्थान पर क्या आदेश होते हैं ?

२. अवि प्रत्यय विकल्प से कहां होता है और किस नियम से ?

३. तालिअण्ट और तमाड आदेश किसको होता है ?
४. निपूर्वक वृन् धातु से णि प्रत्यय को क्या आदेश होता है ?
५. धवलयति और दावयति को किस नियम से क्या आदेश होता है ?
६. कमल, गुलाब, चंपा, गेंदा, मौलसिरी, खस, वेला, चमेली, जूही औडहुल और केवडा के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
७. सिंच, सिंच, सिक्ख, सिज्झ, सिणा, सिणिज्झ, सिर, सिलाह, सिलेस, सिव्व और सीभ धातुओं का अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो।
८. णउलो, सरडो, खाडहिला, कुंतो, कारवलिआ, फलगो, कसो सरो, छुरिया—इन शब्दो को वाक्य में प्रयोग करो तथा हिन्दी मे अनुवाद करो।

९३ प्रेरणार्थक प्रत्यय (२)

शब्द संग्रह [सुगंधित द्रव्य]

केसर—कुंकुम
इत्र—पुप्फसारो
केवडाजल—केअडजल
अगर—अगरो
तगर—तगरो, टगरो
खस—उसीर
मुलहठी—लट्ठिमहु (स)
चदन—चंदणो
शिलारस—सिल्हग

कस्तूरी—कत्थूरी, कत्थूरिआ
गुलावजल—पाडलजलं
गूगल—गुग्गुलो
कर्पूर—कप्पूरो
कुंदरु—कुंदुरुक्को
सुगंधवाला—हिरिवेरो
नख—नखं (सं)
ककोल—ककोलो
लोहवान—लोवाणो (स)

० ० ०

मुसलमान—जवणो
धुआ—धुम्मो
यत्र—जंत

धातु संग्रह

सील—अभ्यासकरना
सुअ—सुनना
सुघ—सूघना
सुज्झ—शुद्धहोना
सुत्त—बुनना

सुप—मार्जनकरना
सुप्प—सोना
सुव—सोना
सुसमाहर—अच्छी तरह ग्रहण करना
सुस्स—सूखना

नियम ६७२ (तुलेरोहामः ४।२५) णि प्रत्ययान्त तुल् धातु को ओहाम आदेश विकल्प से होता है

तुलयति (ओहामड, तुलड) तौलता है, तुलना करता है।

नियम ६७३ (विरिचेरोलुण्डोल्लुण्ड-पल्हत्थाः ४।२६) वि पूर्वक रेचयति को ओलुण्ड, उल्लुण्ड और पल्हत्थ—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। विरेचयति (ओलुण्डइ, उल्लुण्डइ, पल्हत्थइ, विरेअइ) विरेचन करवाता है।

नियम ६७४ (तडेराहोड-विहोडौ ४।२७) णि प्रत्ययान्त तड् धातु को आहोड, और विहोड आदेश विकल्प से होता है। ताडयति (आहोडइ, विहोडइ, ताडइ) पिटवाता है।

नियम ६७५ (मिश्रे वीसालमेलवौ ४।२८) णि प्रत्ययान्त मिश्र् धातु को वीसाल और मेलव—ये दो आदेश विकल्प से होते हैं। मिश्रयति (वीसालइ, मेलवइ मिस्सइ) मिलाता है।

नियम ६७६ (उद्धूलेर्गुण्ठः ४।२९) उद्धूलयति को गुण्ठ आदेश विकल्प से होता है।

उद्धूलयति (गुण्ठइ, उद्धूलेइ) धूसरित करता है।

नियम ६७७ (नशो विउडनासव-हारव-विप्पगाल-पलावाः ४।३१) णि प्रत्ययान्त नश् धातु को विउड, नासव, हारव, विप्पगाल, पलाव—ये पाच आदेश विकल्प से होते हैं। नाशयति (विउडइ, नासवइ, हारवइ, विप्पगालइ, पलावइ, नासइ) नाश करवाता है।

नियम ६७८ (दृशो दाव-दंस-दक्खवाः ४।३२) णि प्रत्ययान्त दृश् धातु को दाव, दंस और दक्खव—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं।

दर्शयति (दावइ, दंसइ, दक्खवइ, दरिसइ) दिखाता है।

नियम ६७९ (घटेः परिवाडः ४।५०) णि प्रत्ययान्त घट्-धातु को है परिवाड आदेश विकल्प से होता है। घटयति (परिवाडइ, घडेइ) -घटाता है, सगत करता है।

नियम ६८० (उद्घटे रुग्गः ४।३३) णि प्रत्ययान्त उद्पूर्वक घट् धातु को उग्ग आदेश विकल्प से होता है। उद्घाटयति (उग्गइ, उग्घाडइ) खोलता है।

नियम ६८१ (वेष्टेः परिआलः ४।५१) णि प्रत्ययान्त वेष्ट् धातु को परिआल आदेश विकल्प से होता है। वेष्टयति (परिआलेइ, वेढेइं) वेष्टन करता है, लपेटता है।

नियम ६८२ (स्पृहः सिहः ४।३४) णि प्रत्ययान्त स्पृह् धातु को सिह आदेश होता है। स्पृहयति (सहइ) चाहता है।

नियम ६८३ (संभावेरासंघः ४।३५) सभावयति को आसंघ आदेश विकल्प से होता है। सभावयति (आसघइ, सभावइ) सभावना करता है।

प्रयोग वाक्य

तेण कुंकममीसियपयो कह पिज्जइ ? पारसो गिम्हकाले पाडलपुप्फसारस्स पओग करेइ। से जंतलेहणे पाडलजलं मग्गइ। सा केअइजल नेत्तपीलाए नेत्तेसु पाडेइ। अमुम्मि गामम्मि केसि पासे महग्घा कत्थूरी अत्थि ? सो कप्पूरेलाकंकोल तवोल खाअइ। कप्पूरो सेयवण्णो होइ। तगरस्स अवरनामं सुगंधवाला अत्थि। कुदुरुक्को सल्लईए (सल्लकी वृक्ष) णिय्यासो भवइ। नखं नक्खसरिसं होइ अओ नखं कहिज्जइ। अंगारे ठविएण लोवाणे सेयवण्णस्स धुम्मो (धूआ) णिस्सरइ। चंदणो सीयलदो भवइ। कंकोलो मुहस्स दुगंधत्तं

दूरीकरेइ। लड्डिमधुम्मि सेयवण्णी महुरपयत्थो भवइ। हिरिबेरम्मि कत्थूरीसमो सुगंधो भवइ। उसीरं तणस्स मूलं अत्थि। सिल्हगम्मि णिय्यासमो सुगंधो होइ। पुराणरुक्खस्स कट्ठम्मि अगरो कत्थइ मिलइ।

धातु प्रयोग

सो मासम्मि चत्तारि सामाइयाणि सीलइ। सो सव्वा सुणइ, पर करेइ णियमईए। अहं पुप्फाइ न सुघामि। सो पायच्छित्तेण सुज्झइ। सिरीभिक्खु-सद्दाणुसासणस्स सुत्ताइ केण सुत्तीअ ? सा भायणाणि सुपड। साहू रोग अन्तरेण दिणे कहं सुप्पइ ? अहं रत्तीए सिग्घ सुवामि। तुज्झ सरीरं कह सुस्सइ ? तुम सिक्ख सुसमाहरसि।

भिन्नन्न धातु का प्रयोग

सो तुम केण सह ओहामइ, तुलइ वा। वेज्जो रोगिं विरेअइ, ओलुण्डइ, पल्हत्थइ वा। रमेसो सत्तु अण्णेण पुरिसेण विहोडइ, आहोडइ, ताडइ वा। पिआ पुत्तेण सुद्धघयम्मि वणस्सइघयं वीसालइ, मेलवइ, मिस्सइ वा। को वत्थाइ गुण्ठइ, उद्धूलेइ वा ? सो तुम्हे पोत्थय दाऊण कह विउडइ, नासवइ, हारवइ, विप्पगालइ, पलावइ, नासइ वा। तुम णियनव्वभवण क दावइ दसइ, दक्खवइ, दरिसवइ वा ? को घड परिवाडइ, घडेइ वा ? मंती सहाभवण उग्गइ, उग्घाडइ वा। हत्थलिहियपोत्थय को परिआलेइ, वेढेइ वा ? साहू तवस्सि भत्तपाणपच्चक्खाण सिहइ। किं तुमं न सभावसि मग्गे अवरोहं आगमिस्ससि ?

प्राकृत में अनुवाद करो

वह मिठाई मे केसर मिलाता है। इत्र की सुगध से सारा कमरा भर गया। केवडे का जल ठडा होता है। कस्तूरी मृग के नाभि मे होती है। गुलाव जल वाजार मे किसके पास मिलेगा ? पान मे कर्पूर कौन खाता है ? लोग गर्मी मे ठंडी हवा के लिए खस को काम मे लेते हैं। तगर का मूल्य क्या है ? कुदुरु कहा पैदा होता है ? लोवान का प्रयोग मुसलमान अधिक करते हैं। औषधि मे सुगधवाला के मूल का व्यवहार होता है। मुलहठी चीनी से ५० गुणा अधिक मीठी होती है। नख समुद्री जीव के मुख के ऊपर का आवरण है। क्या तुम्हारे पास शिलारस है ? ककोल अंधापन को दूर करती है। हमारे घर मे अगर है।

धातु का प्रयोग करो

निद्रा कम करने का अभ्यास करना चाहिए। तुम मौन रहकर किन की बात सुनते हो ? कुत्ता चोर को पकडने के लिए क्या सूंघता है ? वह स्नान कर शरीर को शुद्ध करता है। वह रुई से कौन-सा वस्त्र बुनना चाहता

है ? सीता अपने सम्पूर्ण घर का मार्जन करती है । तुम दिन में बार-बार क्यों सोते हो ? वह रात मे भी नहीं सोता है । तुम्हारी बात को वह अच्छी तरह ग्रहण करता है । किस चिंता से उसका शरीर सूख रहा है ?

ञिन्नन्त धातुओं का प्रयोग करो

वह वायु की गति से मन की तुलना करता है । उसका शरीर स्वस्थ है फिर भी वैद्य विरेचन क्यो करवाता है ? मोहन अध्यापक से सोहन को पिटवाता है । तुम अपनी पत्नी से दूध मे पानी क्यो मिलवाते हो ? वह मिठाई को बाजार मे खुली छोडकर धूल से धूसरित क्यों करवाता है ? तुम उसको पर्वत पर स्थित भगवान पार्श्वनाथ का मदिर दिखाते हो । वह पर्वत पर देवालय करवाता है । तुम पुस्तकालय का उद्घाटन किससे करवाते हो ? वह अपने बिस्तर को वेष्टित करवाता है । अहिंसा की यात्रा मे साथ चलने के लिए वह तुम्हारी इच्छा करवाता है । क्या वह संभावना नही करता कि इससे वह उसका शत्रु बनेगा ?

प्रश्न

१. ञिन् (णि) प्रत्ययान्त तुल, तड, मिश्र, रेचय और वश धातुओं को क्या-क्या आदेश किस नियम से होता है ?
२. गुण्ठ, परिवाड, दाव, उग्ग, परिआल और आसंघ ये आदेश किस-किस धातु से हुए हैं ?
३. केसर, कस्तूरी, इत्र, गुलाबजल, केवडा जल, गूगल, अगर, तगर, कर्पूर, कुंदरु, खस, सुगधबाला, मुलहठी, नख, चंदन, कंकोल, लोबान, शिलारस शब्दो के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।
४. सील, सुअ, सुध, सुज्झ, सुत्त, सुप, सुप्प, सुव, सुसमाहर, सुस्स—इन धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो ।

९४ प्रेरणार्थक प्रत्यय(३)

शब्द संग्रह [वस्ती और मार्ग वर्ग]

ग्राम—गामो
बडा कस्बा—दोणमुह
नगर—णयर
उपनगर—उवणयर
छोटीवस्ती (गाव)—पल्ली (स्त्री)
मुहल्ला—गोमड्डा (दे.) रच्छा
हवेली—हम्मिओ (दे.)
झोपडी—झुपडा (दे)
कुटिया—इरिया (दे.)

महानगर—महाणयर
राजधानी—रायहाणी
व्यापारीनगर—पट्टण
सडक—महापहो, रायमग्गो
मार्ग—मग्गो
गली—वीहि (स्त्री)
गुफा—गुहा, कफाडो (दे०)
पगडंडी—पद्धड
प्रासाद—पासायो,

समस्या—समस्सा

धातु संग्रह

से, सेअ—सोना
सेह—सिखाना
सोअ—सोना, शोक करना
सोभ—शोभायुक्त करना
सोह—शुद्धिकरना

सोह—शोभना, चमकाना
साडज्ज—स्वाद लेना
सार—ठीक करना
सार—याद दिलाना
सारक्ख—अच्छी तरह रक्षण करना

नियम ६८४ (उन्नमेरुत्थंघोल्लालगुलुगुञ्छोप्पेलाः ४।३६) णि प्रत्ययान्त उद्पूर्वक नम् धातु को उत्थघ, उल्लाल गुलुगुञ्छ, उप्पेल—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। उन्नमयति (उत्थघइ, उल्लालइ, गुलुगुञ्छइ, उप्पेलइ, उन्नामइ) ऊंचा करता है, उन्नत करता है।

नियम ६८५ (प्रस्थापेः पट्ठव-पेण्डवौ ४।३७) प्रस्थापयति को पट्ठव और पेण्डव आदेश विकल्प से होते हैं। प्रस्थापयति (पट्ठवइ, पेण्डवइ, पट्ठावइ) प्रस्थान करवाता है, भेजता है।

नियम ६८६ (विज्ञपेर्वोक्कावुक्कौ ४।३८) विज्ञापयति को वोक्क और अवुक्क आदेश विकल्प से होते हैं। विज्ञापयति (वोक्कइ, अवुक्कइ, विण्णवइ) विज्ञप्ति करता है।

नियम ६८७ (अर्पेरल्लिव-चच्चुप्प-पणामाः ४।३९) अर्पयति को

अल्लिव, चच्चुप्प और पणाम आदेश विकल्प से होता है। अर्पयति (अल्लिवइ, चच्चुप्पइ, पणामइ) पक्ष में।

(वार्पो १।६३) नियम ९४ से अर्पयति के आदि अ को ओ विकल्प से होता है। अर्पयति (ओप्पेइ, अप्पइ) अर्पण करता है।

नियम ६८८ (यापेर्जवः ४।४०) णि प्रत्ययान्त या धातु (यापयति) को जव आदेश विकल्प से होता है। यापयति (जवइ, जावेइ) कालयापन करता है।

नियम ६८९ (प्लावेरोम्वाल-पव्वालौ ४।४१) प्लावयति को ओम्वाल और पव्वाल आदेश विकल्प से होते हैं। प्लावयति (ओम्वालइ, पव्वालइ, पावेइ) खूब भिजाता है।

नियम ६९० (विकोशेः पक्खोडः ४।४२) नाम धातु विकोशयति को पक्खोड आदेश विकल्प से होता है। विकोशयति (पक्खोडइ, विकोसइ) खोलता है, फैलाता है।

नियम ६९१ (रोमन्थेरोग्गाल-वग्गोलौ ४।४३) नाम धातु रोमन्थयति को ओग्गाल और वग्गोल—ये दो आदेश विकल्प से होते है। रोमन्थयति (ओग्गालइ, वग्गोलइ, रोमन्थइ) चबाई वस्तु को पुनः चबाता है।

नियम ६९२ (प्रकाशेर्णुव्वः ४।४५) प्रकाशयति को णुव्व आदेश विकल्प से होता है। प्रकाशयति (णुव्वइ, पयासेइ) प्रकाशित करता है, चमकाता है।

नियम ६९३ (कम्पेर्विच्छोलः ४।४६) कम्पयति को विच्छोल आदेश विकल्प से होता है। कम्पयति (विच्छोलइ, कम्पेइ) कपाता है।

नियम ६९४ (आरोहेर्वलः ४।४७) आरोहयति को वल आदेश विकल्प से होता है। आरोहयति (वलइ, आरोवेइ, आरोहेइ) ऊपर चढाता है।

नियम ६९५ (रञ्जे रावः ४।४९) णि प्रत्ययान्त रञ्ज् धातु को राव आदेश विकल्प से होता है। रञ्जयति (रावेइ, रञ्जेइ) खुशी करता है।

नियम ६९६ (कमेर्णिहुवः ४।४४) कम् धातु स्वार्थ मे णि प्रत्ययान्त हो तो णिहुव आदेश विकल्प से होता है। कामयते (णिहुवइ, कामेइ)।

नियम ६९७ (दोले रङ्खोलः ४।४८) दुल् धातु स्वार्थ मे णि प्रत्ययान्त हो तो रङ्खोल आदेश विकल्प से होता है। दोलायते (रङ्खोलइ, दोलइ) झूलता है।

प्रयोग वाक्य

गामवासिणो समक्खे का समस्सा अत्थि ? सुसीलो कम्मि दोणमुहे

वसइ ? णयरवासिणो गामम्मि वसिउं न इच्छति । रायहाणीए लोआ पइवरिसं वड्ढति । भारहे केत्तिलाइ महाणयराइ संति ? चोरपल्लीइ चोरा च्चेअ वसति । वरिसाए साहुणो झुपडाइ ठाअंति । किं तुज्झभवणं रायमग्गे अत्थि ? वीहीए सूअरा भमंति । गोमट्टाए केत्तिला जणा निवसंति ? रायहाणीए महरोलीए उवणयरे मज्झ भाआ वसइ । कुड्डल्लीए साहू अत्थि न वा । अहं पट्टणं गमिउं इच्छामि । एगो साहू गुहाए झाणं झाएइ । पासायम्मि राया कहं नत्थि ? अजत्ता रायिंदो णियणव्वम्मि हम्मिअम्मि वसइ ।

धातु प्रयोग

तुमं रत्तिदिवहं कहं सोअसि ? तुज्झ मित्तं तु किं सेहइ ? तुमं किमट्ठं अज्ज सोअसि ? परिवारेण सह चदो राईए सोहइ । तुज्झ लेहं पसंतो सोहइ । गगणे राओ चंदो सोहइ । साहू वत्थूइ न साइज्जइ । सो असुद्धं सिलोगं सारइ । रमेसो सारइ जं तुमए तं कज्जं कयं न वा ? खत्तियो सरणागयं सारक्खइ ।

प्रत्यय प्रयोग

आयरिअतुलसीए तेरापंथधम्मसघे नारीजाइ उत्थघीअ, उल्लालीअ, गुलुगुञ्छीअ, उप्पेलीअ वा । पिआ णियपुत्तं रायहाणिं पट्ठवइ, पट्ठावइ, पेण्डवइ वा । गुरु सीसा धम्मं वोक्कइ, अवुक्कइ, विण्णवइ वा । सो जीवणं धम्मपयारट्ठं अल्लिवइ, चुच्चुप्पइ, पणामइ, ओप्पेइ वा । सो धम्मं अतरेण केवलं जीवणं जावेइ, जवेइ वा । तुमं रत्तीइ लवगा कहं ओम्वालइ, पव्वालइ, पावेइ वा ? ठाणं लभिऊण सो आसणाइं पक्खोडइ, विकोसइ वा । पसुणो सइ (एकबार) भोयणं सगिण्हंति राओ य ओग्गालइ, वग्गोलइ, रोमन्थइ वा । आयरिअतुलसी जेणधम्मं णुव्वइ, पयासेइ वा । अहिणिवेसिणो सासगस्स भय जणा विच्छोलइ, कम्पेइ वा । भिच्चो भारं पव्वयम्मि वलइ, आरोवेइ, आरोहेइ वा । पई पत्ति आभूसणं दाऊण रावेइ, रञ्जेइ वा । विरत्तो न णिहुवइ कामेइ वा । सीला दोलाए रङ्खोलइ, दोलइ वा ।

प्राकृत में अनुवाद करो

आजकल शहरो मे समस्याए बहुत हैं । गाव मे सडक क्यो नही है ? चोरपल्ली मे कोई जाना नही चाहता । गर्मी मे झोपडी ठंडी रहती है । राजधानी मे कई देशो के दूतावास होते है । उसका घर गली मे ही है । सडक पर चलने का सबको अधिकार है । बडे शहरो मे शुद्ध वायु कम मिलती है । इस मार्ग से दूसरा मार्ग भी निकलता है । राजा का महल गाव मे सबसे ऊंचा है । सेठ की हवेली मे कौन रहता है ?

धातु का प्रयोग करो

बच्चा सुख से सोता है । उसे व्यावहारिक ज्ञान सिखाना चाहिए ।

किस प्रदेश के लोग अधिक शोक करते हैं ? बच्चों से घर शोभायमान लगता है। वह पानी से उसके भोजन के स्थान को शुद्ध करता है। गण में साधुओं के बीच आचार्य शोभायमान होते हैं। बच्चा बर्फ का स्वाद लेता है। उसे उच्चारण ठीक करना चाहिए। उसने पुनर्जन्म के संबंध को याद दिलाया। राजा शरण में आए हुए का अच्छी तरह संरक्षण करता है।

णिजन्त धातुओं का प्रयोग करो

प्रधानमंत्री ने अपने भाई की उन्नति की। जैनधर्म के प्रचार के लिए वह समणियों को विदेश प्रस्थान करवाता है। मैं आपकी पुस्तक को आपके हाथों में अर्पण करता हूं। वह संयम से काल यापन करता है। तुम मूट को पानी में अधिक भिजोते हो। क्या तुम आर्द्रवस्त्र को धूप में फैलाते हो ? ऊट खाई वस्तु को रात में फिर चबाता है। आचार्य युवाचार्य को प्रकाश में लाते हैं। शीतकाल में ठंडी हवा मनुष्यों को कंपाती है। मंत्री अपने परिवार वालों को ऊंचा उठाता है। पिता बच्चों को मिठाई देकर खुशी करता है। सावन में कौन झूले में नहीं झूलती है।

प्रश्न

१. नीचे लिखे आदेश किस नियम से और किस धातु को हुए हैं—उत्थघ, पेण्डव, चच्चुप्प, जव, पक्खोड, खिच्छोल, राव।
२. उन्नमयति, विज्ञापयति, प्रस्थापयति, अर्पयति, प्लावयति और रोमन्थयति को क्या-क्या आदेश होता है ?
३. स्वार्थ में णि प्रत्यय किन धातुओं को होता है ?
४. ग्राम, बड़ा कस्बा, शहर, महानगर, राजधानी, व्यापारी नगर, उपनगर, मुहल्ला, सड़क, मार्ग, गली, गुफा, कुटिया, झोपड़ी—इन शब्दों के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
५. से, सेअ, सेह, सोअ, सोभ, सोह, साउज्ज, सार, सार, सारक्ख—इन धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।

९५ भावकर्म

शब्द संग्रह (मास वर्ग)

श्रावण—सावणं
भाद्रव—भद्दवयं
आसोज—आसोओ
कार्तिक—कत्तिओ
मृगसर—मग्गसिरो
पोष—पोसो
माह—माहो
फाल्गुन—फग्गुणो
चैत्र—चइत्तो
वैशाख—वइसाहो
जेठ—जेट्ठो
आषाढ—आसाढो

धातु संग्रह

सक—समर्थ करना
संखा—गिनती करना
संकम—गति करना, जाना
संगच्छ—स्वीकार करना
संकल—जोडना, संकलन करना
संघट्ट—स्पर्श करना
संकेअ—संकेत करना
संघस—संघर्ष करना
संकोअ—संकुचित करना
संचाय—समर्थ होना

भावकर्म

भाव का अर्थ है क्रिया। जहा प्रत्यय केवल क्रिया अर्थ मे ही होता है उसे भाववाच्य कहते हैं। जहा धातु से प्रत्यय कर्म मे होता है उसे कर्मवाच्य कहते हैं। भाव मे कर्म नही होता। जहा कर्म होता है उसे भाव नही कह सकते। दोनो मे से एक रहता है, दोनो साथ नही रह सकते।

भाव का प्रयोग अकर्मक धातु से होता है। रोना, पैदा होना, सोना, लज्जित होना आदि उनके अर्थ वाली धातुए अकर्मक होती हैं। खाना, पीना, देखना, करना आदि अर्थों मे सकर्मक धातु का प्रयोग होता है। इन सकर्मक धातुओ मे विवक्षा से कर्म का प्रयोग न करने से अकर्मक रह जाती हैं। प्राकृत मे भाव-कर्म मे दो प्रत्यय आते हैं—ईअ (ईय) और इज्ज। इन प्रत्ययो मे से कोई एक प्रत्यय धातु के लगाने से भावकर्म की धातु के रूप बन जाते हैं। इन प्रत्ययो का प्रयोग वर्तमानकाल, विध्यर्थ, आज्ञा और ह्यस्तन भूतकाल मे ही होता है। भविष्यत्काल और क्रियातिपत्ति मे भावकर्म के प्रत्ययो के रूप कर्तृवाच्य की तरह ही चलते है।

नियम ६९८ (ईअ-इज्जौ क्यस्य ३।१६०) संस्कृत मे भावकर्म मे क्य प्रत्यय होता है। प्राकृत मे क्य प्रत्यय को ईअ और इज्ज ये दो आदेश होते

हैं। हस्+ईअ = हसीअइ। हस+इज्ज = हसिज्जइ। हो+ईअ = होईअइ। हो+इज्ज = होइज्जइ। पढ+ईअ = पढीअइ। पढ+इज्ज = पढिज्जइ।

नियम ६९९ (दृशि-वचेर्डीस-डुच्चं ३।१६१) दृश् और वच् धातु में क्य प्रत्यय को क्रमश: डीस और डुच्च प्रत्यय होते हैं। दृश्+डीस = दीसइ (दृश्यते), वच्+डुच्च = वुच्चइ (उच्यते)।

नियम ७०० (म्मश्चेः ४।२४३) भाव कर्म में चि धातु के अन्त में म्म विकल्प से होता है, उसके योग में क्य का लुक् हो जाता है। चिम्मइ (चीयते) पक्ष में।

नियम ७०१ (न वा कर्मभावे व्व: क्यस्य च लुक् ४।२४२) चि, जि, श्रु, हु, स्तु, लू, पू और धून्—इन आठ धातुओं के अंत में भाव कर्म में व्व का आगम विकल्प से होता है। उसके योग में क्य का लुक् हो जाता है। चीयते (चिव्वइ, चिणिज्जइ)। जीयते (जिव्वइ, जिणिज्जइ)। श्रूयते (सुव्वइ, सुणिज्जइ)। हूयते (हुव्वइ, हुणिज्जइ)। स्तूयते (थुव्वइ, थुणिज्जइ) लूयते (लुव्वइ, लुणिज्जइ)। पूयते (पुव्वइ, पुणिज्जइ)। धूयते (धुव्वइ, धुणिज्जइ)।

नियम ७०२ (हन्खनोन्त्यस्य ४।२४४) हन् और खन् धातु के अंत को भाव कर्म में म्म प्रत्यय विकल्प से होता है। उसके योग में क्य प्रत्यय का लुक् होता है। हन्यते (हम्मइ, हणिज्जइ)। खन्यते (खम्मइ, खणिज्जइ)।

नियम ७०३ (ब्भो दुह-लिह-वह-रुधामुच्चातः ४।२४५) दुह्, लिह्, वह् और रुध् धातु को 'ब्भ' प्रत्यय विकल्प से होता है और क्य प्रत्यय का लुक् होता है। दुह्यते (दुब्भइ, दुहिज्जइ)। लिह्यते (लिब्भइ, लिहिज्जइ)। उह्यते (वुब्भइ, वहिज्जइ)। रुध्यते (रुब्भइ, रुन्धिज्जइ)।

नियम ७०४ (समनूपाद्रुधेः ४।२४८) स, अनु, उप उपसर्ग पूर्वक रुध् धातु को भाव कर्म में ज्झ विकल्प से होता है और क्य प्रत्यय का लुक् होता है। संरुध्यते (संरुज्झइ, संरुन्धिज्जइ)। अनुरुध्यते (अणुरुज्झइ, अणुरुन्धिज्जइ)। उपरुध्यते (उवरुज्झइ, उवरुन्धिज्जइ)।

नियम ७०५ (दहो ज्झः ४।२४६) दह् धातु को भाव कर्म में ज्झ प्रत्यय विकल्प से होता है। उसके योग में क्य प्रत्यय का लुक् होता है। दह्यते (डज्झइ, डहिज्जइ)।

नियम ७०६ (लुगावी क्त भावकर्मसु ३।१५२) भावकर्मविहित क्त प्रत्यय परे हो तो णि (णिजन्त) के स्थान पर लुक् और आवि ये दो आदेश होते हैं। कारिअ, कराविअ। हासिअ, हसाविअ।

प्रयोग वाक्य

जइणधम्माणुसारेण पुव्व वरिसस्स आरंभो सावण सुक्का पडिवयाए

होहीअ। भद्दवये-जेणाण सवच्छरी महापव्व भवइ। आसोयम्मि दसहरापव्व होइ। दीवावली कत्तिअम्मि भवइ। मग्गसिरंम्मि सीअ वड्ढइ। पोसो मलमासो कहिज्जइ। तेरापथधम्मसघस्स पमुहपव्व मेरामहोच्छव माहम्मि हवइ। भारहे पाओ सव्वत्थ सव्वे जणा फग्गुणम्मि होलिं खेलति। चइत्तम्मि सरीरस्स रत्त परिअट्टण भवइ। अक्खयतइया वइसाहमासे भवइ। जेट्ठे आइच्चस्स आयवो जणा तावइ। आसाढो वरिसस्स अवसाणमासो अत्थि।

धातु-प्रयोग

जो सकेइ सो विणस्सइ। मुणी सकमेण न सकमेज्ज। असीई पच सट्ठी य सकलेहि। रमेसो तं किं सकेइ? तुम त पण्हेण कह संकोअइ? तुम घराइ सखासि। तुज्झ कहण ह सगच्छामि। पुरिसा साहुणिं न संघट्टति। सो अग्गिणो अट्ठ कट्ठाइ सघसइ। अह त कज्ज करिउ सचाएमि।

प्रत्यय प्रयोग

तुमए कहं हसिज्जइ, हसीअइ वा। सुसीलाए पत्ताइ पढिज्जइ। किं तुमए उज्जाण दीसइ? तिणा किं वुच्चइ? तुमए उज्जाणे किं चिम्मइ, चिव्वइ, चिणिज्जइ वा। मुणिणा इदियाइं जिव्वति, जिणिज्जति वा। किं तुमए सम्म न सुणिज्जइ? मए चदपभु थुव्वइ, थुणिज्जइ। जणेहिं साहू सव्वत्थ पुव्वइ, पुणिज्जइ वा। विमलाए किं हुव्विहिइ, हुणिज्जिस्सइ वा? तिणा रुक्खाणि कह लुव्वति, लुणिज्जति वा। साहुहिं कम्माइं धुव्वति, धुणिज्जति वा। सजमिणा के वि जीवा न हम्मति, हणिज्जति वा? अज्ज तुमए भूमी कह खम्मइ, खणिज्जइ वा। मए गावी दुब्भइ, दुहिज्जइ वा। मए भारो न वुब्भिहिइ, वहिज्जिहिइ वा। तस्स मग्गो तुमए कह रुब्भइ, रुन्धिज्जइ वा? इरिसाए हिअय डज्झइ, डहिज्जइ वा।

प्राकृत में अनुवाद करो

श्रावण मे वर्षा होती है। भाद्रव मे जैन साधु केशलुचन करते है। साधक आसोज की नवरात्रि मे जाप करते है। कार्तिक मे बहिने गंगा स्नान करती है। चतुर्मास के बाद मृगसर मे साधु विहार करते है। पोष मे ठड अधिक पडती है। माघ मे विवाह अधिक होते हैं। फाल्गुन मे हवाए तेज चलती है। कुछ प्रदेशो मे चैत्र मास मे वर्ष का प्रारंभ होता है। वैशाख और जेठ मास मे सूर्य का ताप असह्य होता है। आषाढ की पूर्णिमा के दिन तेरापथ धर्म सघ की स्थापना हुई थी।

धातु का प्रयोग करो

धर्म मे श्रद्धा करो, सशय मत करो। वह उससे बात करने के लिए राजधानी जाता है। इस गाव के साधार्मिक भाइयो की गिनती करो। वह

मौन में संकेत करता है। मुनि अपनी इंद्रियों को संकुचित करता है। वह पुत्री के विवाह के लिए धन को जोड़ता है। सीमा अपने पति की बात को स्वीकार नहीं करती है। साधु सचित्त का स्पर्श नहीं करते हैं। शांति चाहने वालों को किसी से संघर्ष नहीं करना चाहिए। क्या तुम इन कार्य को करने के लिए समर्थ हो ?

प्रत्यय का प्रयोग करो

वह क्यों हसता है ? तुम कौन-सी पुस्तक पढ़ते हो ? वह विद्वान् बनेगा। वह पांच मिनट तक आकाश को देखता है। तुम किसको कहते हो ? वह अवगुणों को चुनता है। विमला मन को जीतती है। सरोज सबकी बात सुनती है। तुम किस तीर्थंकर की स्तुति करते हो ? आजकल धन की पूजा होती है। क्या भगवान का साक्षात्कार होता है ? वह वृक्ष को क्यों काटता है ? वह साप को मारता है। वे इन दिनों से खान को खोदते हैं। मेरी बहन भैंस को दुहती है। तुम किसका भार उठाते हो ? हमारी प्रगति को कौन रोकता है ?

प्रश्न

१. भाव कर्म एक है या दो ? विस्तार से समझाओ ?
२. भाव कर्म के रूप बनाने के लिए किन प्रत्ययों का प्रयोग करना होता है ?
३. नीचे लिखे रूप किन-किन धातुओं के हैं—दीसइ, वुच्चइ, चिम्मइ, जिव्वइ, लुव्वइ, वुब्भइ, दुब्भइ, पुव्वइ, थुव्वइ।
४. श्रावण, भाद्रव, आसोज, कार्तिक, मृगसर, पोष, माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख, जेठ और आषाढ—इन मासों के लिए प्राकृत के शब्द बताओ ?
५. सक, सकम, सकल, सकेअ, सकोअ, सग्गा, संगच्छ, सघट्ट, सघस और सचाय धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।
६. केअगो, पाडलो, मालई, टगरो, नाट्टिमहु, कप्पूरो, उवणयरं, कुद्दुल्ली, कफाटो—इन शब्दों को वाक्य में प्रयोग करो तथा हिन्दी में वाक्य बनाओ।

९६ भावकर्म (२)

शब्द संग्रह [ग्रह-नक्षत्र वर्ग]

सूर्य—आइच्चो, दिणअरो
चंद्रमा—चंदो, हिमयरो
मंगल—अगारयो
बुध—बुहो
बृहस्पति—वहस्सई (पु)
शुक्र—सुक्को
शनि—सणी (पु)
राहु—राहू (पुं)
केतु—केऊ (पु)
नक्षत्र—णक्खत्त
तारा—तारा
ग्रह—गहो

धातु संग्रह

संचिण—संग्रह करना, इकट्ठा करना
संझाअ—ध्यान करना, चिंतन करना
संचुण्ण—खण्ड-खण्ड करना, चूर-चूर करना
संणज्झ—कवच धारण करना
संतर—तैरना
संजम—निवृत्त होना
संताव—हैरान करना, तपाना
संजय—सम्यक् प्रयत्न करना
संथर—बिछौना करना
संजोअ—संबद्ध करना, संयुक्त करना

नियम ७०७ (बन्धो न्ध ४।२४७) बन्ध् धातु के न्ध को भावकर्म मे ंझ विकल्प से आदेश होता है, उसके योग मे क्य प्रत्यय का लुक् होता है। बध्यते (बज्झइ, बन्धिज्जइ)।

नियम ७०८ (गमादीनां द्वित्वम् ४।२४९) गम्, हस् भण्, छुप्, लभ्, कथ् और भुज् धातुओ के अन्त्यवर्ण को भावकर्म मे द्वित्व विकल्प से होता है। उसके योग मे क्य प्रत्यय का लुक् होता है।

गम्यते (गम्मइ, गमिज्जइ)। हस्यते (हस्सइ, हसिज्जइ)।
भण्यते (भण्णइ, भणिज्जइ)। छुप्यते (छुप्पइ, छुविज्जइ)।
रुद्यते (रुव्वइ, रुविज्जइ)। लभ्यते (लब्भइ, लहिज्जइ)।
कथ्यते (कत्थइ, कहिज्जइ)। भुज्यते (भुज्जइ, भुञ्जिज्जइ)

नियम ७०९ (हृ-कृ-तृ-ज्रामीरः ४।२५०) हृ, कृ, तृ और जृ धातुओ के अन्त्य को ईर आदेश विकल्प से होता है, क्य का लुक् होता है।

ह्रियते (हीरइ हरिज्जइ)। क्रियते (कीरइ, करिज्जइ)।
तीर्यते (तीरइ, तरिज्जइ)। जीर्यते (जीरइ, जरिज्जइ)।

नियम ७१० (अर्जे विढप्प. ४।२५१) अर्ज् धातु को विढप्प आदेश विकल्प से होता है, क्य का लुक् होता है। अर्ज्यते (विढविज्जइ, अज्जिज्जइ)

नियम ७११ (ज्ञो णव्व-णज्जौ ४।२५२) जानाति को कर्मभाव मे णव्व और णज्ज—ये दो विकल्प से आदेश होते हैं। उसके योग मे क्य का लुक् होता है। ज्ञायते (णव्वइ, णज्जइ, जाणिज्जइ, मुणिज्जइ)

नियम ७१२ (व्याहृगे र्वाहिप्पः ४।२५३) व्याहरति को भावकर्म मे वाहिप्प आदेश विकल्प से होता है। उसके योग मे क्य का लुक् होता है। व्याह्रियते (वाहिप्पइ, वाहरिज्जइ)

नियम ७१३ (आरभे राढप्पः ४।२५४) आरभते को भावकर्म मे आढप्प आदेश विकल्प से होता है, उसके योग मे क्य का लुक् होता है। आरभ्यते (आढप्पइ, आढवीअइ)

नियम ७१४ (स्निह-सिचोः सिप्पः ४।२५५) स्निह् और सिच् धातु को भावकर्म मे सिप्प आदेश होता है। उसके योग मे क्य का लुक् होता है। स्निह्यते (सिप्पइ) प्रीति करना। सिच्यते (सिप्पइ)

नियम ७१५ (ग्रहे र्घेप्पः ४।२५६) ग्रह् धातु को भावकर्म मे घेप्प आदेश विकल्प से होता है। उसके योग मे क्य का लुक् होता है। गृह्यते (घेप्पइ, गिण्हिज्जइ)

नियम ७१६ (स्पृशेश्छिप्पः ४।२५७) स्पृश् धातु को भावकर्म मे छिप्प आदेश विकल्प से होता है। उसके योग मे क्य का लुक् होता है। स्पृश्यते (छिप्पइ, छिविज्जइ)

नियम ७१७ (क्यङो र्यं लुक् ३।१३८) नाम धातु से होने वाले क्यङ्, क्यज्, क्यङ्ष् प्रत्ययो के य का लुक् होता है। गरुआइ, गरुआअइ (अगुरु-र्गुरुर्भवति, गुरुरिवाचरति वा इत्यर्थः)। दमदमशब्दंकरोति (दमदमाइ, दमदमाअइ)

प्रयोग वाक्य

सोहव्व सत्तिमतो सूरगहो अत्थि। चद चइऊण सव्वे गहा दिणअरस्स चोद्दहअंसाओ अतरो अत्थंगया भवंति। मंगलगहस्स उवममणट्ठं पवाल परिहियव्वं। बुधगहो वावर कारवेइ। वहस्सइस्स रंगो पीओ भवइ। सुक्कस्स रंगो सुक्को होइ। सणी सणिअ चलइ। राहू चंदं गसइ। केऊ कूरगहो अत्थि। पुस्सणक्खत्त सव्वेसु कज्जेसु सुहं भवइ। पत्तेयणक्खत्तस्स भिण्णाओ ताराओ संति।

धातु प्रयोग

विमलाए जराइ घण सचिणइ। महिंदो मोअग सचुण्णइ। संजमी सावज्जजोगाओ सजमइ। सामाइयम्मि सावगो संजयइ। सो समासे पयाइ

सजोअइ-। सुहमुणी-अहियसमय-सज्झावइ-। खत्तियो-जुज्झे - सणज्झइ । - गंगानई को संतरिस्सइ-? सेट्ठी- भिक्खारिं-कह-संतावइ-? राओ पढमपहरस्स पच्छा अह-सयरामि-।

प्रत्यय-प्रयोग -

अट्ठदससु-पावेसु कम्मेहिं वज्झइ, वन्धिज्जइ वा-। तुमए कत्थ गम्मइ, गम्मिज्जइ वा ? तुम्हेहिं किं भण्णइ, भणिज्जइ वा ? तस्स माआइ को रुव्वइ, रुविज्जइ वा ? सुमणाइ सच्च कत्थइ, कहिज्जइ वा। सुवण्णवावारे तेण किं लब्भइ, लहिज्जइ वा ? आवणे तुमए किं भुज्जइ, भुज्जिज्जइ वा ? तुज्झ सरीरं तिणा कह छुप्पइ, छुविज्जइ वा ? तेण सिसुहत्थाओ पत्थर हीरइ, हरिज्जइ वा। सुरेसेण नई तीरइ, तरिज्जइ वा। सव्वेहिं वत्थूहिं जीरइ, जरिज्जइ वा। मए किमवि न कीरइ, करिज्जइ वा। तेण दिवहे किं विढविज्जइ अज्जिज्जइ, वा ? तुमए अहं णव्वामि, णज्जामि, जाणिज्जामि; मुणिज्जामि वा। रमेसेण गारुडो वाहिप्पइ, वाहरिज्जइ वा। अज्ज तुमए किं कज्जं आढप्पइ, आढवीअइ वा ? तेण-तुम सिप्पइ। गिहसामिणा णियउज्जाण सिप्पइ। तस्स गिहाओ तुमए किं घेप्पइ; गिण्हिज्जइ वा ? तेण तुज्झ सरीर किमट्ठ छिप्पइ, छिविज्जइ वा ?

प्राकृत में अनुवाद करो

सूर्यग्रह का दोष मिटाने के लिए मत्र का जाप करो। चादी की अगूठी पहनने से चंद्रग्रह का दोप कम होता है। चन्द्रमा का सवंध मन से है। मंगल का सबन्ध शरीर के रक्त से है। बुध ग्रह के कारण मनुष्य ज्योतिष सीखता है। बृहस्पति ग्रह अध्यात्म की ओर प्रवृत्त करता है। गोचर (गोअर) ग्रहो मे शुक्र अस्त हो तव दीक्षा देनी चाहिए। शनि मनुष्य को घर से सडक पर खडा कर देता है। राहु की गति धीमी होती है। बारहवें घर मे बैठा केतु अच्छा फल देता है। वह स्वातिनक्षत्र मे गाव मे प्रवेश करता है। दिन मे तारा कौन दिखाता है ? चद्रप्रज्ञप्ति सूत्र मे ८४ ग्रहो के नाम है।

धातु का प्रयोग करो

वह किसके अवगुणो को सग्रह करता है ? महेश ने घडे के टुकडे-टुकडे कर दिए। क्या तुम भोजन से निवृत्त होते हो ? वह ईर्यासमिति (इरियासमिइ) मे सम्यक् प्रयत्न करता है। तुम अपने विवाद मे मुझे क्यो सवद्ध करते हो ? वह ध्यान क्यो नहीं करता है ? आज तुम कवच धारण क्यो करते हो ? यमुना नदी को वह भुजाओ से तैरेगा। पढाने के लिए तुम विद्यार्थियो को क्यों हैरान करते हो ? वह किसके लिए दिन मे बिछौना करता है ?

प्रत्यय प्रयोग करो

वह तुमको प्रेम की रज्जु से बाधता है। क्या तुम आज अपने देश को

जा रहे हो । वह कौन सा आगम पढता है ? देखो, रात को कौन और क्यो रोता है ? माता बच्चो को कहानी कहती है । मुझे तुम्हारा स्नेह प्राप्त होता है । मैं मिठाई नही खाता हू । साधु अग्नि को नही छूते है । उसकी निंदा करने से तुम क्या प्राप्त करते हो ? जो हिंसा करता है वह जीवों के प्राण छीनता है । वह भवसागर को तैरता है । अब तुम क्या करते हो ? समय के साथ वस्त्र जीर्ण होते हैं । धर्म के साथ तुम पुण्य का भी अर्जन करते हो । मैं तुमको नही जानता । वह तुम्हारे से क्यो नही बोलता है ? मैं आज से साधना प्रारंभ करता हूं । पहले सोचकर जो प्रीति करता है वह दुःख नहीं पाता । वह अपने खेत को क्यों नही सीचता है ? वह प्रकृति से शिक्षा ग्रहण करता है । क्या वह आकाश को छूता है ?

प्रश्न

१ सूर्य, चंद्र, मगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु, ग्रह, नक्षत्र और तारा के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।

२. संचिण, संचुण्ण, संजम, संजय, संजोअ, सझाअ, सणज्झ, संतर, संताव और सथर—इन धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य मे प्रयोग करो ।

९७ कृत्यप्रत्यय

शब्द संग्रह (यंत्र वर्ग)

घडी यन्त्र (घडीजंत)
टाइपराइटर—लेहणजंतं
टेलीफोन—वत्ताजतं
थर्मामीटर—तावभावअ
प्रेस—मुद्दणालयो
रेडियो—झुणिखेवअजंतं
लाउडस्पीकर—सुइजंतं
दूरवीक्षण—दूरविक्खणजंतं
बिजली का पंखा—संपावीजणं
साउण्ड बॉक्स—झुणिमंजूसा

धातु संग्रह

आलुप—हरण करना
आलोअ—देखना
आलोअ—आलोचना करना, गुरु को अपना अपराध कहना
आलोड—हिलोरना, मंथन करना
आव (आ+या)—आना
आवआस—आलिंगन करना
आवज्ज—प्राप्त करना
आवट्ट—चक्र की तरह घूमना,
आवड—आना, आगमन करना
आवत्त—आना
आवर—ढांकना

कृत्यप्रत्यय

जहा अंत मे चाहिए का प्रयोग आए अथवा यह करने योग्य हैं, खाने योग्य है या करना है, खाना है, जाना है—इत्यादि स्थानो पर कृत्य प्रत्ययो का प्रयोग होता है। इन्हें विध्यर्थ कृदन्त कहते हैं। संस्कृत मे कृत्य प्रत्यय पाच हैं—तव्य, अनीय, य, क्यप्, घ्यण्। प्राकृत मे धातु से तव्व, अणीअ और अणिज्ज प्रत्यय लगाने से विध्यर्थ कृदन्त के रूप बनते हैं। य, क्यप् और घ्यण् प्रत्ययो मे य शेष रहता है। संस्कृत के य प्रत्यय को प्राकृत मे 'ज्ज' हो जाता है। पूर्व नियम (९५) के अनुसार तव्व प्रत्यय के पूर्ववर्ती अ को इ और ए आदेश होता है।

तव्व प्रत्यय—

हस—हसितव्यम् (हसितव्वं, हसेतव्वं, हसिअव्वं, हसेअव्वं) हंसना चाहिए
हो—भवितव्यम् (होइतव्वं, होएतव्वं, होइअव्वं, होएअव्व) होना चाहिए

अणीअ प्रत्यय—

हस—हसनीयम् (हसणीअं) हंसना चाहिए
कर—करणीअं (करणीयम्) करना चाहिए

दूरविक्खणजत कस्स पासे अत्थि ? सो सपावीजणं अंतरेण अत्थ ठाउं न समत्थो अत्थि। जइणविस्सभारईए अगणे एगो मुद्दणालयो अत्थि। झुणिमंजूस अतरेण सुइजंतस्स किं उवओगित्त ?

धातु प्रयोग

पुढविजीवाण पाणा को लुपइ ? सो अट्ठ तत्थ गतव्व जत्थ कोवि न आलोएइ। आयरियाणं पासे सुद्धभावेण आलोएयव्व। जेणसुत्ताणि के के साहुणो आलोडति ? अत्थ अज्ज को आविस्ससि ? भाआ भाअर आवआसइ। विवादेण तुम किं आवज्जिस्ससि ? णमोक्कारमहामंतस्स सो अणेगहुत्तो आवट्टइ। तुम कया अमुम्मि णयरे आवडिहिसि, आवत्तिहिसि वा ? सो णियखलण कह आवरइ ?

प्रत्यय प्रयोग

केण सद्धि कयावि अड न हसिअव्व, हसेअव्वं वा। तुमए विणीओ होइतव्वो, होएतव्वो वा। तस्स गिहे न गमणिज्ज। पइदिण सज्झाय करणिज्ज। तुमए मोरउला कोवि न हसावणीओ, हसावणिज्जो वा। मत्ताए अहियं न भोत्तव्व। सया सच्च वोत्तव्व। परवत्थु आण अन्तरेण न घेत्तव्व। गुत्तवत्ता सया गुज्झा।

प्राकृत में अनुवाद करो

भारत का कौन सा घडी यन्त्र प्रसिद्ध है ? टाइपराइटर का मूल्य क्या है ? टेलीफोन पर मैं तुमसे बात करूंगा। क्या थर्मामीटर सही ज्वर वताता है ? रेडियो सुनने के लिए यहा कितने लोग आए हैं ? लाउडस्पीकर से दूर वैठे लोग वक्ता का भाषण सुनते हैं। वह दूरवीक्षण से चंद्रमा को देखता है। ग्रीष्म मे विजली का पखा गर्म हवा देता है। इस प्रेस का मालिक कौन है ? साउण्डवॉक्स किसके पास है ?

धातु का प्रयोग करो

किसी के अधिकार को हरण नही करना चाहिए। वह केवल तुम्हारे दोप ही देखता है। साधु आचार्य के पास प्रतिदिन आलोचना करते हैं। हमारे घर मे माता प्रात दधि का मथन करती है। तुम्हारी इच्छा के विना तुम्हारे घर कोई भी नही आएगा। वडे साधु छोटे साधु का आलिंगन करते हैं। वह गुरु के सान्निध्य मे वैठकर शिक्षा प्राप्त करता है। तपस्विनी साध्वी कनकावली तप की कौनसी आवृत्ति करती है ? आचार्य तुम्हारे गुणो को क्यो ढाकते हैं ? तुम्हारे व्यवहार के कारण तुम्हारे साथ कोई भी नही आएगा।

प्रत्यय का प्रयोग करो

तुम्हे सदा पाच मिनट हंसना चाहिए। उसे वडो के साथ नम्र होना

चाहिए। गलत काम कभी नही करना चाहिए। तुम्हे उसके साथ जाना चाहिए। यह काम तुम्हे नही करना चाहिए। रात मे नही खाना चाहिए। उसे अपने भाग्य पर रोना नही चाहिए। तुम्हे धूम्रपान छोड देना चाहिए। उसे कुछ न कुछ नियम अवश्य ग्रहण करना चाहिए। साधक को अपनी उपलब्धि छिपानी चाहिए, किसी को कहनी नहीं चाहिए। किसी के अवगुण उसे ही कहना चाहिए दूसरो को नही।

प्रश्न

१. संस्कृत मे कृत्यप्रत्यय कितने होते हैं। प्राकृत मे उनके लिए कितने प्रत्यय है। शेष प्रत्ययो के लिए क्या नियम काम मे लिया जाता है? उदाहरण सहित समझाओ।
२. कृत्य प्रत्ययो का प्रयोग किस अर्थ मे होता है?
३ घडीयंत्र, टाइपराइटर, टेलीफोन, थर्मामीटर, रेडियो, लाउडस्पीकर, प्रेस, दूरवीक्षण और बिजली का पखा—इन शब्दो के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
४ आलुप, आलोअ, आलोम, आलोड, आय, आवजाम, आवज्ज, आवट्ट, आवड, आवत्त और आवर धातुओ के अर्थ बताओ।

शब्द संग्रह (स्फुट)

विरह—अवहायो
असमर्थ—असंथड (वि)
तिरस्कार—अवहेरी
दुर्भिक्ष—दुब्भिक्ख
मैथुन—अवहिट्ठं (दे०)
निरर्थक—अट्टमट्ट (वि) (दे०)
पुराना मंदिर—अहिहरं (दे०)
आश्चर्य—अब्भुय
चमकदार, प्रकाशित—अब्भुत्तिअ (वि)
दोष का झूठा आरोप—अलग्ग (दे०)
अनवसर—अवरिक्क (वि)

धातु संग्रह

आवास—वास करना, रहना
आवा—पीना
आविअ—पीना
आविंध—बीधना
आविहव—प्रगट होना
आवीड—पीडना
आवेस—भूताविष्ट करना
आस—बैठना
आसंघ—संभावना करना
आसाअ—स्वाद लेना, चखना

क्त प्रत्यय

क्त प्रत्यय का प्रयोग भूतकाल के अर्थ मे होता है। यह कार्य की समाप्ति बताता है। किया, गया, खाया, पीया आदि। क्त प्रत्यय सब धातुओ से होता है। सकर्मक धातु से कर्म मे और अकर्मक धातु से भाव तथा कर्ता मे होता है। भाव मे प्रत्यय होने से धातु के रूपों मे नपुंसक लिंग और एक वचन होता है। कर्म मे प्रत्यय होने से कर्म के अनुसार धातु (क्रिया) के रूप तीनो लिंगो मे होते है। कर्ता मे प्रत्यय होने से कर्ता के अनुसार धातु के रूप तीनो लिंगो मे होते हैं। क्त प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत मे त और अ प्रत्यय होता है।

नियम ७१८ (क्ते ३।१५६) क्त प्रत्यय परे होने पर पूर्ववर्ती अ को इ हो जाता है। गम्—गत. (गमिओ) गया। हस्—हसित. (हसिओ) हंसा। चल्—चलित. (चलिओ) चला। पठ्—पठित. (पढिओ) पढा।

प्रेरक (ण्यिन्नन्त) में क्त प्रत्यय—

कर—कारित (कारिओ कराविओ) करवाया हुआ।

हस्—हासित (हासिओ, हसाविओ) हसाया हुआ।

भाव में क्त प्रत्यय के रूप—

गतम् (गमिअ, गमित) गया हुआ।
हसित (हसिअं, हसित) हंसा हुआ।
कर्म में क्त प्रत्यय के रूप—
पढिआ विज्जा (पठिता विद्या)
गमिओ गामो (गत ग्राम)
भणिय नाण (भणित ज्ञान)
संस्कृत शब्दों से बने प्राकृत के क्त प्रत्यय के रूप—

गय (गतम्) गया हुआ। नग्नम् (नत्त) नगा हुआ। मतम् (मय) माना हुआ। दृष्टम् (दट्ठं, दिट्ठ) देखा हुआ। कृतम् (कड) किया हुआ। कृतम् (कयं) किया हुआ। हृतम् (हडं) हरण किया हुआ। मृष्टम् (मट्ठ) शुद्ध किया हुआ। मृतम् (मड) मरा हुआ। म्लानम् (मिलाण) कुम्हलाया हुआ। जितम् (जिअं) जीता हुआ। आख्यातम् (अक्खाय) कहा हुआ। निहितम् (निहियं) स्थापित किया हुआ। संस्कृतम् (सक्कयं) संस्कृत। आज्ञप्तम् (आणत्त) आज्ञा किया हुआ। विनष्टम् (विनट्ठ) विनष्ट। सत्कृतम् (सक्कय) सत्कृत किया हुआ। हतम् (हय) मरा हुआ। आक्रुष्टम् (आकुट्ठ) आक्रोश किया हुआ। जातम् (जाय) पैदा हुआ। प्रणष्टम् (पणट्ठं) नाश। ग्लानम् (गिलाण) ग्लान हुआ। प्रस्थापितम् (पट्ठविअ) प्रस्थापित किया हुआ। स्थित (ठिअं) स्थित। पिहितम् (पिहिअ) ढका हुआ। प्रज्ञप्तम् (पण्णत्त) कहा हुआ। प्रज्ञपितम् (पण्णविअं) प्रज्ञापित किया हुआ। विशिष्टम् (विसिट्ठं) विशेषयुक्त। स्मृतम् (सुअ) स्मरण किया हुआ। श्रुतम् (सुय) सुना हुआ। संसृष्टम् (संसट्ठ) समर्ग युक्त। घृष्टम् (घट्ठ) घिसा हुआ।

नियम ९१६ (क्तेनाप्फुण्णादयः ४।२५८) क्त प्रत्यय सहित आक्रम आदि धातुओं के स्थान में अप्फुण्ण आदि शब्द निपात हैं। आक्रान्त (अप्फुण्णो)। उत्कृष्टम् (उक्कोसं)। स्पृष्टम् (फुड)। अतिक्रान्तः (वोलीणो)। विकसित (वोसट्टो)। निपतित (निसुट्टो)। रुग्ण (लुग्गो)। नष्टः (ल्हिक्को)। प्रमृष्टः, प्रमुषितोवा (पम्हुट्ठो)। अर्जितम् (विढत्त)। स्पृष्टम् (छित्तं)। स्थापितम् (निमिअ)। आस्वादितम् (चक्खिअ)। लूनम् (लुअ)। त्यक्तम् (जढं)। क्षिप्तम् (झोसिअ)। उद्वृत्तम् (निच्छूढ)। पर्यस्तम् (पल्हत्थं, पल्लोट्ट)। हेषितम् (हीसमण)।

प्रयोग वाक्य

सो तुज्झ विरहं सहिउ असमत्थो अत्थि। केसिं वि अवहेरी न कायव्वा। दुब्भिक्खम्मि अन्न दुलह (दुर्लभ) भवइ। साहुणो अवहिट्ठं न इच्छइ। अट्टमट्टाए वत्ताए समयो न पूरिअव्वो। गामम्मि अहिहर केण णिम्मियं अत्थि? संसारे केत्तिलाइं अब्भुयाइं सन्ति? अब्भुत्तिअ वत्थं मज्झ न रोएइ। तस्स अवरिं किं अलग्ग अत्थि? महापुरिसेण सह अवरिक्कणिवेसणं न कायव्वं।

धातुःप्रयोग

अहं रायहाणीए आवासामि। घरसामी रत्तीए दुद्ध आवाइ। भसलो पुप्फाण रस आविअइ। रामस्स सराइ लक्ख आविंधइ। साहूणाए णिम्मल-भावेण किं नाणं आविहवइ? खेत्तसामी खेत्ते उक्खु आवीढइ। तस्स भज्जाए मूओ (मूत) आवेसइ। गिम्हकाले रुक्खछायाए अह आसामि। अहं आसधामि तुम साहुत्त अगीकरिस्ससि। सो पत्तेय वत्थु आसाएइ।

प्रत्यय प्रयोग

को मुणी विएसे गओ? लोएसेण आयारसुत्त पढिअ। सावगेण साहुट्ठाण गय। मए जोइसविज्जा पढिआ। रिसभेण दसवेयालिय सुत्त भणियं। तुमए तस्स माला कह हुडा? केण पुण्णरूवेण मणो जिओ। महिंदेण न कोवि आकुट्ठो। तुमए कत्थ जाअ? भगवया महावीरेण किं अक्खायं अत्थि अमुम्मि विसये। विमलो मट्ठ जल न पिवइ। कि एअ नीर तत्तं? अत्थ मग्गे केण दुद्धपत्त निहिय? किं तुमए चदलोअ दिट्ठ? सीहेण मिग्गो अप्फुण्णो। तस्स णाण फुड अत्थि। अज्ज भोयणस्स सव्व वत्थु केण जढ। तेण मट्ठ 'जीवणं न चक्खिअ।

प्राकृत में अनुवाद करो

विरह को सहन करने वाला साधक होता है। वह आगम के शोध का कार्य करने मे असमर्थ है। उसने तुम्हारा तिरस्कार क्व किया था? दुर्भिक्ष मे मनुष्य धैर्य (धिज्ज) खो देते हैं। उसे मैथुन से विरति हो गई है। वह निरर्थक कार्यो मे धन देता है। वह पुराने मदिर को नया बनाता है। तुम्हारा यहा आना मुझे आश्चर्य लगता है। सूर्य के प्रकाश से प्रत्येक वस्तु प्रकाशित हो जाती है। उसने तुम्हारे पर आरोप क्यो लगाया? जो अनवसर मे बात करता है, वह सफल नही होता।

धातु का प्रयोग करो

पक्षी रात मे वृक्षो पर वास करते हैं। प्यासे पशु तालाब मे पानी पीते हैं। पपीहा वर्षा की बूदो को पीता है। जगल मे शिकारी (लुद्धो) ने हरिण को बीधा। किस साधु को अवधिज्ञान प्रगट हुआ है? तेली पत्नी को पीडता है। सुशीला के ही शरीर मे भूताविष्ट क्यो हुआ? कुत्ता रात को गली मे बैठता है। मैं सभावना करता हू तुम इस वर्ष एकान्त साधना करोगे। वह मदिरा को क्यो चखता है?

प्रत्यय प्रयोग

साधुत्व को छोडकर वह घर मे क्यो गया? उसने तुम्हारा काव्य ध्यान से पढा है। यह कार्य तुमने स्वय नही किया है, अपितु तुमसे कराया

गया है। क्या वह सांप मर गया? वह खेल में जीत गया। तुमने उस पर क्यों आक्रोश किया? तुम कब पैदा हुए थे? इस वर्ष जेठ मास में सूर्य बहुत अधिक तपा। यह बगीचा क्यों मुरझाया? तुमने उस साधु को कब देखा? यह भोजन साधु को नहीं कल्पता है, क्योंकि इसके लिए स्थापित है। स्वाध्याय के लिए भगवान ने आज्ञा दी है। यह मकान नष्ट क्यों हुआ? विहार करना सिद्धांत के द्वारा माना हुआ है।

प्रश्न

१. क्त प्रत्यय का प्रयोग किस काल के अर्थ में होता है?

२. कर्ता, कर्म और भाव में प्रत्यय होने से कौनसा लिंग और वचन होता है?

३. प्राकृत में क्त प्रत्यय के स्थान पर कौनसा प्रत्यय होता है?

४. विरह, असमर्थ, तिरस्कार, दुर्भिक्ष, मैथुन, निरर्थक, पुराना मंदिर, आश्चर्य, आरोप, चमत्कार (प्रकाशित) और अनवरत के लिए प्राकृत शब्द बताओ।

५. आयाम, आया, आचिञ्ज, आविध, आविहय, आवीड, आवेस, आस, आसघ और आसय धातुओं के अर्थ बताओ और वाक्यों में प्रयोग करो।

६. फग्गुणो, कत्तिओ, मग्गसिरो, गग्गी, बुहो, अंगारओ, वत्ताजंत, तावमावअ शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो तथा हिन्दी में अर्थ बताओ।

६६ शतृ और शान प्रत्यय

शब्द संग्रह (यान वर्ग)

वायुयान—वाउजाण (स)
मोटर—तेलजाण (स)
बस —परिवहणं (स)
साइकल—पायजाण (स)
रथ—रहो
भैसागाडी—महिसजाण
ऊंटगाडी—उट्टजाण
नौका—णावा

रेलगाडी—वप्फग (स)
मुसाफिरगाडी—पारिजाणिओ (स)
ट्रक—भारवाहजाणं (सं)
अगनबोट—अग्गिबोओ (स)
बैलगाडी—बलीवद्दजाणं
घोडागाडी—आसजाणं
गधागाडी—गद्दभजाण
जलजहाज—जलजाण

० ० ० ०

लाइसेंस—आणावण (स)
पेट्रोल—भूतेलसारो (स)

टिकट— वहणदल (स)
रेल की लाइन—लोहसरणि (पुं)

धातु संग्रह

आहा—कहना
आहर—छीनना, खींच लेना
आहार—खाना
आहिंड—घूमना
आसास—आश्वासन देना,
सान्त्वना देना

आसास—आशा करना
आहर—लाना
आहल्ल—हिलना
आहव—बुलाना
आहम्म—आना

शतृ-शान प्रत्यय

हिन्दी भाषा मे जाता हुआ, खाता हुआ, पीता हुआ आदि अर्थों मे शतृ और शान प्रत्यय आते है। ये दोनो वर्तमान कृदन्त के प्रत्यय हैं। ये प्रत्येक धातु से वर्तमान अर्थ मे होते हैं। जहा ये भविष्यत् अर्थ मे होते हैं वहा 'स्स' प्रत्यय और जुड जाता हैं। इनके रूप तीनो लिंगो मे व्यवहृत होते है। सस्कृत भाषा मे शतृ प्रत्यय परस्मैपदी धातुओ से और शान प्रत्यय आत्मनेपदी धातुओ से होता है। प्राकृत भाषा मे यह भेद नही है। शतृ प्रत्यय को जो आदेश होता है वही शान प्रत्यय को आदेश होता है, इसलिए दोनो प्रत्ययो के रूपो मे भेद नही होता। हेमचंद्राचार्य ने जिसे आनश् प्रत्यय की संज्ञा दी है, भिक्षुशब्दानुशासन मे उसकी शान प्रत्यय सज्ञा है।

नियम ७२० (शत्रानशः ३।१८१) शतृ प्रत्यय को न्त और माण आदेश होता है। शान प्रत्यय को भी न्त और माण आदेश होता है। हस्—हसन् (हसंतो, हसमाणो) हसता हुआ। हो—भवन् (होअंतो, होमाणो) होता हुआ। दा- ददन्, ददान. (दिंत, देंत, ददत, देयमाण) देता हुआ।

नियम ७२१ (ई च स्त्रियाम् ३।१८२) स्त्रीलिंग में शतृ और शान दोनों प्रत्ययों को ई, न्त और माण—ये तीन आदेश होते हैं। न्त और माण के आगे आप (आ) या ङीप् (ई) और जुड जाता है। हसन्ती (हसई, हसन्ती, हसंता, हसमाणी, हसमाणा) हंसती हुई।

(वर्तमाना-पंचमी शतृषु वा ३।१५८) नियम ४६७ से वर्तमान काल, पंचमी विभक्ति और शतृ प्रत्यय परे हो तो अ को ए विकल्प से होता है।

(१) अंत आदेश के रूप—

हस्—(पुंलिग)- हसंतो, हसिंतो, हसेंतो (हसन्) हसता हुआ।
(स्त्रीलिंग)—हसंती, हसिंती, हसेंती (हसन्ती) हंसती हुई।
हसंता, हसिंता, हसेंता (हसन्ती) हंसती हुई।
(नपुंसकलिंग)—हसंत, हसिंत, हसेंत (हसत्) हंसता हुआ।
हो—(पुंलिंग)—होअंतो, होइंतो, होएंतो, होंतो, हुंतो (भवन्) होता हुआ।
(स्त्रीलिंग)—होअंती, होइंती, होएंती, होंती, हुंती (भवन्ती) होती हुई।
होअंता, होइंता, होएंता, होंता, हुंता ,, ,, ,,
(नपुंसकलिंग)—होअंत, होइंत, होएंत, होंत, हुंत (भवत्) होता हुआ।

माण आदेश के रूप -

हस्— (पुंलिग)—हसमाणो, हसेमाणो (हसन्) हसता हुआ।
(स्त्रीलिंग)—हसमाणी, हसेमाणी, हसमाणा, हसेमाणा (हसन्ती) हंसती हुई।
(नपुंसकलिंग)— हसमाण, हसेमाण (हसत्) हंसता हुआ।
हो—(पुंलिंग)—होअमाणो, होएमाणो, होमाणो (भवन्) होता हुआ।
(स्त्रीलिंग)—होअमाणी, होएमाणी, होमाणी, होअमाणा, होएमाणा, होमाणा (भवन्ती) होती हुई।
(नपुंसकलिंग)—होअमाण, होएमाण, होमाण (भवत्) होता हुआ।

ई आदेश के रूप—

हस्—(स्त्रीलिंग)—हसई, हसेई (हसन्ती) हंसती हुई।
हो—(,,)—होअई, होएई, होई (भवन्ती) होती हुई।

णिजंत (ण्यन्त) में शतृ शान रूप—

हासंतो, हासेंतो। हसावंतो, हसावेंतो। हासमाणो, हासेमाणो, हसाव-

माणो, हसावेमाणो (हसयन्) हसाता हुआ।

(२) भाव में शतृ-शान के रूप—

हस्—हस्+इज्ज+न्त हसिज्जत
हस्+इज्ज+माण हसिज्जमाण
हस्+ईअ+न्त हसीअत
हस्+ईअ+माण = हसीअमाणं
} (हास्यमानं) हंसा जाता हुआ, हंसने मे आने वाला

ख—भविष्यत् शतृ-शान के रूप—

भविष्यत् काल मे शतृ शान प्रत्ययो के स्थान पर धातु से स्सन्त, स्समाण, स्सई प्रत्यय होते हैं। हसिस्सतो, हसिस्समाणो, हसिस्सई (हसिष्यन्ती)।

(३) कर्मवाच्य में शतृ-शान के रूप—

पुंलिग—भणीअंतो, भणिज्जतो गथो (भण्यमानो ग्रन्थ.) पढा जाता हुआ ग्रथ।

भणीअमाणो, भणिज्जमाणो सिलोगो (भण्यमान श्लोक.) पढा जाता हुआ श्लोक।

स्त्रीलिंग—भणीज्जती, भणीअती गाहा (भण्यमाना गाथा) पढी जाती हुई गाथा।

भणिज्जमाणी, भणीअमाणी भणिज्जई, भणीअई पती (भण्यमाना पडि्क्त.) पढी जाती हुई पक्ति।

नपुंसकलिंग—भणीअतं, भणीअमाण, भणिज्जत, भणिज्जमाण पगरण (भण्यमान प्रकरण) पढा जाता हुआ प्रकरण।

ख—कर्मवाच्य में प्रेरणार्थक शतृ शान रूप—

भणाविज्जतो, भणाविज्जमाणो, भणावीअतो, भणावीअमाणो मुणी (भण्यमानो मुनि.) पढाया जाता हुआ मुनि। भणाविज्जती, भणाविज्जमाणा, भणावीअती, भणावीअमाणा, भणाविज्जई, भणावीअई साहुणी (भण्यमाना साध्वी) पढाई जाती हुई साध्वी।

प्रयोग वाक्य

सो वाउजाणेण विएस गमिस्सइ। मज्झ गामे वप्फजाण न आजाइ। सतिपसायस्स सेट्ठिणो पासे केत्तिलाइं तेलजाणाइ सति? अज्जत्ता पायजाणं घरे घरे अत्थि। भारवाहजाणेण दूरट्ठाणत्तो अणेगाणि वत्थूणि आजाअति, जाअति य। पुव्वकाले रहस्स पओगो हुत्था। तुम्हे बलीवद्दजाणम्मि अहियं भार न देह। गामे जणा महिसजाणेण खेत्तस्स अन्न घरे आणेंति। अह आसजाणम्मि न आसामि। आसजाण पिव गद्दभजाण वि णयरे चलइ। मरुभूमीए उट्टजाणं मरुगो वाउजाण कहिज्जइ। मए अग्गिपोगण गगाजत्ता कया। णावाहि जलजत्ता केण न कय? अम्हेहिं बबईमहानयरे विमान-

जलजाणं दिट्ठं ।

धातु प्रयोग

सो तं आसामइ तुज्झ जीवणभागे हं वहिहिमि । पत्तेयजीवो पोग्गलाइं आहरइ । अहं पइदिण अन्न आहारेमि । तुमं किमट्ठं वणे आहिंडसि ? सा तलायत्तो नीरं आहरइ । मज्झ दंतपंतो (अंतिमदांत) कहं आहिल्लइ । आयरिओ साहुणो आहवेइ । कि साहुणो अज्ज अम्हाण गामे आगमिस्संति ?

प्रत्यय प्रयोग

सो हसंतो कहं जपइ ? विमला हसंई कहं आगच्छइ ? सो धणं देयमाणो णयरत्तो बाहिं गओ । लोएसो हसावमाणो किं जंपइ ? हसिज्जमाणस्स धणजयस्स णयणाहिंतो असूइं (आसू) पडंति । तेण भणिज्जमाणो गंथो गभीरो अत्थि । तुमए भणाविज्जई साहुणी सघपमुहा होहिइ ।

प्राकृत में अनुवाद करो

वायुयान तेज गति से चलता है । रेलगाडी यहा नही ठहरेगी । मोटर सडक पर चलती है । साइकल की यात्रा सस्ती होती है । ट्रक के द्वारा कल कश्मीर से सेवें आएगी । रथ मे बैठने वाला कोई नही है । बैलगाडी मे लोग क्यो बैठते हैं ? किस जाति के लोगो के पास भैसागाडी अधिक हैं ? क्या तुम घोडा गाडी पर चढना चाहते हो ? गधागाडी भार अधिक ढोती है । गाव के लोग ऊंटगाडी पर चढ कर यात्रा करते हैं । अगनबोट की यात्रा सुख से होती है । नौकायात्रा मे तूफान का भय रहता है । विशाल जहाज मे आवश्यक सामग्री उपलब्ध होती है ।

धातु का प्रयोग करो

रमेश ने उसको सान्त्वना दी । तुमने सत्य कभी नही कहा । माता ने बच्चे के हाथ से छुरी छीन ली । मनुष्य क्या नहीं खाता है ? तुम गली मे इधर-उधर क्यो घूमते हो ? माता आशा करती है कि मेरा पुत्र मेरी सेवा करेगा । तुम शहर मे क्या लाए हो ? तुम्हारा दात क्यो हिलता है ? तुम उसको यहा बुलाओ । उसका इस गाव मे आना सफल हुआ ।

प्रत्यय का प्रयोग करो

हसता हुआ जो आदमी बोलता है उसे कहो वह न हसे । उसने रोटी देती हुई बहन को देखा । हंसा जाता हुआ मनुष्य क्यो रोने लगा । हंसाता हुआ रमेश स्वय नही हंसता है । पढी जाती हुई गाथा को शुद्ध करो । पढाया जाता हुआ मुनि क्या कहना चाहता है ?

प्रश्न

१. आनश् और शान प्रत्यय एक है या दो ? शान संज्ञा कौन मानता है ?
२. शतृ और शान प्रत्यय किस अर्थ में आता है ?
३. शतृ और शान प्रत्यय के रूप किस लिंग में व्यवहृत होते हैं ।
४ शतृ और शान प्रत्ययों को प्राकृत मे क्या आदेश होता है ?
५. शतृ और शान प्रत्यय वर्तमानकाल मे होता है या भविष्यकाल में भी। दोनो के रूपो मे क्या अंतर है ?
६. वायुयान, रेलगाडी, मोटर, साइकल, ट्रक, रथ, बैलगाडी, भैंसागाडी, घोडागाडी, गधागाडी और ऊंटगाडी के लिए प्राकृत शब्द बताओ ।
७ आसास, आहा, आहर, आहार, आहिंड, आसास, आहर, आहल्ल, आहव और आहम्म धातुओ के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो ।

गुहा—गुफा
उड्ड(वि)—उड़ना
पोओ—पोत
अणुदिअह—प्रतिदिन
वणानलो—दावानल
उम्हि(पु)—उष्मा
गहिरं—गहरा
दोहि(वि)—दोनों
[illegible]—([illegible]) [illegible]
दुमो—वृक्ष
चन्दो—चंद्र

नियम ७२२ (इदितो वा ४।१) सूत्र में [illegible] आने वाली धातुओं के आदेश विकल्प से होते हैं।

नियम ७२३ (कथेर्वज्जर-पज्जरोप्पाल-पिसुण-संघ-बोल्ल-चव-जम्प-सीस-साहाः ४।२) कथि धातु को वज्जर, पज्जर, उप्पाल, पिसुण, संघ, बोल्ल, चव, जम्प, सीस और साह—ये आदेश होते हैं। कथयति (वज्जरइ, पज्जरइ, उप्पालइ, पिसुणइ, संघइ, बोल्लइ, चवइ, जम्पइ, सीसइ, साहइ) कहता है। कथित (वज्जरिओ) कथनम् (वज्जरणं) कथयित्वा (वज्जरिऊण) कथयन् (वज्जरन्तो) कथयितव्यं (वज्जरिअव्वं)। इसी प्रकार अन्य धातुओं के आदेश के रूप बना सकते हैं।

नियम ७२४ (दुःखे णिव्वरः ४।३) दुःखविषयक कथ् धातु को णिव्वर आदेश विकल्प से होता है। दुःखं कथयति (णिव्वरइ) दुःख कहता है।

नियम ७२५ (जुगुप्सेर्झुण-दुगुच्छ-दुगुञ्छाः ४।४) जुगुप्सि धातु को झुण, दुगुच्छ और दुगुञ्छ—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। जुगुप्सति (झुणइ, दुगुच्छइ, दुगुञ्छइ जुगुच्छइ) घृणा करता है।

नियम ७२६ (बुभुक्षि वीज्योर्णीरव-वोज्जौ ४।५) बुभुक्षि धातु को णीरव और वीजि धातु को वोज्ज आदेश विकल्प से होता है। बुभुक्षति (णीरवइ) खाना चाहता है। वीजयति (वोज्जइ) हवा करता है।

नियम ७२७ (ध्या-गोर्झा-गौ ४।६) ध्या धातु को झा और गा धातु को गा आदेश विकल्प से होता है। ध्यायति (झाइ, झाअइ)। णिज्झाइ, णिज्झाअइ (निध्यायति) देखता है। गाइ, गाअइ (गायति) गाता है।

नियम ७२८ (ज्ञो जाण-मुणौ ४।७) जानाति को जाण और मुण आदेश होता है। जानाति (जाणइ, मुणइ) जानता है। बहुलाधिकारात् कहीं

विकल्प से होता है। जाणिअं, णाय (ज्ञातम्) जाणिऊण, णाऊण (ज्ञात्वा) जाणण, णाण (ज्ञान)। मणड रूप तो मन्यति का बनता है।

नियम ७२९ (उदो ध्मो धुमा ४।८) उद् पूर्वक ध्मा धातु हो तो ध्मा को धुमा आदेश होता है। उद्ध्माति (उद्धुमाइ) जोर से धमनी चलाता है।

नियम ७३० (श्रदो धो दहः ४।९) श्रद् से परे धा (दधाति) धातु को दह आदेश होता है। श्रद्दधाति (सद्दहइ) श्रद्धा करता है।

नियम ७३१ (पिबे. पिज्ज-डल्ल-पट्ट-घोट्टाः ४।१०) पिबति को पिज्ज, डल्ल, पट्ट और घोट्ट—ये चार आदेश विकल्प से होते है। पिबति (पिज्जइ, डल्लइ, पट्टइ, घोट्टइ, पिअइ) पीता है।

नियम ७३२ (उद्वातेरोरुम्मा वसुआ ४।११) उत्पूर्वक वाति को ओरुम्मा और वसुआ आदेश विकल्प से होता है। उद्वाति (ओरुम्माइ, वसुआइ, उव्वाइ) सूखाता है।

नियम ७३३ (निद्रातेरोहीरोङ्घौ ४।१२) निपूर्वक द्राति को ओहीर और उङ्घ आदेश विकल्प से होता है। निद्राति (ओहीरइ, उङ्घइ, निद्दाइ) नीद लेता है।

नियम ७३४ (आघ्रेराइग्घः ४।१३) आजिघ्रति को आइग्घ आदेश विकल्प से होता है। आजिघ्रति (आइग्घइ) सूंघता है।

नियम ७३५ (स्नातेरब्भुत्तः ४।१४) स्नाति को अब्भुत्त आदेश विकल्प से होता है। स्नाति (अब्भुत्तइ, ण्हाइ) स्नान करता है।

नियम ७३६ (समः स्त्यः खाः ४।१५) स पूर्वक स्त्यायति को खा आदेश होता है। सस्त्यायति (संखाइ) सान्द्र होता है, जमता है।

नियम ७३७ (स्थष्ठा-थक्क-चिट्ठ-निरप्पाः ४।१६) स्था धातु को ठा, थक्क, चिट्ठ और निरप्प आदेश होता है। तिष्ठति (ठाइ, ठाअइ थक्कइ, चिट्ठइ, निरप्पइ) ठहरता है। स्थान (ठाण) प्रस्थित (पट्ठिओ) प्रस्थापित. (पट्ठाविओ) बहुलाधिकारात् कहीं पर नहीं भी होता है—थिअ, थाणं, पत्थिओ, उत्थिओ।

नियम ७३८ (उदष्ठ-कुक्कुरौ ४।१७) उत् से परे तिष्ठति को ठ और कुक्कुर आदेश होता है। उत्तिष्ठति (उट्ठइ, उकुक्कुरइ) उठता है।

नियम ७३९ (म्लेर्वा-पव्वायौ ४।१८) म्लायति को वा और पव्वाय आदेश विकल्प से होता है। म्लायति (वाइ, पव्वायइ मिलाइ) म्लान होता है, निस्तेज होता है।

नियम ७४० (निर्मो निम्माण-निम्मवौ ४।१९) निर्मिमीति को निम्माण और निम्मव आदेश होता है। निर्मिमीति (निम्माणइ, निम्मवइ) बनाता है, रचना करता है।

वह अपना नया घर बनाता है। उसका पुण्य क्षीण होता है।

प्राकृत में अनुवाद करो

एक बार एक राजा अपना कारावास देखने गया। उसने वहां के सभी कैदियो को देखना चाहा। कारावास का अधिकारी सभी कैदियो को एक-एक करके राजा के सामने लाया। राजा ने सभी से अपने दोष को कहने के लिए कहा, जिसके कारण उन्हे कारावास का दड मिला था। सभी ने कहा हम निर्दोष थे। राजा ने पुन. उन लोगो को कारावास मे भेज दिया। अत मे एक योग्य मनुष्य आया और राजा के सामने खडा हो गया। राजा ने वही प्रश्न उससे भी किया। उसने उत्तर दिया—मैंने अपने गाव मे एक धनी की कीमती अंगूठी चुराई थी। इसलिए मैं इस दण्ड के योग्य हूं। राजा उसकी दोष-स्वीकृति पर प्रसन्न हो गया और मुक्ति के लिए आज्ञा देते हुए कहा—इसने चोरी की है इसलिए यह दण्डित हुआ। अब यह सत्य बोलता है इसलिए यह पुरस्कार के योग्य है।

प्रश्न

१ गुहा, दोहि, उअहि, थोअ, खयाणल, गहिर, कज्जलाव, पवअ, अमुणिअ और उइअ शब्दो के अर्थ बताओ।

२ नीचे लिखी धातुए किन-किन धातुओ के आदेश है ? झा, मुण, जाण, वसुआ, आइग्घ, पिज्ज, णिव्वर, णीरव, पव्वाय, णिज्झर, अब्भुत्त, चिट्ठ, थक्क, उड्घ, ओहीर, वोल्ल, जप, साह।

१०१ धात्वादेश (२)

शब्द संग्रह

विशाल—विसाल (वि)
दया—दया
वर्षा—वरिसा
घास—तणं
आवाज—झुणि (पु)
तट—तडो
आगम—मुहं
अल्प—अप्पं (वि)
जोर—वेगो, वेओ

धातुओं को आदेश—

नियम ७४२ (क्रिय. किणो वेस्तु क्के च ४।५२) क्रीणाति को किण आदेश होता है। वि से परे हो तो विक्कण हो जाता है। क्रीणाति (किणइ) खरीदता है। विक्रीणाति (विक्किणइ) बेचता है।

नियम ७४३ (भियो भा-बीहौ ४।५३) बिभेति को भा और बीह आदेश होता है। बिभेति (भाइ, बीहइ) डरता है। भीत (भाइअ, बीहिअं) डरा हुआ। बहुलाधिकारात् भीओ।

नियम ७४४ (आलीङोल्ली ४।५४) आलीयति को अल्ली आदेश होता है। आलीयति (अल्लीअइ) लीन होता है। आलीनो (अल्लीणो)।

नियम ७४५ (निलीङ णिलीअ-णिलुक्क-णिरिग्घ-लुक्क-लिक्क-ल्हिक्काः ४।५५) निलीङ् को छ आदेश विकल्प से होते हैं। निलीयते (णिलीअइ, णिलुक्कइ, णिरिग्घइ, लुक्कइ, लिक्कइ, ल्हिक्कइ, निलिज्जइ) छिपता है।

नियम ७४६ (विलीङ विरा ४।५६) विलीङ् को विरा आदेश विकल्प से होता है। विलीयते (विराइ, विलिज्जइ) पिघलता है, नष्ट होता है।

नियम ७४७ (रुते रुञ्ज-रुण्टौ ४।५७) रौति को रुञ्ज और रुण्ट— ये दो आदेश विकल्प से होते हैं। रौति (रुञ्जइ, रुण्टइ, रवइ) आवाज करता है।

नियम ७४८ (श्रुटेर्हणः ४।५८) शृणोति को हण आदेश विकल्प से होता है। शृणोति (हणइ, सुणइ) सुनता है।

नियम ७४९ (धुगेर्धुवः ४।५९) धुनाति को धुव आदेश विकल्प से होता है। धुनाति (धुवइ, धुणइ) हिलाता है, कंपाता है।

नियम ७५० (भुवे र्हो-हुव-हवाः ४।६०) भू धातु को हो, हुव और हव—ये आदेश विकल्प से होते हैं। भवति (होइ, हुवइ, हवइ, भवइ) होता है।

नियम ७५१ (अविति हुः ४।६१) वित् प्रत्यय (भिक्षुशब्दानुशासन मे पित् प्रत्यय) छोडकर भू धातु को हु आदेश विकल्प से होता है। भवंति (हुंति)। पित् प्रत्यय होने से हु आदेश नही हुआ। भवति (होइ)।

नियम ७५२ (पृथक्-स्पष्टे णिव्वड: ४।६२) पृथक्भूत और स्पष्ट अर्थ में भू धातु को णिव्वड आदेश होता है। पृथक् भवति (णिव्वडइ) पृथक् होता है। स्पष्टो भवति (णिव्वडइ) स्पष्ट होता है।

नियम ७५३ (प्रभौ हुप्पो वा ४।६३) प्रभु कर्तृक (प्र पूर्वक भू धातु) को पहुप्प आदेश होता है। प्रभवति (पहुप्पइ, पभवेड) समर्थ होता है, पहुचता है।

नियम ७५४ (क्ते हूः ४।६४) भू धातु को हू आदेश होता है क्त प्रत्यय परे हो तो। भूतं (हूअं) हुआ। अनुभूतं (अणुहूअं)। प्रभूतं (पहूअं)।

नियम ७५५ (कृगे कुणः ४।६५) कृ धातु को कुण आदेश विकल्प से होता है। करोति (कुणइ, करइ) करता है।

नियम ७५६ (काणेक्षिते णिआरः ४।६६) काना देखना विषय में कृ धातु को णिआर आदेश विकल्प से होता है। काणेक्षित करोति (णिआरइ) कानी नजर से देखता है।

नियम ७५७ (निष्टम्भावष्टम्भे णिट्ठुह-संदाणं ४।६७) निष्टम्भ अर्थ मे और अवष्टम्भ अर्थ मे कृ धातु को क्रमशः णिट्ठुह और संदाण आदेश विकल्प से होता है। निष्टम्भ करोति (णिट्ठुहइ) स्तब्ध करता है। अवष्टम्भं करोति (संदाणइ) सहारा लेता है, अवलम्बन लेता है।

नियम ७५८ (श्रमे वावम्फः ४।६८) श्रम विषय मे कृ धातु को वावम्फ आदेश विकल्प से होता है। श्रमं करोति (वावम्फइ) श्रम करता है।

नियम ७५९ (मन्युनौष्ठमालिन्ये णिव्वोलः ४।६९) क्रोध से ओष्ठ को मलिन करने के अर्थ मे कृ धातु को णिव्वोल आदेश विकल्प से होता है। मन्युना ओष्ठं मलिनं करोति (णिव्वोलइ) क्रोध से होठ मलिन करता है।

नियम (७६० शैथिल्य-लम्बने पयल्लः ४।७०) शैथिल्य और लम्बन विषय मे कृ धातु को पयल्ल आदेश विकल्प से होता है। शिथली भवति (पयल्लइ) शिथिल करता है। ढीला करता है।

नियम ७६१ (निष्पाताच्छोटे णीलुञ्छः ४।७१) निष्पतन और आच्छोटन विषय में कृ धातु को णीलुञ्छ आदेश विकल्प से होता है। निष्पतति (णीलुञ्छइ) निष्पतन करता है। आच्छोटयति (णीलुञ्छइ)

धातुओं का प्रयोग करो

वह घास खरीदता है। तुम घी बेचते हो। वह किसी से नही डरता है। विद्यार्थी अध्यापक से क्यो छिपता है ? अग्नि से नवनीत पिघलता है। पक्षी आवाज करते हैं। मेरी बात कौन सुनता है ? तुम तालाब के पानी को क्यो कंपाते हो ? जो होना होता है वही होता है। फूल वृक्ष से पृथक् होता है। साधु सघ से पृथक् क्यो होता है ? वह तुम्हारे सामने स्पष्ट होता है। तुम वर्षा मे घर पहुचते हो। क्या तुम उसका हित करते हो ? गांव की स्त्रिया नव वधू के वर को कानी नजर से देखती हैं। तुम्हारी गति को किसने स्तब्ध किया ? वह वृक्ष की डाली का आलम्बन लेता है। मैं प्रतिदिन शरीर का श्रम करता हूं। उसकी इच्छा के प्रतिकूल होने से उसने क्रोध से होठ को मलिन किया। वह अपने अधोवस्त्र को ढीला करता है। वृक्ष पर क्या लटकता है ? तुम व्यर्थ मे पानी का निष्पतन करते हो। वह आच्छोटन क्यो करता है ?

प्रश्न

१. घोसला, विशाल, दया, बर्फ, घास, तट, आराम, अल्प, जोर और आवाज—इन शब्दो के लिए प्राकृत शब्द बताओ।
२. किण, भा, वीह, अल्ली, णिलुक्क, विलिज्ज, लुक्क, हुण, णिव्वड, णिआर, सदाण, णिल्वोल, पयल्ल आदेश किन धातुओ को किस अर्थ मे आदेश होता है ?

शब्द संग्रह

महल—पासाओ	गाड़ी—सगड
दाता—दाणी	वृत्ति—वित्ति (स्त्री)
कारागार—बन्दागार	सवारी—पवहणं
कुटिल—कुडिल्ल (वि)	नानवाई—कंदुआरओ
मूर्ख—मुक्ख (वि)	रसोई बनाने वाली—महाणसिणी
संसार—संसारो	

नियम ७६२ (क्षुरे कम्मः ४।७२) क्षुर विषय में कृ धातु को कम्म आदेश विकल्प से होता है। क्षुरं करोति (कम्मइ) हजामत करता है।

नियम ७६३ (चाटौ गुललः ४।७३) चाटु विषय में कृ धातु को गुलल आदेश विकल्प से होता है। चाटु करोति (गुललइ) खुशामद करता है।

नियम ७६४ (स्मरेर्झर-झूर-भर-भल-लढ-विम्हर-सुमर-पयर-पम्हुहाः ४।७४) स्मर धातु को झर, झूर, भर, भल, लढ, विम्हर, सुमर, पयर और पम्हुह—ये नव आदेश विकल्प से होते हैं। स्मरति (झरइ, झूरइ, भरइ, भलइ, लढइ, विम्हरइ, सुमरइ, पयरइ, पम्हुहइ) स्मरण करता है, याद करता है।

नियम ७६५ (विस्मुः पम्हुस-विम्हर-वीसराः ४।७५) विस्मरति को पम्हुस, विम्हर और वीसर आदेश होते हैं। विस्मरति (पम्हुसइ, विम्हरइ, वीसरइ) भूलता है।

नियम ७६६ (व्याहृगेः कोक्क-पोक्कौ ४।७६) व्याहरति को कोक्क और पोक्क आदेश विकल्प से होता है। व्याहरति (कोक्कइ, कुक्कइ। पोक्कइ, वाहरइ) बुलाता है।

नियम ७६७ (प्रसरेः पयल्लोवेल्लौ ४।७७) प्रसरति को पयल्ल और उवेल्ल आदेश विकल्प से होता है। प्रसरति (पयल्लइ, उवेल्लइ, पसरइ) फैलता है।

नियम ७६८ (महमहो गन्धे ४।७८) गंध का फैलना अर्थ में महमह आदेश होता है। गंधो प्रसरति (महमहइ) गंध फैलती है।

नियम ७६९ (निस्सरेर्णीहर-नील-धाड-वरहाडाः ४।७९) निस्सरति

को णीहर, नील, धाड और वरहाड—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। निस्सरति (णीहरड, नीलइ, धाडइ, वरहाडइ, नीसरइ) बाहर निकलता है।

नियम ७७० (जाग्रेर्जग्गः ४।८०) जागर्ति को जग्ग आदेश विकल्प से होता है। जागर्ति (जग्गइ, जागरइ) जागता है।

नियम ७७१ (व्याप्रेराअड्डः ४।८१) व्यापिपर्त्ति को आअड्ड आदेश विकल्प से होता है। व्यापिपर्त्ति (आअड्डेइ, वावरेइ) काम में लगता है, व्यापृत होता है।

नियम ७७२ (संवृगेः साहर-साहट्टौ ४।८२) संवृणोति को साहर और साहट्ट आदेश विकल्प से होता है। संवृणोति (साहरइ, साहट्टइ, संवरइ) समेटता है, सवरण करता है।

नियम ७७३ (आदृङः सन्नामः ४।८३) आद्रियते को सन्नाम आदेश विकल्प से होता है। आद्रियते (सन्नामइ) आदर करता है।

नियम ७७४ (प्रहृगेः सारः ४।८४) प्रहरति को सार आदेश विकल्प से होता है। प्रहरति (सारइ) प्रहार करता है।

नियम ७७५ (अवतरेरोह-ओरसौ ४।८५) अवतरति को ओह और ओरस आदेश विकल्प से होता है। अवतरति (ओहइ, ओरसइ) नीचे उतरता है।

नियम ७७६ (शकेश्चय-तर-तीर-पाराः ४।८६) शक् धातु को चय, तर, तीर और पार ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। शक्नोति (चयइ, तरइ, तीरइ, पारइ, सक्कइ) सकता है। त्यजति को चयइ, तरति को तरइ, तीरयति को तीरइ, पारयति को पारेइ आदेश भी होते हैं।

नियम ७७७ (फक्कस्थक्कः ४।८७) फक्कति को थक्क आदेश होता है। फक्कति (थक्कइ) नीचे आता है।

नियम ७७८ (श्लाघः सलहः ४।८८) श्लाघते को सलह आदेश होता है। श्लाघते (सलहइ) प्रशंसा करता है।

नियम ७७९ (खचेर्वेअडः ४।८९) खच् धातु को वेअड विकल्प से आदेश होता है। खचते (वेअडइ, खचइ) पावन करता है।

नियम ७८० (पचेः सोल्ल-पउल्लौ ४।९०) पचति को सोल्ल और पउल आदेश विकल्प से होता हैं। पचति (सोल्लइ, पउलइ, पचइ) पकाता है।

नियम ७८१ (मुचेश्छड्डावहेड-मेलोस्सिक्क-रेअव-णिल्लुञ्छधंसाडाः ४।९१) मुञ्चति को छड्ड, अवहेड, मेल्ल, उस्सिक्क, रेअव, णिल्लुञ्छ, धंसाड —ये सात आदेश विकल्प से होते है। मुञ्चति (छड्डइ, अवहेडइ, मेल्लइ, उस्सिक्कइ, रेअवइ, णिल्लुञ्छइ, धंसाडइ, मुअइ) छोडता है।

नियम ७८२ (दुःखे णिव्वलः ४।९२) दुख विषयक मुंच धातु को णिव्वल आदेश विकल्प से होता है। दुःखं मुञ्चति (णिव्वलेइ) दुख को

छोडता है ।

नियम ७८३ (वञ्चे वेंहव-वेलव-जूरवोमच्छाः ४।९३) वञ्चति को वेहव, वेलव, जूरव, उमच्छ—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं । वञ्चति (वेहवइ, वेलवइ, जूरवइ, उमच्छइ, वञ्चइ) ठगता है ।

प्रयोग वाक्य

रायिदो सयं कम्मइ । सो गुललइ, सभवामि, कज्जसिद्धीए एरिसं करेइ । सेहो साहू दिवहे वीसगाहाओ झरइ, जूरइ, भरइ, भलइ, लढइ, विम्हरइ, सुमरइ, पयरइ, पम्हुहइ वा । तुम एगमासस्स पुव्व जं सिक्खियं तं कहं पम्हुससि, विम्हरसि, वीसरसि वा ? गुरु चिज्जाहिणो कहं कोक्कइ, कुक्कइ, पोक्कइ, वाहरइ वा ? पंकयज्जाणं चिएसु वि पयल्लइ, उवेल्लइ, पसरइ वा । वाउणा पुप्फाण गंधो महमहइ । सूरियो अब्भेहितो णीहरइ, नीलइ, धाडइ, वरहाडइ नीसरइ वा । अज्ज राओ को जग्गिहिइ, जागरिस्सइ वा ? पुत्तवहू पच्चूसे घरकज्जम्मि न आअड्डेइ, वावरेइ वा । नाहगो मणं साहरइ, साहट्टइ, संवरइ वा । अह तुं सन्नामामि । सो कं णामइ ? अहं पव्वयत्तो ओरसामि, ओहामि वा । तुम एअं कज्ज करित्तए चयसि, तरसि, तीरसि, पारसि, सक्कसि वा । नीराइं पव्वयत्तो थक्कंति । लोगसो वणजयं [illegible] । गुरुणो चरणाइं ठाण वेअडंति, खचंति वा । विमला ओयणं सोल्लइ, पउलइ, पचइ वा । अह घयं छड्डामि, अवहेडामि, मेल्लामि, उस्सिक्कामि, रेअवामि, णिल्लुञ्छामि, धंसाडामि वा । तुम कहं न णिव्वलसि ? धणेसो रमेसं वेहवइ, वेलवइ, जूरवइ, उमच्छइ, वञ्चइ वा ।

हिन्दी में अनुवाद करो

कस्सइ कुलपुत्तयस्स भाया वेरिएण वावाइओ । सो जणणीए भन्नइ— पुत्त । पुत्तघायग घायसु त्ति । तओ सो तेण नियपोरुसाओ जीवग्गाह गिण्हिऊण जणणीसमीवमुवणीओ, भणिओ य भाइघायग ! कहिं आहणामि ? त्ति । तेण वि खग्ग मुग्गामिय दट्ठूण भयभीएण भणिय—जहिं सरणागया आहम्मंति । इम च सोऊण तेण जणणीमुहमवलोइयं । तीए महासत्तत्तणमवलवंतीए उप्पन्न-करुणाए भणियं—न पुत्त सरणागया आहम्मति ।

जओ—सरणागयाण विस्सभियाण, पणयाण वसणपत्ताणं ।
रोगिय अजंगमाण, सप्पुरिसा नेव पहरंति ॥१॥

तेण भणिय—कह रोस सफलं करेमि ? तीए भन्नइ—न पुत्त ! सव्वत्थ रोसो सफलो करेयव्वो । पच्छा सो तेण विसज्जिओ चलणेसु निवडिऊण खामेऊण य गओ ।

धातु का प्रयोग करो

मगलवार को कौन हजामत करता है ? वह उसकी खुशामद क्यो करता है ?

क्या तुम मुझे याद करते थे ? क्या वह मुझे भूल गया ? विनय को वहा कौन बुलाता है ? तेल की बूद पानी पर फैलती है । तुम्हारा यश चारो ओर फैलता है । इत्र की गध फैलती है । उसके घर से वर्षा का पानी बाहर क्यो नही निकलता ? तुम किस समय जागते हो ? कल से वह अपने काम मे लगेगा । वह अपने भाषण को पाच मिनट मे समेटता है । विनीत शिष्य अध्यापक का आदर करता है । उसने तुम्हारे पर प्रहार क्यो किया ? क्या भगवान स्वर्ग से नीचे उतरता है ? मैं तुम्हारा सब काम कर सकता हूं । क्या वह कभी महल से नीचे आता है ? वह स्वार्थवश ही तुम्हारी प्रशसा करता है । वह भोजन को स्वय पकाता है । तुम अपने अवगुणो को क्यो नही छोडते ? जो दु ख को सहता है वह साधक होना चाहिए । उसने तुमको क्यो ठगा ?

प्राकृत में अनुवाद करो

एक सेठ के चार पुत्रवधूए थी । उनकी परीक्षा के लिए सेठ ने चारो को चावल के पाच-पाच दानें दिए और सुरक्षित रखने के लिए कहा । पहली पुत्रवधू ने लापरवाही से फेक दिए और सोचा मागेंगे तब धान्यागार से लाकर दे दूगी । दूसरी ने उनको खा लिया । तीसरी ने उनको आभूषण की छोटी पेटी मे सुरक्षित रख दिया । सोचा—ससुर ने दिए है तो कोई रहस्य होना चाहिए । चौथी पुत्रवधू ने खेत मे उनकी बुवाई कराई । अच्छी फसल हुई । पाच वर्षों मे विशाल भडार हो गया । सेठ पाच वर्ष बाद घर आया । सब बहुओ से दाने मागे । तीनो ने लाकर दे दिए । चौथी ने कहा—दानें मगाने हो तो गाडी भेजो । सेठ ने चारो को पूछा, क्या-क्या किया ? सब ने अपनी-अपनी क्रिया बताई । चारो का कार्य सुन सेठ ने चारो को घर का एक-एक कार्य सौंप दिया । दानो को फेंकने वाली बहू को सफाई का, खाने वाली को रसोई का, सुरक्षित रखने वाली को भडार का कार्य सौप दिया । चौथी को घर की स्वामिनी का भार दिया ।

प्रश्न

१ महल, दाना, धान्यागार, सुरक्षित, रहस्य, भडार, गाडी, वृत्ति, सफाई, लापरवाही, रसोई बनाने वाली शब्दो के प्राकृत शब्द बताओ ।

२. कम्म, गुलल, सुमर, विम्हर, भल, वीसर, पम्हुस, पोक्क पयल्ल, महमह, उवेल्ल, धाड, णीहर, जग्ग, आअड्ड, सन्नाम, ओरस, तीर, पार, थक्क, सोल्ल, धसाड, णिव्वल आदेश किन किन धातुओ को होता है ?

१०३ धात्वादेश (४)

शब्द संग्रह

पद्य—पज्ज	अनुयायी—अणुगमिर (वि)
व्यक्तित्व—वत्तित्तण	अपशकुन—अवसउणं
उपहार—उवहारो	पति—दइओ
सज्जन—सुअणो	स्वप्न—सिविण
जो दीखता न हो—अईसन्तो	चुगली—पिट्ठिमंस
स्वाधीन—साहीण (वि)	यात्री—जत्तिओ

नियम ७८४ (रचेरुग्गहावह-विडविड्डाः ४।९४) रच् धातु को उग्गह, अवह और विडविड्ड—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। रचयति (उग्गहइ, अवहइ, विडविड्डइ, रयइ) बनाता है।

नियम ७८५ (समारचेरुवहत्थ-सारव-समार-केलायाः ४।९५) समारच् धातु को उवहत्थ, सारव, समार और केलाय—ये आदेश विकल्प से होते हैं। समारचयति (उवहत्थइ, सारवइ, समारइ और केलायइ, समारयइ) बनाता है।

नियम ७८६ (सिचेः सिञ्च-सिम्पौ ४।९६) सिञ्चति (सिच्) को सिञ्च और सिम्प आदेश विकल्प से होते हैं। सिञ्चति (सिञ्चइ, सिम्पइ, सेअइ) सींचता है, छिडकता है।

नियम ७८७ (प्रच्छः पुच्छः ४।९७) प्रच्छ् धातु को पुच्छ आदेश होता है। पृच्छति (पुच्छइ) पूछता है।

नियम ७८८ (गर्जे र्बुक्कः ४।९८) गर्जति को बुक्क आदेश विकल्प से होता है। गर्जति (बुक्कइ, गज्जइ) गरजता है।

नियम ७८९ (वृषे ढिक्कः ४।९९) वृष कर्ता हो तो गर्ज् धातु को ढिक्क आदेश विकल्प से होता है। वृषभो गर्जति (ढिक्कइ) सांड गरजता है।

नियम ७९० (राजेरग्घ-छज्ज-सह-रीर-रेहाः ४।१००) राज् धातु को अग्घ, छज्ज, सह, रीर और रेह—ये पांच आदेश विकल्प से होते हैं। राजति, राजते (अग्घइ, छज्जइ, सहइ, रीरइ, रेहइ, रायइ) शोभता है, चमकता है।

नियम ७९१ (मस्जेराउड्ड-णिउड्ड-बुड्ड-खुप्पाः ४।१०१) मज्जति को आउड्ड, णिउड्ड, बुड्ड और खुप्प—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं।

मज्जति (आउड्डइ, णिउड्डइ, वुड्डइ, खुप्पइ, मज्जइ) डूबता है।

नियम ७९२ (पुञ्जेरारोल-वमालौ ४।१०२) पुञ्ज् धातु को आरोल और वमाल ये आदेश विकल्प से होते हैं। पुञ्जति (आरोलइ, वमालइ, पुञ्जइ) इकट्ठा करता है।

नियम ७९३ (लस्जेर्जीहः ४।१०३) लज्जति को जीह आदेश विकल्प से होता है। लज्जति (जीहइ, लज्जइ) लज्जा करता है।

नियम ७९४ (तिजेरोसुक्कः ४।१०४) तिज् धातु को ओसुक्क आदेश विकल्प से होता है। तेजते (ओसुक्कइ) तीक्ष्ण करता है।

नियम ७९५ (मृजेरुग्घुस-लुञ्छ-पुञ्छ-पुंस-फुस-पुस-लुह-हुल-रोसाणाः ४।१०५) मृज् धातु को उग्घुस, लुञ्छ, पुञ्छ, पुस, फुस, पुस, लुह, हुल और रोसाण—ये आदेश विकल्प से होते हैं। मार्जति (उग्घुसइ, लुञ्छइ, पुञ्छइ, पुसइ, फुसइ, पुसइ, लुहइ, हुलइ, रोसाणइ, मज्जइ) साफ करता है।

नियम ७९६ (भञ्जेर्वेमय-मुसुमूर-मूर-सूर-सूड-विर-पविरञ्ज-करञ्ज-नीरञ्जाः ४।१०६) भञ्ज् धातु को वेमय, मुसुमूर, मूर, सूर, सूड, विर, पविरञ्ज, करञ्ज, नीरञ्ज—ये आदेश विकल्प से होते हैं। भनक्ति (वेमयइ, मुसुमूरइ, मूरइ, सूरइ, सूडइ, विरइ, पविरञ्जइ करञ्जइ, नीरञ्जइ, भञ्जइ) तोडता है, भागता है।

नियम ७९७ (अनुव्रजेः पडिअग्गः ४।१०७) अनुव्रजति को पडिअग्ग आदेश विकल्प से होता है। अनुव्रजति (पडिअग्गइ, अणुवच्चइ) अनुसरण करता है।

नियम ७९८ (अर्जेर्विढवः ४।१०८) अर्ज् धातु को विढव आदेश विकल्प से होता है। अर्जति (विढवइ, अज्जइ) पैदा करता है, उपार्जन करता है।

नियम ७९९ (युजो जुञ्ज-जुज्ज-जुप्पा. ४।१०९) युज् धातु को जुञ्ज, जुज्ज, जुप्प—ये आदेश होते हैं। युनक्ति (जुञ्जइ, जुज्जइ, जुप्पइ) जोडता है।

नियम ८०० (भुजो भुञ्ज-जिम-जेम-कम्माण्ह-चमढ-समाण-चड्डाः ४।११०) भुज्, धातु को भुञ्ज, जिम, जेम, कम्म, अण्ह, चमढ, समाण और चड्ड—ये आदेश होते हैं। भुङ्क्ते (भुञ्जइ, जिमइ, जेमइ, कम्मइ, अण्हइ, चमढइ, समाणइ, चड्डइ) भोजन करता है।

नियम ८०१ (वोपेन कम्मवः ४।१११) उप सहित भुज् धातु को कम्मव आदेश विकल्प से होता है। उपभुज्यते (कम्मवइ, उवहुञ्जइ) भोजन करता है।

नियम ८०२ (घटे र्गढः ४।११२) घटते को गढ आदेश विकल्प से होता है। घटते (गढइ, घडइ) बनाता है, चेष्टा करता है।

नियम ८०३ (समो गलः ४।११३) सघटते को गल आदेश विकल्प से होता है। सघटते (गलइ, संघटइ) प्रयत्न करता है।

नियम ८०४ (हासेन स्फुटे मुर: ४।११४) हास के कारण जो स्फुटित होता है उसको मुर आदेश विकल्प से होता है। हासेन स्फुटति (मुरइ) हंसी फूट पडती है।

धातु प्रयोग वाक्य

किं तुम सिलोगा उग्गहसि, अवहसि, विउविरुसि, रयसि वा ? सो आउव्वेयगंथ उवहत्थइ, सारवइ, समारइ, केलायइ समारयइ वा। सो रुक्खाइं सिंचइ, सिंपइ, सेअइ वा। तुम मिम किं पुच्छसि ? मेहो सावणे बुक्कइ, गज्जइ वा। किं रायणयरम्मि उसहो ढिक्कइ ? गाहण मज्झे आयरिओ अग्घइ, छज्जइ, सहइ, रीरइ, रेहइ, रायइ वा। पक्खिणो जलासये न आउड्डति, णिउड्डति, बुड्डति, खुप्पति, मज्जति वा। सो किमट्ठं जणा आरोलइ, वमालइ, पुंजइ वा ? णवोढा सासूओ जीहइ, लज्जइ वा। सो किमट्ठं छुरिआ ओसुक्कइ ? सीया भायणाइं उग्घुसइ, लुञ्छइ पुञ्छइ, पुसइ, फुसइ, पुसइ, लुहइ, हुलइ, रोसाणइ, मज्जइ वा। सो रइ लट्ठि वेमयइ, मुसुमुरइ, मूरइ, सूरइ, सूडइ, विरइ, पविरञ्जइ, करञ्जइ, नीरञ्जइ, भञ्जइ वा। बालो पुरिसा पटिअगइ, अणुवच्चइ वा। सो घणेहिं घण विढवइ अज्जइ वा। किं तुम कट्ठखण्डाइं जुञ्जसि, जुज्जसि, जुप्पसि वा। सुदसणो पइदिण मिट्ठान्न भुजइ, जिमइ, जेमइ, कम्मइ, अण्हइ, चमढइ, समाणइ, चड्डइ वा। सो मज्झण्हे किमवि न कम्मवइ, उवहुज्जइ वा। किं राया दुग्ग गढइ, घडइ वा ? तुमं किमट्ठं एअ गलसि, सघडसि वा ?

हिन्दी में अनुवाद करो

ना पुट्ठो वागरे किंचि, पुट्ठो वा नालियं वए।
कोह असच्चं कुव्विज्जा धारेज्जा पियमप्पियं ॥१॥
जरा जाव न पीडेइ, वाही जाव न वड्ढइ।
जाविंदिया न हायंति, ताव धम्मं समायरे ॥२॥
ता मज्झिमो च्चिअ वर, दुज्जणसुअणेहिं दोहिं वि न कज्ज।
जह दिट्ठो तवइ खलो, तहेअ सुअणो अदीसन्तो ॥३॥
धण्णा ता महिलाओ जा दइअं सिविणाए वि पेच्छन्ति।
णिद्द च्चिअ तेण विणा ण एइ, का पेच्छए सिविणं ॥४॥
बहु सुणेइ कण्णेहिं, बहु अच्छीहिं पेच्छइ।
न य दिट्ठं सुयं सव्वं, भिक्खू अक्खाउमरिहइ ॥५॥
अपुच्छिओ न भासेज्जा, भासमाणस्स अंतरा।
पिट्ठिमंसं न खाएज्जा, मायामोसं विवज्जए ॥६॥

जे य कते पिए भोए, लद्धे विपिट्ठिकुव्वई।
साहीणे चयइ भोए, से हु चाइ त्ति वुच्चई ॥७॥

धातु का प्रयोग करो

क्या वह पद्य मे काव्य वना सकता है? वह भगवान महावीर के जीवन को सस्कृत मे पद्यरूप मे वनाता है। वह वृक्षो के मूल की अपेक्षा पत्रो को सीचता है। तुमने ज्योतिषी से क्या प्रश्न पूछा? आज वादल नही गरजे। यदि दाहिने पार्श्व मे साड गरजता है तो यात्री शुभ फल पाता है। क्या चद्रमा दिन मे भी आकाश मे चमकता है? नदी मे पशु नही डूवते फिर आदमी क्यो डूवता है? कीडी अपने स्वभाव से इकट्ठा करती रहती है। आजकल वहूए ससुराल मे भी लज्जा नही करती। तुम्हारा भाई शस्त्र को तेज किसलिए करता है? तुम वस्त्रो को कव साफ करोगे? शैक्ष साधु पात्रो को अधिक क्यो तोडता है? अनुयायी साधुओ का अनुसरण करते हैं। तुम एक मास मे कितने रुपए उपार्जन करते हो? वह दोनो के मन को जोडने के लिए प्रयत्न करता है। साधु टूटे हुए पात्र को कुशलता से जोडता है। तुम सायकाल भोजन मे क्या खाते हो? वह व्यक्तित्व वनाने के लिए प्रयत्न करता है।

प्राकृत में अनुवाद करो

एक राजा ने एक वार स्वप्न देखा कि मेरे सभी दात गिर गए हैं। इसे अपशकुन जानकर उसने स्वप्नज्ञाता को वुलाया और अपने स्वप्न का फल पूछा। स्वप्नज्ञाता ने उत्तर दिया इसका फल वहुत वुरा है। आपके परिवार के सभी सदस्य आपके सामने ही मर जाऐंगे। यह सुनकर राजा कुपित हो गया और उसे कैद मे वद करा दिया। राजा ने दूसरे स्वप्नज्ञाता को वुलाया और स्वप्न का फल पूछा। वह होशियार था। उसने उत्तर दिया राजन्! स्वप्न वहुत अच्छा है। इसका फल होगा, आप अपने परिवार मे दीर्घजीवी होगे। राजा उसके उत्तर से प्रसन्न हुआ और उसे वहुमूल्य उपहार दिया। दोनो स्वप्नज्ञाताओ का फलित एक था, पर वाणी की कला भिन्न-भिन्न थी।

प्रश्न

१ आयुर्वेद, पद्य, व्यक्तित्व, उपहार, जो दीखता न हो, स्वाधीन, अनुयायी, अपशकुन, पंति, और चुगली के लिए प्राकृत शब्द वताओ?

२ उग्गह, अवह, सारव, समार, केलाय, सिम्प, वुक्क, ढिक्क, गीर, छज्ज, सह, वुड्ड, खुप्प, आरोल, वमाल, जीह, ओसुक्क, पुस, मूर, विर, पडिअग्ग, विढव, जुज्ज, जेम, चमढ, समाण, कम्मव, गढ, गन्न, भूर आदेश किन-किन धातुओ को होता है?

है, विलोडन करता है।

नियम ८१२ (ह्लादेरवअच्छः ४।१२२) णिजन्त और अणिजन्त ह्लाद् धातु को अवअच्छ आदेश होता है। ह्लादते (अवअच्छइ) खुश होता है। ह्लादयति (अवअच्छइ) खुश करता है।

नियम ८१३ (नेः सदो मज्जः ४।१२३) निपूर्वक सद् धातु को मज्ज आदेश होता है। निषीदति (णुमज्जइ) बैठता है। अत्ता एत्थ णुमज्जइ (आत्मा यहां बैठती है)।

नियम ८१४ (छिदे र्दुहाव-णिच्छल्ल-णिज्झोड-णिव्वर-णिल्लूर-लूराः ४।१२४) छिद् धातु को दुहाव, णिच्छल्ल, णिज्झोड, णिव्वर, णिल्लूर और लूर—ये आदेश विकल्प से होते हैं। छिदति (दुहावइ, णिच्छल्लइ, णिज्झोडइ, णिव्वरइ, णिल्लूरइ, लूरइ, छिंदइ) छेदता है, खंडित करता है।

नियम ८१५ (आङा ओअन्दोद्दालौ ४।१२५) आ युक्त छिद् धातु को ओअन्द और उद्दाल आदेश विकल्प से होते हैं। आच्छिदति (ओअन्दइ, उद्दालइ, आच्छिन्दइ) हाथ से छीनता है।

नियम ८१६ (मृदो मल-मढ-परिहट्ट-खड्ड-चड्ड-मड्ड-पन्नाडाः ४।१२६) मृद्नाति को मल, मढ, परिहट्ट, खड्ड, चड्ड, मड्ड और पन्नाड—ये सात आदेश होते हैं। मृद्नाति (मलइ, मढइ, परिहट्टइ, खड्डइ, चड्डइ, मड्डइ, पन्नाडइ) मर्दन करता है।

नियम ८१७ (स्पन्देश्चुलुचुलः ४।१२७) स्पन्द् धातु को चुलुचुल आदेश विकल्प से होता है। स्पन्दते (चुलुचुलइ, फन्दइ) फड़कता है, थोड़ा हिलता है।

नियम ८१८ (निरः पदेर्वलः ४।१२८) निर् पूर्वक पद् धातु को वल आदेश विकल्प से होता है। निष्पद्यते (निव्वलइ, निप्पज्जइ) निष्पन्न होता है, सिद्ध होता है।

नियम ८१९ (विसंवदेर्विअट्ट-विलोट्ट-फंसाः ४।१२९) वि और सं पूर्वक वद् धातु को विअट्ट, विलोट्ट और फंस—ये आदेश विकल्प से होते हैं। विसंवदते (विअट्टइ, विलोट्टइ, फंसइ, विसंवयइ) अप्रमाणित होता है।

नियम ८२० (शदो झड-पक्खोडौ ४।१३०) शीयते को झड और पक्खोड आदेश होते हैं। शीयते (झडइ, पक्खोडइ) झड़ता है, पके फल गिरता है।

नियम ८२१ (आक्रन्दे र्णीहरः ४।१३१) आक्रन्दति को णीहर आदेश होता है। आक्रन्दति (णीहरइ) चिल्लाता है।

नियम ८२२ (खिदेर्जूर-विसूरौ ४।१३२) खिद् धातु को जूर और विसूर आदेश विकल्प से होता है। खिद्यते (जूरइ, विसूरइ, खिज्जइ) खेद करता है, अफसोस करता है।

नियम ८२३ (रुधेरुत्थङ्घः ४।१३३) रुध् धातु को उत्थंघ आदेश विकल्प से होता है। रुणद्धि, रुंधे (उत्थंघइ, रुंधइ) रोकता है।

नियम ८२४ (निषेधेर्हक्कः ४।१३४) निषेधति को हक्क आदेश विकल्प से होता है। निषेधति (हक्कइ, निसेहइ) निषेध करता है।

नियम ८२५ (क्रुधेर्जूरः ४।१३५) क्रुध् धातु को जूर आदेश विकल्प से होता है। क्रुध्यति (जूरइ, कुज्झइ) क्रोध करता है।

नियम ८२६ (जनो जा-जम्मौ ४।१३६) जायते को जा और जम्म आदेश होता है। जायते (जाअइ, जम्मइ) उत्पन्न होता है।

धातु प्रयोग वाक्य

धणगामो वणट्ठाणंमि णिच्चलइ, णिट्टुअइ, पज्झरइ, झरइ, पच्चडइ, खरइ वा। तुम कवाडं पइ तोडसि, तुट्टसि, खुट्टसि, खुडसि, उक्खुडसि, उल्लुक्कसि, णिलुक्कसि, लुक्कसि, उल्लूरसि, तुडसि वा? सो गामस्स बाहिं उज्जाणम्मि घुलइ, घोलइ, घुम्मइ, पहल्लइ वा। भूकंपेण भूमी ढंसइ, विवट्टइ वा। विज्जो आउव्वेयस्स ओसहाणं अट्टइ, कढइ वा। तुमं णीरं कहं घुसलसि, विरोलसि वा? विमला णिसेणिं गंठइ। तुम पुत्ताणं पाढेण अवअच्छइ। सो णिद्धणा भोअणं दाऊण अवअच्छइ। अस्सिम्म विज्जालये विज्जत्थिणो कत्थ णुमज्जन्ति? सो णावं दुहावइ, णिच्छल्लइ, णिज्झोडइ, णिव्वरइ, णिल्लूरइ, लूरइ, छिंदइ वा। धणजयो जोगिगणस्स हत्थत्तो पत्तं ओअंदइ, उद्दालइ, अच्छिंदइ वा। विजयो नगरे तंत मलइ, मढइ, परिहट्टइ, खड्डइ, चड्डइ, मड्डइ, पन्नाडइ वा। णवर मज्झ दाहिणभुआ चुलुचुलइ, फंदइ वा। मंतजवेण तस्स कज्जं निव्वलइ, निप्पज्जइ वा। तुज्झ वयणं विअट्टइ, विलोट्टइ, फंसइ, विसंवयइ वा। रुक्खत्तो पुप्फाइं झडंति, पक्खोडंति वा। जो णीहरइ सो कम्माइं बंधति। तुज्झ घरे साहू गोयरट्ठं आगओ तया तुम किमट्ठं जूरसि, विसूरसि खिज्जसि वा? भीडाए आगच्छियं बालं सो उत्थंघइ, रुंधइ वा। आयरिओ साहु तस्स घरं गमिउं कहं हक्कइ, निसेहइ वा? सो कस्स जूरइ, कुज्झइ वा। एगदिवहे केत्तिया बाला जाअंति, जम्मंति वा?

हिन्दी में अनुवाद करो

वासुदेवस्स पुत्तो ढंढो पत्तजोव्वणो सुणिऊण चाउमहव्वयाइं समणधम्मं परिच्चइय उदारे कामभोगे संसारविरत्तो अरिट्ठनेमिस्स सगासे निक्खंतो। तं गहिय दुविहसिक्खो विहरए भगवया सह। अन्नया उदय त पुव्वोवज्जियमंतराइय कम्म समिद्धेसु गामणगरेसु हिंडतो न लहइ कहिंचि भिक्खं। जया वि लहइ तया वि ज वा त वा। तेण सामी पुच्छिओ। पच्छा तेण अभिग्गहो गहिओ—जहा परस्स लाभो न मए गिण्हियव्वो। वासुदेवो भयवं वंदणत्थं बारवइं गओ। तित्थयरं पुच्छइ—एयासि अट्ठारसण्ह समणसाहस्सीणं को

दुक्करकओ ? भयवया भणिअं—जहा ढंढणअणगारो । सो कहिं ? सामी भणइ, नयरिं पविसंतो पेच्छिहिसि । दिट्ठो य सुक्को निम्मंससरीरो पसंतप्पा ढढणो अणगारो णयरिं पविसतेणं । तओ भत्तिनिब्भरमणेण ओयरिऊण करिवराओ, वदिओ सविणय, पमज्जिया सहत्थेण चलणा, पुच्छिओ य पजलिउडेण सुहविहारं । एक्केण इब्भसेट्ठिणा दिट्ठो चिंतिय च—जहा महप्पा एस कोइ तवस्सि, जो वासुदेवेण वि एव सम्माणिज्जइ । सो (ढढणो) य भवियव्वयावसेण तस्सेव घर पविट्ठो । तेण परमाए सद्धाए मोयगेहिं पडिलाभिओ । आगओ सामिस्स दावइ, पुच्छइ य—जहा मम लाभतराइयं खीणं ? सामिणा भण्णइ न खीणं, एस वासुदेवस्स लाभो त्ति । कहिओ सेट्ठिभत्तिकरणवइयरो तओ "न परलाभ उवजीवामि, न वा अन्नस्स देमि' त्ति अमुच्छियस्स परिट्ठवतस्स अस्खलितपरिणामस्स तस्स केवलनाणं समुप्पन्नं ।

प्राकृत में धातु प्रयोग करो

वह अपने शरीर को विभूषित करता है । तुम दीवार को क्यो तोडते हो ? स्तूप के ऊपर चक्र घूमता है । पोली जमीन जल्दी धसती है । तुम किन औषधियो का क्वाथ करते हो ? देवताओ और असुरो ने समुद्र का मथन किया था । गणधरो ने भगवान् महावीर की वाणी को गूथा जो आगम कहलाए । आपके आगमन से मैं बहुत खुश हू । धर्मेश भूखो को भोजन खिलाकर उन्हे खुश करता है । क्या वह जमीन पर नही बैठता है ? किस कारण से तुम मकान को खंडित करते हो ? उसने मेरे हाथ से पुस्तक छीन ली । वह प्रतिदिन मर्दन क्यो करता है ? दर्शनकेन्द्र पर ध्यान करने से वह स्थान फडकता है । गुरु के आशीर्वाद से कार्य निष्पन्न होता है । जंगल मे कौन चिल्लाता है ? भोजन मे तुम्हारे न आने से वह खेद करता है । तुम्हारे मार्ग को कौन रोकता है ? तुमको वहा जाने से कौन निषेध करता है ? जो क्रोध करता है, उसका शरीर पतला हो जाता है । जो उत्पन्न होता है वह एक दिन मरेगा ।

धातु का प्रयोग करो

एक परिवार मे तीन भाई थे । तीनो ही विवाहित थे । सबसे छोटा भाई अधिक बुद्धिमान था । उसकी पत्नी तीनो मे सबसे छोटी थी । इसलिए उसे काम भी अधिक करना पडता था । जिस दिन बडी वहू के खाना बनाने का क्रम आता उस दिन भी वह सहयोग करती । और जिस दिन दूसरे नम्बर की बहू का क्रम आता उस दिन भी वह सहयोग करती । यह नई बहू थी फिर भी दोनो बडी बहुओ से अधिक काम करती । काम करना उसके लिए भारी नही था । दुःख तो इस बात का था कि काम करने पर भी वह सासू की कृपापात्र नही थी । खाने को शेष रहा हुआ मिलता था । पति भी

माता का आज्ञाकारी पुत्र था। इसलिए वह अपनी पत्नी की बात पर ध्यान नही देता था। बहू के मन की बात सुनने वाला श्वसुर-पक्ष मे कोई नही था। मायके मे अपनी माता के पास आकर वह सारी घटना सुनाती थी। सुनाने से उसका दिल हल्का होता था।

प्रश्न

१. दीवार, पोला, क्रम, आज्ञाकारी, उपार्जित, मांसरहित, प्रसंग, स्तूप, मायका, पक्ष, भरपूर, नियम आदि शब्दो के लिए प्राकृत शब्द बताओ।

२. रोस, चिञ्च, गुड, लुरा, गुड्ड, घोल, पहल्ल, दंस, अड्ड, सुगन्ध गठ, अवअच्छ, भज्ज, दुहाव, लूर, ओअन्द, मग्ग, मट, चुलुचुल, वल, झड, णीहर, जूर, विसूर, उत्थंघ, जम्भ—ये आदेश किन-किन धातुओ को होता है?

१०५ धात्वादेश (६)

शब्द संग्रह

खत्तं (दे)—सेंध	अण्डं—अण्डा
चेड (दे)—दास, नौकर	कुक्कुटी—मुर्गी
उद्दवेउं—मारने के लिए	संतुट्ठो—संतुष्ट
धाहा (दे)—पुकार, चिल्लाहट	सुवण्णिअ (वि)—सोने का
मुक्खत्तण—मूर्खता	असंतोसो—असतोष
लोभो—लालच	

नियम ८२७ (तनेस्तड-तड्ड-तड्डव-विरल्लाः ४।१३७) तन् धातु को तड, तड्ड, तड्डव, विरल्ल—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। तनोति (तडइ, तड्डइ, तड्डवइ, विरल्लइ, तणइ) फैलाता है।

नियम ८२८ (तृपस्थिप्पः ४।१३८) तृप्यति को थिप्प आदेश होता है। तृप्यति (थिप्पइ) तृप्त होता है, संतुष्ट होता है।

नियम ८२९ (उपसर्पेरल्लिअः ४।१३९) उपपूर्वक सर्पति को अल्लिअ आदेश विकल्प से होता है। उपसर्पति (अल्लिअइ, उवसप्पइ)।

नियम ८३० (संतपे झंड्ख ४।१४०) संपूर्वक तप् धातु को झङ्ख आदेश विकल्प से होता है। सतपति (झङ्खइ, संतप्पइ) सतप्त होता है।

नियम ८३१ (व्यापेरोअग्गः ४।१४१) व्याप्नोति को ओअग्ग आदेश विकल्प से होता है। व्याप्नोति (ओअग्गइ, वावेइ) व्याप्त करता है।

नियम ८३२ (समापेः समाणः ४।१४२) समाप्नोति को समाण आदेश विकल्प से होता है। समाप्नोति (समाणइ, समावेइ) पूरा करता है। समास करता है।

नियम ८३३ (क्षिपेर्गलत्थाड्डक्ख-सोल्ल-पेल्ल-णोल्ल-छुह-हुल-परी-घत्ताः ४।१४३) क्षिप् धातु को गलत्थ, अड्डक्ख, सोल्ल, पेल्ल, णोल्ल, (ह्रस्वे णुल्ल) छुह, हुल, परी, घत्त—ये आदेश विकल्प से होते हैं। क्षिपति (गलत्थइ, अड्डक्खइ, सोल्लइ, पेल्लइ, णोल्लइ, (णुल्लइ), छुहइ, हुलइ, परीइ, घत्तइ, खिवइ) फेंकता है।

नियम ८३४ (उत्क्षिपे र्गुलगुञ्छोत्थंघाल्लत्थोब्भुत्तोस्सिक्क-हक्खुवाः ४।१४४) उत् पूर्वक क्षिप् धातु को गुलगुञ्छ, उत्थङ्घ, अल्लत्थ, उब्भुत्त, उस्सिक्क, हक्खुव—ये आदेश होते हैं। उत्क्षिपति (उक्खिवइ गुलगुञ्छइ,

उत्थङ्घइ, अल्लत्थइ, उब्भुत्तइ, उस्सिक्कइ, हक्खुवइ) ऊंचा करता है, उठाता है।

नियम ८३५ (आक्षिपेर्णीरवः ४।१४५) आ पूर्वक क्षिप् धातु को णीरव आदेश विकल्प से होता है। आक्षिपति (णीरवइ, अक्खिवइ) आक्षेप करता है।

नियम ८३६ (स्वपेः कमवस-लिस-लोट्टाः ४।१४६) स्वप् धातु को कमवस, लिस और लोट्ट—ये आदेश विकल्प से होते हैं। स्वपिति (कमवसइ, लिसइ, लोट्टइ, सुअइ) सोता है, लेटता है।

नियम ८३७ (वेपेरायम्बायज्झौ ४।१४७) वेप् धातु को आयम्ब और आयज्झ आदेश विकल्प से होते हैं। वेपते (आयम्बइ, आयज्झइ, वेवइ) कांपता है, हिलता है।

नियम ८३८ (विलपेर्झङ्ख-वडवडौ ४।१४८) वि पूर्वक लप् धातु को झङ्ख और वडवड आदेश विकल्प से होते हैं। विलपति (झंखइ, वडवडइ, विलवइ) विलाप करता है, चिल्लाता है।

नियम ८३९ (लिपो लिम्पः ४।१४९) लिम्पति को लिम्प आदेश होता है। लिम्पइ (लिम्पते) लीपता है।

नियम ८४० (गुप्येर्विर-णडौ ४।१५०) गुप्यति को विर और णड आदेश विकल्प से होता है। गुप्पइ (विरइ, णडइ, गुप्यति) व्याकुल होता है।

नियम ८४१ (क्रपोवहो णिः ४।१५१) कृप् धातु को णिजन्त अवह आदेश होता है। कृपा करोति (अवहावेइ) कृपा करता है।

नियम ८४२ (प्रदीपेस्तेअव-सन्दुम-सन्धुक्काब्भुत्ताः ४।१५२) प्रदीप्यति को तेअव, सन्दुम, सन्धुक्क, अब्भुत्त—ये चार आदेश होते हैं। प्रदीप्यति (तेअवइ, सन्दुमइ, सन्धुक्कइ, अब्भुत्तइ, पलीवइ) जलता है।

नियम ८४३ (लुभेः संभावः ४।१५३) लुभ्यति को संभाव आदेश विकल्प से होता है। लुभ्यति (संभावइ, लुब्भइ) लोभ करता है।

नियम ८४४ (क्षुभेः खउर-पड्डुहौ ४।१५४) क्षुभ् धातु को खउर और पड्डुह आदेश विकल्प से होते हैं। क्षुभ्यति (खउरइ, पड्डुहइ, खुब्भइ) क्षुब्ध होता है।

नियम ८४५ (आङो रभे रम्भ-ढवौ ४।१५५) आपूर्वक रभ् धातु को रम्भ और ढव आदेश विकल्प से होते हैं। आरभते (आरम्भइ, आढवइ, आरभइ) आरंभ करता है।

नियम ८४६ (उपालम्भेर्झङ्ख-पच्चार-वेलवाः ४।१५६) उपालंभते को झङ्ख, पच्चार और वेलव—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। उपालंभते (झङ्खइ, पच्चारइ, वेलवइ उवालंभइ) उपालंभ देता है।

नियम ८४७ (अवेर्जृम्भो जम्भा ४।१५७) जृम्भति को जम्भा आदेश

होता है। वि सहित नही होता है। जृम्भति (जम्भाइ) जंभाइ लेता है। केलिपसरो विअम्भइ (केले के वृक्ष का फैलाव विकसित होता है)।

नियम ८४८ (भाराक्रान्ते नमेर्णिसुढः ४।१५८) भाराक्रान्त कर्ता हो तो नम् धातु को णिसुढ आदेश विकल्प से होता है। भाराक्रान्तो नमति (णिसुढइ, णवइ)।

नियम ८४९ (विश्रमेर्णिव्वा ४।१५९) विश्राम्यति को णिव्वा आदेश विकल्प से होता है। विश्राम्यति (णिव्वाइ, वीसमइ) विश्राम करता है।

नियम ८५० (आक्रमे रोहावोत्थारच्छुन्दाः ४।१६०) आक्रमति को ओहाव, उत्थार और छुन्द—ये तीन आदेश विकल्प से होते है। आक्रमति (ओहावइ, उत्थारइ, छुन्दइ, अक्कमइ) आक्रमण करता है।

नियम ८५१ (भ्रमेष्टिरिटिल्ल-ढुण्ढुल्ल-ढण्ढल्ल-चक्कम्म-भम्मड-भमड भमाड-तलअण्ट-झण्ट-झम्प-भुम-गुम-फुम-फुस-ढुम-ढुस-परी-पराः ४।१६१) भ्रम् धातु को टिरिटिल्ल आदि अठारह आदेश विकल्प से होते हैं। भ्रमति (टिरिटिल्लइ, ढुण्ढुल्लइ, ढण्ढल्लइ, चक्कम्मइ, भम्मडइ, भमडइ, भमाडइ, तलअण्टइ, झण्टइ, झम्पइ, भुमइ, गुमइ, फुमइ, फुसइ, ढुमइ, ढुसइ, परीइ, परइ, भमइ) घूमता है।

धातु प्रयोग वाक्य

वातो गंधं तडइ, तड्डइ, तड्डवइ, विरल्लइ, तणइ वा। तुज्झ महुरं वयण सुणिऊण अहं थिप्पामि। मुणी आयरिय अल्लिअइ, उवसप्पइ वा। केण कारणेण, तुम झङ्खसि, संतप्पसि वा? सोहुणो घयेण घड ओअग्गइ, वावेइ वा। आयरिओ कल्लं सिग्घं वक्खाण समाणिस्सइ, समाविस्सइ वा। रमेसो रुक्खस्स अवरिं पत्थराणि कह गलत्थइ, अड्डक्खइ, सोल्लइ, पेल्लइ, णोल्लइ, छुहइ, हुलइ, परीइ, घत्तइ, खिवइ वा? सुसीला तणस्स भार गुलगुञ्छइ, उत्थघइ, अल्लत्थइ, अब्भुत्तइ, उस्सिक्कइ, हक्खुवइ, उक्खिवइ वा। तुम महेसं कह णीरवसि, अक्खिवसि वा? किं सो गिम्हकाले वि दिवहे न कमवसइ, लिसइ, लोट्टइ, सुअइ वा? अप्पेणावि वातेण पाणियं आयम्बइ, आयज्झइ, वेवइ वा। किं तुज्झ भगिणी झङ्खइ, वडवडइ, विलवइ वा। विमला भीइं लिम्पइ। मुणी गिम्हकाले विहारम्मि विरइ, णडइ, गुप्पइ वा? गुरु सीस अवहावेइ। दीवो सयं तेअइ, सन्दुमइ, सन्धुक्कइ, अब्भुत्तइ, पलीवइ वा। तुम णवरं घणं संभावइ, लुब्भइ वा। तुज्झ पत्थरखेअणपमाएण पाणिअ खउरइ, पड्डुहइ, खुब्भइ वा। धम्मेसो अज्ज वागरणस्स अज्झयणं आरम्भइ, आढवइ, आरभइ वा। सासू पुत्तवहु झङ्खइ, पच्चारइ, वेलवइ, उवालम्भइ वा। अज्जाहं जम्भामि। रुक्खो णिसुढइ, णवइ वा। रुक्खम्मि पहिओ णिव्वाइ,

वीसमइ वा । सीहो पसुं ओहावइ, उत्थारइ, छुंदइ, अवक्कमइ वा । सो गामे कहं टिरिटिल्लइ, ढुण्ढुल्लइ, ढण्ढल्लइ, चक्कम्मइ, भम्मडइ, भमडइ, भमाडइ, तलअण्टइ, झण्टइ, झम्पइ, भुमइ, गुमइ, फुमइ, फुसइ, ढुमइ, ढुसइ, परीइ, परइ, भमइ वा ।

हिन्दी में अनुवाद करो

एगम्मि नयरे एगो चोरो । सो रत्तिं विभवसंपन्नेसु घरेसु खत्तं खणिउं सुबहुं दव्वजायं घेत्तु अप्पणो घरेगदेसे कूवं सयमेव खणित्ता तत्थ दव्वजायं पक्खिवइ । जहिच्छियं सुवन्नं दाऊण कन्नगं विवाहेउं पसूयं संतिं उद्दवेत्ता तत्थेवागडे पक्खिवइ "मा मे भज्जा चेडरूवाणि य पच्चप्पण्णाणि होऊण रयणाणि परस्स पगासिस्संति ।" एवं कालो वच्चइ । अन्नया तेणेगा कन्नगा विवाहिया अईवरूविणी । सा पसूया संती तेण न मारिया । दारगो य से अट्ठवरिसो जाओ । तेण चिंतियं—सुचिरं धारिया एयं पुव्वं उद्दवेउं पच्छा दारयं उद्दविस्सामि । तेण सा उद्दवेउं अगडे पक्खित्ता । तेण य दारगेण गिहाओ निग्गच्छिऊण वाहा कया । लोगो मिलिओ । तेण भन्नइ एएण मम माया मारिय त्ति । रायपुरिसेहिं सुयं । ते हिं गहिओ । दिट्ठो कूवो दव्वभरिओ अट्ठियाणि सुबहूणि । सो बंधेऊण रायसभं समुवणीओ जायणा पगारेहिं । सव्वं दव्वं दवावेऊण कुमारेण मारिओ ।

धातु का प्रयोग करो

गुणग्राही दूसरों के गुणों को फैलाता है । गुरु के दर्शन से श्रावक तृप्त होता है । भाई बहन के पास जाता है । मरुभूमि की गर्मी से लोग संतप्त होते हैं । गुणों से वह अपने को व्याप्त करता है । मैं अपने काम को पूर्ण करता हूं । वह तुम्हारे पर शब्दों का बाण फेंकता है । वह तुम्हारे हाथ को ऊंचा उठाता है । वे परस्पर एक-दूसरे पर आक्षेप करते हैं । वह प्रतिदिन दिन में लेटता है । राजा के भय से जनता कांपती है । इस घर में बहनें क्यों विलाप करती हैं ? विमला घर के आंगन को चतुराई से लीपती है । कौन किस पर कृपा करता है ? आज दीपक क्यों नहीं जलता है ? जो लोभ करता है, क्या वह अधिक कमाता है ? कभी-कभी प्रकृति भी क्षुब्ध होती है । मैं अपने ग्रंथ निर्माण का कार्य कल आरंभ करूंगा । तुम उसको क्यों उपालंभ देते हो ? वह बार-बार क्यों जंभाई लेता है ? पेड़ फलों के भार से झुकते हैं, (नमते हैं ।) जो जलता है, वह विश्राम करता है । कौन देश किस देश पर आक्रमण करता है ? समय की सूई प्रतिक्षण घूमती है ।

प्राकृत में अनुवाद करो

एक किसान के पास एक मुर्गी थी, जो प्रतिदिन सोने का एक अण्डा देती थी । वह लालची मनुष्य इससे संतुष्ट नहीं था । एक दिन उसने सोचा

यह मुर्गी मुझे प्रतिदिन एक ही अण्डा देती है। इसके पेट मे सोने के ऐसे बहुत से अण्डे होगे। यदि मैं इन सभी को एक ही समय मे पाऊं तो मैं धनी हो सकता हूं। अतएव उसने मुर्गी को मारकर उसके पेट को छुरी से काट दिया। लेकिन उसके पेट मे एक अण्डा भी नही मिला। इस प्रकार जो वह सोने का अण्डा प्रतिदिन पाता था, समाप्त हो गया। साथ ही वह मुर्गी भी समाप्त हो गई। किसान ने अपनी मूर्खता पर खेद प्रकट किया और पश्चात्ताप मे डूब गया। वस्तुतः असंतोष और लालच सब दु खो की जड है।

प्रश्न

१. सेंध, दास, पुकार, मूर्खता, अंडा, मुर्गी, सतुष्ट, असतोष के लिए प्राकृत शब्द बताओ।

२. विरल्ल, थिप्प, अल्लिअ, झङ्ख, ओभग्ग, समाण, पेल्ल, उत्थंघ, सोल्ल, णीरव, कमवस, आयम्व, झङ्ख, तडवड, लिम्प, णड, अवह, सन्दुम, संभाव, खउर, आढव, झङ्ख, पच्चार, जम्भ, णिसुढ, उत्थार, झुण्ट, झम्प आदेश किन-किन धातुओ को होता है?

शब्द संग्रह

ऋद्धिसंपन्न—खद्धादाणिअ (वि)	अनार्य देश—पच्चंतो
पहनना—आविध (धातु)	छिपाना—गोव (धातु)
दूरकरना—अवणी (धातु)	वापस लौट गया—अवक्कंत (वि)

नियम ८५२ (गमेरई अइच्छाणुवज्जावज्जसोक्कुसाक्कुस-पच्चड्ड-पच्छन्द-णिम्मह-णी-णीण-णीलुक्क-पदअ-रम्भ-परिअल्ल-वोल-परिअल-णिरिणास-णिवहावसेहावहराः ४।१६२) गम् धातु को अई आदि इक्कीस आदेश विकल्प से होते हैं। गच्छति (अईइ, अइच्छइ, अणुवज्जइ, अवज्जसइ, उक्कुसइ, अक्कुसइ, पच्चड्डइ, पच्छंदइ, णिम्महइ, णीइ, णीणइ, णीलुक्कइ, पदअइ, रम्भइ, परिअल्लइ, वोलइ, परिअलइ, णिरिणासइ, णिवहइ, अवसेहइ, अवहरइ, गच्छइ, हम्मइ) जाता है। णिहम्मइ, णीहम्मइ, आहम्मइ, पहम्मइ—ये हम्म धातु से बनते हैं।

नियम ८५३ (आङा अहिपच्चुअः ४।१६३) आ सहित गम् धातु को अहिपच्चुअ आदेश विकल्प से होता है। आगच्छति (अहिपच्चुअइ, आगच्छइ) आता है।

नियम ८५४ (समा अब्भिडः ४।१६४) सपूर्वक गम् धातु को अब्भिड आदेश विकल्प से होता है। सगच्छते (अब्भिडइ, सगच्छइ) मिलता है, संगति करता है।

नियम ८५५ (अभ्यडोम्मत्थः ४।१६५) अभि और आ सहित गम् धातु को उम्मत्थ आदेश विकल्प से होता है। अभ्यागच्छति (उम्मत्थइ, अब्भागच्छइ) सामने आता है।

नियम ८५६ (प्रत्याङा पलोट्टः ४।१६६) प्रति और आ सहित गम् धातु को पलोट्ट आदेश विकल्प से होता है। प्रत्यागच्छति (पलोट्टइ, पच्चागच्छइ) वापस आता है।

नियम ८५७ (शमेः पडिसा-परिसामौ ४।१६७) शम् धातु को पडिसा और परिसाम आदेश विकल्प से होता है। शाम्यति (पडिसाइ, परिसामइ, समइ) शांत होता है।

नियम ८५८ (रमेः संखुड्ड-खेड्डोब्भाव-किलिकिञ्च-कोट्टुम-मोट्टाय णीसर-वेल्लाः ४।१६८) रम् धातु को संखुड्ड, खेड्ड, उब्भाव, किलिकिञ्च,

कोट्टुम, मोट्टाय, णीसर, वेल्ल—ये आदेश विकल्प से होते हैं। रमति (सखुड्डइ, खेड्डइ, उब्भावइ, किलिकिञ्चइ, कोट्टुमइ, मोट्टायइ, णीसरइ, वेल्लइ, रमइ) क्रीडा करता है।

नियम ८५९ (पूरेरग्घाडाग्घवोद्धुमाङ्गुमाहिरेमाः ४।१६९) पूर् धातु को अग्घाड, अग्घव, उद्धुम, अङ्गुम, अहिरेम—ये आदेश विकल्प से होते हैं। पूरयति (अग्घाडइ, अग्घवइ, उद्धुमाइ, अङ्गुमाइ, अहिरेमइ, पूरइ) पूरा करता है, पूर्ति करता है।

नियम ८६० (त्वरस्तुवर-जअडौ ४।१७०) त्वरति को तुवर और जअड आदेश विकल्प से होता है। त्वरति (तुवरइ, जअडइ) शीघ्र होता है, तेज होता है।

नियम ८६१ (त्यादिशत्रोस्तूर ४।१७१) त्वरति को ति (तिप्) आदि और शतृ प्रत्यय परे हो तो तूर आदेश होता है। त्वरति (तूरइ) त्वरन् (तूरन्तो) शीघ्र होता हुआ।

नियम ८६२ (तुरोत्यादौ ४।१७२) अत्यादि (तिप् आदि छोड) प्रत्यय परे हो तो त्वर् धातु को तुर आदेश होता है। त्वरन् (तुरिओ, तुरन्तो)।

नियम ८६३ (क्षरः खिर-झर-पज्झर-पच्चड-णिच्चल-णिट्टुआः ४।१७३) क्षर् धातु को खिर, झर, पज्झर, पच्चड, णिच्चल, णिट्टुअ—ये छह आदेश होते हैं। क्षरति (खिरइ, झरइ, पज्झरइ, पच्चडइ, णिच्चलइ, णिट्टुअइ) टपकता है, गिरता है।

नियम ८६४ (उच्छल उत्थल्ल ४।१७४) उच्छलति को उत्थल्ल आदेश होता है। उच्छलति (उत्थल्लइ) उछलता है।

नियम ८६५ (विगलेस्थिप्प-णिट्टुहौ ४।१७५) विगलति को थिप्प और णिट्टुह आदेश विकल्प से होते हैं। विगलति (णिट्टुहइ, विगलइ) गल जाता है, नष्ट हो जाता है।

नियम ८६६ (दलि-वल्यो विसट्ट-वम्फौ ४।१७६) दल् धातु को विसट्ट और वल् धातु को वम्फ आदेश विकल्प से होता है। दलयति (विसट्टइ, दलइ) विकसता है, फटता है। वलते (वम्फइ, वलइ) लौटता है, वापस आता है।

नियम ८६७ (भ्रंशेः फिड-फिट्ट-फुड-फुट्ट-चुक्क-भुल्लाः ४।१७७) भ्रंश् धातु को फिड, फिट्ट, फुड, फुट्ट, चुक्क और भुल्ल—ये छह आदेश विकल्प से होते हैं। भ्रश्यति (फिडइ, फिट्टइ, फुडइ, फुट्टइ, चुक्कइ, भुल्लइ, भसइ) च्युत होता है, गिरता है।

नियम ८६८ (नशेर्णिरणास-णिवहावसेह-पडिसा-सेहावहराः ४।१७८) नश् धातु को णिरणास, णिवह, अवसेह, पडिसा, सेह, अवरेह—ये आदेश विकल्प से होते हैं। नश्यति (णिरणासइ, णिवहइ, अवसेहइ, पडिसाइ,

सेहइ, अवरेहइ, नस्सइ) भागता है, पलायन करता है।

नियम ८६६ (अवात् काशो वासः ४।१७६) अव से परे काश् धातु को वास आदेश होता है। अवकाशते (ओवासइ) अवकाश पाता है।

नियम ८७० (संदिशेरप्पाहः ४।१८०) संदिशति को अप्पाह आदेश विकल्प से होता है। संदिशति (अप्पाहइ, संदिसइ) संदेश देता है।

नियम ८७१ (दृशोनिअच्छपेच्छावयच्छावयज्झ-वज्ज-सव्वव-देक्खो अक्खावक्खावअक्ख-पुलोअ-पुलअ-निआवआस-पासाः ४।१८१) दृश् धातु को निअच्छ आदि पन्द्रह आदेश होते हैं। पश्यति (निअच्छइ, पेच्छइ, अवयच्छइ, अवयज्झइ, वज्जइ, सव्ववइ, देक्खइ, ओअक्खइ, अवक्खइ, अवअक्खइ, पुलोएइ, पुलएइ, निअइ, अवआसइ, पासइ) देखता है।

धातु प्रयोग वाक्य

किं समणीओ विएन अउंति, अइच्छंति, अणुवज्जंति, अवज्जसंति, उक्कुसंति, अक्कुसंति, पच्चड्डुंति, पच्छंदंति, णिम्महंति, णीति, णीणंति, णीलुक्कंति, पदअंति, रम्भंति, परिअल्लंति, वोलंति, परिअलंति, णिरिणासंति, णिवहंति, अवसेहंति, अवहरंति, गच्छंति वा। मनीसा विएगाओ अहिपच्चुअंति, आगच्छंति वा। सावगो साहुणो अभिमहुटइ, संगच्छइ वा। सो तुम उम्मत्थइ, अब्भागच्छइ। बालो विज्जालयाओ पल्लोट्टइ, पच्चागच्छइ वा। उवज्झायं पासिऊण विज्जट्ठिणो पटिसाति, परिसामति, समति वा। बाला उज्जाणे संखुट्टंति, खेड्डंति, उब्भावंति, किलिकिंचंति, कोट्टुमंति, मोट्टायंति, णीसरंति, वेल्लंति वा। तुज्झ गंथं अहं अग्घाडामि अग्घवामि, उद्धुमामि, अङ्गुमामि, अहिरेमामि, पूरामि वा। पहिओ वरिसं पासिऊण तुवरइ, जअडइ वा। तुरन्तो पहिओ पडइ। तुज्झ सिरकेसाओ पाणियबिंदूइं खिरंति, झरंति, पज्झरंति, पच्चडंति, णिच्चलंति, णिट्टुअंति वा। विवादे ईसरो उत्थल्लइ। कालपभावाओ नव्वाइं वत्थाइं वि णिट्टुहंति, विगलंति वा। रुक्खस्स पुप्फाइं विसट्टंति, दलंति वा। मंती णियदेसं वम्फइ, वलइ वा। समयं पूरित्ता देवा देवलोगाओ फिड्डंति, फिट्टंति, फुडंति, फुट्टंति, चुक्कंति भुल्लंति वा। साहूणं परीसेहिंतो पराभूओ सो णिरणासइ, णिवहइ, अवसेहइ, पडिसाइ, सेहइ, अवरेहइ, नस्सइ वा। किं तुम दिणे न ओवाससि? आयरियो जणा अप्पाहइ, संदिसइ वा। सो णियावगुणा निअच्छइ, पेच्छइ, अवयच्छइ, अवयज्झइ, वज्जइ, सव्ववइ, देक्खइ, ओअक्खइ, अवक्खइ, अवअक्खइ, पुलोएइ, पुलएइ, निअइ, अवआसइ, पासइ वा।

हिन्दी में अनुवाद करो

एगो मरुओ परदेसं गतूण साहापाराओ होऊण सविसयमागओ। तस्सऽन्नेण मरुएण 'ब्रह्मादाणिअ' त्तिकाउ दारिगा दिन्ना। सो य लोए

दक्खिणाओ लहइ। परे विभवे वट्टइ। तेण तीसे भारियाए सुबहुं अलंकारजायं दिन्न। सा निच्चमडिया अच्छइ। तेण भन्नइ—एस पच्चतगामो तो तुमं एयाणि आभरणणाणि तिहिपव्वणीसु आविधाहि, कहिं चि चोरा आगच्छेज्जा तो सुहं गोविज्जंति। सा भणइ—अह ताए वेलाए सिग्घमेवावणिस्सामि। अन्नया तत्थ चोरा पडिया। ते तमेव निच्चमडिया गिहमणुपविट्ठा। सा तेहिं सालकारा गहिया। सा य पणीयभोयणत्ताओ मसोवच्चियपाणिपाया न सक्कइ कडाईणि अवणेउ। तओ चोरेहिं तीसे हत्थे पाए छेत्तूण अवणीयाणि गिण्हिउं च अवक्कंता।

धातु का प्रयोग करो

वह अपने काम पर जाता है। जो जाता है वह कहा आता है? वह अच्छे व्यक्तियो की संगति करता है। श्रावक स्वागत के लिए साधुओ के सामने आते है। जो जाता है वह यहां वापस नही आता। उसके ध्यान से क्रोध शात होता है। क्या बालक सारे दिन क्रीडा करेगा? तुम्हारा अपूर्ण वाक्य मैं पूरा करता हू। वह युद्ध की गति को तेज करता है। मकान की छत से वर्षा की बूदे टपकती है। भडभुजे का चना गर्म रेत से उछलता है। बर्फ गलती है। अकुर फूटता है। पाच वर्षो के बाद वह अपने देश वापस आता है। जो धर्म से च्युत होता है उसके लिए स्थान कौन-सा है? किस दु ख के कारण तुम घर से पलायन करते हो? प्रधानमत्री देश को सदेश देता है। ईर्ष्या स्त्री जाति का जातिगत स्वभाव है। पुरुष का हृदय कठोर होता है। स्त्री का हृदय कोमल होता है। मनुष्य दूसरे की प्रगति को सहन नही करता है। किसी पर सदेह से आरोप मत लगाओ। अपनी संकल्पशक्ति बढाओ। संकल्प से असंभव कार्य भी सभव हो जाता है। मैं तुम्हारी प्रतीक्षा मे बहुत समय से वर्षा मे खडा हूं।

प्राकृत में अनुवाद करो

एक वृद्ध आदमी के छ पुत्र थे। वे हमेशा एक दूसरे से लडते थे। बूढे आदमी ने हर प्रकार से उनके बीच पारस्परिक स्नेह उत्पन्न करने का प्रयत्न किया। लेकिन उसके सारे प्रयास व्यर्थ हुए। अन्तत. एक दिन उसने सभी को अपने समक्ष बुलवाया। उसने उन्हे छडियो का एक बंडल दिया और बारी-बारी से उसे तोडने का आदेश दिया। क्रमानुसार प्रत्येक ने पूरे बल के साथ प्रयत्न किया लेकिन कार्य सिद्ध न हुआ। उसके बाद पिता ने बडल को खोल देने की आज्ञा दी। उसमे से प्रत्येक को एक-एक छडी देकर उसे दो भागो मे तोडने का आदेश दिया। बिना किसी प्रयास के प्रत्येक ने छडी तोड दी। पिता ने पुत्रो को कहा—एकता की शक्ति देखो। यदि तुम मित्रता के बंधन मे बधे रहोगे तो तुम्हे कोई भी हानि पहुंचाने मे समर्थ न होगा। यदि

तुम एक दूसरे से घृणा करोगे और आपस में कलह करोगे तो तुम लोग आसानी से शत्रुओं के शिकार हो जाओगे ।

प्रश्न

१. बर्फ, ऋद्धिसंपन्न, अंकुर, अनार्यदेश, वापस लौटना –इनके लिए प्राकृत शब्द बताओ ।

२. खद्धादाणिअ और आविच, अवणी तथा गोव धातु का अपने वाक्य में प्रयोग करो ।

३. णिम्मह, णीण, अहिपच्चुअ, अब्भिड, उम्मत्थ, पन्नोट्ट, पडिसा, परिसाम, उब्भाव, मोट्टाय, उद्धुम, अहिराग, तुवर, थिर, पज्झर, उत्थल्ल, णिट्टुह, विसट्ट, वम्फ, फिड, चुक्क, णिवह, ओवास, अप्पाह, अवयच्छ, पुलोअ आदेश किन-किन धातुओ को होता है ?

१०७ धात्वादेश (८)

शब्द संग्रह

दीक्षित—पव्वइयो
विश्राम—विस्सामं
प्रद्वेष—पओसो
हाकना—खेड (धातु)
गवाले की लडकी—गोवदारया
देखता हुआ—पलोइतो
उत्पथ—उप्पहो
बहुश्रुत, शास्त्रज्ञ—बहुस्सुओ
पास जाता हुआ—उवसप्पंत
अणालोड्य—प्रायश्चित्त के लिए अपने दोष को गुरु को न बताना
व्याकुल—अक्खित्त (वि)
पास—अब्भास (वि)

नियम ८७२ (स्पृशः फास-फंस-फरिस-छिव-छिहालुङ्खालिहाः ४।१८२) स्पृशति को फास, फस, फरिस, छिव, छिह, आलुङ्ख और आलिह—ये सात आदेश होते हैं। स्पृशति (फासइ, फसइ, फरिसइ, छिवइ, छिहइ, आलुङ्खइ, आलिहइ) छूता है।

नियम ८७३ (प्रविशेरिअः ४।१८३) प्रविशति को रिअ आदेश विकल्प से होता है। प्रविशति (रिअइ, पविसइ) प्रवेश करता है।

नियम ८७४ (प्रान्मृश-मुषोर्म्हुसः ४।१८४) प्र पूर्वक मृशति और मुष्णाति को म्हुस आदेश होता है। प्रमृशति (पम्हुसइ) स्पर्श करता है। प्रमुष्णाति (पम्हुसइ) चोरी करता है।

नियम ८७५ (पिषेर्णिवह-णिरिणास-णिरिणज्ज-रोञ्च-चड्डाः ४।१८५) पिष् धातु को णिवह, णिरिणास, णिरिणज्ज, रोञ्च, चड्ड—ये पाच आदेश विकल्प से होते हैं। पिनष्टि (णिवहइ, णिरिणासइ, णिरिणज्जइ, रोञ्चइ, चड्डइ, पीसइ) पीसता है।

नियम ८७६ (भषेर्भुक्कः ४।१८६) भष् धातु को भुक्क आदेश विकल्प से होता है। भषति (भुक्कइ, भसइ) भौंकता है।

नियम ८७७ (कृषेः कड्ढ-साअड्ढाञ्चाणच्छायञ्छाइञ्छाः ४।१८७) कृष् धातु को कड्ढ, साअड्ढ, अञ्च, अणच्छ, अयञ्छ, आइञ्छ—ये छ आदेश विकल्प से होते हैं। कर्षति (कड्ढइ, साअड्ढइ, अञ्चइ, अणच्छइ, अयञ्छइ, आइञ्छइ, करिसइ) खींचता है।

नियम ८७८ (असावक्खोडः ४।१८८) असि विषय में कृष् धातु को अक्खोड आदेश होता है। असिं कोशात् कर्षति (अक्खोडइ)।

नियम ८७६ (गवेषेर्डुण्ढुल्ल-ढण्ढोल-गमेस-घत्ताः ४।१८६) गवेष् धातु को ढुण्ढुल्ल, ढण्ढोल, गमेस, घत्त—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। गवेषयति (ढुण्ढुल्लइ, ढण्ढोलइ, गमेसइ, घत्तइ, गवेसइ) ढूढ़ता है, खोजता है।

नियम ८८० (श्लिषेः सामग्गावयास-परिअन्ताः ४।१९०) श्लिष्यति को सामग्ग, अवयास, परिअन्त—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। श्लिष्यति (सामग्गइ, अवयासइ, परिअन्तइ, सिलेसइ) आलिंगन करता है।

नियम ८८१ (म्रक्षेश्चोप्पडः ४।१९१) म्रक्ष् धातु को चोप्पड आदेश विकल्प से होता है। म्रक्षति (चोप्पडइ, मक्खइ) चोपड़ता है।

नियम ८८२ (काङ्क्षेराहाहिलङ्घाहिलङ्ख-वच्च-वम्फ-मह-सिह-विलुम्पाः ४।१९२) काङ्क्षति को आह, अहिलंघ, अहिलङ्ख, वच्च, वम्फ, मह, सिह, विलुम्प—ये आठ आदेश विकल्प से होते हैं। काङ्क्षति (आहइ, अहिलङ्घइ, अहिलङ्खइ, वच्चइ, वम्फइ, महइ, सिहइ, विलुम्पइ, कङ्खइ) चाहता है।

नियम ८८३ (प्रतीक्षेः सामय-विहीर-विरमालाः ४।१९३) प्रतीक्षते को सामय, विहीर, विरमाल—ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। प्रतीक्षते (सामयइ, विहीरइ, विरमालइ, पडिक्खइ) प्रतीक्षा करता है।

नियम ८८४ (तक्षेस्तच्छ-चच्छ-रम्प-रम्फाः ४।१९४) तक्ष् धातु को तच्छ, चच्छ, रम्प, रम्फ—ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। तक्ष्णोति (तच्छइ, चच्छइ, रम्पइ, रम्फइ, तक्खइ) पतला करता है, छीलता है।

नियम ८८५ (विकसेः कोआस-वोसट्टौ ४।१९५) विकसति को कोआस, वोसट्ट—ये दो आदेश विकल्प से होते हैं। विकसति (कोआसइ, वोसट्टइ, विअसइ)—विकास करता है।

नियम ८८६ (हसेर्गुञ्जः ४।१९६) हसति को गुञ्ज आदेश विकल्प से होता है। हसति (गुञ्जइ, हसइ हसता है।

नियम ८८७ (स्रंसेर्ल्हस-डिम्भौ ४।१९७) स्रंस् धातु को ल्हस, डिम्भ —ये दो आदेश विकल्प से होते हैं। स्रंसते (ल्हसइ, डिम्भइ, संसइ) खिसकता है, नीचे गिरता है।

नियम ८८८ (त्रसेर्डर-वोज्ज-वज्जाः ४।१९८) त्रस् धातु को डर, वोज्ज और वज्ज—ये तीन आदेश विकल्प से होते है। त्रस्यति, त्रसति (डरइ, वोज्जइ, वज्जइ, तसइ) डरता है।

नियम ८८९ (न्यसो णिम-णुमौ ४।१९९) न्यस्यति को णिम और णुम आदेश होते हैं। न्यस्यति (णिमइ, णुमइ) स्थापना करता है।

नियम ८९० (पर्यसः पलोट्ट-पल्लट्ट-पल्हत्थाः ४।२००) पर्यस्यति को पलोट्ट, पल्लट्ट, पल्हत्थ—ये तीन आदेश होते हैं। पर्यस्यति (पलोट्टइ, पल्लट्टइ, पल्हत्थइ) फेंकता है।

नियम ८९१ (निःश्वसेर्झङ्ख ४।२०१) निःश्वसिति को झङ्ख आदेश विकल्प से होता है। निःश्वसिति (झङ्खइ, नीससइ) नीसास लेता है।

नियम ८९२ (उल्लसेरूसलोसुम्भ-णिल्लस-पुलआअ-गुञ्जोल्लारोआः ४।२०२) उल्लसति को ऊसल, ऊसुम्भ, णिल्लस, पुलआअ, गुञ्जोल्ल, आरोअ—ये छ आदेश विकल्प से होते हैं। उल्लसति (ऊसलइ, ऊसुम्भइ, णिल्लसइ, पुलआअइ, गुञ्जोल्लइ ह्रस्वे गुञ्जुल्लइ आरोअइ, उल्लसइ) उल्लास पाता है।

नियम ८९३ (भासेर्भिसः ४।२०३) भास् धातु को भिस आदेश विकल्प से होता है। भासते (भिसइ, भासइ) शोभता है, चमकता है।

नियम ८९४ (ग्रसेर्घिसः ४।२०४) ग्रसति को घिस आदेश विकल्प से होता है। ग्रसति (घिसइ, गसइ) निगलता है।

नियम ८९५ (अवाद्गाहेर्वाहः ४।२०५) अव से परे गाह् को वाह आदेश विकल्प से होता है। अवगाहते (ओवाहइ, ओगाहइ) अवगाहन करता है।

नियम ८९६ (आरुहेश्चड-वलग्गौ ४।२०६) आरोहति को चड और वलग्ग आदेश विकल्प से होते हैं। आरोहति (चडइ, वलग्गइ, आरुहइ) चढता है।

नियम ८९७ (मुहे र्गुम्म-गुम्मडौ ४।२०७) मुह् धातु को गुम्म और गुम्मड आदेश विकल्प से होता है। मुह्यति (गुम्मइ, गुम्मडइ, मुज्झइ) मुग्ध होता है।

नियम ८९८ (दहेरहिऊलालुङ्खौ ४।२०८) दहति को अहिऊल और आलुङ्ख आदेश विकल्प से होता है। दहति (अहिऊलइ, आलुङ्खइ) जलाता है।

नियम ८९९ (ग्रहो-वल-गेण्ह-हर-पङ्ग-निरुवाराहिपच्चुआः ४।२०९) ग्रह् धातु को वल, गेण्ह, हर, पङ्ग, निरुवार और अहिपच्चुअ—ये आदेश विकल्प से होते हैं। गृह्णाति (वलइ, गेण्हइ, हरइ, पङ्गइ, निरुवारइ, अहि-पच्चुअइ) ग्रहण करता है।

धातु प्रयोग

पुत्तो पिअरस्स चरणा फासइ, फंसइ, फरिसइ, छिवइ, छिहइ, आलुङ्खइ, आलिहइ वा। मुणी चाउम्मासस्स पवेसाय णयरं रिअइ, पविसइ वा। सो तुज्झ सरीरं कहं पम्हुसइ? चोरो कस्स गिहं पम्हुसइ? मनीसा गोहूमं णिवहइ, णिरिणासइ, णिरिणज्जइ, रोञ्चइ, चड्डइ, पीसइ वा। कुक्कुरो भुक्कइ, भसइ वा। किसीवलो हलं कड्ढइ, साअड्ढइ, अञ्चइ, अणच्छइ, अयञ्छइ, आइञ्छइ। सेट्ठिणी पलवं ढुण्ढुल्लइ, ढण्ढोलइ, गमेसइ, घत्तइ,

गवेसइ वा। माआ पुत्ति सामग्गइ, अवयासइ, परिअन्तइ, सिलेसइ वा। भगिणी रुट्ठिअ चोप्पडइ, मक्खइ वा। तुमं किं अहिलंघसि, अहिलखसि, वच्चसि, वम्फसि, महसि, सिहसि विलुंपसि वा ? सो क सामयइ, विहीरइ, विरमालइ, पडिक्खइ वा। मोहणो लोभं तच्छइ, चच्छइ, रम्पइ, रम्फइ, तक्खइ वा ? रामो पइदिण कोआसइ, वोसट्टइ, विअसइ वा। तुमं कहं गुञ्जसि, हससि वा ? सण्हागणे पाया ल्हसंति, टिम्भति, ससंति वा। भगिणी णिसाए भूआओ डरइ, वोज्जइ, वज्जइ, तसइ वा। सो गिहे पडिमं णिमइ, णुमइ वा। रामो सरं पलोट्टइ, पल्लट्टइ, पल्हत्थइ वा। पत्तेयजीवो पऽक्खण भइइ, नीससइ वा। पुत्तस्स पगइं पासिऊण माआ ऊसलइ, ऊसुम्भइ, णिल्लसइ, पुलआअइ, गुञ्जो, ल्लइ, आरोअइ, उल्लसइ वा। तुज्झ कंठे हारो भिसइ, भासइ वा। धेणू तणाइं घिसइ, गसइ वा। मुणी अगसुत्ताणि ओवाहइ, ओगाहइ वा। मुणी झाणसेणिं चडइ, वलग्गइ, आरुहइ वा। तुम तस्स रुक्खस्स उवरिं कह गुम्मइ, गुम्मडइ, मुज्झइ वा ? तुज्झ ववहारो मज्झ हिअयं अहिऊलइ, आलुंखइ वा। सो तुज्झ पाणिं वलइ, गेण्हइ, हरइ, पङ्गइ, निरुवारइ, अहिपच्चुअइ वा।

हिन्दी में अनुवाद करो

दो भायरो पव्वइया। तत्थेगो बहुस्सुओ, एगो अप्पसुओ। जो बहुस्सुओ सो आयरिओ। सो सीसेहिं सुत्तत्थाणं निमित्तमुवसप्पतेहिं दिवसओ विस्सामं न लभइ। रत्तिं पि परिपुच्छणाईहिं सुविउं न लहइ। जो सो अप्पसुओ सो दिवसओ रत्तीए य सेच्छाए (स्वेच्छा) अच्छइ। अन्नया सो आयरिओ चिंतेइ—मे भाया पुन्नवंतो जो सुहं जेमेऊण सुहेण सुयइ। अम्हं पुण मंदपुन्नाणं रत्तिं पि निद्दा नत्थि। एवं च नाणपओसओ तेण नाणावरणिज्जं कम्म बद्ध। सो तस्स ठाणस्स अणालोइयपडिक्कंतो कालमासे कालं किच्चा देवलोएसु उववन्नो। तओ चुओ इहेव भारहे वासे आहीरघरे दारओ जाओ। कमेण वड्ढिओ जोव्वणत्थो जाओ विवाहिओ य। दारिया जाया अतीवरूववई। सा य भद्दकन्नया। कयाणि ताणि पियापुत्ताणि अन्नेहिं आभीरेहिं समं सगड घयस्स भरेऊण नगरं विक्किणणट्ठं पट्ठियाणि। सा य कन्नया सारहित्तं सगडस्स करेइ। ततो ते गोवदारया तीए रूवेणऽक्खित्ता तीसे सगडस्स अब्भासगयाइं सगडाइ उप्पहेण खेडंति तं पलोइंता। ताइं सव्वाइं सगडाइं उप्पहेणं भग्गाइं। तओ तीए नामक कयं 'असगड' त्ति इयरस्स 'असगडपिय' त्ति। तस्स त चेव वेरग्ग जायं। तं दारियं परिणावेउ सव्वं च घरसारं दाऊण पव्वइओ।

धातु का प्रयोग करो

श्रावक साध्वियो को नही छूते है। वह अपने नए घर मे शुभ वेला मे प्रवेश करता है। उसका छोटा पुत्र अभी चोरी क्यो करता है ? अधिकारी ने कहा—समय आने पर मैं उसको पीस दूगा। कुत्ता रात मे कब भौंकता है ?

वह मुश्किल से अपने परिवार का भार खीचता है। क्षत्रिय म्यान से तलवार को किसलिए खीचता है? साधु घर-घर मे जाकर शुद्ध आहार को खोजता है। शीत से बचाने के लिए माता बच्चे का आलिंगन करती है। रोगी तेल से अपने शरीर को चोपडता है। तुम मुझ से क्या चाहते हो? प्रतिदिन मैं तुम्हारी प्रतीक्षा करता हू। साधु अपने पात्र को पतला करता है। प्रति वर्ष वह विकास करता है। बात कहने से पूर्व वह क्यों हंसता है? पहाड से बर्फ नीचे गिरती है। कठोर अनुशासन से सब डरते है। कौन वस्तु तुम मेरे लिए स्थापना करते हो? बालक क्रोध से पुस्तक को फेंकता है। उसने उच्छ्वास लिया पर निःश्वास नही लिया। शिष्य गुरु के पास रहकर उल्लास पाता है। उसके शरीर पर धुले हुए श्वेत वस्त्र अधिक शोभते हैं। सांप चूहे को निगल जाता है। उसने २५ वर्षों तक सूत्रो का अवगाहन किया। वह क्रमशः ऊपर चढता है। तुम किस रूप पर मुग्ध हुए हो?

प्राकृत में अनुवाद करो

एक वृद्ध मनुष्य अपने उद्यान मे आम्र वृक्षों के रोपने मे अत्यन्त-परिश्रम कर रहा था। एक युवक मनुष्य ने उन्हे देखकर हंसी उडाई और कहा—आपके ये प्रयत्न अत्यन्त निरर्थक हैं। आप अत्यन्त वृद्ध हैं और इन वृक्षो के फलो का स्वाद लेने के लिए आप जीवित नही रहेगे। वृद्ध मनुष्य ने शातिपूर्वक अपनी आखे उठायी और युवक पुरुष की ओर देखते हुए कहा—प्यारे बच्चे! तुमने अच्छा प्रश्न किया है। मेरे जन्म लेने के पूर्व ही किसी ने इन विशाल वृक्षों को उद्यान मे रोपा था और मैं उनके मधुर फलो को खा रहा हू। अब मैं इन वृक्षो को रोपता हूं ताकि तुम्हारे जैसे नवयुवक लोग मेरी मृत्यु के बाद फल खा सकें। यह उत्तर सुनकर वह लडका लज्जित हुआ और उसने वृद्ध मनुष्य के अच्छे विचारों की प्रशंसा की।

प्रश्न

१ पव्वइयो, विस्सामं, पओसो, बहुस्सुओ, उवसप्पंत, अणालोइय, अक्खित्त, पलोइंत, अब्भास—इन शब्दो का अर्थ बताओ।

२. फास, फंस, रिअ, पम्हुस, पम्हुस, णिरिणास, चड्ड, भुक्क, सामड्ढ, अणच्छ, घत्त, ढुण्ढुल्ल, अवयास, चोप्पड, अहिलङ्घ, मह, सामय, रम्प, गुञ्ज, ल्हस, डर, वोज्ज, णम, पलोट्ट, झङ्ख, ऊसल, पुलआअ, भिस, घिस, ओवाह, गुम्म—ये आदेश किन-किन धातुओ को होता है?

शब्द संग्रह

असिवं—मारी रोग	उवद्दवं—उपद्रव
भूयवाइय—भूतवादिक	निहालेयव्वं—देखना चाहिए
अलाहि—अलं, बस	चिप्पिड—चिपटे नाक वाला
आमय—रोग	नायरया—नगर जन
पिवासा—प्यास	

नियम ६०० (गमिष्यमासां छः ४।२१५) गम्, इष्, यम् और आस् धातुओं के अंत को छ होता है। गच्छइ, इच्छइ, जच्छइ, अच्छइ।

नियम ६०१ (छिदि-भिदो न्दः ४।२१६) छिद् और भिद् के अन्त्य को न्द आदेश होता है।

द्7न्द—छिद्=छिन्द। भिद्=भिन्द।

नियम ६०२ (युध-बुध-गृध-क्रुध-सिध-मुहां ज्झः ४।२१७) युध्, बुध्, गृध्, क्रुध्, सिध् और मुह् धातुओं के अन्त को ज्झ होता है।

ध्7झ—युध्=जुज्झ। बुध्=बुज्झ। गृध्=गिज्झ। क्रुध्=कुज्झ। सिध्=सिज्झ।

ह्>झ—मुह्=मुज्झ।

नियम ६०३ (रुधो न्ध म्भौ च ४।२१८) रुध् के अन्त्य वर्ण को न्ध, म्भ और ज्झ होता है।

ध्7न्ध, म्भ—रुध्=रुन्धइ, रुम्भइ, रुज्झइ।

नियम ६०४ (सद-पतोर्डः ४।२१९) सद् और पत् धातु के अन्त्य को ड होता है।

द्, त्7ड—सद्=सडइ। पत्=पडइ।

नियम ६०५ (क्वथ-वर्धां ढः ४।२२०) क्वथ् और वर्ध् धातु के अन्त्य को ढ होता है।

थ्, ध7ढ - क्वथ्=कढइ। वर्ध्=वड्ढइ।

नियम ६०६ (वेष्टः ४।२२१) वेष्ट् वेष्टने धातु के (नियम ३६४ क ग ट ड २।७७) से ष् का लोप होने के बाद अन्त्य ट को ढ होता है।

ट्>ढ—वेष्ट्=वेढइ।

नियम ६०७ (समो ल्लः ४।२२२) सं पूर्वक वेष्ट् धातु को ल्ल

होता है।
ट्>ल्ल—संवेष्ट्=संवेल्लइ।

नियम ६०८ (वोदः ४।२२३) उद् से परे वेष्ट् के अन्त्य को ल्ल विकल्प से होता है।

ट्>ल्ल—उद्वेष्ट्=उव्वेल्लइ, उव्वेढइ।

नियम ६०९ (स्विदां ज्जः ४।२२४) स्विद् जैसी दकारान्त धातुओं के अन्त्य को ज्ज होता है।

द्>ज्ज—स्विद्=सिज्जइ। संपद्=सपज्जइ। खिद्=खिज्जइ।

नियम ६१० व्रज-नृत-मदां च्चः ४।२२५) व्रज्, नृत् और मद् धातुओ के अन्त्य वर्ण को च्च होता है।

ज,त,द 7 च्च—व्रज्=वच्चइ। नृत्=नच्चइ। मद्=मच्चइ।

नियम ६११ (रुद-नमो वं. ४।२२६) रुद् और नम् धातु के अन्त्य वर्ण को व होता है।

द्, म्>व—रुद्=रुवइ। नम्=नवइ।

नियम ६१२ (उद्विज ४।२२७) उद् पूर्वक विज् धातु के अन्त्य वर्ण को व होता है।

ज् 7 व—उद्विज्—उव्विवइ।

नियम ६१३ (खाद-धावो लुंक् ४।२२८) खाद् और धाव् धातु के अन्त्य वर्ण का लुक् होता है।

द् 7 लुक्—खाद्=खाइ, खामइ। खाहिइ, खाउ।

व् 7 लुक्—धाव=धाइ, धाहिइ, धाउ। बहुलाधिकारात् वर्तमान, भविष्य और विध्यर्थ के एकवचन मे ही लुक् होता है। बहुवचन होने से यहा नही हुआ है—खादन्ति, धावन्ति। कही पर नही भी होता—धावइ पुरओ (आगे दौडता है।)

हिन्दी में अनुवाद करो

असिवोवद्दवे नयरे आदन्नस्स स पुरजणवयस्स राइणो समीव तिन्नि भूयवाइया आगया। भणन्ति—अम्हे असिवं उवसमावेमो त्ति। राइणा भणियं—सुणेमो केणुवाएण ? त्ति। तत्थेगो भणइ—अत्थि मम भतसिद्धमेगं भूयं अलकियविभूसिय त सव्वजणमणहरं रूवं विउव्विऊण गोपुररत्थासु लीलायत परियडइ, त न निहालेयव्वं, तं निहालियं रूसइ। जो पुण त निहालेइ सो विणस्सइ। जो पुण त पेच्छिऊण अहोमुहो ठाइ सो रोगाओ मुच्चइ। राया भणइ—अलाहिं मे एएण अइरूसणेण।

बीयो भणइ—महव्वयं भूयं महइ महालयं रूव विउव्वइ लंबोयर चिप्पिटं विउअकुच्छि पंचसिरं एगपायं विसिहं विभत्सरूव अट्टट्टहास मुयंतं

गायंतं पणच्चमाणं तं च विकयरूवं परिभमंतं दट्ठूण जो पओसइ उवहसइ पवंचेइ वा तस्स सत्तहा सिरं फुट्टइ। जो पुण तं सुहाहिं वायाहिं अहिनंदइ धूवपुप्फाइएहिं पूएइ सो सव्वामयाण मुच्चइ। राया भणइ—अलाहि एएणं वि। तइओ भणइ—ममावि एव विज्जा चेव गाढवेगकरं भूयमत्थि, पियापियकारि दंसणाओ एव रोगेहिंतो मोयइ। एवं होउ त्ति। तेण तहा कए असिवं उवसंतं। तुट्ठो राया। आणंदिया नायरया। पूइओ सो भूयवाई सव्वेहिं पि।

प्राकृत में अनुवाद करो

ग्रीष्म ऋतु में एक दिन एक यात्री जंगल में होकर जा रहा था। जब अपराह्न काल हुआ तब उसे प्यास लग गई। सभी जलाशय और नदियां सूख गई थीं। उसे अपनी प्यास बुझाने के लिए कहीं भी पानी नहीं मिला। अंत में वह नारियल के वृक्ष के नीचे आया। वृक्ष पर कोमल नारियल लगे थे। वृक्ष लम्बे होने के कारण वह नारियल के फल तक नहीं जा सकता था। वृक्ष पर अनेक बंदरों को बैठा हुआ देखकर उस चतुर यात्री ने एक उपाय सोचा। उसने भूमि पर से कुछ पत्थरों को लेकर लगातार बंदरों पर फेंका। बंदर भी नारियल फल को तोड़कर यात्री को मारने लगे। उसने उन नारियलों को बड़े आनंद से संगृहीत कर लिया। उनके मधुर जल से अपनी प्यास बुझा कर वह अपने पथ पर चल दिया। सहजबुद्धि मनुष्य का परम साथी है।

प्रश्न

१. नीचे लिखे रूपों में बताओ धातु के किस वर्ण को किस नियम से क्या आदेश हुआ है? जच्छ, गिज्झ, सिज्झ, रुम्भ, रुज्झ, मढ, पढ, वेढ, संवेल्ल, उव्वेल्ल, खिज्ज, वच्च, मच्च, उव्विव।

२ असिव, अलाहि, चिप्पिड, जत्ती, नायरया—इन शब्दों के अर्थ बताओ और वाक्य में प्रयोग करो।

१०६ धातुवर्णादेश (२)

शब्द संग्रह

पट्ठिओ—प्रस्थान किया	पच्छओ—पीछे से
खुड्डओ—छोटा साधु	समावडिया—सामने आई
तिसा—प्यास	नित्थर—पार करना (धातु)
खतओ (दे०)—बाप	पडिच्छइ—ग्रहण करना
सत्तसारय—जीवो को याद करने वाला	विउस (वि)—विद्वान्
मलिण—मैला	फट्टिअंवत्थं—फटे वस्त्र
पारेवय—कबूतर	आसा—आशा, अभिलाषा

नियम ६१४ (सृजोरः ४।२२६) सृज्, धातु के अन्त्य को र होता है। ज्>र सृज्—निसिरइ, वोसिरइ। वोसिरामि।

नियम ६१५ (शकादीनां द्वित्वम् ४।२३०) शक् आदि धातुओ का अन्त्य वर्ण द्वित्व हो जाता है। शक्—सक्कइ। जिम्—जिम्मइ। लग्—लग्गइ। मग्—मग्गइ। कुप्—कुप्पइ। नश्—नस्सइ। अट्—अट्टइ। परिअट्टइ। लुट्—पलोट्टइ। तुट्—तुट्टइ। नट्—नट्टइ। सिव्—सिव्वइ। इत्यादि।

नियम ६१६ (स्फुटि चले. ४।२३१) स्फुट् और चल् धातु के अन्त्य को द्वित्व विकल्प से होता है। स्फुट्—फुट्टइ, फुडइ। चल्—चल्लइ, चलइ।

नियम ६१७ (प्रादे र्मीलः ४।२३२) प्र आदि से परे मील् धातु के अन्त्य वर्ण को द्वित्व विकल्प से होता है। पमील्—पमिल्लइ, पमीलइ। निमिल्लइ, निमीलइ। समिल्लइ समीलइ। उम्मिलइ, उम्मीलइ। प्र आदि न होने से द्वित्व नही होता है—मीलइ।

नियम ६१८ (उवर्णस्यावः ४।२३३) धातु के अन्त्य उवर्ण को अव आदेश होता है।

उवर्ण 7 अव न्हुङ्—निण्हवइ। हु—निहवइ। च्युङ्—चवइ। रु—रवइ। कु—कवइ। सू—सवइ, पसवइ।

नियम ६१९ (ऋवर्णस्यार. ४।२३४) धातु के अन्त्य ऋवर्ण को अर आदेश होता है।

ऋवर्ण 7 अर कृ—करइ। धृ—धरइ। मृ—मरइ। वृ—वरइ। सृ—सरइ

हृ—हरइ। तृ—तरइ। जृ—जरइ।

नियम ९२० (वृषादीनामरिः ४।२३५) वृष् जैसी धातुओं के ऋवर्ण को अरि आदेश होता है।

ऋवर्ण 7 अरि वृष्—वरिसइ। कृष्—करिसइ। मृष्—मरिसइ। हृष्—हरिसइ। जिन धातुओं के अरि आदेश दिखाई दें उन्हें इस नियम के अन्तर्गत समझें।

नियम ९२१ (रुषादीना दीर्घः ४।२३६) रुस् जैसी धातुओं का स्वर दीर्घ हो जाता है।

उ 7 ऊ रुस्—रूसइ। तुष्—तूसइ। शुष्—सूसइ। दुष्—दूसइ। पुष्—पूसइ। शिष्—सीसइ।

नियम ९२२ (युवर्णस्य गुणः ४।२३७) धातु के इवर्ण और उवर्ण को गुण हो जाता हैं, क्ङिति प्रत्यय परे हो तो।

इवर्ण, उवर्ण 7 गुण जि—जेऊण। णी—नेऊण, नेइ, नेंति। डी—उड्डेइ, उड्डेंति। मुच्—मोत्तूण। श्रु—सोऊण।

नियम ९२३ [स्वराणां स्वराः ४।२३८] धातुओं के स्वरों के स्थान पर स्वर विकल्प से होते हैं।

स्वर 7 स्वर हवइ—हिवइ। चिणइ, चुणइ। सद्दहणं, सद्दहाणं। धावइ, धुवइ। रुवइ, रोवइ। कहीं-कहीं पर नित्य होता है।

दा—देइ। ली—लेइ। हा—विहेइ। नश्—नासइ।

नियम ९२४ (चि-जि-श्रु-हु-स्तु-लू-पू-धूगां-णो ह्रस्वश्च ४।२४१) चि, जि, श्रु, हु, स्तु, लू, और पू धातु के अंत में णकार का आगम होता है और इनका स्वर ह्रस्व हो जाता है। चिणइ, जिणइ, सुणइ, हुणइ, थुणइ, लुणइ, पुणइ। बहुलाधिकार से कहीं ण विकल्प से होता है। उच्चिणइ, उच्चेइ। जेऊण, जिणिऊण। जयइ, जिणइ। सोऊण, सुणिऊण।

नियम ९२५ (धातवोर्थान्तरेपि ४।२५९) धातुओं के अर्थ बताए गए हैं उनसे भिन्न अर्थ में भी धातुएं प्रयुक्त होती हैं। जैसे—बलि. प्राणने खादने पि। बलइ खादति, प्राणन करोति वा। कलिः संख्याने सज्ञानेपि। कलइ जानाति, संख्यान करोति वा। रिगिर्गतौ प्रवेशेपि। रिगइ गच्छति, प्रविशति वा। काक्षते वंम्फ आदेश. प्राकृते। वम्फइ इच्छति, खादति वा। फक्कतेस्थक्क आदेश.। थक्कइ नीचागतिकरोति, विलम्बयति वा। विलप्युपालम्भ्योर्झङ्ख आदेशः। झङ्खइ, विलपति, उपालभते, भाषते वा। पडिवालेइ प्रतीक्षते, रक्षति वा।

हिन्दी में अनुवाद करो

उज्जेणी णयरी। तत्थ धणमित्तो नाम वाणियओ। तस्सपुत्तो धणसम्मो नाम। सो धणमित्तो पुत्तेण सह पव्वइओ। अन्नया य ते साहू विहरता मज्झण्ह-

समए एलगच्छपुरपहे पट्ठिया । सो वि खुड्डओ तिसाए अभिभूओ सणियं सणियमेइ। सो वि से खतओ सिणेहाणुरागेण पच्छओ एइ । साहुणो वि पुरओ वच्चंति । अतरा य नई समावडिया । खंतएण भणिय—एहि पुत्त ! पियसु पाणिय । नित्थरेसु आवइ, पच्छा आलोएज्जासि । सो न इच्छइ । खतो नई उत्तिन्नो, चितइ य ओसरामि मणागं जावेस खुड्डओ पाणियं पियइ । मा मम आसकाए न पाहिति एगते पडिच्छइ जाव खुड्डो पत्तो नइं । दढव्वयाए सत्तसारयाए ण पीय । अन्ने भणति—अईववाहिओ ह त पिवामि पाणियं । पच्छा गुरुमूले पायच्छित्त पडिवज्जिस्सामि त्ति उक्खित्तो जलजली । अह से चिता जाया । कहमेए हलाहलए जीवे पिवामि । जओ एगम्मि उदगबिंदुम्मि, जे जीवा जिणवरेहिं पन्नत्ता ।

ते पारेवयमेत्ता, जबूद्दीवे ण माएज्जा ॥१॥

सो अइसविग्गेण न पीय, उत्तिन्नो नइ । आसाए छिन्नाए नमोक्कार झायंतो सुहपरिणामो कालगओ देवेसु उववन्नो ।

प्राकृत में अनुवाद करो

एक समय एक बहुत बडा विद्वान् जो गरीब था, राजा के घर खाना खाने के लिए गया। फटे वस्त्रो से सज्जित होने के कारण राजा ने एक भी शब्द स्वागत मे नही कहा। पडित ने शीघ्र ही इसे समझ लिया। इस प्रकार के व्यवहार का कारण मेरे ये वस्त्र है। दूसरे दिन वह अच्छे वस्त्रो से भूषित होकर उसी सज्जन के घर गया। राजा ने उसका स्वागत किया और आदर दिया। वह उन्हे भोजनगृह मे ले गया। भोजन करने के पहले ही अतिथि ने अपने ऊपर के वस्त्रो को पृथ्वी पर फैला दिया और तीन मुट्ठी भात उन पर फेंक दिया। जब ब्राह्मण मे पूछा गया कि आपने ऐसा क्यो किया ? तब उसने उत्तर दिया—कल मैं आपके पास गदे वस्त्रो मे आया था। आपने मुझे कुछ शब्दो के योग्य भी न समझा। लेकिन आज इन वस्त्रो के कारण ही आपने मुझे आदर दिया है।

प्रश्न

१ सृज्, शक्, स्फुट्, चल्, पमील्—इन धातुओ के अन्त्य वर्ण को क्या आदेश होता है ? उदाहरण सहित बताओ।

२ धातु के अन्त्य उवर्ण और ऋवर्ण को क्या आदेश होता है।

३ रुस् आदि और वृष् आदि धातुओ को क्या आदेश होता है ? सोदाहरण बताओ।

४. किन धातुओ के अत मे णकार का आगम होता है और दीर्घस्वर ह्रस्व हो जाता है ?

५. नीचे लिखी धातुए किन-किन अर्थों मे प्रयुक्त होती है ? वलि, कलि, रिग्, काक्षति, फक्क, पडिवाल।

नियम ६२७ (अधः क्वचित् ४।२६१) शौरसेनी मे वर्णान्तर के पश्चाद् कही-कही अध स्थित त को द होता है।

त 7 द—निश्चिन्त (निच्चिन्दो)। शकुन्तला (सउन्दला)। अन्त.पुरम् (अन्देउर)।

नियम ६२८ (वादे स्तावति ४।२६२) शौरसेनी मे तावत् शब्द के आदि त को द विकल्प से होता है।

त 7 द—तावत् (दाव, नाव)।

नियम ६२९ (थो धः ४।२६७) शौरसेनी में पद के अनादि मे होने वाले थ को ध विकल्प से होता है।

थ 7 ध—नाथः (णाधो, णाहो)। कथम् (कध, कह्)। राजपथ. (राजपधो)।

नियम ६३० (न वा र्यो य्यः ४।२६६) शौरसेनी मे र्य के स्थान मे य्य विकल्प से होता है।

र्य 7 य्य—आर्यपुत्रः (अय्यउत्तो)। पर्याकुल (पय्याकुलो) पक्षे पज्जाकुलो (द्य य्य र्यां जः २।२४ नियम ३१७ से ज हुआ है।)

नियम ६३१ (पूर्वस्य पुरवः ४।२७०) शौरसेनी मे पूर्व शब्द को पुरव आदेश विकल्प से होता है। अपूर्वं (अपुरवं) पक्षे अपुव्वं। (सर्वत्र लवरा २।७९ नियम ३९६ से र लोप, अनादौ शेषादेशयो २।८९ नियम ४२० से द्वित्व)।

नियम ६३२ (मोन्त्याण्णो वेदेतोः ४।२७९) शौरसेनी मे अन्त्य मकार से परे इकार और एकार को णकार का आगम विकल्प से होता है। युक्तमिदम् (जुत्तंणिमं, जुत्त मिण), किमेतत् (किं णेद, किमेद) एवमेतत् (एवं णेदं, एवमेदं)। सदृशं इदं (सरिसं णिमं, सरिसमिणं)।

शब्दसिद्धि

नियम ६३३ (अतो ङसेर्डादो-डादू ४।२७६) शौरसेनी मे अकार से परे ङसि को डादो और डादु आदेश विकल्प से होता है।

ङसि 7 डादो, डादु—जिनात् (जिणादो, जिणादु), वीरात् (वीरादो, वीरादु)।

नियम ६३४ (तस्मात् ताः ४।२७८) शौरसेनी मे तस्माद् को ता आदेश होता है।

तस्माद् 7 ता—तस्माद् (ता)। तस्मात् यावत् प्रविशामि (ता जाव पविसामि) तस्मात् अल एतेन मानेन (ता अलं एदिणा माणेण)।

नियम ६३५ (भवद्-भगवतोः ४।२६५) शौरसेनी मे भवत् और भगवत् शब्द से परे सि प्रत्यय हो तो न् को म् हो जाता है।

न् 7 म्—भवान् (भव) भगवान् (भगव)। कही पर अन्य शब्दो को भी म् हो जाता है। मघवान् (मघव), संपादितवान् (संपाइअवं) कृतवान्

(कयवं)।

नियम ६३६ (आ आमन्त्र्ये सौ वेनो नः ४।२६३) शौरसेनी में इन् के नकार को आ विकल्प से होता है, आमन्त्रण अर्थ में होने वाला सि प्रत्यय परे हो तो। हे सुखिन् (सुहिआ, सुहि।)

नियम ६३७ (मो वा ४।२६४) शौरसेनी में आमन्त्रण सि परे हो तो नकार को म विकल्प से होता है।

न् > म्—हे भगवन् (भयवं, भयव)।

नियम ६३८ (इह-हचो र्हस्य ४।२६८) शौरसेनी में (मध्यमस्ये त्थाहचौ ३।१४३) से इह शब्द के होने वाले हच् (ह) को ध विकल्प से होता है।

ह > ध—इह (इध, इह)। भव (होध, होह)। परित्रायध्वम् (परित्तायध, परित्तायह)।

नियम ६३९ (इदानीमो दाणिं ४।२७७) शौरसेनी में इदानी के स्थान पर दाणि आदेश होता है।

इदानीं > दाणि—इदानीम् (दाणि)। अन्याम् इदानी बोधिम् (अण्ण दाणि बोहिं)।

अव्यय

नियम ६४० (एवार्थे य्येव ४।२८०) शौरसेनी में एव अर्थ में य्येव निपात है। स एव एषः (सो य्येव एसो)।

नियम ६४१ (हञ्जे चेट्याह्वाने ४।२८१) दासी को बुलाने में हञ्जे निपात है। हे चतुरिके (हञ्जे चदुरिके)।

नियम ६४२ (हीमाणहे विस्मय-निर्वेदे ४।२८२) विस्मय और निर्वेद अर्थ में हीमाणहे निपात है। विस्मये—आश्चर्यं यत् जीवत्वत्सा मे जननी (हीमाणहे जीवन्तवच्छा मे जननी)। निर्वेदे—दुःखं, यत् परिश्रान्ता वयं एतेन निजविधे: दुर्व्यवसितेन (हीमाणहे पलिस्सन्ता हगे एदेण नियविधिणो दुव्वसिदेण)।

नियम ६४३ (णं नन्वर्थे ४।२८३) ननु अर्थ मे णं निपात है। ननु भवान् मम अग्रत: चलति (ण भवं मे अग्गदो चलदि) आर्ष में वाक्यालंकार में भी—नमोत्थु णं, जया णं, तया ण।

नियम ६४४ (अम्महे हर्षे ४।२८४) हर्ष अर्थ मे अम्महे निपात है। हर्षः, यत् एतस्या सूर्मिलया सुपरिगृद्धः भवान् (अम्महे एआए सुम्मिलाए सुपलिगढिदो भवं)।

नियम ६४५ (हीहीविदूषकस्य ४।२८५) शौरसेनी मे विदूषको के हर्ष मे हीही निपात है। हर्षः यत् सपन्ना मनोरथाः प्रियवयस्यस्य (हीही

भो संपन्ना मणोरधा पियवयस्सस्स) ।

धातु रूप

नियम ६४६ (भुवो भः ४।२६९) शौरसेनी मे भुव (भू) के ह को भ विकल्प से होता है।

ह>भ—भवति (भोदि, होदि)।

नियम ६४७ (दिरिचेचोः ४।२७३) इच् (इ) एच् (ए) के स्थान पर दि होता है। भवति (भोदि, होदि)।

नियम ६४८ (अतो देश्च ४।२७४) अकार से परे इ और ए के स्थान पर दे और दि होता है। भवति (भुवदे, भुवदि, हुवदे, हुवदि)। गच्छति (गच्छदे, गच्छदि)। रमते (रमदे, रमदि)।

नियम ६४९ (भविष्यति स्सिः ४।२७५) शौरसेनी मे भविष्य अर्थ मे विहित प्रत्यय (हि, हा, स्सा) को स्सि होता है। भविष्यति (भविहिदि, भविस्सिदि)। गमिष्यति (गमिहिदि, गमिस्सिदि)।

कृदन्त

नियम ६५० (क्त्व इय-दूणौ ४।२७१) शौरसेनी मे क्त्वा प्रत्यय को इय, दूण आदेश विकल्प से होते हैं। भूत्वा (भविय, भोदूण)। रन्त्वा (रमिय, रन्दूण) पक्ष मे भोत्ता, रन्ता।

नियम ६५१ (कृ-गमो डडुअ ४।२७२) कृ और गम् से परे क्त्वा प्रत्यय को डडुअ आदेश विकल्प से होता है। कृत्वा (कडुअ, करिय, करिदूण)। गत्वा (गडुअ, गच्छिय, गच्छिदूण)।

नियम ६५२ शेषं प्राकृतवत् ४।२८६) शौरसेनी मे बताए गए नियमो के अतिरिक्त शेप नियम प्राकृत के ही लगते है।

प्रयोग वाक्य

(१) भयव मज्झ भाव जाणदि (भगवान् मेरे भाव को जानते है)। (२) पादेसु पणामिअ णिव्वत्तेहि ण (चरणो मे प्रणाम कर लौट आओ)। (३) इध राअउले त दे भोदु (इस राजकुल मे वह तुम्हारे लिए हो)। (४) भव कध गच्छदि तस्स पासे (आप उसके पास कैसे जाते हैं) ? (५) णाधस्स का परिभाषा भोदि (नाथ की क्या परिभाषा होती है) ? (६) दाणि अय्याए कय्य को करिस्सदि (इस समय आर्या का कार्य कौन करेगा) ? (७) अम्हाण पुरदो को गच्छदि (हमारे आगे कौन जाता है) ? (८) ईदिस भयव दूरे वन्दीअदि (ऐसे भगवान को दूर से नमस्कार किया जाता है)। (९) सो कय्य करिदूण निश्चिन्दो रादीए सुवइ (वह कार्य करके रात मे निश्चिन्त हो सोता है)। (१०) अण्णं अण्णं णिमन्तेदु दाव भवं (तब तक आप दूसरे-दूसरे को निमन्त्रित करें)। (११) एसो

वाआए पच्चाचक्खिदो (वह वाणी से प्रत्याख्यात (अस्वीकृत) करे। (१२) हिअएण अणुबन्धीअमाणो गच्छीअदि (हृदय से अनुसरण किया जा रहा है)। (१३) दक्खिणाए रक्खणा भविस्सदि (दक्षिणा से रक्षा होगी)। (१४) सो एव्व दाणि गच्छदि (वही इस समय जाता है)। (१५) भवं अप्पेणावि तुस्सदि (आप थोड़े से ही संतुष्ट हो जाते हैं)। (१६) ता अहं इदो य्येव आअच्छदि (मैं यहां ही आ रहा हूं)। (१७) कव्वं जेव दे कइत्तणं पिसुणेदि (काव्य ही तुम्हारे कवित्व को बता रहा है)। (१८) आवेअक्खलिदाए गदीए परिभट्टं मे हत्थादो पुप्फभाअणं (आवेग से स्खलित गति के कारण मेरे हाथ से पुष्पों का बर्तन गिर गया)।

शौरसेनी में अनुवाद करो

इस घर में मेरा कौन है? इस समय तुम्हारे पुत्र कहां मिलेंगे? भगवान के पास क्या मांगते हो? भगवान सबको देखते हैं। आप क्या करेंगे, मेरे भगवान आप ही हैं। मैतार्य क्या कहेगा? आप यहां कैसे आएंगे? आपने मेरा कार्य किया (कयवं)। राजपथ पर सब चलते हैं। वह रात्रि में निश्चित हो सुख की नींद सोता है। वह गुरु के आगे क्यों चलता है? क्या आप संतुष्ट हैं? अनाथ कौन नहीं है? शकुन्तला कण्वमुनि का सेवन करती है। सुता विकथा नहीं करती है। प्रभा प्रभात में प्रभु के प्रवचन को पढ़ती है। तुम्हें सत्य कथा कहनी चाहिए (भणिदव्व)। अच्छा (होदु) इन (एदाण) लोगों का कार्य कौन करेगा? वहां जाकर मैं बात पूछूंगा। पुस्तक पढ़कर मैं उत्तर दूंगा। वीर से कौन नहीं डरता है?

प्रश्न

१. शौरसेनी में त और थ को किस नियम से क्या आदेश कहां होता है?
२. र्य को य्य होता है या और कुछ आदेश होता है, किस नियम से?
३. शौरसेनी में नकार को णकार कहां होता है?
४. अकारान्त शब्द से ङसि प्रत्यय परे होने पर क्या रूप बनता है?
५. शौरसेनी में इदानीं, एव, विस्मय और ननु अर्थ में क्या अव्यय है?
६. हीही, अम्महे अव्यय किस अर्थ में प्रयोग में आते हैं? एक-एक वाक्य बनाओ।
७. क्त्वा प्रत्यय को क्या-क्या आदेश होता है?
८. भविष्य अर्थ में क्या प्रत्यय होता है?

○ प्राकृत मे जो उपसर्ग है वे ही मागधी मे है। मागधी के नियमों के अनुसार अक्षर परिवर्तन कर लेना चाहिए। नियम ६५४ के अनुसार र को ल और स को श होता है। परि=पलि, परा=पला, सं=श आदि।

○ नियम ६५३ से ज को य और नियम ६५५ से छ को श्च होता है। इन नियमो के अनुसार शब्द परिवर्तन इस प्रकार होता है— अरिहत=अलिहंत। जिण=यिण। पुच्छ=पुश्च। पिच्छ=पिश्च। सर्व=शव्व। वीर=वील। महावीर=महावील आदि।

○ मागधी मे अकारान्त पुंलिग शब्द के रूप प्राकृत की तरह चलते है किन्तु मागधी मे कुछ विशेप परिवर्तन होता है। प्रथमा के एकवचन में वीरो का वीले बनता है, वीलो नही। पचमी के एकवचन का वीर शब्द का वीलादो और वीलादु बनता है।

○ षष्ठी के एक वचन का वीलाह, वीलश्श (वीरस्य) बनता है।

○ षष्ठी के बहुवचन का वीलाहं, वीलाण (वीराणाम्) बनता है।

○ मागधी में क्त्वा प्रत्यय को दाणि होता है। कृत्वा=करिदाणि, सोढ्वा—शहिदाणि।

○ मागधी मे क्त प्रत्ययान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन (सि) प्रत्यय को उ होता है। हसिदु, हसिदे (हसितः) पढिदु (पठित)

○ मागधी मे धातु रूप मे भी शाब्दिक परिवर्तन होता है। क्रियातिपत्ति मे हो धातु के रूप—होन्दो (पु) होन्दी (स्त्री) होन्द (नपु) इसी प्रकार अन्य धातुओ के बनते हैं।

भण् धातु के भविष्यकाल के रूप

	एकवचन	बहुवचन
प्र० पु०	भणिश्शदि, भणिश्शदे	भणिश्शिंति, भणिश्शिते, भणिश्शिइरे
म० पु०	भणिश्शिशि, भणिश्शिशे	भणिश्शिह, भणिश्शिध, भणिस्सिइत्था
उ० पु०	भणिश्शं, भणिश्शिमि	भणिश्शिमो, भणिश्शिमु, भणिश्शिम

सरल (असंयुक्त) व्यंजन

नियम ६५३ (ज-द्य-या य. ४।२९२) मागधी मे ज, द्य और य को य आदेश होता है।

ज>य—जानति (याणदि)। जन. (यणे)। जनपद. (यणवदे)। अर्जुनः (अय्युणे)। दुर्जनः (दुय्यणे)। गर्जति (गय्यदि)। गुणवर्जितः (गुणवय्यिदे)।

य>य—यदा (यधा)। याति (यादि)। यदि (यदि)। यानपात्रम् (याणवत्तं)। यस्य यत्वविधानं (आदे यॊजः १।२४५) बाधनार्थम्।

नियम ९५४ (रसोर्ल-शौ ४।२८८) मागधी में र को ल और स को श होता है।

र>ल—नर (नले)। धीवर. (धीवले)। कर. (कले)। पुरुष. (पुलिशे)।
स>श—हंस. (हंशे)। सः (शे)। सारस. (शालशे)। नाना (नाणा)। मासे (माप)।
श>श—शलणे (शरणः) शत्तू (शत्रु.) पिशल पारा २२१ के अनुसार श को श।

संयुक्त व्यंजन परिवर्तन

द्य>य—मय्यं (मद्यम्)। अय्य (अद्य)। यिय्याहले (विद्याधर)। नियम ९५३ से।

नियम ९५५ (छस्यश्चोनादौ ४।२९५) मागधी में अनादि छ को श्च होता है।

छ>श्च—गश्च (गच्छ)। पुश्चदि (पृच्छति)। उश्चलदि (उच्छलति)। पिश्चिले (पिच्छिलः)।

नियम ९५६ (ट्ट-ष्ठयोस्टः ४।२९०) मागधी में ट्ट और ष्ठ को स्ट होता है।

ट्ट>स्ट—पट्टः (पस्टे)। भट्टारिका (भस्टालिका)। भट्टिनी (भस्टिणी)।
ष्ठ>स्ट—कोष्ठ (कोस्टे)। सुष्ठु. (शुस्टु)। कोष्ठागारं (कोस्टागालं)।

नियम ९५७ (न्य-ण्य-ज्ञ-ञ्जां ञ्ञः ४।२९३) मागधी में न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज को ञ्ञ होता है।

न्य>ञ्ञ—मन्युः (मञ्ञू)। अभिमन्युः (अहिमञ्ञू)। अन्य. (अञ्ञे)। सामान्यः (शामञ्ञे)। कन्यका (कञ्ञका)।
ण्य>ञ्ञ—पुण्यवान् (पुञ्ञवन्ते)। अब्रह्मण्यम् (अवम्हञ्ञं)। पुण्याहं (पुञ्ञाहं)। पुण्यम् (पुञ्ञ)।
ज्ञ>ञ्ञ—प्रज्ञा (पञ्ञा)। अवज्ञा (अवञ्ञा)। सर्वज्ञः (शव्वञ्ञे)।
ञ्ज>ञ्ञ—अञ्जली (अञ्ञली)। धनञ्जयः (धणञ्ञए)। प्राञ्जलः (पञ्ञले)।

नियम ९५८ (स-षो: संयोगे सोऽग्रीष्मे ४।२८९) मागधी में संयोग में सकार और षकार हो तो उसे स हो जाता है ग्रीष्म शब्द को छोड़कर।

यह नियम ऊर्ध्वलोपादि का अपवाद है। प्रस्खलति (प्रस्खलदि)। हस्तिन् (हस्ती)। बृहस्पति. (बुहस्पदी)। मस्करी (मस्कली)। विस्मयः (विस्मये)। शुष्क (शुस्क)। कष्टम् (कस्टं)। विष्णुम् (विस्नुं)। निष्फलं (निस्फलं)।

नियम ९५९ (स्थ-र्थयोः स्तः ४।२९१) मागधी में स्थ और र्थ को स्त होता है।

स्थ7स्त—उपस्थित. (उवस्तिदे)। सुस्थित. (शुस्तिदे)।

र्थ>स्त—अर्थः (अस्ते)। सार्थवाह. (शस्तवाहे)।

नियम ९६० (क्षस्य ᳵकः ४।२९६) मागधी मे अनादि मे होने वाले क्ष को ᳵक होता है।

क्ष>ᳵक—यक्षः (यᳵके)। राक्षसः (लᳵकशे)।

शब्द रूप

नियम ९६१ (अत एत्सौ पुंसि मागध्याम् ४।२८७) मागधी मे अकार को एकार होता है पुलिंग की सि परे हो तो।

अ7ए—नरः (नले)। कतर (कयरे)। एष. (एशे)। मेष. (मेशे)। पुरुष (पुलिशे)।

नियम ९६२ (अवर्णाद् वा ङसो डाहः ४।२९९) मागधी मे अवर्ण से परे ङस् को डाह आदेश विकल्प से होता है।

ङस्7डाह—जिनस्य (यिणाह)। पक्षे यिणस्स। कर्मण. (कम्माह)। इदृशस्य (एलिशाह)। शोणितस्य (शोणिदाह)।

नियम ९६३ (आमो डाहं वा ४।३००) मागधी मे अवर्ण से परे आम् को डाह आदेश विकल्प से होता है। जिनानाम् (यिणाहं, यिणाण)।

व्यत्ययात् प्राकृतेपि—कर्मणाम् (कम्माहँ) तेषां (ताहँ) युष्माकम् (तुम्हाहँ) सरिताम् (सरिआहँ) अस्माकम् (अम्हाहँ)

आदेश

नियम ९६४ (अहं-वयमोर्हगे ४।३०१) अहं और वयं को हगे आदेश होता है। अहं (हगे)। वयं (हगे)

[अस्मद. सौ हके हगे अहके ११।९] वररुचि के अनुसार मागधी मे अहं को हके, हगे और अहके—ये तीन आदेश होते हैं। अह भणामि (हके, हगे अहके भणामि)

[शृगालशब्दस्य शिआला शिआलका ११।७ वररुचि] शृगाल को शिआल और शिआलक आदेश होते हैं। शृगालः आगच्छति (शिआले, शिआलके आगच्छदि)

[हृदयस्य हडक्कः ११।६ वररुचि] हृदय शब्द को हडक्क आदेश होता हैं। हृदये आदरो मम (हडक्के आदले मम)

धातु रूप

नियम ९९५ (व्रजो जः ४।२९४) मागधी में व्रज् के ज् को ञ्ज होता है। व्रजति (वञ्जदि)।

नियम ९९६ (तिष्ठश्चिष्ठः ४।२९८) मागधी में स्था धातु के तिष्ठ को चिष्ठ आदेश होता है। तिष्ठति (चिष्ठदि)।

नियम ९९७ (स्कः प्रेक्षाचक्षोः ४।२९७) मागधी में प्रेक्ष और आचक्ष के क्ष को स्क होता है। प्रेक्षते (पेस्कदि)। आचक्षते (आचस्कदि)।

कृदन्त प्रत्यय

[क्त्वो दाणिः ११।१६ वररुचि] क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर दाणि आदेश होता है। सोढ्वा गतः (शहिदाणि गडे)। कृत्वा आगत (करिदाणि आअडे)।

[क्तान्तादुश्च ११।११ वररुचि] क्त प्रत्ययान्त शब्द से परे सि को उ होता है। हसितः (हशिदु, हशिदे)।

[कृञ् मृङ् गमां क्तस्य डः ११।१५ वररुचि] कृञ् करणे, मृ और गम् धातु से परे क्त को ड होता है। कृतः (कडे)। मृतः (मडे)। गतः (गडे)।

नियम ९९८ (शेषं शौरसेनीवत् ४।३०२) शेष नियम प्राकृत शौरसेनी के समान है।

प्रयोग वाक्य

(१) अश कहिं गश्चदि (यह कहां जाता है)? (२) हगे कुडुम्बभलणं कलेमि (मैं कुटुम्ब का भरण करता हूं)। (३) यणे शव्वं न याणदि (मनुष्य सब नहीं जानता है)। (४) शे भोयणं कलिदाणि गश्चदि (वह भोजन करके जाता है)। (५) अज्जा! धम्मशञ्चअं कलेध (आर्यो! धर्म का संचय करो)। (६) शञ्जमेध णिअपोटं (अपने पेट को नियन्त्रण में रखो)। (७) इंदियचोला हलन्ति चिलशञ्चिदं धम्मं (इंद्रिय रूपी चोर चिरसंचित धर्म को हरण करते हैं)। (८) णिच्चं जग्गेध झाणपडहेण (ध्यान रूपी नगारे से हमेशा जागृत रहो)। (९) एकश्शिं दिवशे शे गुणवय्यिदे कह गय्यिदे (एक दिन वह गुण वर्जित होने पर भी कैसे गरजा)? (१०) पुलिशे! अस्तश्श पभावं पेक्खिश्शं (पुरुष! अर्थ का प्रभाव देखूंगा)। (११) अणिच्चदाए पेक्खिअ यवन्न दाव धम्माण शलणं म्हि (अनित्यता से (संसार) को देखकर मैं अब केवल धर्म की शरण में आ गया हूं)। (१२) हडक्के आदले मम (मेरे हृदय में आदर है)। (१३) हगे केलिशे अस्तशञ्चअं कलेमि, मए शह न गमिश्शं (मैं कैसा अर्थ संचय करता हूं, मेरे साथ नहीं जाएगा)। (१४) तश्श दालिद्दं पणट्ठं (उसका दारिद्र्य नष्ट हो गया)। (१५) हगे पुञ्ञवन्ते, गुलुशलणे आअडे (मैं पुण्यवान हूं,

गुरु की शरण मे आ गया हूं)। (१६) अय्य तुए सुस्टु कडे (आज तुमने अच्छा किया)। (१७) कस्टे आगडे वि शे शत्तुशलणं न गश्चदि (कष्ट आने पर भी वह शत्रु की शरण मे नही जाता है)। (१८) शे कोस्टागालं पेस्कदि (वह कोष्ठागार को देखता है)। (१९) यधा शे तत्थ गमिश्श तधा हगे आगमिश्शं (जब वह वहा जाएगा तब मैं आऊंगा)। (२०) तुए कधं हसिदु (तुम कैसे हसे)? (२१) शे णलं शग्ग गाहदि (वह मनुष्य स्वर्ग जाता है)। (२२) हगे गामान्तलवाशी म्हि (मैं गाम मे रहने वाला हूं)।

मागधी में अनुवाद करो

यह नर क्या पूछता है? पुरुष क्या चाहता है? कष्ट सहन कर वह स्वर्ग मे जाएगा। आज वह उसके घर आएगा। तुम क्या जानते हो? वह मनुष्य कहा जाएगा? (वञ्जिश्श)? दुर्जनो का कार्य मैं नही करूगा (करिश्श)। वह अभी (शम्पद) मद्य नही पीएगा। वह केवल (णवल) घर-वासी है। मैं धर्म की शरण मे जाता हू। उसकी अवज्ञा कौन करेगा? धनंजय पुण्यवान् है। हस पूर्व कर्मो का फल पूछता है। कौन उछलता है? तुमने अच्छा किया। क्या अन्य मनुष्य भी ऐसा करेंगे? सामान्य मनुष्य भी आचार्य को जानता है? क्या उसका पुण्य निष्फल होगा? जब जब वह हंसता है तब तब मैं उसकी अवज्ञा करता हू। मैं उसकी जाति (यादि) नही पूछूगा। तुम्हारे कर्मों का फल किसके पास जाएगा?

प्रश्न

१ मागधी मे द्य, ज और य को क्या आदेश होता है?

२. र, स और श को मागधी मे होने वाले आदेशो के एक-एक उदाहरण दो।

३. मागधी मे क्त्वा प्रत्यय को कौन सा प्रत्यय आदेश होता है? दो उदाहरण दो।

४ क्त प्रत्ययान्त शब्दो को सिं प्रत्यय परे होने पर क्या आदेश बनता है?

५ आम् प्रत्यय को क्या आदेश होता है?

६ मागधी मे हृदय के लिए क्या शब्द प्रयोग में आता है?

७ व्रज्, तिष्ठ, प्रेक्षा और चक्ष् धातुओ को मागधी मे क्या आदेश होता है?

८. ट्ट, ष्ठ, न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज शब्दो को किस नियम से क्या आदेश होता है? एक-एक उदाहरण दो।

सरल व्यंजन परिवर्तन

नियम ९६९ (टोस्तुर्वा ४।३११) पैशाची में टु को तु विकल्प से होता है।

टु>तु—कटुकम् (कतुकं, कटुकं)। कुटुम्बकम् (कुतुम्बकं, कुटुम्बकम्)।

नियम ९७० (णो नः ४।३०६) पैशाची में ण को न होता है।

ण>न—गुणः (गुनो)।

नियम ९७१ (लो ळः ४।३०८) पैशाची में ल को ळ होता है।

ल>ळ—जलम् (जळं)। सलिलम् (सळिळं)। कमलम् (कमळं)। नीलं (नीळं)।

नियम ९७२ (श-षोः सः ४।३०९) पैशाची में श और ष को स होता है।

श>स—शक्रः (सक्को)। शशी (ससी)। शोभते (सोभति)। शोभनं (सोभनं)।

ष>स—विषमः (विसमो)।

नियम ९७३ (हृदये यस्य पः ४।३१०) पैशाची में हृदय शब्द के य को प होता है।

य>प—हृदयकम् (हितपकं)।

नियम ९७४ (तदोस्तः ४।३१०) पैशाची में त और द को त होता है। भगवती (भगवती)। सदनं (सतन)।

संयुक्त व्यंजन परिवर्तन

नियम ९७५ (ज्ञोञ्ञः पैशाच्याम् ४।३०३) पैशाची में ज्ञ को ञ्ञ होता है।

ज्ञ>ञ्ञ—सर्वज्ञः (सव्वञ्ञो)। संज्ञा (सञ्ञा)। प्रज्ञा (पञ्ञा)। विज्ञानम् (विञ्ञानं)।

नियम ९७६ (राज्ञो वा चिञ् ४।३०४) पैशाची में राजन् शब्द के ज्ञ को चिञ् आदेश विकल्प से होता है।

ज्ञ>चिञ्—राज्ञा (राचिञा, रञ्ञा)।

नियम ९७७ (न्य-ण्योर्ञ्ञः ४।३०५) पैशाची में न्य और ण्य को ञ्ञ होता है।

न्य>ञ्ञ—कन्यका (कञ्ञका)। अभिमन्यु: (अभिमञ्ञू)।
ण्य 7ञ्ञ—पुण्याहं (पुञ्ञाहं)।

नियम ९७८ (र्य-स्न-ष्टां रिय-सिन-सटाः क्वचित् ४।३१४) पैशाची मे र्यं, स्न और ष्ट के स्थान पर क्रमशः रिय, सिन और सट आदेश कहीं-कहीं होते है।

र्यं 7रिय—भार्या (भारिया)।
स्न>सिन—स्नातं (सिनातं)।
ष्ट 7ड—कष्ट (कसटं)।

शब्दरूप

नियम ९७९ (अतो ङसेर्डातो डातू ४।३२१) पैशाची मे अकार से परे ङसि को डातो (आतो) और डातु (आतु) आदेश होते हैं। त्वद् (तुमातो, तुमातु)। मद् (ममातो, ममातु)।

नियम ९८० (तदिदमोष्टा नेन स्त्रियां तु नाए ४।३२२) पैशाची में तद् और इदं को टा प्रत्यय सहित नेन आदेश होता है। स्त्रीलिंग मे नाए आदेश होता है। तेन, अनेन, एनेन (नेन)। तया, अनया (नाए)।

नियम ९८१ (यादृशादेर्दुस्तिः ४।३१७) पैशाची मे यादृश जैसे शब्दों के दृ को ति आदेश होता है। यादृशः (यातिसो)। तादृशः (तातिसो)। अन्यादृश (अञ्ञातिसो)।

धातु रूप

नियम ९८२ (इचेचः ४।३१८) पैशाची मे इच् (इ) एच् (ए) को ति आदेश होता है। भवति (भोति)। नयति (नेति)।

नियम ९८३ (आत्तेश्च ४।३१९) पैशाची मे अकार से परे इ और ए को ते तथा चकार से ति आदेश होता है। रमति (रमति, रमते)। लपति (लपति, लपते)। आस्ते (अच्छति, अच्छते)। गच्छति (गच्छति, गच्छते)।

नियम ९८४ (भविष्यत्येय्य एव ४।३२०) पैशाची मे भविष्यकाल की इ और ए परे हो तो उनको एय्य ही होता है। स्सि नही। भविष्यति (हुवेय्य)।

कृदन्त प्रत्यय

नियम ९८५ (क्त्वस्तून. ४।३१२) पैशाची मे क्त्वा प्रत्यय को तून आदेश होता है।

क्त्वा 7तून—गत्वा (गन्तून)। हसित्वा (हसितून)। पठित्वा (पठितून)। कथित्वा (कधितून)।

नियम ९८६ (द्धून-त्थूनौ ष्ट्वः ४।३१३) पैशाची मे ष्ट्वा रूप को द्धून और त्थून होते हैं। दृष्ट्वा (तद्धून, तत्थून)। नष्ट्वा (नद्धून, तत्थून)।

नियम ९८७ (क्यस्येय्य: ४।३१५) पैशाची में क्य प्रत्यय को इय्य आदेश होता है। दीयते (दिय्यते)। रम्यते (रमिय्यते)। पठ्यते (पठिय्यते)।

नियम ९८८ (कृगो डीर: ४।३१६) पैशाची में कृ धातु से परे क्य को डीर आदेश होता है। क्रियते (कीरते)।

नियम ९८९ (न क-ग-च-जादि षट्-शम्यन्त-सूत्रोक्तम् ४।३२४) पैशाची में (कगचजतदपयवा प्रायो लुक् १।१७७) से लेकर (षट् शमी शाव सुधा सप्तपर्णे ष्वादे श्छ: १।२६५) तक के सूत्र जो कार्य करते हैं वह पैशाची मे नहीं होता है।

नियम ९९० (शेषं शौरसेनीवत् ४।३२३) पैशाची में शेप नियमों का कार्य शौरसेनी के समान है।

चूलिका पैशाची

नियम ९९१ (चूलिका-पैशाचिके तृतीय-तुर्ययो राद्य-द्वितीयौ ४।३२५) चूलिकापैशाची में वर्ग के तृतीय और चतुर्थ वर्ण को क्रमश: पहला और दूसरा वर्ण हो जाता है। नगरं (नकर)। मेघ: (मेखो)। राजा (राचा)। निर्झर. (निच्छरो)। डमरुक: (टमरुको)। गाढम् (काठं)। मदन. (मतनो)। मधुरम् (मथुरं)। बालक. (पालको)। रभस (रफसो)।

नियम ९९२ (नादि-युज्योरन्येषाम् ४।३२७) चूलिकापैशाची में अन्य आचार्यों के मत से वर्ण का तीसरा और चतुर्थवर्ण आदि मे हो तो उसे प्रथम और द्वितीय वर्ण नहीं होते हैं। तथा युज् धातु को आदेश नहीं होता है। गति: (गती)। धर्म: (धम्मो)। जीमूत: (जीमूतो)। झर्झर. (झच्छरो)। डमरुक: (डमरुको)। ढक्का (ढक्का)। दामोदर: (दामोतरो)। बालक: (बालको)। भगवती (भकवती)। नियोजितम् (नियोजितं)।

नियम ९९३ (रस्य लो वा ४।३२६) चूलिका पैशाची मे र को ल विकल्प से होता है। हरम् (हलं, हरं)।

नियम ९९४ (शेषं प्राग्वत् ४।३२८) चूलिका पैशाची मे शेप नियम पैशाची के समान चलते हैं। नकर, मक्कनो—इनके न को ण नहीं होता। ण का न तो हो जाता है।

प्रयोग वाक्य

तत्तो तुम सयगुनो वुद्धिमंतो सि। तुज्झ हितपके केत्तिलो णेहो अत्थि? मतन मारिउं को समत्थो अत्थि? किं तस्स पुञ्ञं पवल विज्जति? यातिसो अहं मि तातिसो तुम्हाण समक्खं मि। पञ्ञ अतरेण तस्स को मुल्लो अत्थि? तुम्ह कुतुम्बकस्स पालणं को करेय्य? सो सव्वञ्ञं महावीरं किं पुच्छइ? कञ्ञाए पण्हो को अत्थि? घर गन्तून सा किं पढेय्य? सो पोत्थय तद्धून उत्तरं लिहति। सो-केणावि सह न गच्छेय्य। किं सा तुज्झ साउज्जं

करेय्य ? नरो यातिसं करेति तातिसं फल लभति। सा पठिनून कि करेय्य। रायपहे को याचति ? अय्यस्स किं अभिहाणं अत्थि ? सो घरे गन्तून रमेय्य। नाए किं कीरते। ससी निसाए गगने सोभति। तुज्झ सतने (सदने) सता (सदा) सुद्धी कथं न भवति ? तु पासिउं अह सता जागरूओ मि। तुज्झ मुह-मडल तत्थून, नाममतं जवितून य अह आनंद अनुभवामि। नेन किं दिय्यते ? सिसुना घरागने रमिय्यते अज्जत्ता तुज्झदसण देवयाए अहिय दुल्लह अत्थि। तुज्झ भगस्स णिम्माण तुज्झ हत्थेसु विज्जति। तुमं ममातो किं इच्छसि ? हितपके सता गुणाण पइट्ठं करेहि सो पढितून विएस गच्छेय्य। कल्लं सो किं जंपेय्य। समयं नद्धून सो किं पाएय्य ?

चूलिका पैशाची

सपइ नकरस्स पिआ को अत्थि? मेखो आकाशे सोभइ। निच्छरो सयमं वहइ। कूरकम्मेहिं काठ वघण वघइ। अह मथुर फळ भुंजिउ अभिलसामि। पालको विज्जालये पढइ। हळस्स देवालये सख को वायइ ? नती (नदी) रफसेण वहइ। भकवतीए सरस्सईए देवीए आराहण पालको करेइ। अस्स पएसस्स को राचा अत्थि ?

पैशाची में अनुवाद करो

(पैशाची के नियमो मे आए हुए शब्दो का प्रयोग करो। जो शब्द उसमे न मिले उन्हे शौरसेनी मे खोजो। वहा भी न मिले तो प्राकृत के शब्दो का प्रयोग करो।)

तुम्हारे कुटुम्ब मे कितने आदमी हैं ? दूध मे क्या गुण है ? क्या तुम जानते हो ? शक्र ने कब दर्शन दिए थे ? शशी तारो के साथ आकाश मे अच्छा लगता है। मेरे हृदय की बात क्या तुम जान सकते हो ? आज हमारे सदन मे कौन आएगा ? मदन (कामदेव) बहुत बलवान् होता है। सदा सत्य बोलना चाहिए। सर्वज्ञ को पूर्णरूप से कौन जान सकता है ? प्रज्ञा का महत्त्व तुम नही जानते। आहार संज्ञा के कारण मनुष्य क्या करता है ? विज्ञान का कार्य है सत्य को प्राप्त करना। कन्या का अध्ययन लडके से कई गुना अधिक है। अभिमन्यु ने कब क्या सीखा था ? जैसा तुम व्यवहार करोगे वैसा फल पाओगे। उसने कथा कब कही थी ? कथा कहकर वह कब उठेगा ? वह पढेगा या घर जाएगा ? सूर्य को आंखो से कौन देखेगा ? चद्रमा को देखकर उसने क्या कहा था ? विवाद मे समय नष्ट कर वह हानि मे रहेगा। क्या वह खेलकर अपनी शक्ति को बढाता है। परीक्षा का परिणाम देखकर वह हसेगा या रोएगा ? जो परीक्षा मे अनुत्तीर्ण होता है, वह अगले वर्ष मे दुगुणे परिश्रम से पढता है। तुम्हे देखकर उसकी याद आती है। तुम्हारा हृदय क्या पत्थर से भी अधिक कठोर है। तुम पढते हो तो बिना मन से पढते हो।

तुम्हारा मन स्थिर नही है। मन मे संकल्प करो इस वर्ष मैं परीक्षा में प्रथम आऊंगा। मन का संकल्प बलवान् होता है। जब तक तुम्हारा पुण्य बलवान् है, तुम्हारा नुकसान नही होगा। हृदय में भगवान का स्मरण करो। कुटुम्ब मे कौन ब्रह्मचारी है ? जैसी शक्ति हो वैसी तपस्या करो।

चूलिका पैशाची में अनुवाद करो

नगर के बाहर उद्यान है। इस नगर मे तुम कितने वर्षों से रहते हो ? मेघ को देखकर मन प्रसन्न होता है। मेघ का रंग कैसा है ? निर्झर किस गांव के पास है ? निर्झर का पानी मीठा है। किस क्रिया से कर्मो का गाढ बंधन बंधता है। मधुर फल कौन-कौन से है ? मधुर व्यवहार से मनुष्य दूसरे के दिल को जीत लेता है। बालक कहा रोता है ? बालक की माता कहा गई है ? महादेव की पूजा मंदिर मे होती है। महादेव का मंदिर यहा से कितनी दूर है ? भगवती चण्डी देवी की आराधना कौन करता है ? पानी वेग से बहता है।

प्रश्न

१. पैशाची मे ट्, ण और ल को क्या आदेश होता है ?
२. य को प कहा होता है ?
३. ज्ञ, न्य और ण्य को किस नियम से क्या आदेश होता है ? उदाहरण देते हुए स्पष्ट करो।
४. भारिया, सिनातं, कसटं में किस शब्द को क्या आदेश हुआ है ?
५. टा प्रत्यय को नेन और नाए आदेश कहां और किन शब्दो को होता है ?
६. भविष्यकाल के इ और ए प्रत्यय को क्या आदेश होता है ? पाच उदाहरण दो।
७. क्त्वा प्रत्यय को क्या आदेश होता है ? द्धून और त्थून रूप किस प्रत्यय को किस धातु के योग से होता है ?
८. चूलिका पैशाची में वर्ग के तृतीय और चतुर्थ वर्ण को क्या-क्या आदेश होता है ? प्रत्येक के एक-एक उदाहरण दो।

शब्द संग्रह

हउं—मैं	अम्हे, अम्हइं—हम दोनो/हम सब
तुहु—तू, तुम	तुम्हे, तुम्हइं—तुम दोनो/तुम सब
सो—वह	ते—वे दोनो/वे सब
सा—वह (स्त्री)	ता—वे दोनो/वे सब (स्त्री)
ज—जो (पु)	क (पु, नपुं)—कौन
जा—जो (स्त्री)	का (स्त्री)—कौन
कवणा (स्त्री)—कौन	कवण (पुं, नं) कौन

धातु संग्रह

वइट्ठ—बैठना	रूस—रूसना
सय—सोना	णच्च—नाचना
जग्ग—जागना	ण्हा—स्नान करना
लुक्क—छिपना	हरिस—प्रसन्न होना
जीव—जीना	हस—हसना

- जिण और मुणि शब्द याद करो। देखो—परिशिष्ट ३ संख्या १,२ गामणी, साहु और सयभू शब्द के रूप मुणि शब्द की तरह चलते है। देखो—परिशिष्ट ३ संख्या ३,४,५।
- हस धातु और हो धातु के वर्तमान काल के रूप याद करो। देखो—परिशिष्ट ४ संख्या १,२।

अपभ्रंश

१. अपभ्रंश मे चार प्रकार के ही शब्द मिलते हैं—(१) अकारान्त (२) आकारान्त (३) इकारान्त (४) उकारान्त।

२. अपभ्रंश मे चार प्रकार के कालवर्णित हैं—(१) वर्तमानकाल (२) विधि एवं आज्ञा (३) भूतकाल (४) भविष्यकाल।

सरल व्यंजन परिवर्तन

नियम ९९५ (अनादौ स्वरादसंयुक्तानां क-ख-त-थ-प-फां ग-घ-द-ध-ब-भाः ४।३९६) अपभ्रंश मे पद की अनादि मे क, ख, त, थ, प, फ हो तो उनको क्रमश ग, घ, द, ध, ब और भ आदेश होते हैं। क को ग—करं

(गरु)। ख को घ—सुखेन (सुघि)। त और थ को द और ध—कथितं (कधिदु)। प को ब—शपथं (सबधु)। फ को भ—सफलं (सभलउं)। ये शब्द श्लोकों के अन्तर्गत हैं, इसलिए आदि में नहीं हैं।

नियम ९९६ (मोनुनासिको वो वा ४।३९७) अपभ्रंश में अनादि असंयुक्त वर्तमान म को अनुनासिक व (वँ) विकल्प से होता है। कमलं (कँवलु, कमलु)।

संयुक्त वर्णपरिवर्तन

नियम ९९७ (वाधो रो लुक् ४।३९८) अपभ्रंश में संयुक्त वर्ण में र अधः (दूसरा) हो तो उसका लोप विकल्प से होता है। प्रियः (पिउ, प्रिय)।

नियम ९९८ (म्हो म्भो वा ४।४१२) अपभ्रंश में म्ह को म्भ विकल्प से होता है। ग्रीष्मः (गिम्भो)। म्ह शब्द संस्कृत में नहीं है। प्राकृत में (पक्ष्म-श्म-ष्म-स्म-ह्मां म्हः २।७४) से म्ह आदेश होता है। उसी का यहां ग्रहण है।

नियम ९९९ (आपद्-विपत्-संपदां द इः ४।४००) अपभ्रंश में आपद्, विपद् और संपद् के द् को इ होता है। आपद् (आवइ)। विपद् (विवइ)। संपद् (संपइ)।

आगम

नियम १००० (अभूतोपि क्वचित् ४।३९९) अपभ्रंश में कहीं पर न होने पर भी र हो जाता है। व्यासो महर्षिः (व्रासु महारिसी)।

नियम १००१ (परस्परस्यादिर: ४।४०९) अपभ्रंश में परस्पर शब्द के आदि में अकार हो जाता है। परस्परम् (अवरोप्परु)।

आदेश

नियम १००२ (स्वराणां स्वराः प्रायोपभ्रंशे ४।३२९) अपभ्रंश में स्वरों के स्थान पर प्रायः स्वर होते हैं। क्वचित् (कच्चु, काच्च)। वीणा (वेण, वीण)। बाहु (बाह, बाहा, बाहु)। पृष्ठम् (पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि)। तृणः तणु, तिणु, तुणु)। प्राय. शब्द का अर्थ है—अपभ्रंश के नियमों से कहे जाते हैं उनका भी कहीं प्राकृत की तरह और कहीं शौरसेनी की तरह कार्य होता है।

नियम १००३ (अन्यादृशोऽन्नाइसावराइसौ ४।४१३) अपभ्रंश में अन्यादृश शब्द को अन्नाइस और अवराइस दो आदेश होते हैं। अन्यादृशः (अन्नाइसो, अवराइसो)।

नियम १००४ (प्रायसः प्राउ-प्राइव-प्राइम्ब-पग्गिम्वाः ४।४१४) अपभ्रंश में प्रायस् शब्द को प्राउ, प्राइव, प्राइम्व, पग्गिम्व—ये चार आदेश

होते हैं। प्रायस् (प्राउ, प्राइव, पाइम्व, पग्गिम्व)।

नियम १००५ (वान्यथोनु ४।४१५) अपभ्रंश मे अन्यथा शब्द को अनु आदेश विकल्प से होता है। अन्यथा (अनु, अन्नह)।

नियम १००६ (कुतसः कउ-कहन्ति हु ४।४१६) अपभ्रंश मे कुतस् शब्द को कउ और कहन्तिहु ये दो आदेश होते हैं। कुतः (कउ, कहन्तिहु)।

नियम १००७ (ततस्तदो स्तोः ४।४१७) अपभ्रंश मे ततः (तस्मात्) और तदा शब्दो को तो आदेश होता है। ततः (तो)। तदा। (तो)।

नियम १००८ (एवं-परं-समं-ध्रुवं-मा-मनाक-एम्व पर समाणु ध्रुवु मं मणाउं ४।४१८) अपभ्रंश मे एवं, पर, समं, ध्रुव, मा और मनाक् शब्दो को क्रमशः एम्व, पर, समाणु ध्रुवु, म और मणाउं आदेश होते हैं। एव (एम्व)। परं (पर)। समं (समाणु)। ध्रुवं (ध्रुवु)। मा (मं)। मनाक् (मणाउं)।

नियम १००९ (किलाथवा-दिव-सह-नहेः किराहवइ दिवे सहुं नाहिं ४।४१९) अपभ्रंश मे किल आदि शब्दो को क्रमशः किर आदि आदेश होते हैं। किल (किर)। अथवा (अहवइ)। दिवा (दिव)। सह (सहुं)। नहि (नाहिं)।

नियम १०१० (पश्चादेवमेवैवेदानीं-प्रत्युतेततः पच्छइ-एम्वइ-जि-एम्वहिं पच्चलिउ-एत्तेह ४।४२०) अपभ्रंश मे पश्चात् आदि शब्दो को पच्छइ आदि आदेश होते हैं। पश्चाद् (पच्छइ)। एवमेव (एम्वइ)। एव (जि)। इदानीम् (एम्वहिं)। प्रत्युत (पच्चलिउ)। इतः (एत्तहे)।

नियम १०११ (विषण्णोक्त-वर्त्मनो वुन्न-वुत्त-विच्चं ४।४२१) अपभ्रंश मे विषण्ण आदि को वुन्न आदि आदेश होते हैं। विषण्णः (वुन्नउ)। उक्तः (वुत्तउ)। वर्त्म (विच्चउ)।

नियम १०१२ (शीघ्रादीनां वहिल्लादयः ४।४२२) शीघ्र आदि शब्दो को वहिल्ल आदि आदेश होते हैं। शीघ्रम् (वहिल्लउ)। झकटः (घंघलु)। अस्पृश्य ससर्गः (विट्टालु)। भयः (द्रवक्कउ)। आत्मीयः (अप्पणउ)। नव (नवखु)। दृष्टिः (द्रेहि)। गाढः (निच्चट्टु)। साधारणः (सड्ढलु)। कौतुकः (कोड्डु)। कीडा (खेड्डु)। रम्यः (रवण्णु)। अद्भुतम् (ढक्करि)। हे सखि (हेल्लि)। पृथक्पृथक् (जुअजुअ)। मूढः (नालिउ)। मूढः (वढउ)। अवस्कन्दः (दडवडउ)। यदि (छुड्डु)। सम्बन्धी (केरउ)। सम्बन्धी (तणु)। माभैषीः (मब्भीसडी)। यद् यद् दृष्टम् (जाइट्ठिआ)।

नियम १०१३ (इवार्थे नं-नउ-नाइ-नावइ-जणि-जणवः ४।४४४) इव के अर्थ मे नं आदि छ आदेश होते हैं। इव (नं, नउ, नाइ, नावइ, जणि,

सोती है। तुम दोनो बैठती हो। हम सब जीते है। मैं रूसता हूं। वे सब छिपते है। वे दोनो सोते हैं। वे सब नाचती हैं। मैं हंसता हूं। तुम जागते हो। हम सब हंसती हैं। तुम दोनो प्रसन्न होते हो। तुम जीते हो। मैं बैठता हूं। हम दोनो सोते हैं। मैं स्नान करता हू। तुम स्नान करते हो। तुम दोनो स्नान करते हो। वे सब स्नान करती हैं। हम दोनो स्नान करते हैं। वह छिपता है। हम दोनो हंसते हैं। वे दोनो जीते हैं।

वाक्यों को शुद्ध करो (क्रिया बदलो)

सो हसउं। हउं रूसहि। अम्हे सयहु। सा हरिसेमि। अम्हइं हसित्था। तुम्हे सयमो। तुहु णच्चह। ते जीवमि। तुम्हइं सयन्ति। सा रूसहु। हउं जग्गन्ते। तुहु लुक्कह। सा जीवसि। हउ रूसए। अम्हे जीवउं। अम्हइं हसए। सो जीवेमि। तुम्हे वइट्ठसि। हउं सयहु। तुम्हइं जीवहि। अम्हे हसित्था। हउं रूससे। सा वइट्ठाइ।

वाक्य को शुद्ध करो (सर्वनाम बदलो)

हउं वइट्ठमो। तुहुं सयउ। अम्हे जग्गेह। तुम्हइं णच्चामो। तुम्हे लुक्केमो। ते लुक्कउ। सो हरिसह। ता सयह। अम्हे वइट्ठन्तु। सो ण्हाऊं। तुम्हइं जीव। अम्हे णच्चसु। ते रूसह। हउ वइट्ठइ। तुम्हे हसन्ति। तुहु जीवेइ। अम्हइं जगगउं।

प्रश्न

१. अपभ्रंश मे कितने प्रकार के काल वर्णित हैं?
२. अपभ्रंश मे कितने प्रकार के शब्द मिलते हैं?
३. पद की अनादि मे क,ख,त,थ,प, फ को क्या आदेश होता है?
४. संयुक्त वर्ण मे किन वर्णो को क्या आदेश होता है?
५. अपभ्रंश मे कहां किन वर्णो का आगम होता है?
६. अन्यादृश, प्रायस्, अन्यथा, कुतस्, तदा, समं, मनाक्, नहि, सह, प्रत्युत, इदानीम्, इतः, इव को अपभ्रंश मे क्या-क्या आदेश होता है?
७. नियम १०१२ के आदेश होने वाले चार शब्द बताओ।

शब्द संग्रह (पुंलिंग)

गंथ—पुस्तक
जणेर—बाप
कियंत—मृत्यु
करह—ऊंट
नरिंद—राजा
पट—वस्त्र
सप्प—साप
गव्व—गर्व
सायर—समुद्र
रयण—रत्न
बालअ—बालक
गाम—गाव
मित्त—मित्र
सलिल—पानी
मेह—मेघ
घर—मकान
दुक्ख—दु:ख

धातु संग्रह

गल—गलना
गज्ज—गर्जना
घाल—डालना
चोप्पड—स्निग्ध करना, चोपडना
धो—धोना
फाड—फाडना
लज्ज—शरमाना
डर—डरना
धोक—बुलाना
कुट्ट—कूटना
छोल्ल—छीलना
छोट—छोडना
उपकार—उपकार करना
रोक्क—रोकना
उच्छल—उछलना
घूम—घूमना

अव्यय

जाम—जब तक	ताम—तब तक	जेम—जिस प्रकार
तेम—उस प्रकार	जहा—जिस प्रकार	तहा—उस प्रकार

- माला शब्द याद करो। देखो परिशिष्ट ३ संख्या ६। मइ, वाणी, धेणु और वहू शब्द के रूप माला की तरह चलते है। देखो—परिशिष्ट ३, संख्या ७,८,९,१०)।
- हस और हो धातु के विधि एवं आज्ञा के रूप याद करो। देखो—परिशिष्ट ४, संख्या १,२।

नियम १०१७ (सौ पुंस्योद् वा ४।३३२) अपभ्रंश मे पुंलिंग में अकारान्त नाम परे सि हो तो अकार को ओकार विकल्प से होता है।

नियम १०१८ (स्यम् जस्-शसां लुक् ४।३४४) अपभ्रंश मे सि, अम्, अम् और शस् का लुक् हो जाता हैं। जिणो। पक्ष में।

नियम १०१६ (स्यमोरस्योत् ४।३३१) अपभ्रंश मे अकार को उकार हो जाता है सि और अम् (द्वितीया का एकवचन)परे हो तो। जिणु।

नियम १०२० (स्यादौ दीर्घ ह्रस्वौ ४।३३०) अपभ्रंश मे पुलिंग मे नाम का अन्त्य अक्षर ह्रस्व हो तो दीर्घ और दीर्घ हो तो ह्रस्व विकल्प से होता है, स्यादि विभक्ति परे हो तो। जिणा, जिण। जिणु। जिणा, जिण।

नियम १०२१ (एट्टि ४।३३३) अपभ्रंश में अकार को एकार होता है, टा प्रत्यय परे हो तो।

नियम १०२२ (आट्टो णानुस्वारौ ४।३४२) अपभ्रंश मे अकार से परे टा प्रत्यय को ण और अनुस्वार ये दो आदेश होते हैं। जिणेण, जिणें।

नियम १०२३ (भिस्येद् वा ४।३३५) अपभ्रंश मे अकार को एकार विकल्प से होता है भिस् (तृतीया का बहुवचन) परे हो तो।

नियम १०२४ (भिस् सुपोर्हि ४।३४७) अपभ्रंश मे भिस् और सुप् (सप्तमी का बहुवचन) को हि आदेश होता है। जिणेहि। पक्ष मे जिणहि।

नियम १०२५ (ङसे र्हे-हू ४।३३६) अपभ्रंश मे अकार से परे ङसि को हे और हु ये दो आदेश होते है। जिणहे, जिणहु।

नियम १०२६ (भ्यसो हुं ४।३३७) अपभ्रंश मे अकार से परे भ्यस् (चतुर्थी का बहुवचन)को हुं आदेश होता है। जिणहुं।

नियम १०२७ (ङसः सु-हो स्सवः ४।३३८) अपभ्रंश मे अकार से परे ङस् (षष्ठी का एकवचन) को सु, हो, स्स ये तीन आदेश होते हैं। जिणसु, जिणहो, जिणस्सु।

नियम १०२८ (आमो हं ४।३३९) अपभ्रंश मे अकार से परे आम् (षष्ठी का बहुवचन) को हं आदेश होता है। जिनानाम् (जिणहं)।

नियम १०२९ (षष्ठ्याः ४।३४५) अपभ्रंश मे षष्ठी विभक्ति का प्राय. लुक् हो जाता है। जिनस्य, जिनानाम् (जिण)।

नियम १०३० (ङि नेच्च ४।३३४) अपभ्रंश मे अकार से परे ङि (सप्तमी का एकवचन) प्रत्यय हो तो प्रत्यय सहित अकार को इकार और एकार होता है। जिणि, जिणे। जिणेहिं, जिणहि हे जिणो, हे जिणु।

नियम १०३१ (आमन्त्र्ये जसो हो ४।३४६) अपभ्रंश मे आमन्त्रण अर्थ मे नाम से परे जस् को हो आदेश होता है। जिणहो।

नियम १०३२ (सर्वस्य साहो वा ४।३६६) अपभ्रंश मे सर्व शब्द को साह आदेश विकल्प से होता है। सर्व (साहु, सव्वु)।

नियम १०३३ (सर्वा दे र्ङसे र्हां ४।३५५) अपभ्रंश मे सर्वादि शब्दो के अकार से परे ङसि (पंचमी का एकवचन) को हा आदेश होता है। सर्व-

स्मात् (सव्वहां)।

नियम १०३४ (ङेर्हिं ४।३५७) अपभ्रंश में सर्वादि शब्दों के अकार से परे ङि को हिं आदेश होता है। सर्वस्मिन् (सव्वहिं)। शेष रूप जिन के समान चलते हैं।

नियम १०३५ (यत्तदः स्यमोर्ध्रुं त्रं ४।३६०) अपभ्रंश में यत् और तत् शब्द के स्थान पर क्रमशः ध्रुं, त्रं आदेश विकल्प से होता है, सि और अम् परे हो तो। तत् (त्रं)। यत् (ध्रुं)।

नियम १०३६ (यत्तत् किम्भ्यो ङसो डासुर्न वा ४।३५८) अपभ्रंश में यत्, तत् और किं शब्द के अकार से परे ङस् को डासु आदेश विकल्प से होता है। तस्य (तासु)। यस्य (जासु)।

प्रयोग वाक्य (विधि एवं आज्ञा)

सो हसउ, हसेउ (वह हंसे)। अम्हे, अम्हइं हसमो, हसामो, हसेमो (हम हंसें)। हउं हसमु (मैं हंसूं)। ते हसन्तु, हसेन्तु (वे दोनों/वे सब हंसें)। तुम्हे हसह, हसेह (तुम दोनों/तुम सब हंसो)। अम्हे न्हामो। तुम्हे न्हेह। हउं ठामु। ते जग्गेन्तु। रामु न्हाउ। हउं डरमु। सो फुल्लउ। तुम्हइं भिडेह। हउं घूमेमु। सा लज्जउ। ते पसरतु। तुम्हे डरह। सूरिओ उगउ। देविंदो उच्छलउ। जणेरु घूमउ। मउ (यति) गंथ पढउ। कण्हो उच्छलउ। कियंतो लुक्कउ। इंदधणु उगउ। गामी न्हाउ। बालआ जग्गन्तु। तुहुं हसु। हउं लुक्केमु। सो मरेउ। सा होउ। अम्हे लुक्कामो। तुहुं उच्छल। हउं भिडेमु। अम्हे घूमेमो। तुहुं नच्चहि। हउं जीवमु। सो लुटउ। तुहुं पसरु। तुम्हे पसरह। अम्हइं थक्कमो। तुहुं थक्कि। तुम्हइं थक्कह। हउं थक्कमु। सुशीला पढउ। नरिंदो उपकरउ। सा दुक्ख छोडउ। सीया धोउ। तुहुं छोडे। अम्हे छोल्लेमो। ता टालंतु। विमला चोप्पडउ। तुम्हे पोक्कह। मेहो गज्जउ। तुहुं रोक्केहि। सा कुट्टउ। तुहुं पड फाडि। सायर गज्जउ। कियंतो रोक्कउ। तुम्हे दुक्ख छोडह। मित्तो फोक्कउ।

अपभ्रंश में अनुवाद करो

तुम दोनो घूमो। वह शरमाए। वे दोनों भिडें। हम कूटें। तुम धोओ। वह छीले। हम सब छोडें। तुम फाडो। हम दोनो रोकें। तुम सब सोओ। वे दोनो छिपें। हम बुलाएं। वे धोएं। हम दोनो नाचें। वे सब स्नान करें। हम सब बैठें। तुम सोओ। मैं जागूं। तुम दोनो जागो। मैं जीऊं। तुम छिपो। तुम दोनो हसो। वे नाचें। हम सब नाचें। वे सोएं। मैं सोऊं। वे उपकार करें। वे दोनो टालें। मैं नाचूं। तुम सब बैठो। वे दोनों जीवें। वे सब जागें। हम सब डरें। तुम गर्जो। वे रोकें। तुम छीलो। हम धोएं। वे सब धोएं। वह नाचे। सीता कूटे। हम रोकें। मैं रोकूं। वह उछले।

हम दोनो उछले। वे दोनो शरमाएं। तुम उछलो। मैं उछलू। मैं उपकार करूं। तुम उपकार करो।

वाक्य शुद्ध करो (क्रिया बदलो)

तुम्हे ण्हामु। अम्हे लुक्कह। तुहुं ण्हाउ। सा गच्चे। हउं भिडु। ते कोकहि। सो रूसेमो। हउं डरि। सा भिडह। तुहु कुट्टेमु। हउं हरिसउं। ते ण्हामु। अम्हइं घूम। हउं घालइ। तुम्हे लज्जामो। सा ण्हासु। तुहुं चोप्पडउ। तुम्हइं चोप्पडंतु। हउं ण्हाह। अम्ह सयह।

प्रश्न

१. जणेर, कियंत, करह, गंथ, सलिल, रयण, मित्त, पड, मेह, दुक्ख और सायर शब्द का अर्थ बताओ।

२ गर्जना, डालना, स्निग्ध करना (चोपडना) धोना, फाडना, कूटना, छीलना, बुलाना, रोकना, उछालना, उपकार करना, छोडना, कूटना के अर्थ मे धातु बताओ।

३. पुलिंग मे अकार से परे, टा, भिस्, भ्यस्, आम् और ङि प्रत्यय परे हो तो क्या-क्या आदेश होता है।

४ सु, हा, स्स, हो, रहा, हिं, त्र, डासु—ये आदेश किस शब्द को कौन-सा प्रत्यय परे होने पर होता है?

अपभ्रंश (३)

शब्द संग्रह (नपुंसकलिंग)

भायण—बर्तन　　वत्थ—वस्त्र　　जोव्वण—यौवन
मण—मन　　पत्त—कागज　　घय—घी
भोयण—भोजन　　णायर—नागरिक　　जीवण—जीवन
रज्ज—राज्य　　खीर—दूध　　पट्ठ—पाठ
मुह—मुख　　मक्कुर—मकड़ी　　णाण—ज्ञान
वेरग्ग—वैराग्य　　मज्ज—मद्य　　झाण—ध्यान
मरण—मरण

धातु संग्रह

कुद्द—कूदना　　पीस—पीसना
उक्खाड—उखाड़ना, खोदना　　धाव—भागना
लिह—लिखना　　णिज्झर—झरना
कट्ट—काटना　　मुड—मुड़ना
वक्खाण—व्याख्यान करना　　पिब—पीना
सुंघ—सूंघना

अव्यय

अज्जु—आज　　म—मत　　जेत्थु—जहां
केत्थु—कहां　　ण—नहीं　　तेत्थु—वहां

- नपुंसकलिंग में कमल, वारि, महु शब्द को याद करो। देखो—परिशिष्ट ३ संख्या ११,१२,१३।
- इस और हो धातु के भविष्यकाल के रूप याद करो। देखो—परिशिष्ट ४।

नियम १०३७ (अदस ओइ ४।३६४) अपभ्रंश में अदस् के स्थान पर ओइ आदेश होता है, जस् और शस् परे हों तो। अमी, अमून् (ओइ)।

नियम १०३८ (इदम आयः ४।३६५) अपभ्रंश में इदं शब्द को आय आदेश होता है, स्यादि विभक्ति परे हो तो। अयं (आयउ)।

नियम १०३९ (एतदः स्त्री-पुंक्लीबे एह-एहो-एहु ४।३६२) अपभ्रंश में एतत् शब्द को स्त्रीलिंग में एह, पुलिंग में एहो और नपुंसकलिंग में एहु आदेश होता है, सि और अम् परे हो तो। एह कुमारी। एहो नर। एहु

मणोरह-ठाणु ।

नियम १०४० (एइर्जस्-शसोः ४।३६३) अपभ्रंश मे एतत् शब्द को एइ आदेश होता है, जस् और शस् परे हो तो। एते घोटकाः (एइ घोडा) एतान् पश्य (एइ पेच्छ)।

नियम १०४१ (किम काइं-कवणौ वा ४।३६७) अपभ्रंश मे किं शब्द को काइं और कवण आदेश विकल्प से होता है। किम् (काइं, कवणु, किं) ।

नियम १०४२ (किमो डिहे वा ४।३५६) अपभ्रंश मे किं शब्द के अकारान्त से परे ङसि को डाहे आदेश विकल्प से होता है। कस्मात् (किहे) । मुनिः (मुणी)।

नियम १०४३ (एं चेदुतः ४।३४३) अपभ्रंश मे इकार और उकार से परे टा को एं, ण और अनुस्वार होता है। मुनिना (मुणिएं, मुणिण, मुणिं) । मुनिभि (मुणिहिं) ।

नियम १०४४ (ङसि-भ्यस्-ङीनां हे-हुं-हय ४।३४१) अपभ्रंश मे इकार और उकार से परे ङसि, भ्यस् और ङि को क्रमशः हे, हु और हि—ये तीन आदेश होते हैं। मुने (मुणिहे) । मुनिभ्य (मुणिहु) । मुनौ (मुणिहि) मुने (मुणि) षष्ठी मे विभक्ति का लुक् हुआ है ।

नियम १०४५ (हुं चेदुद्भ्याम् ४।३४०) अपभ्रंश मे इकार और उकार से परे आम् को हुं, हु आदेश होते हैं। मुनीनाम् (मुणिहुं, मुणिहु) इसी प्रकार उकारान्त शब्द के भी रूप बनते हैं। प्रायो अधिकार से कही पर सुप् प्रत्यय को भी हुं आदेश होता है। द्वयो (दुहुं)।

स्त्रीलिंग

नियम १०४६ (स्त्रियां जस्-शसोरुदोत् ४।३४८) अपभ्रंश मे स्त्रीलिंग मे नाम से परे जस् और शस् हो तो प्रत्येक को उ और ओ आदेश होते हैं। माला (मालाउ, मालाओ)। माला. (मालाउ, मालाओ) ।

नियम १०४७ (ट ए ४।३४९) अपभ्रंश मे स्त्रीलिंग मे नाम से परे टा को ए आदेश होता है। मालया (मालाए) । मालाभि. (मालाहिं) ।

नियम १०४८ (ङस्-ङस्यो र्हे ४।३५०) अपभ्रंश मे स्त्रीलिंग मे वर्तमान नाम से परे ङस् और ङसि हो तो उनको हे आदेश होता है। मालाया, मालाया. (मालाहे) ।

नियम १०४९ (भ्यसामोर्हु. ४।३५१) अपभ्रंश मे स्त्रीलिंग में वर्तमान नाम से परे भ्यस् और आम् प्रत्यय हो तो प्रत्ययो को हु आदेश होता है। मालाभ्य, मालानाम् (मालाहु) ।

नियम १०५० (ङे हि ४।३५२) अपभ्रंश मे स्त्रीलिंग मे वर्तमान

नाम से परे ङि को हि आदेश होता है। मालायाम् (मालाहि)। हे माला, हे मालाहो।

नियम १०५१ (स्त्रियां डहे ४।३५९) अपभ्रंश में स्त्रीलिंग में वर्तमान यत्, तत् और किं शब्द से परे ङस् को डहे आदेश विकल्प से होता है। तस्या (तहे)। यस्याः (जहे)। कस्याः (कहे)।

नपुंसकलिंग

नियम १०५२ (क्लीबे जस्-शसो रिं ४।३५३) अपभ्रंश में नपुंसक लिंग में वर्तमान नाम से परे जस् और शस् को इं आदेश होता है। कमलानि (कमलइं)। कमलानि (कमलइं)। शेष रूप पुल्लिंग के समान चलते हैं।

नियम १०५३ (कान्तस्यात उं स्यमोः ४।३५४) अपभ्रंश में नपुंसक लिंग में वर्तमान ककारान्त नाम में जो अकार हो उससे परे सि और अम् को उं आदेश होता है। तुच्छकम्, तुच्छकम् (तुच्छउं)।

नियम १०५४ (इदमः इमुः क्लीबे ४।३६१) अपभ्रंश में नपुंसक लिंग में वर्तमान इदम् शब्द से परे सि और अम् को शब्द सहित इमु आदेश होता है। इदं (इमु) इदं (इमु)। इदं कुलं (इमुकुलु)। इदं कुलं पश्य (इमुकुलु देक्खु)।

प्रयोग वाक्य (भविष्यकाल)

सा णच्चेसइ/णच्चेसए/णच्चिहिइ/णच्चिहिए (वह नाचेगी)। ता णच्चेसंहि/णच्चेसंति/णच्चिहिंहि/णच्चिहिंति (वे नाचेंगी)। हउं ण्हासउं/ण्हासामि/ण्हाहिउं/ण्हाहिमि (मैं नहाऊंगा)। अम्हे ण्हासहुं/ण्हासमो/ण्हासमु/ण्हासम/ण्हाहिहुं/ण्हाहिमो/ण्हाहिमु/ण्हाहिम (हम सब/हम दोनों नहाएंगे)। तुहुं णच्चेसहि/णच्चेससि/णच्चेससे/णच्चिहिहि/णच्चिहिसि (तुम नाचोगे)। तुम्हे णच्चेसहु/णच्चेसह/णच्चेसइत्था/णच्चिहिहु/णच्चिहिह/णच्चिहित्था (तुम दोनों/तुम सब नाचोगे)। हउं णच्चेसउं/णच्चेसमि/णच्चिहिउं/णच्चिहिमि (मैं नाचूंगा)। अम्हे णच्चेसहुं / णच्चेसमो / णच्चेसमु / णच्चेसम / णच्चिहिहुं / णच्चिहिमो / णच्चिहिमु/णच्चिहिम (हम नाचेंगे)। सुसीला पीसेसइ। सा पड कट्टेहिइ। अम्मे अज्जु वखाणेसहुं। मइं (मुझको) को कोकिहिइ? सो पइं (तुमको) रोक्किहिए। तुहुं भायणि घय घालिसहि। सीया वत्थ फाडिहिहि। हउं सच्च उग्घाडि हिउं। माया चोप्पडिहिइ। सा पत्त लिहिहिए। तुहुं कट्ठ छोल्लेससि। तुम्हे उपकरिहिहु। अम्हे बोल्लिसहुं। बालअ सलिल पिविहिइ। सो लक्कुडाइं कट्टेसइ। सा पत्तु लिहिसए। तुहुं कट्टइं न कट्टि हिहि। सा धण्णाइं पीसिहिए। तुहुं सच्च कोकिहिसे। हउं खीरइं पिवेसउं।

अपभ्रंशमें अनुवाद करो

वह शरमाएगी। हम सब कूदेंगे। वे दोनो बैठेंगे। वह उछलेगा। हम नही थकेंगे। मैं नही मरूगा। तुम दोनो कहां घूमोगे? वे सब नही सोएंगे। मैं नही डरूंगा। तुम सत्य नही बोलोगे। वह वस्त्र नही काटेगी। वह चुपडेगी। तुम कहा व्याख्यान करोगे? तुम्हे कौन रोकेगा? मुझे कौन बुलाएगा? मैं काष्ठ नही छीलूगा। वह घी नही डालेगी। तुम आज कहां बैठोगे? मैं आज बोलूगा। वे दोनो नही पीसेगी। वह वस्त्र फाडेगा। मैं उपकार करूगा। तुम पत्र नही लिखोगे। वह स्नान नही करेगी। तुम कहां छिपोगे? मैं नही नाचूगा। आज वे पत्र लिखेंगे। तुमको कौन बुलाएगा? मैं सत्य उघाडूगा। तुम कहा कूदोगे? वे कहा बैठेंगे? वह आज दूध पीएगा। वह वस्त्र सुखाएगी। मैं नही थकूगा। हम कहा घूमेगे? मैं व्याख्यान करूंगा। हम सब कूदेंगे।

रिक्तस्थान की पूर्ति करो

(१)· ··लज्जेसइत्था।(२)····· हसेसहुं।(३)····· वोल्लिहिमु। (४) ·उग्घाडेसउं। (५)· · कट्टेसहु। (६)···· उपकरिहिसे। (७) · · चोप्पडेसमु। (८)··· ··फाडिहिहिं। (९)······वक्खाणिहिसि। (१०)· ·· रोक्किहिमि। (११)··· ·घालिसउ। (१२)······पीसेसन्ति। (१३) ·····वोल्लेसहु। (१४)······लिहिहिए। (१५)··· फाडिहिहु। (१६)·· ·· करेसामि। (१७)······ण्हाहिमु। (१८) कोकित्था। (१९) ···वोल्ल। (२०) · उपकरेमु। (२१)··· फाडसि। (२२) ··· लिहउ। (२३) · वडट्ठहु। (२४) ·· रोक्कमु। (२५)······ घालहु। (२६)····· पीसतु। (२७)··· · फाडसु। (२८) · ·· उग्घाडए। (२९)····· छोल्लउं। (३०)······कट्टहु।

प्रश्न

१. स्त्रीलिंग मे ओ, ए, हे, हु, डहे आदेश किन-कन प्रत्ययो को होता है?
२ नपुसक लिंग मे जस् और शस् प्रत्यय को क्या आदेश होता है।
३. नपुसक मे उं आदेश किस प्रत्यय को होता है?
४ पुलिंग मे ओइ, काइ, कवण, एइ, हे आदेश किस को किस प्रत्यय परे होने पर होता है।
५. लकडी, वस्त्र, नागरिक, यौवन, भोजन, वैराग्य, घी, पत्र, जीवन, ज्ञान, मरण, सुख—इन शब्द के लिए अपभ्रंश शब्द बताओ।
६. फुल्ल, थक्क, णिज्झर, लुढ, पिव, पीस, उग्घाड, लिह, कट्ट, वक्खाण, सुक्क धातु के अर्थ बताओ।

शब्द संग्रह (आकारान्त शब्द)

जणेरी—माता
वाया—वाणी
कमला—लक्ष्मी
संझा—संध्या
सुया—पुत्री
सोहा—शोभा
जरा—बुढापा
पसंसा—प्रशंसा
महिला—स्त्री
झुंपडा—झोंपडी
मेहा—बुद्धि
तिसा—तृषा
निसा—रात्रि

धातु संग्रह

वड्ढ—बढना
उवविस—बैठना
खुम्म—भूख लगना
खास—खांसना
उवसम—शांत होना
लग—लगना
उस्सस—सांस लेना
छिज्ज—छीजना
विअस—खिलना
लोट्ट—लोटना
चिट्ठ—ठहरना, बैठना
चुक्क—भूल करना, चूकना
कुद्द—कूदना
छुट्ट—छूटना
ओढ—ओढना

अव्यय

जइ—यदि
तो—तो
इय—इस प्रकार
जह—जैसे
तह—वैसे
तम्हा—इसलिए
जम्हा—चूंकि
वि—भी
णवि—नहीं

० सव्व, त, ज, क एत, इम शब्द याद करो। देखो—परिशिष्ट ३ संख्या १४,१५,१६,१७,१८,१९।

युष्मदस्मत् और स्त्री प्रत्यय

नियम १०५५ (युष्मदः सौ तुहुं ४।३६८) अपभ्रंश में युष्मद् शब्द से परे सि हो तो तुहुं आदेश होता है। त्वम् (तुहुं)।

नियम १०५६ (जस्-शसोस्तुम्हे तुम्हइं ४।३६९) अपभ्रंश में युष्मद् शब्द को जस् और शस् प्रत्यय सहित तुम्हे और तुम्हइं आदेश होते हैं। यूयम् (तुम्हे, तुम्हइं)। युष्मान् (तुम्हे, तुम्हइं)।

नियम १०५७ (टा-ड्यमा पइं तइं ४।३७०) अपभ्रंश मे युष्मद् शब्द को टा, ङि और अम् प्रत्यय सहित पइं और तइं आदेश होते हैं। त्वया (पइं, तइं)। त्वयि (पइ, तइ)। त्वाम् (पइं, तइं)।

- नियम १०५८ (भिसा तुम्हेंहिं ४।३७१) अपभ्रंश मे भिस् प्रत्यय सहित युष्मद् शब्द को तुम्हेंहिं आदेश होता है। युष्माभिः (तुम्हेंहिं)।

नियम १०५९ (ङसि-ङस्भ्यां तउ-तुज्झ-तुध्र ४।३७२) अपभ्रंश मे ङसि और ङस् प्रत्यय सहित युष्मद् शब्द को तउ, तुज्झ और तुध्र आदेश होते हैं। त्वत् (तउ, तुज्झ, तुध्र)। तव (तउ, तुज्झ, तुध्र)।

नियम १०६० (भ्यसाम्भ्यां तुम्हहं ४।३७३) अपभ्रंश में भ्यस् और आम् प्रत्यय सहित युष्मद् शब्द को तुम्हहं आदेश होता है। युष्मभ्यम् (तुम्हहं)। युष्माकम् (तुम्हह)।

नियम १०६१ (तुम्हासु सुपा ४।३७४) अपभ्रंश मे सुप् प्रत्यय सहित युष्मद् शब्द को तुम्हासु आदेश होता है। युष्मासु (तुम्हासु)।

नियम १०६२ (सावस्मदो हउ ४।३७५) अपभ्रंश मे सि प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को हउ आदेश होता है। अहम् (हउं)।

नियम १०६३ (जस्-शसो रम्हे अम्हइं ४।३७६) अपभ्रंश मे जस् और शस् प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को अम्हे और अम्हइं आदेश होते हैं। वयम् (अम्हे, अम्हइ)। अस्मान् (अम्हे, अम्हइ)।

नियम १०६४ (टा-ड्यमा मइं ४।३७७) अपभ्रंश मे टा, ङि और अम् प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को मइ आदेश होता है। मया (मइ)। मयि (मइ)। माम् (मइ)।

नियम १०६५ (अम्हेंहिं भिसा ४।३७८) अपभ्रंश मे भिस् प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को अम्हेंहिं आदेश होता है। अस्माभि. (अम्हेंहिं)।

नियम १०६६ (महु मज्झु ङसि-ङस् भ्याम् ४।३७९) अपभ्रंश मे ङसि और ङस् प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को महु और मज्झु आदेश होते हैं। मत् (महु, मज्झु)। मम (महु, मज्झु)।

नियम १०६७ (अम्हह भ्यसाम्भ्याम् ४।३८०) अपभ्रंश मे भ्यस् और आम् प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को अम्हह आदेश होता है। अस्मभ्यम् (अम्हह)। अस्माकम् (अम्हह)।

नियम १०६८ (सुपा अम्हासु ४।३८१) अपभ्रंश में सुप् प्रत्यय सहित अस्मद् शब्द को अम्हासु आदेश होता है। अस्मासु (अम्हासु)।

स्त्री प्रत्यय

नियम १०६९ (स्त्रियां तदन्ताड्डी ४।४३१) अपभ्रंश मे स्त्रीलिंग मे वर्तमान प्राक्तन सूत्रद्वय (अ-डड-डुल्लाः स्वार्थिक-क-लुक् च ४।४२९ और

हसिआ/हसिउ/हसिओ (वह हंसा)। ते हसिअ/हसिआ (वे दोनो हंसे/वे सब हसे)। रज्ज/रज्जा/रज्जु वड्ढिअ/वड्ढआ/वड्ढिउ (राज्य बढा)। कमल/कमला/कमलइ/कमलाइं विउसिअ/विउसिआ/विउसिअइं/विउसिआइं (सब कमल खिले। नरिंदु बोल्लिओ। महुइ भुंजिआइं। सा लज्जिआ। ता उट्ठिअउ। साहू जग्गिउ। तुहु लुक्किओ। ता वड्ढिओ। महेलीओ डरिअओ। जणेरी बोल्लिअ। कमला उस्सासिअ। कोवु उवसमिओ। तिसा लग्गिअ। जणेरी खासिआ। पससा वड्ढिअ। जणेरु उवविसउ। सुसीला चुक्किआ। जणेरी पड घोआ। कमल विअसिउ। वेराग्ग वड्ढिअ। लक्कुड कट्टिआ।

अपभ्रंश में अनुवाद करो (बहुवचन के सारे रूपो का उपयोग करो प्रत्येक वाक्य में)

स्वामी डरा। माता जागी। महिलाएं बैंठी। वस्तुएं बढी। राजा सोया। महिलाए छिपी। शक्ति जागी। सुशीला शरमाइ। राज्य बढा। साधु आज नहीं सोया। कमल खिला। वह उठा। तुम ठहरे। तुम सब कहां बैंठे ? सीता नही डरी। माता ने वस्त्र ओढा। उन्हें प्यास लगी। महिलाए शांत हुईं। राजा को भूख लगी। उसकी प्रशसा हुई। बालक बैठा। पुत्री ने सांस लिया। बुद्धि बढी। पिता बैठा। महिलाए ठहरी। पुत्री जगी। वह छिपी। वे चुके। पुत्रिया थकी। महिलाएं घूमी। सीता ने धान्य पीसा। यौवन लुढक गया। सत्य खोला। लकडिया काटी। सुख बढा। माता भूली। दूध पीया। यौवन बढा।

प्रश्न

१. पइ, तइ, मइं, तउ, तुध्र, तुम्हह, महु, अम्हासु—ये रूप किस शब्द के किस विभक्ति और वचन के हैं ?
२. स्त्रीलिंग मे डी और डा प्रत्यय कहां होता है ?
३. भूतकाल के रूप बनाने का क्या तरीका है ?
४. जणेरी, कमला, मुया, जरा, महिला, मेहा, वाया, संझा, सोहा, पसंसा, झुपडा और तिसा—इन शब्दों को अपने वाक्य मे प्रयोग करो।
५ तम्हा, इय और जह—इन अव्ययो का वाक्य मे प्रयोग करो।
६. वड्ढ, खुम्म, उवसम, उस्सस, विअस, चिट्ठ, कुद्द, ओढ, उवविस, खास, लग्ग, छिज्ज, लोट्ट, चुक्क और छुट्ट धातु के अर्थ बताओ।

११७ अपभ्रंश (५)

शब्द संग्रह

कइ (पुं)—कवि	दहि (न)—दही	वत्थु (न)—पदार्थ
साहु (पु)—साधु	आगि (स्त्री)—आग	भत्ति (स्त्री)—भक्ति
गुरु (पु)—गुरु	गव्व (पु)—गर्व	माया (स्त्री)—माता
बिन्दु (पु)—बूंद	पुत्ती (स्त्री)—पुत्री	सामि (पु)—स्वामी
जंतु (पु)—प्राणी	दिवायर (पु)—सूर्य	

धातु संग्रह

दा—देना	सुण—सुनना	भुल—भूलना
मग्ग—मांगना	गवेस—खोज करना	वण्ण—वर्णन करना
सेव—सेवा करना	गरह—निंदा करना	पढ—पढ़ना
कर—करना	मार—मारना	सुमर—स्मरण करना
जेम—जीमना	चोर—चुराना	गच्छ—जाना
थुण—स्तुति करना	सीख—सीखना	

○ अम्ह और तुम्ह शब्द तथा संख्यावाची शब्दों को याद करो। देखो—परिशिष्ट ३ संख्या २३,२४,२६ से ३५।

तद्धित

नियम १०७२ (पुनर्विनः स्वार्थे डुः ४।४२६) अपभ्रंश में पुनर् और विना को स्वार्थ में डु प्रत्यय होता है। पुनः (पुणु)। विना (विणु)।

नियम १०७३ (अवश्यमो डें-डौ ४।४२७) अपभ्रंश में अवश्यम् को स्वार्थ में डें और ड—ये प्रत्यय होते हैं। अवश्यम् (अवसें, अवस)।

नियम १०७४ (एकशसो डिः ४।४२८) अपभ्रंश में एकशस् शब्द से स्वार्थ में डि प्रत्यय होता है। एकशः (एक्कसि)।

नियम १०७५ (अ-डड-डुल्लाः स्वार्थिक-क-लुक् च ४।४२९) अपभ्रंश में नाम से परे स्वार्थ में अ, डड, डुल्ल—ये तीन प्रत्यय होते हैं, इनके योग में स्वार्थ में हुए क प्रत्यय का लोप हो जाता है। अग्निष्ठः (अग्गिट्ठउ)। दोषा (दोसडा)। कुटी (कुडुल्ली)।

नियम १०७६ (योगजाश्चैषाम् ४।४३०) अपभ्रंश में अ, डड, डुल्ल और इनके योग से बनाने वाले डडअ आदि प्रत्यय प्रायः स्वार्थ में होते हैं। हृदयम् (हिअडउं)। चूटकः (चुडुल्लउ)। बलम् (बलुल्लडा)। बलम्

(वलुल्लडउ)।

नियम १०७७ (युष्मदादेरीयस्य डारः ४।४३४) अपभ्रंश मे युष्मद् आदि शब्दो से परे ईय प्रत्यय को डार आदेश होता है। युष्मदीयम् (तुहारउ) अस्मादीयम् (अम्हारउ)।

नियम १०७८ (अतो र्डेत्तुलः ४।४३५) अपभ्रंश मे इद, किं, यत्, तत्, एतद् शब्दो से परे अतु प्रत्यय को डेत्तुल आदेश होता है। इयत् (एत्तुलो)। कियत् (केत्तुलो)। यावत् (जेत्तुलो)। तावत् (तेत्तुलो)। एतावत् (एत्तुलो)।

नियम १०७९ (त्रस्य डेत्तहे ४।४३६) अपभ्रंश मे सर्व आदि शब्द सप्तम्यन्त हो, उस अर्थ मे होने वाले त्र प्रत्यय को डेत्तहे आदेश होता है। अत्र (एत्तहे)। तत्र (तेत्तहे)।

नियम १०८० (त्वतलो: प्पणः ४।४३७) अपभ्रंश मे त्व और तल् प्रत्यय को प्पण आदेश होता है। बहुत्व, बहुता (बहुप्पणु)। वृद्धत्वं, वृद्धता (वड्डप्पणु)।

नियम १०८१ (कथ-यथा-तथां थादेरेमेमेहेधा डितः ४।४०१) अपभ्रंश मे कथ, यथा, तथा शब्द के थ से अगले वर्ण तक डेम, डिम, डिह और डिध आदेश होता है। कथ (केव, किव, किह, किध, केम, किम)। यथा (जेवं, जिव, जेम, जिम, जिह, जिध)। तथा (तेव, तिव, तेम, तिम, तिह, तिध)। नियम ६९६ से म को (व) विकल्प से हुआ है।

नियम १०८२ (यादृक्-तादृक्-कीदृगीदृशां दादेर्डेहः ४।४०२) अपभ्रंश मे यादृक्, तादृक्, कीदृक् और ईदृक् शब्दो के दृ से आगे के वर्णों को डेह आदेश होता है। यादृक् (जेहु)। तादृक् (तेहु)। कीदृक् (केहु)। ईदृक् (एहु)।

नियम १०८३ (अतां डइसः ४।४०३) अपभ्रंश मे यादृक्, तादृक्, कीदृक्, ईदृक्—इन अदन्त शब्दो के द से आगे के वर्णो को डइस आदेश होता है। यादृशः (जइसो)। तादृश. (तइसो)। कीदृश (कइसो)। ईदृशः (अइसो)।

नियम १०८४ (यत्र-तत्रयोस्त्रस्य-डिदेत्थ्वत्तु ४।४०४) अपभ्रंश मे यत्र और तत्र शब्द के त्र को डेत्थु और डत्तु आदेश होते हैं। यत्र (जेत्थु, जत्तु)। तत्र (तेत्थु, तत्तु)।

नियम १०८५ (एत्थु कुत्रात्रे ४।४०५) अपभ्रंश मे कुत्र और अत्र के त्र को डेत्थु आदेश होता है। कुत्र (केत्थु)। अत्र (एत्थु)।

नियम १०८६ (यावत्-तावतोर्वादेर्म उं महिं ४।४०६) अपभ्रंश मे यावत् और तावत् के वत् को म, उ और महिं आदेश होता है। यावत् (जाम, जाउं, जामहिं)। तावत् (ताम, ताउं, तामहिं)।

नियम १०८७ (वा यत्तदोऽतोर्डेवडः ४।४०७) अपभ्रंश में यत् और तत् शब्द अतु प्रत्ययान्त (यावत्, तावत्) के वत् अवयव को डेवड आदेश विकल्प से होता है। यावत् (जेवडु, जेत्तुलो)। तावत् (तेवडु, तेत्तुलो)।

नियम १०८८ (वेदं किमोर्यादेः ४।४०८) अपभ्रंश में इदं और किं शब्द अनुप्रत्ययान्त (इयत्, कियत्) के यत् अवयव को डेवड आदेश विकल्प से होता है। इयत् (एवडु, एत्तुलो)। कियत् (केवडु, केत्तुलो)।

संबंधभूत कृदन्त (क्त्वा प्रत्यय) पूर्वकालिक क्रिया

धातु के साथ पूर्वकालिक क्रिया (क्त्वा प्रत्यय) जोडने से संबंधभूत कृदन्त के रूप बनते हैं। क्त्वा प्रत्यय का अर्थ है करके। क्त्वा प्रत्ययान्त शब्द अव्यय होता है। यह अर्द्धक्रिया के रूप में प्रयुक्त होता है। इसके आगे पूर्वकालिक क्रिया होती है, वह किसी भी काल की हो सकती है। अपभ्रंश में क्त्वा प्रत्यय के स्थान पर आठ प्रत्यय होते हैं—इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि और एविणु। हस् धातु के इन आठ प्रत्ययों के रूप क्रमशः ये बनते हैं—हसि, हसिउ, हसिवि, हसवि, हसेप्पि, हसेप्पिणु, हसेवि, हसेविणु (हंसकर)। इसी प्रकार अन्य धातु के रूप बनते हैं।

हेत्वर्थ कृदन्त (तुम् प्रत्यय)

तुम् प्रत्यय का अर्थ होता है—के लिए। अपभ्रंश में तुम् प्रत्ययान्त शब्द भी अव्यय होते हैं। तुम् प्रत्यय को अपभ्रंश में प्रत्यय आदेश होते हैं—एवं, अण, अणहं, अणहिं, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु। हस् धातु के तुम् प्रत्ययान्त रूप ये हैं—हसेवं, हसण, हसणहं, हसणहिं, हसेप्पि, हसेप्पिणु, हसेवि, हसेविणु। इसी प्रकार अन्य धातुओं के रूप बनाए जा सकते हैं। शेष चार प्रत्यय क्त्वा और तुम् प्रत्यय के समान हैं, प्रसंग से अर्थ निकाला जाता है।

प्रयोग वाक्य (संबंधभूत कृदन्त)

हउं हसि जीवउं (मैं हंसकर जीता हूं)। हउं हसिवि जीवेसउं (मैं हंसकर जीऊंगा। हउं हसिउ जीवमु (मैं हंसकर जीऊं)। हउं हसवि बोल्लिअ (मैं हंसकर बोला)। सो हसेप्पि बोल्लइ (वह हंसकर बोलता है)। सो हसेप्पिणु बोल्लउ (वह हंसकर बोले)। सो हसेवि बोल्लेसइ। (वह हंसकर बोलेगा)। सो हसेविणु बोल्लिआ (वह हंसकर बोला)। तुहुं बोल्लि वड्ढहि। तुहुं बोल्लिउ वड्ढसु। तुहुं बोल्लिवि वड्ढेसहि। तुहुं बोल्लवि वड्ढिअ। सा भुंजेप्पि सयइ। सा भुंजेप्पिणु सयउ। सा भुंजेवि सयिहिइ। सा भुंजेविणु सयिआ। सो घूमि उववसइ। तुहुं लिहिउ सयिहिहि। तुहुं पढिवि वखाणसु। ते थक्किवि वड्ढंति। तुम्हे सयवि जग्गिहित्था बालअ खीरं पिवेवि सयइ। अम्हे सुणिवि कहहं। तुहुं दाइ भणाइ।

प्रयोग वाक्य (तुम् प्रत्यय)

हउं जग्गेवं सयउं (मै जागने के लिए सोता हू)। हउं जग्गण सयेसउं। (मैं जागने के लिए सोऊंगा)। हउ जग्गणहि सयिअ (मै जागने के लिए सोया। हउं जग्गणह सयमु (मैं जागने के लिए सोऊं)। सो जग्गेप्पि सयइ (वह जागने के लिए सोता है। सो जग्गेप्पिणु सयउ (वह जागने के लिए सोए)। सो जग्गेवि सयेहिइ (वह जागने के लिए सोएगा)। सो जग्गेविणु सयिअ (वह जागने के लिए सोया)। तुहु णच्चेव उट्ठहि। तुहु कोकण उट्ठसु। तुहु णच्चणहं उट्ठेसहि। हउं वोल्लणहिं उट्ठिउ। सा लुक्केवि उट्ठेसइ। सा णच्चेविणु उट्ठिआओ। सो णच्चिण उववसिइ। तुहु खासणहं दहि भुजहि। हउं जीवेप्पि खीर पिवउ। अम्हे लिहेव पढहु। ते लक्कुड कट्टेवं घूमसि।

अपभ्रंश में अनुवाद करो (क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग करो)

वह वस्त्र धोकर सोता है। तुम घी डालकर कहा जाते हो? वह पुत्री को मारकर भागता है। तुम कहकर भूलते हो। वह छूकर वस्तु को जानता है। वे स्तुति कर मागेंगे। तुम पुस्तक चुराकर पढते हो। मैं सेवा कर सीखता हू। वे पढकर वर्णन करेंगे। वह तुमको कहकर नाचेगा। वे स्तुति कर निंदा करते हैं। सीता धान्य कूटकर पीसती है। तुम यादकर भूलते हो। साधु गवेषणा कर खाता है। वह खाकर पीता है। तुम पीकर खाते हो। वह रुष्ट होकर सोता है।

अपभ्रंश में अनुवाद करो (तुम् प्रत्यय का प्रयोग करो)

वह मागने के लिए जाता है। वह ज्ञान सीखने के लिए सेवा करता है। तुम याद करने के लिए सुनते हो। वे मारने के लिए भागते हैं। तुम देने के लिए मांगते हो। वे खाने के लिए जाते हैं। वह कूदने के लिए दौडता है। वह जीने के लिए सास लेती है। उसे खाने के लिए भूख लगती है। वह थकने के लिए दौडता है। तुम लिखने के लिए सुनते हो। वह वस्त्र धोने के लिए मागता है। मैं स्तुति करने से डरता हूं। बालक नहाने के लिए छिपता है। वह नाचने के लिए जागती है। तुम जागने के लिए सोते हो।

प्रश्न

१ स्वार्थ में किस शब्द से क्या प्रत्यय होता है?

२. ईय, अतु, त्र और त्व प्रत्ययो को अपभ्रंश मे क्या आदेश होते हैं?

३. जेत्तुलो, तेत्तुलो, तामहिं, जइसो, जेहु—इन शब्दो का वाक्य में प्रयोग करो।

४ कवि, साधु, गुरु, बूद, प्राणी, सूर्य, स्वामी, दही, पदार्थ, आख, भक्ति, गर्व, माता, स्त्री—इन शब्दों के लिए अपभ्रंश के शब्द बताओ।

५ दा, मग्ग, सेव, कर, जेम, थुण, सीख, गरह, सुण, भुल, कह, मार, सुमर, चोर, गच्छ, वण्ण धातु के अर्थ बताओ।

शब्द संग्रह

घर (पुं)—मकान	ससा (स्त्री)—बहिन
पियामह (पुं)—दादा	कहा (स्त्री)—कथा
मारुअ (पु)—पवन	सद्धा (स्त्री)—श्रद्धा
बप्प (पु)—पिता	सासू (स्त्री)—सासू
सरिआ (स्त्री)—नदी	वहू (स्त्री)—बहू
भुक्खा (स्त्री)—भूख	आगि (स्त्री)—आग
णिद्दा (स्त्री)—नींद	णारी (स्त्री)—नारी
तण्हा (स्त्री)—तृष्णा	लच्छी (स्त्री)—लक्ष्मी

धातु संग्रह

उट्ठ—उठना	नस्स—नष्ट होना
पड—गिरना	पसर—फैलना
रुव—रोना	जल—जलना
खेल—खेलना	बुभुक्ख—भूख लगना
बिह—डरना	उतर—उतरना, नीचे आना
पणम—प्रणाम करना	पाल—पालना
खा—खाना	चर—चरना

० आय, अवस्, कवण शब्दों को याद करो। देखो परिशिष्ट ३ संख्या २०,२१,२२।

उच्चारणलाघव

नियम १०८९ (कादि-स्वंदोतोरुच्चार-लाघवम् ४।४१०) अपभ्रंश में क आदि वर्णों मे ए और ओ का प्रायः उच्चारण—लाघव होता है। सुखेन चिन्त्यते मानः, (सुघें चितिज्जइ माणु) तस्य अहं कलियुगे दुर्लभस्य (तसु हउं कलिजुगि दुल्लहहों)।

नियम १०९० (पदान्ते उं-हुं-हिं-हंकाराणाम् ४।४११) अपभ्रंश में पदान्त में उं, हुं, हिं, हं का उच्चारणलाघव होता है।

तिबन्त

नियम १०९१ (त्यादेराद्यत्रयस्य संबंधिनो बहुत्वे हिं-न-वा ४।३८२) अपभ्रंश में त्यादि के पहले त्रिक के बहुवचन को हिं आदेश विकल्प से होता है।

कुर्वन्ति (करहिं, करन्ति)।

नियम १०९२ (मध्यत्रयस्याद्यस्य हिः ४।३८३) अपभ्रंश में त्यादि के मध्यत्रिक के एकवचन को हि आदेश विकल्प से होता है। करोषि (करहि, करसि)।

नियम १०९३ (बहुत्वेहु ४।३८४) अपभ्रंश मे त्यादि के मध्यत्रय के बहुवचन को हु आदेश विकल्प से होता है। कुरुथ (करहु, करहे)।

नियम १०९४ (अन्त्यत्रयस्याद्यस्य उं ४।३८५) अपभ्रंश मे त्यादि के अन्त्यत्रय के एकवचन को उं आदेश विकल्प से होता है। करउं। पक्षे करोमि (करेमि)।

नियम १०९५ (बहुत्वे हुं ४।३८६) अपभ्रंश मे त्यादि के अन्त्य त्रय के बहुवचन को हुं आदेश विकल्प से होता है। कुर्मः (करहुं)। पक्षे करिमु।

नियम १०९६ (हि-स्वयोरिदुदेत् ४।३८७) अपभ्रंश मे तुवादि के हि और स्व को इ, उ और ए—ये तीन आदेश होते है। कुरु (करि, करु, करे)। पक्षे करहि।

नियम १०९७ (वर्त्स्यति स्यस्य सः ४।३८८) अपभ्रंश मे भविष्य अर्थविषयक त्यादि के स्य को स विकल्प से होता है। करिष्यति (कासइ)। पक्षे काहिइ।

नियम १०९८ (क्रियेः कीसु ४।३८९) अपभ्रंश मे क्रिये इस क्रियापद को कीसु आदेश विकल्प से होता है। क्रिये (कीसु)। पक्ष मे (किज्जउं)। क्रिये यह संस्कृत का सिद्ध रूप है।

नियम १०९९ (भुवः पर्याप्तौ, हुच्चः ४।३९०) अपभ्रंश मे भू धातु पर्याप्त अर्थ मे हो तो उसे हुच्च आदेश होता है। प्रभवति (पहुच्चइ) समर्थ है।

नियम ११०० (ब्रूगो ब्रुवो वा ४।३९१) अपभ्रंश मे ब्रू धातु को ब्रुव आदेश विकल्प से होता है। ब्रवीति (ब्रुवइ)। पक्षे ब्रोइ।

नियम ११०१ (व्रजे र्वुञः ४।३९२) अपभ्रंश मे व्रजति के व्रज् को वुञ् आदेश होता है। व्रजति (वुञइ)।

नियम ११०२ (दृशेः प्रस्स. ४।३९३) अपभ्रंश मे दृश् धातु को प्रस्स आदेश होता है। पश्यति (प्रस्सदि)।

नियम ११०३ (ग्रहे र्गृण्ह· ४।३९४) अपभ्रंश मे ग्रह् धातु को गृण्ह आदेश होता है। गृह्णाति (गृण्हइ)।

नियम ११०४ (तक्ष्यादीनां छोल्लादय ४।३९५) अपभ्रंश मे तक्ष् आदि धातुओ को छोल्ल आदि आदेश होते हैं। तक्षति (छोलिज्जइ)। आदि शब्द से देशी धातु के जो क्रियापद मिलते हैं उनके उदाहरण—दहइ

(झलक्किअउ) अनुगच्छति (अब्भडइ)। शब्दायते (गुलुगुलाइ)। गर्जति (घुडुक्कइ)। तिष्ठति (थनि)। आक्रम्यते (चम्पिज्जइ)। शब्दायते (घुट्ठुअउ)।

कृदन्त प्रत्यय

नियम ११०५ (तव्यस्य इएव्वउं एव्वउं एवा ४।४३८) अपभ्रंश में तव्य प्रत्यय को इएव्वउं, एव्वउं, एवा—ये तीन आदेश होते हैं। कर्तव्यम् (करिएव्वउं)। सोढव्यम् (सहेव्वउं)। स्वपितव्यम् (सोएवा)।

नियम ११०६ (क्त्व इ-इउ-इवि-अवयः ४।४३६) अपभ्रंश में क्त्वा प्रत्यय को इ, इउ, इवि, अवि—ये चार आदेश होते हैं। मारयित्वा (मारि, मारिउ, मारिवि, मारवि)।

नियम ११०७ (एप्प्येप्पिण्वेव्येविणवः ४।४४०) अपभ्रंश में क्त्वा प्रत्यय को एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु—ये चार आदेश होते हैं। पूर्व सूत्र से इस सूत्र को अलग करने का कारण है, इन चार प्रत्ययों को अगले सूत्र में भी लेना है। जित्वा (जेप्पि, जेप्पिणु, जेवि, जेविणु)।

नियम ११०८ (तुम एवमणाणहमणहिं च ४।४४१) अपभ्रंश में तुम् प्रत्यय को एवं, अण, अणहं, अणहिं—ये चार आदेश होते हैं। च शब्द से एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु—ये चार और आदेश होते हैं। दातुम् (देवं)। कर्तुम् (करण, करणहं, करणहिं)। जेतुम् (जेप्पि)। त्यक्तुम् (चएप्पिणु)। लातुम् (लेविणु)। पालयितुम् (पालेवि)।

नियम ११०९ (गमेरेप्पिण्वेप्प्योरेर्लुग् वा ४।४४२) अपभ्रंश में गम् धातु से परे एप्पिणु, एप्पि हो तो उनके एकार का लुक् विकल्प से होता है। गत्वा (गम्प्पिणु, गम्पि)। पक्ष में—गमेप्पिणु, गमेप्पि।

नियम १११० (तृनोऽणअः ४।४४३) अपभ्रंश में तृन् प्रत्यय को अणअ आदेश होता है। कथयिता (बोल्लणउ)।

नियम ११११ (लिङ्गमतन्त्रम् ४।४४५) अपभ्रंश में लिंग का नियम निश्चित नहीं है।

(१) गय कुम्भइं दारन्तु। (२) अब्भा लग्गा डुङ्गरिहिं।
(३) पाइ विलग्गी अन्त्रडी। (४) डालइं मोडन्ति।

(१) कुम्भ शब्द पुंलिंग है, परन्तु यहां नपुंसकलिंग में है।
(२) अभ्र शब्द नपुंसकलिंग है, यहां पुंलिंग में है।
(३) अंत्र शब्द नपुंसक है, यहां स्त्रीलिंग में है।
(४) डाली शब्द स्त्रीलिंग है, यहां नपुंसकलिंग में है।

नियम १११२ (शेषं शौरसेनीवत् ४।४४६) अपभ्रंश में प्रायः शौरसेनी के समान कार्य होता है। इति अपभ्रंश।

नियम १११३ (व्यत्ययश्च ४।४४७) प्राकृत आदि भाषाओं में

व्यत्यय होता है। मागधी मे (तिष्ठश्चिष्ठः ४।२९८) से तिष्ठ को चिष्ठ होता है। उसी प्रकार प्राकृत, पैशाची और शौरसेनी मे भी होता है। क्रियाओ मे भी व्यत्यय होता है। वर्तमान काल की क्रिया भूतकाल के अर्थ मे आती है। जैसे—अह पेच्छइ रहुतणओ। (अथ प्रेक्षाञ्चक्रे इत्यर्थः)। आभासइ रयणीअरे (आ बभाषे रजनीचरान् इत्यर्थं)। भूतकाल की क्रिया वर्तमान काल मे प्रयुक्त होती है—सोहीअ एस वण्ठो (शृणोति एष वण्ठ इत्यर्थः)।

नियम १११४ (शेषं संस्कृतवत् सिद्धम् ४।४४८) प्राकृत भाषा आदि मे जो नियम नही कहे गए हैं वे सस्कृत व्याकरण के अनुस्वार चलते हैं। हेट्ठट्ठिअ सूर निवारणाय—यहां चतुर्थी का आदेश प्राकृत मे नही कहा गया है, वह संस्कृत से ही समझे। कहीं-कही पर नियम कहा भी गया है तो भी सस्कृत के समान होता है, जैसे—प्राकृत मे उरस् शब्द का सप्तमी का एक वचन का उरे, उरम्मि बनता है, तो भी कही उरसि भी होता है। इसी प्रकार सिरे, सिरम्मि के साथ शिरसि। सरे, सरम्मि के साथ सरसि। इत्यादि।

वर्तमान कृदन्त (शतृ-शान)

हसता हुआ, खाता हुआ, उठता हुआ आदि अर्थों मे वर्तमान कृदन्त आता है। वर्तमान कृदन्त के रूप विशेषण होते हैं। विशेष्य के अनुसार इनमे लिंग और वचन होते हैं। अपभ्रंश मे वर्तमान कृदन्त के प्रत्यय न्त और माण ये दो हैं। पुंलिग मे इनके रूप जिण शब्द की तरह, स्त्रीलिंग मे माला शब्द की तरह और नपुसक लिंग मे कमल शब्द की तरह चलते हैं।

	एकवचन	बहुवचन
पुंलिंग—	हसन्तु/हसन्तो/हसंत/हसता	हसन्त/हसन्ता
	हसमाणु/हसमाणो/हसमाण/ हसमाणा	हसमाण/हसमाणा
स्त्रीलिंग—	हसता/हसंत	हसता/हसत/हसताउ/हसतउ हसंताओ/हसंतओ
	हसमाण/हसमाणा	हसमाणा/हसमाण/हसमाणाउ/ हसमाणउ/हसमाणाओ/ हसमाणओ
नपुंसकलिंग—	विअसंतु/विअसत/ विअसंता/विअसमाणु/ विअसमाण/विअसमाणा	विअसंत/विअसता/विअसतइ/ विअसताइं/विअसमाण/ विअसमाणा/विअसमाणइं/ विअसमाणाइ

प्रयोग वाक्य (शतृ-शान प्रत्यय)

(१) सु/सो/लिहन्तु/लिहन्तो/लिहन्त/लिहन्ता भुंजइ (वह लिखता

हुआ खाता है)। (२) स/सु/लिहमाणु/लिहमाणो/लिहमाण/लिहमाणा भुंजउ (वह लिखता हुआ खाए)। (३) ते लिहन्त/लिहन्ता भुंजेसहिं (वे लिखते हुए खाएंगे)। (४) ते लिहमाण/लिहमाणा उट्ठिआ (वे लिखते हुए उठे)। (५) सा भुंजन्ता/भुंजन्त पढइ (वह खाती हुई पढती है)। (६) ता भुंजंता/भुंजंत/भुंजंताउ/भुजंतउ/भुंजंताओ/भुजंतओ पढंति। (७) कमलु विअसंतु/विअसंत/विअसंता/विअसमाणु/विअसमाण/विअसमाणा हसइ। (८) कमलइं विअसंत/विअसंता/विअसंतइं/विअसंताइं/विअसमाण/ विअसमाणा/विअसमाणइं / विअसमाणाइं हसंति (कमल खिलते हुए हंसते हैं)।

बालओ उट्ठन्तु पडइ। सो आखिउ चोरन्तो लुक्कइ। विन्दू पडमाणा नस्संति। जंतू उत्समंता मरंति। साहु जेमन्तो भोयण न मग्गइ। तुहुं खेलन्तो उवविससि। मेहा गुमगन्ता वट्टइ। महिलाउ णच्चन्ताउ थक्कंति। सा घुमन्त पडइ।

अपभ्रंश में अनुवाद करो (शतृ-शान का प्रयोग करो)

तुम वर्णन करते हुए भूल गए। तुम पढते हुए हंसते हो। वे देते हुए मागने लगे। तुम जीमते हुए उठे। मैं स्मरण करता हुआ भूल गया। मैं हंसता हुआ जीता हू। पानी फैलता हुआ सूखता है। श्रद्धा बढती हुई शोभती है। महिलाएं हंसती हुई घूमती हैं। पुत्री जागती हुई उठी। वह नाचती हुई गिरी। मेघ गरजते हुए गए। वह हंसता हुआ बोला। माता कथा कहती हुई सोई। पुत्री सेवा करती हुई उठी। बालक दौडता हुआ खाता है। बहिन खेलती हुई रोने लगी। आग जलती हुई नष्ट हो गई। आग जलती हुई फैलने लगी। दादा मकान मे गिरता हुआ उठा। पुत्री स्तुति करती हुई निंदा करने लगी। बुढापा बढता हुआ रुक गया।

प्रश्न

१. उच्चारण-लाघव किन स्वरो का होता है?
२ अपभ्रंश मे दृश् और ग्रह् धातु को क्या आदेश होता है?
३ अनुगच्छति, तिष्ठति, आक्रम्यते, दहइ—इन रूपों का अपभ्रंश मे क्या-क्या रूप बनता है?
४. क्त्वा और तुम् प्रत्यय को कौन-कौन से प्रत्यय आदेश होते हैं? प्रत्येक के एक-एक उदाहरण दो।
५. अणअ आदेश किस प्रत्यय को होता है?
६. तव्य प्रत्यय को कितने आदेश होते हैं। प्रत्येक के एक-एक उदाहरण दो।
७ इस पाठ में आई हुई किन्ही सात धातुओं और सात शब्दों का अपने वाक्य मे प्रयोग करो।

परिशिष्ट

परिशिष्ट १

पुंलिगाः शब्दाः

१ अकारान्त जिण (जिन) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	जिणो (जिणे)	जिणा
द्वि०	जिणं	जिणा, जिणे
तृ०	जिणेण, जिणेणं	जिणेहि, जिणेहिं, जिणेहिँ
पं०	जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ जिणाहि, जिणाहितो, जिणा	जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ जिणाहि, जिणेहि, जिणाहितो, जिणेहितो, जिणासुंतो, जिणेसुंतो
च०, ष०	जिणस्स	जिणाण, जिणाणं
स०	जिणे (जिणंसि) जिणम्मि	जिणेसु, जिणेसुं
सं०	हे जिण, हे जिणो, हे जिणा	हे जिणा

वीर, वच्छ, राम, देव, सावग आदि सभी अकारान्त पुंलिग शब्दो के रूप जिण शब्द की तरह चलते है।

(कोष्ठक मे दिए गए रूप आर्ष रूप हैं)।

२ आकारान्त गोवा (गोपा) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	गोवो	गोवा
द्वि०	गोवा	गोवा
तृ०	गोवाण, गोवाणं	गोवाहि, गोवाहिं, गोवाहिँ
पं०	गोवत्तो, गोवाओ, गोवाउ, गोवाहितो	गोवत्तो, गोवाओ, गोवाउ, गोवाहितो, गोवासुंतो
च०, ष०	गोवस्स	गोवाण, गोवाणं
स०	गोवम्मि	गोवासु, गोवासुं
सं०	हे गोवो, हे गोवा	हे गोवा

३ इकारान्त मुणि (मुनि) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० मुणी	मुणिणो, मुणी, मुणउ, मुणओ
द्वि० मुणि	मुणिणो, मुणी
तृ० मुणिणा	मुणीहि, मुणीहिँ, मुणीहिं
पं० मुणिणो, मुणित्तो, मुणीओ मुणीउ, मुणीहिंतो	मुणित्तो, मुणीओ, मुणीउ मुणीहिंतो, मुणीसुंतो
च०, प० मुणिणो, मुणिस्स	मुणीण, मुणीणं
स० मुणिम्मि (मुणिंसि)	मुणीसु, मुणीसुं
सं० हे मुणि, हे मुणी	हे मुणिणो, हे मुणी, हे मुणउ, हे मुणओ

कवि, रिसि, पाणि, हरि, अग्गि, णरवइ, बोहि, समाहि आदि शब्दों के रूप मुणी शब्द की तरह चलते हैं।

४ ईकारान्त गामणी (ग्रामणी) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० गामणी	गामणिणो, गामणी, गामणउ, गामणओ
द्वि० गामणिं	गामणिणो, गामणी
तृ० गामणिणा	गामणीहि, गामणीहिँ, गामणीहिं
पं० गामणिणो, गामणित्तो गामणीओ, गामणीउ गामणीहिंतो	गामणित्तो, गामणीओ, गामणीउ गामणीहिंतो, गामणीसुंतो
च०, ष० गामणिणो, गामणिस्स	गामणीण, गामणीणं
स० गामणिम्मि (गामणिंसि)	गामणीसु, गामणीसुं
सं० हे गामणि, हे गामणी	हे गामणिणो, हे गामणी, हे गामणउ, हे गामणओ

पही (प्रधी) के रूप गामणी शब्द की तरह चलते हैं।

५ उकारान्त साहु (साधु) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० साहू, साहु	साहुणो, साहू, साहओ, साहउ, साहवो (साहवे)[1]
द्वि० साहुं	साहुणो, साहू
तृ० साहुणा	साहूहि, साहूहिँ, साहूहिं

१. अवे प्रत्यय का रूप (साहवे आदि) आर्ष प्राकृत में पर्याप्त रूप से मिलता है।

प० साहुणो, साहुत्तो, साहूओ साहूउ, साहूहिंतो	साहुत्तो, साहूओ, साहूउ साहूहिंतो, साहूसुतो
च०, ष० साहुणो, साहुस्स	साहूण, साहूणं
स० साहुम्मि (साहुसि)	साहूसु, साहूसु
स० हे साहू, हे साहु	हे साहुणो, हे साहू, हे साहउ हे साहओ, हे साहवो

गुरु, गउ, भिक्खु, धणु, मेरु, इदु, मच्चु, सेउ, सव्वण्णु आदि उकारान्त शब्दो के रूप साहु शब्द की तरह चलते है।

६ ऊकारान्त खलपू (खलपू) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० खलपू	खलपुणो, खलपू, खलपउ, खलपओ, खलपवो
द्वि० खलपु	खलपुणो, खलपू
तृ० खलपुणा	खलपूहि, खलपूहिं, खलपूहिँ
प० खलपुणो, खलपुत्तो, खलपूओ, खलपूउ, खलपूहिंतो	खलपुत्तो, खलपूओ, खलपूउ खलपूहिन्तो, खलपूमुन्तो
च०, ष० खलपुणो, खलपुस्स	खलपूण, खलपूण
स० खलपुम्मि, (खलपुसि)	खलपूसु, खलपूसु
स० हे खलपू, हे खलपु	हे खलपुणो, हे खलपू, हे खलपउ हे खलपओ, हे खलपवो

७ ऊकारान्त सयंभू (स्वयंभू) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० सयभू	सयभुणो, सयभू, सयभओ, सयंभउ

शेष रूप खलपू शब्द के समान चलते हैं।

गोत्तभू, नरभू, अभिभू आदि शब्दो के रूप सयभू शब्द की तरह चलते हैं।

८ ऋकारान्त पिउ, पितु, पिअर, पितर (पितृ) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० पिआ, पिअरो	पिअवो, पिअओ पिअउ, पिऊ, पिअरा
द्वि० पिअर	पिऊ, पिउणो, पिअरे, पिअरा
तृ० पिउणा, पिअरेण पिअरेण	पिऊहि, पिऊहिं, पिऊहिँ, पिअरेहि, पिअरेहिं, पिअरेहिँ
प० पिउणो, पिउत्तो, पिऊओ	पिउत्तो, पिऊओ, पिऊउ, पिऊहिंतो

	एकवचन	बहुवचन
	पिऊउ, पिऊहिंतो, पिअरत्तो, पिअराओ, पिअराउ, पिअराहि, पिअराहिंतो, पिअरा	पिऊसुन्तो, पिअरत्तो, पिअराओ, पिअराउ, पिअराहि, पिअरेहि, पिअराहिन्तो, पिअरेहिन्तो, पिअरासुंतो, पिअरेसुंतो
च०, ष०	पिउणो, पिउस्स, पिअरस्स	पिऊण, पिऊणं, पिअराण, पिअराणं
स०	पिउम्मि (पिउंमि) पिअरम्मि (पिअरंमि) पिअरे	पिऊसु, पिऊसुं, पिअरेसु, पिअरेसुं
सं०	हे पिअ, हे पिअरं, हे पिअरो, हे पिअरा, हे पिअर	हे पिउणो, हे पिऊ, हे पिअवो, हे पिअओ, हे पिअउ, हे पिअरा

(पिउ के रूप साहु और पिअर के रूप जिण की तरह चलते हैं)।

पितु के रूप पिउ के समान और पितर के रूप पिअर के समान चलते हैं। पिआ के स्थान पिया तथा पिअ के स्थान पर पिय रूप भी मिलता है।

९ ऋकारान्त कत्तु, कत्तार (कर्तृ) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	कत्ता, कत्तारो	कत्तारा, कत्तओ, कत्तुणो
द्वि०	कत्तारं	कत्तारा, कत्तुणो
तृ०	कत्तारेण, कत्तुणा	कत्तारेहि, कत्तारेहिं, कत्तारेहिँ
पं०	कत्तुणो, कत्तुत्तो, कत्तूओ, कत्तूउ, कत्तूहिन्तो, कत्तारत्तो, कत्ताराओ, कत्ताराउ, कत्ताराहि, कत्ताराहिंतो, कत्तारा	कत्तुत्तो, कत्तूओ, कत्तूउ, कत्तूहिन्तो, कत्तूसुन्तो, कत्तारत्तो, कत्ताराओ, कत्ताराउ, कत्ताराहिन्तो, कत्तारासुंतो
च०, ष०	कत्तुणो, कत्तुस्स, कत्तारस्स	कत्तूण, कत्तूणं, कत्ताराण, कत्ताराणं
स०	कत्तारम्मि, कत्तुम्मि, कत्तारे	कत्तूसु, कत्तूसुं, कत्तारेसु, कत्तारेसुं
सं०	हे कत्त, हे कत्तारो	हे कत्तू, हे कत्तुणो, हे कत्तउ, हे कत्तओ, हे कत्तवो, हे कत्तारा

इसी प्रकार अन्य ऋकारान्त शब्दों के रूप चलते हैं।

भ्रातृ—भायर, भाउ वक्तृ—वत्तार, वत्तु
दातृ—दायार, दाउ ज्ञातृ—णायार, णाउ
जामातृ—जामायर, जामाउ

१० ऋकारान्त भत्तु, भत्तार (भर्तृ) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	भत्ता, भत्तारो	भत्तुणो, भत्तू, भत्तउ, भत्तओ, भत्तारा, भत्तवो

द्वि० भत्तार	भत्तुणो, भत्तू, भत्तारे, भत्तारा
तृ० भत्तुणा, भत्तारेण, भत्तारेण	भत्तुहि, भत्तुहिं, भत्तुहिँ, भत्तारेहि, भत्तारेहिं भत्तारेहिँ
प० भत्तुणो, भत्तुत्तो, भत्तूओ भत्तूउ, भत्तूहिन्तो, भत्तारत्तो, भत्ताराओ, भत्ताराउ भत्ताराहि, भत्ताराहिन्तो, भत्तारा	भत्तुत्तो, भत्तूओ, भत्तूउ, भत्तूहिन्तो भत्तूसुन्तो भत्तारत्तो, भत्ताराओ, भत्ताराउ, भत्ताराहि, भत्तारेहि, भत्ताराहिंतो, भत्तारेहिंतो, भत्तारासुन्तो, भत्तारेसुन्तो
च०, ष० भत्तुणो, भत्तुस्स, भत्तारस्स	भत्तूण, भत्तूणं, भत्ताराण, भत्ताराणं
स० भत्तुम्मि, भत्तारम्मि, भत्तारे	भत्तूसु, भत्तूसुं, भत्तारेसु, भत्तारेसुं
स० हे भत्त, हे भत्तारो	हे भत्तू, हे भत्तुणो, हे भत्तउ, हे भत्तओ, हे भत्तवो, हे भत्तारा

उकारान्त भत्तु शब्द के रूप साहु की तरह और अकारान्त भत्तार शब्द के रूप जिण की तरह चलते हैं।

११ ऐकारान्त सुरेअ (सुरै) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० सुरेअ	सुरेआ
द्वि० सुरेअ	सुरेआ, सुरेए
तृ० सुरेण	सुरेएहि, सुरेएहिं, सुरेएहिँ
पं० सुरेअत्तो, सुरेआओ सुरेआउ, सुरेआहि, सुरेआहिंतो, सुरेआ	सुरेअत्तो, सुरेआओ, सुरेआउ, सुरेआहि, सुरेएहि, सुरेआहिंतो सुरेएहिंतो, सुरेआसुंतो, सुरेएसुंतो
च०, ष० सुरेअस्स, सुरेअसि, सुरेअम्मि	सुरेआण, सुरेआणं, सुरेएसु, सुरेएसुं

संस्कृत के ऐकारान्त शब्द प्राकृत मे अकारान्त हो जाते हैं।

१२ औकारान्त गिलाअ (ग्लौ) शब्द

गिलोअ शब्द के रूप पुंलिग अकारान्त जिण शब्द की तरह चलते हैं।

१३ तवस्सि (तपस्विन्) शब्द

(इसके रूप इकारान्त पुंलिग मुणि शब्द की तरह चलते हैं। दण्डिन् (दण्डि) करिन् (करि) प्राणिन् (पाणि) आदि इन्नन्त पुंलिग शब्द तवस्सि की तरह यानि मुणि की तरह चलते हैं)।

१४ नकारान्त राय (राजन्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० राया, रायो, रायाणो	रायाणो राइणो, राया रायाणो

द्वि० राइणं, रायं, रायाण	राइणो, रायाणो, रण्णो, राए, राया, रायाणा
तृ० राइणा, रण्णा, राएण, राएणं रायाणेण, रायणेणं, रायणा	राईहि, राईहिं, राईहिँ, राएहि, राएहिं, राएहिँ, रायाणेहि, रायाणेहिं, रायाणेहिँ
पं० राइणो, रण्णो, रायत्तो, रायाओ, रायाउ, रायाहि, रायाहिंतो	राइत्तो, राईओ, राईउ, राईहिन्तो, राईसुन्तो, रायत्तो, रायाओ, रायाउ, रायाहि, राएहि, रायाहिन्तो, राएहिन्तो रायासुन्तो, राएसुन्तो, रायाणत्तो, रायाणाओ, रायाणाउ
च०, ष० राइणो, रण्णो, रायस्स रायाणस्स, रायणो	राईण, राईणं, राइण, रायाण, रायाणं, रायाणाण, रायाणाणं
स० (राइसि) राइम्मि (रायाणम्मि) रायम्मि, राये, रायाणे, रायाणम्मि	राईसु, राईसुं, राएसु, राएसुं, रायाणेसु रायाणेसुं
सं० हे राया, हे राय, हे रायं, हे रायाण, हे रायाणं	हे राइणो, हे रायाणो, हे राया, हे रायाणा

प्राकृत में व्यंजनान्त शब्द नहीं होते हैं। या तो उनके अंतिम व्यंजन का लोप हो जाता है या वे अकारान्त के रूप में बदल जाते हैं। संस्कृत की अपेक्षा ये व्यंजनान्त होते हैं।

१५ नकारान्त अप्पाण, अत्ताण, अप्प और अत्त (आत्मन्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० अप्पा, अत्ता, अप्पाणो, अप्पो	अप्पाणो, अत्ताणो, अप्पाणा, अप्पा
द्वि० अप्पिणं, अत्ताणं, अप्पाणं, अप्पं	अप्पाणो, अत्ताणो, अप्पाणे, अप्पे
तृ० अप्पणिआ, अप्पणइआ अप्पणा, अत्ताणा, अप्पेण अप्पेणं, अप्पाणेण, अप्पाणेणं	अप्पेहि, अप्पेहिं, अप्पेहिँ अप्पाणेहि, अप्पाणेहिं, अप्पाणेहिँ
पं० अप्पाणो, अप्पाणत्तो, अप्पाणाओ, अप्पाणाउ, अप्पाणाहि, अप्पाणाहिन्तो अप्पाणा, अप्पणो, अप्पत्तो, अप्पाओ, अप्पाउ, अप्पाहि,	अप्पाणत्तो, अप्पाणाओ अप्पाणाउ, अप्पाणाहि, अप्पाणेहि अप्पाणाहिन्तो, अप्पाणेहिन्तो अप्पाणासुन्तो, अप्पाणेसुन्तो, अप्पत्तो, अप्पाओ, अप्पाउ, अप्पाहि, अप्पेहि,

अप्पाहिन्तो, अप्पा	अप्पाहिन्तो, अप्पेहिन्तो, अप्पासुन्तो, अप्पेसुन्तो
च०, ष० अप्पाणस्स, अप्पस्स, अप्पणो, अत्तणो	अप्पाणाण, अप्पाणाण, अप्पाण अप्पाण, अप्पिण, अत्ताणाण, अत्ताणाण
स० अप्पाणम्मि, अप्पाणे, अप्पम्मि अप्पे, अत्ताणम्मि (अप्पसि) (अप्पाणसि)	अप्पाणेसु, अप्पाणेसु, अप्पेसु अप्पेसु, अत्ताणेसु, अत्ताणेसु
स० हे अप्पाणो, हे अप्पो, हे अप्प	हे अप्पाणो, हे अप्पाण, हे अप्पा

(अप्प शब्द के रूप राजन् की तरह और अप्पाण शब्द के रूप जिण शब्द की तरह चलते हैं। इसी प्रकार ब्रह्मन् (बम्ह, बम्हाण) युवन् (जुव, जुवाण) ग्रावन् (गाव, गावाण) उक्षन् (उच्छ, उच्छाण) शब्दो के रूप चलते है।)

१६ नकारान्त महव, महवाण (मघवन्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० महवा	महवा
द्वि० महव	महवा
तृ० महवेण, महवेण	महवेहि, महवेहिं, महवेहिँ
प० महवत्तो महवाओ महवाउ महवाहि, महवाहिंतो, महोणो	महवत्तो, महवाओ, महवाउ, महवाहि, महवेहि, महवाहिंतो, महवासुंतो
च०, ष० महवस्स,	महवाण, महवाणं
स० महवे, महविम्मि	महवेसु, महवेसुं

अकारान्त महवाण शब्द के रूप जिण शब्द की तरह चलते हैं।

१७ नकारान्त मुद्ध, मुद्धाण (मुग्धन्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० मुद्धा	मुद्धा
द्वि० मुद्ध	मुद्धा
तृ० मुद्धेण, मुद्धेण	मुद्धेहि, मुद्धेहिं, मुद्धेहिँ
पं० मुद्धत्तो, मुद्धाओ, मुद्धाउ, मुद्धाहि, मुद्धाहिंतो	मुद्धत्तो, मुद्धाओ, मुद्धाउ, मुद्धाहि मुद्धेहि मुद्धाहिंतो, मुद्धासुन्तो
च०, ष० मुद्धणो, मुद्धस्स	मुद्धाण, मुद्धाण
स० मुद्धम्मि, मुद्धे	मुद्धेसु, मुद्धेसु

(मुद्धाण शब्द के रूप जिण शब्द की तरह चलते हैं)

१८ नकारान्त जन्मन् (जम्म) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० जम्मो	जम्मा
द्वि० जम्म	जम्मे, जम्मा
तृ० जम्मेण, जम्मेण	जम्मेहि, जम्मेहिं, जम्मेहिँ
पं० जम्मत्तो, जम्माओ, जम्माउ, जम्माहि, जम्माहिंतो	जम्मत्तो, जम्माओ जम्माउ, जम्माहि, जम्मेहि, जम्माहिंतो, जम्मेहिन्तो, जम्मासुंतो, जम्मेसुंतो
च०, ष० जम्मस्स	जम्माण, जम्माण
स० जम्मे, जम्मम्मि	जम्मेसु, जम्मेसु

१९ सकारान्त चन्दम (चन्द्रमस्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० चन्दमो	चन्दमा
द्वि० चन्दमं	चन्दमा, चन्दमे
तृ० चन्दमेण, चंदमेणं	चन्दमेहि, चन्दमेहिं, चन्दमेहिँ
पं० चन्दमत्तो, चन्दमाओ चन्दमाउ, चन्दमाहि, चन्दमाहिंतो	चन्दमत्तो, चन्दमाओ, चन्दमाउ, चन्दमाहि, चन्दमेहि, चन्दमाहिंतो, चन्दमासुन्तो
च०, ष० चन्दमस्स	चन्दमाण, चन्दमाणं
स० चन्दमे, चन्दमम्मि	चन्दमेसु, चन्दमेसु

२० शतृ प्रत्यय हसन्त, हसमाण (हसत्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० हसन्तो, हसमाणो	हसन्ता, हसमाणा
द्वि० हसन्त, हसमाण	हसन्ते, हसमाणे
तृ० हसन्तेण, हसमाणेण हसन्तेणं, हसमाणेणं	हसन्तेहि, हसन्तेहिं, हसन्तेहिँ, हसमाणेहि, हसमाणेहिं हसमाणेहिँ
पं० हसन्तत्तो, हसमाणत्तो हसंताओ, हसंताउ, हसंताहि, हसंताहिंतो, हसमाणाओ, हसमाणाउ, हसमाणाहि, हसमाणाहिंतो	हसन्तत्तो, हसन्ताओ, हसन्ताउ, हसन्ताहि, हसन्तेहि, हसन्ताहिन्तो, हसन्तेहिंतो, हसन्तासुंतो, हसेन्तेसुंतो, हसमाणत्तो, हसमाणाओ, हसमाणाउ, हसमाणाहि, हसमाणेहि, हसमाणाहिंतो, हसमाणेहिन्तो, हसमाणासुंतो, हसमाणेसुंतो
च०, ष० हसन्तस्स, हसमाणस्स	हसन्ताण, हसन्ताण, हसमाणाण, हसमाणाण
स० हसन्तम्मि, हसमाणम्मि	हसन्तेसु, हसन्तेसु, हसमाणेसु, हसमाणेसु

२१ तकारान्त भगवन्त (भगवत्) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० भगवन्तो	भगवन्ता
द्वि० भगवन्त	भगवन्ते, भगवन्ता
तृ० भगवन्तेण, भगवन्तेणं	भगवन्तेहि, भगवन्तेहिं, भगवन्तेहिँ
पं० भगवन्तत्तो, भगवन्ताओ भगवन्ताउ, भगवन्ताहि, भगवन्ताहिंतो	भगवन्तत्तो, भगवन्ताओ, भगवन्ताउ, भगवन्ताहि, भगवन्तेहि भगवन्ताहिंतो, भगवन्तासुन्तो
च०, ष० भगवन्तस्स	भगवन्ताण, भगवन्ताणं
स० भगवन्तम्मि	भगवन्तेसु, भगवन्तेसुं

स्त्रीलिङ्गाः शब्दाः

२२ आकारान्त माला (माला) शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० माला	मालाओ, मालाउ, माला
द्वि० मालं	मालाओ, मालाउ, माला
तृ० मालाअ, मालाइ, मालाए	मालाहि, मालाहिं, मालाहिँ
पं० मालाअ, मालाइ, मालाए मालत्तो, मालाओ, मालाउ, मालाहिन्तो	मालत्तो, मालाओ, मालाउ, मालाहिंतो मालासुन्तो
च०, ष० मालाअ, मालाइ, मालाए	मालाण, मालाणं
स० मालाअ, मालाइ, मालाए	मालासु, मालासुं
सं० हे माले, हे माला	हे मालाओ, हेमालाउ, हेमाला

इसी प्रकार रमा, कण्णा, कहा, आणा, पण्णा, स्पृहा (छिहा) लता (लदा) ससा (स्वसृ) छुहा (क्षुध्) हलिद्दा, मट्टिआ आदि शब्द चलते हैं।

२३ इकारान्त स्त्रीलिंग मइ शब्द

एकवचन	बहुवचन
प्र० मई, मईआ	मईओ, मईउ, मई
द्वि० मइं	मईओ, मईउ, मई
तृ० मईअ, मईआ, मईइ, मईए	मईहि, मईहिं, मईहिँ
पं० मईअ, मईआ, मईइ, मईए मइत्तो, मईओ, मईउ, मईहिन्तो	मइत्तो, मईओ, मईउ, मईहिन्तो मईसुन्तो
च०, ष० मईअ, मईआ, मईइ, मईए	मईण, मईणं
स० मईअ, मईआ, मईइ, मईए	मईसु, मईसुं

सं० हे मइ, हे मई हे मई, हे मईउ, हे मईओ

इसी प्रकार मुत्ति, राइ, थुइ, इड्ढि, धिइ (धृति) वसहि (वसति) आदि शब्द चलते हैं।

(स्त्रीलिंग सभी इकरान्त शब्द मइ की तरह ही चलते है।)

२४ ईकारान्त स्त्रीलिंग वाणी (वाणी) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	वाणी, वाणीआ	वाणी, वाणीआ, वाणीउ, वाणीओ
द्वि०	वाणिं	वाणी, वाणीआ, वाणीउ, वाणीओ
तृ०	वाणीअ, वाणीआ, वाणीइ, वाणीए	वाणीहि, वाणीहिं, वाणीहिँ
प०	वाणीअ, वाणीआ, वाणीइ, वाणीए, वाणित्तो, वाणीओ, वाणीउ	वाणित्तो, वाणीओ, वाणीउ, वाणीहिन्तो, वाणीसुन्तो
च०,ष०	वाणीअ, वाणीआ, वाणीइ, वाणीए	वाणीण, वाणीणं
स०	वाणीअ, वाणीआ, वाणीइ, वाणीए	वाणीसु, वाणीसुं
सं०	हे वाणि	हे वाणीआ, हे वाणीउ, हे वाणीओ, हे वाणी

इसी प्रकार नदी, इत्थी, पुढवी, बहिणी, सई (सती) लच्छी (लक्ष्मी) रुप्पिणी (रुक्मणी) आदि शब्दो के रूप चलते हैं।

२५ उकारान्त स्त्रीलिंग धेणु (धेनु) शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	धेणू	धेणूउ, धेणूओ, धेणू
द्वि०	धेणुं	धेणूउ, धेणूओ, धेणू
तृ०	धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए	धेणूहि धेणूहिं, धेणूहिँ,
प०	धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए, धेणुत्तो, धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिन्तो	धेणुत्तो, धेणूओ, धेणूउ धेणूहिन्तो, धेणूसुन्तो
च०, ष०	धेणूअ, धेणुआ, धेणूइ, धेणूए	धेणूण, धेणूणं
स०	धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए	धेणूसु, धेणूसुं
	हे धेणु	हे धेणुउ, हे धेणुओ, हे धेणु

इसी प्रकार तणु (तनु) रज्जु आदि शब्द चलते है।

२६ ऊकारान्त स्त्रीलिंग वधू [वहू] शब्द

	एकवचन	बहुवचन
प्र०	वहू	वहूउ, वहूओ, वहू
द्वि०	वहुं	वहूउ, वहूओ, वहू

तृ० वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए	वहूहि, वहूहिं, वहूहिँ
प० वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए	वहूत्तो, वहूओ, वहूउ
वहुत्तो, वहूओ, वहूउ, वहूहिन्तो	वहूहिन्तो, वहूसुन्तो
च०, ष० वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए	वहूण, वहूण
स० वहूअ. वहूआ वहूइ, वहूए	वहूसु, वहूसुं
हे वहु	हे वहूओ, हे वहूउ, हे वहू

